$$\bar{x} = \frac{\sum x}{n} = \frac{6.33 + 6.37 + 6.36 + 6.32 + 6.37}{5} = \frac{31.75}{5} = 6.35$$

(ब) सही परिवर्तनशीलता (अर्थात समग्र परिवर्तनशीलता) का निष्पक्ष एव ंसक्षम अनुमान

$$\hat{s}^2 = \frac{\sum(x - \bar{x})^2}{n - 1}$$

जहॉ $\hat{s}^2$ =संशोधित नमूना परिवर्तनशीलता है

$$= \frac{(6.33 - 6.35)^2(6.37 - 6.35)^2(6.36 - 6.35)^2(6.32 - 6.35)^2(6.37 - 6.35)^2}{5 - 1}$$

$= \frac{.0022}{4} = .00055\ cm^2$ (वर्ग सेन्टीमीटर)

उदाहरण 2.9 : भार (किग्रा) के अनुसार वर्गीकृत निम्नलिखित ऑकडें एक विश्वविद्यालय के 100 छात्रों के यादृच्छिक नमूनों से संदर्भित है:

भार (किग्रा)	60-62	63-65	66-68	69-71	72-74
छात्रों की संख्या	5	18	42	27	8

(अ) समग्र माध्य और (ब) समग्र परिवर्तनशीलता के निष्पक्ष और सक्षम अनुमानों को ज्ञात कीजिए।

Calculation of Mean and variance

Weight	No. of Students (f)	M.V. (m)	A=67, d=m-A	$d'=d/3$	fd'	fd'^2
60-62	5	61	-6	-2	-10	20
63-65	18	64	-3	-1	-18	18
66-68	42	67	0	0	0	0
69-71	27	70	+3	+1	+27	27
72-74	8	73	+6	+2	+16	32
	$n = 100$				$\sum fd' = 15$	$\sum fd'^2 = 97$

समग्र माध्य के निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमानों के मानों की निम्नवत दिया जा रहा है।

$$\bar{x} = A + \frac{\sum fd'}{n} \times i$$

$$= 67 + \frac{15}{100} \times 3 = 67 + (0.45) = 67.45$$

(ब) समग्र माध्य का निष्पक्ष एवं अनुमानित मान निम्नवत है

$$\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1}.s^2$$

जहॉ

$$s^2 = \frac{\sum fd'^2}{n} - \left(\frac{\sum fd'}{n}\right)^2 \times i^2$$

$$= \left[\frac{97}{100} - \left(\frac{15}{100}\right)^2\right] \times 3^2$$

$$= [0.97 - .0225] \times 9 = 8.5275$$

अब

$$\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1}s^2 = \frac{100}{99} \times 8.5275 = 8.6136$$

इस प्रकार

$$\mu = 67.45, \sigma^2 = 8.6136$$

2.4.2 नमूना पुनरावृत्ति की घटना में तथ्य आंकलन

प्रतिस्थापना के साथ या बिना, समग्र से जब एक ही आकार के एक से ज्यादा यादृच्छिक नमूने निकाले जाते हैं तो उन्हें नमूना पुनरावृत्ति कहा जाता है। इसे निम्नलिखित उदाहरणों से समझा जा सकता है।

उदाहरण 2.10 : एक समग्र में पांच मान : 3,4,5,6 और 7 शामिल है। प्रतिस्थापना के बिना समग्र से आकार 3 के सभी समीव नमूनों की सूची बनाएं और प्रत्येक नमूने के माध्य $\bar{x}$ की गणना करें। वह नमूना माध्य समग्र माध्य का एक निष्पक्ष अनुमान है, की जॉच करें।

हल : समग्र मे 5 मान : 3,4,5,6 और 7 शामिल है। प्रतिस्थापना के बिना आकार 3 के सभी सम्भव नमूनों की संख्या $5_{c_3} =$ 10 है जो निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

Sample No.	Sample Values	Sample Mean $(\bar{x})$
1	(3,4,5)	$\frac{1}{3}(3+4+5) = \frac{12}{3}4$
2	(3,4,6)	$\frac{1}{3}(3+4+6) = \frac{13}{3}4.33$
3	(3,4,7)	$\frac{1}{3}(3+4+7) = \frac{14}{3}4.67$
4	(3,5,6)	$\frac{1}{3}(3+5+6) = \frac{14}{3}4.67$

5	(3,5,7)	$\frac{1}{3}(3+5+7)=\frac{15}{3}5.0$
6	(3,6,7)	$\frac{1}{3}(3+6+7)=\frac{16}{3}5.33$
7	(3,5,6)	$\frac{1}{3}(3+5+6)=\frac{15}{3}5.00$
8	(3,5,7)	$\frac{1}{3}(3+5+7)=\frac{16}{3}5.33$
9	(3,6,7)	$\frac{1}{3}(3+6+7)=\frac{17}{3}5.67$
10	(3,6,7)	$\frac{1}{3}(3+6+7)=\frac{18}{3}6.00$
Total	k=10	$\sum \bar{x}=50$

माध्यों के नमूने वितरण का माध्य = $\mu_{\bar{X}}=\sum\frac{\bar{x}}{k}=\frac{50}{10}=5.$

समग्र माध्य $(\mu)=\frac{3+4+5+6+7}{5}=5$

इसलिए निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि $\mu_{\bar{x}}=\mu$ नमूना माध्य $\bar{x}$ समग्र माध्य का एक निष्पक्ष अनुमान है।

उदाहरण 2.11 : एक परिकल्पित समग्र का विचार करें जिसमे 3 मान 1,2 और 3 शामिल हैं। प्रतिस्थापना के साथ आकार आकर के सभी सम्भव नमूने निकालें। प्रत्येक नमूने के लिए माध्य $\bar{x}$ और परिवर्तनशीलता s^2 की गणना करें। समतुलय प्राचलों के लिए $\bar{x}$ और s^2 ये दो ऑकडे निष्पक्ष एवं सक्षम हैं , की जॉच करें।

हलः समग्र में तीन मान 1,2,3 शामिल है।। प्रतिसीापना के ससाथ आकार आकार आकार के सभी सम्भव नमूनों की संख्या $N^n=3^2=9$ जो निम्नवत दी गई है।

Sample No.	Sample Values	Sample Mean $(\bar{x})$	Sample Variance $s^2=\frac{1}{2}[(x_1-\bar{x})^2+(x_2-\bar{x})^2]$	Modified Sample Variance $\left(\hat{s}^2=\frac{n}{n-1}s^2\right)$
1	(1,1)	$\frac{1}{2}(1+1)=1.0$	$\frac{1}{2}[(1-1)^2+(1-1)^2]=0.00$	0.00
2	(1,2)	$\frac{1}{2}(1+2)=1.5$	$\frac{1}{2}[(1-1.5)^2+(2-1.5)^2]=0.25$	0.50
3	(1,3)	$\frac{1}{2}(1+3)=2.0$	$\frac{1}{2}[(1-2)^2+(3-2)^2]=1.0$	2.00
4	(2,1)	$\frac{1}{2}(2+1)=1.5$	$\frac{1}{2}[(2-1.5)^2+(1-1.5)^2]=0.25$	0.5

5	(2,3)	$\frac{1}{2}$ (2+2)=2.0	$\frac{1}{2}$ [(2-2)^2+(2-2)^2]=0.00	0.00
6	(2,3)	$\frac{1}{2}$ (2+2)=2.5	$\frac{1}{2}$ [(2-2.5)^2+(3-2.5)^2]=0.25	0.50
7	(3,1)	$\frac{1}{2}$ (3+1)=2.0	$\frac{1}{2}$ [(3-2)^2 +(1-2)^2] =1.00	2.00
8	(3,2)	$\frac{1}{2}$ (3+2)=2.5	$\frac{1}{2}$ [(3-2.5)^2 + (2-2.5)^2] =0.25	0.50
9.	(3.3)	$\frac{1}{2}$ (3+3)=3.0	$\frac{1}{2}$ [(3-3)^2 +(3-3)^2]=0.00	0.00
Total	k=9	$\sum(\bar{x}) = 18$		$\sum \hat{s}^2 = 6$

(अ) माध्यों के नमूने वितरण का माध्य $=\mu_{\bar{x}} = \sum \frac{\bar{x}}{k} = \frac{18}{9} = 2.$ यहाँ k = नमूनों की संख्या

क्योंकि $\mu_{\bar{x}} = \mu$,नमूना माध्य $\bar{x}$ समग्र माध्य का एक निष्पक्ष अनुमान है।

(ब) नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता का माध्य $=\mu_{s^2} = \sum \frac{s^2}{k} = \frac{3}{9} = \frac{1}{3}$

समग्र परिवर्तनशीलता $\sigma^2 = \frac{(1-2)^2+(2-2)^2+(3-2)^2}{3} = \frac{2}{3}$

क्योंकि $\mu_{s^2} \neq \sigma^2$ नमूना परिवर्तनशीलता s^2 समग्र परिवर्तनशलता (σ^2) का एक निष्पक्ष आकलनकर्ता नहीं है। लेकिन, परिवर्तित नमूना परिवर्तनशलता $\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1}.s^2$ निष्पक्ष अनुमान को परिभाषित करेगा क्योंकि $\grave{\imath}_{\hat{s}^2} = \sum \frac{\hat{s}^2}{k} = \frac{6}{9} = \frac{2}{3}$

$$\sigma^2 = \frac{2}{3}$$

इस प्रकार $\mu_{\hat{s}^2} = \sigma^2$

क्योंकि $\mu_{s^2} = \mu^2$ परिवर्तित नमूना परिवर्तनशीलता , समग्र का एक निष्पक्ष अनुमान है।

उदाहरण 2.12 : दर्शाऐं कि नमूना माध्य $\bar{x}$, समग्र माध्य का एक निष्पक्ष अनुमान है।

या

एक स्वतन्त्र यादृच्छिक नमूना $x_1, x_{2,} x_3, \dots \dots, x_n$ समग्र से जिसका माध्य μ है से निकाला जाता है। सिद्ध करें नमूना माध्य $\bar{x}$ का अपेक्षित मान समग्र माध्य μ के बराबर है।

हल : यादृच्छिक नमूना वह होता है जहाँ प्रत्येक नमूने के चयनित होने के बराबर मौके होते हैं आप आकार n के यादृच्छिक नमूने प्रापत कर सकते है। तब

$E(\bar{x}) = E\left[\frac{x_1 + x_2 + \ldots + x_n}{n}\right]$,

जहॉ x_1 नमूना प्रेक्षण हैं।

$= \frac{1}{n}\ [E(x_1) + E(x_2) + \cdots E(x_n)]$

9761309203

अब x_i (जो समग्र का एक सदस्य हैं) का अपेक्षित मानसमग्र माध्य μ हैं। इसलिए

$E(\bar{x}) = \frac{1}{n}\ [\mu + \cdots + \mu]$ क्योंकि $[E(x_1) = (x_2) = E(x_n) = \mu] = \frac{1}{n}.[n\mu] = \mu$

क्योंकि $[\sum C = c_1 + c_2 + \cdots c_n = nC]$

इस प्रकार नमूना माध्य $\bar{x}$ समग्र माध्य का एक निष्पक्ष अनुमान है।

2.5 अन्तराल आंकलन (या अन्तराल विश्वास)

अन्तराल आंकलन के सिद्धान्त में, आप एक अन्तराल या दो अंकों के भीतर जिसमें अज्ञात समग्र प्राचल के अपेक्षित मान का अस्तित्व प्रायिकता के साथ दर्शाते हुए ज्ञात कर सकते हैं।

दो नियत राशियों t_1 और t_2 के निर्धाणि मे अन्तराल आंकलन विधि इस तरीके से शामिल होती है कि $[t_1 < \theta < t_2\ , t$ के दिये हुए मान के लिए $] = 1 - \propto$ जहॉ $\propto$ एक सतर का महत्व है।

$[t_1$ और $t_2\ ]$ का अनतराल जिसके भीतर प्राचल θ के अपेक्षित अज्ञात मान का अस्तित्व हो को विश्वास अन्तराल कहते हैं और ज्ञात की गई सीमाऐं t_1 और t_2 को विश्वास सीमाऐं कहते हैं और $1 - \propto$ को अनुमान का वांछित यर्थाथमापी आधारित विश्वास गुणांक कहते हैं। जैसे 2=0.5 (या 0.01) 95% (या 99%) विश्वास सीमाऐं देता है। अब, आप विश्वास सीमा (या अंतराल आंकलन) की पद्धति की स्थापना का या समग्र प्राचल की सीमाओं का अध्ययन करेंगें।

स्मग्र प्राचल θ के लिए नमूना आकडा t से संबन्धित विश्वास अनतराल या विश्वास सीमाओं की गणना के उद्देश्य से निम्नलिखित चरण आपकों सक्षम बनाते हैं।

(1) उपयुक्त नमूना आंकडा t की गणना करें या लें।

(2) मानक त्रुटि t नमूना आंकडे की मानक त्रुटि t ज्ञात करें और

(3) विश्वास स्तर का चयन करें ओर समरूपी दर्शाये गये विश्वास स्तर का आंकडों t के समीक्षात्मक मान को लिखें।

2.6 अन्तराल आंकलन के अनुप्रयोग

अनतराल आंकलन (या विश्वास अन्तराल) से संबन्धित अनुप्रयोगों को निम्नलिखित शीर्षकों के अर्न्तगत अध्ययन करते हैं।

2.6.1 बडे नमूनों ($n \geq 30$) के लिए अन्तराल आंकलन (या विश्वास अन्तराल)

बडें नमूनों के लिए आकलन अंतराल को और आगे निम्नलिखित शीर्षकों के अर्न्तगत विभाजित किया जा सकता है।

- विश्वास अंतराल या समग्र माध्य के लिए सीमाऐं
- विश्वास अंतराल या समग्र अनुपात के लिए सीमाऐं
- विश्वास अंतराल या समग्र मानक विचलन के लिए सीमाऐं
- μ या p के अनुमान हेतु उचित नमूना आकार का निर्धारण

(1) विश्वास अंतराल या समग्र माध्य μ के लिए सीमाऐं जब ($n \geq 30$)

बडें नमूने की स्थिति में **($n \geq 30$)** की सीमाओं के निर्धारण मे सामान्य वितरण के प्रयोग की आवश्यकता होती है।

(1) μ के लिए (1–∝) 100% विश्वास सीमाऐं $\bar{x} \pm Z_{á/2}.S.E_x$ से दी जाती है।

टिप्पणीयॉ या $\bar{x} \pm Z_{á/2}.\frac{ó}{\sqrt{n}}$ जहॉ σ ज्ञात है।

या $\bar{x} \pm Z_{á/2}.\frac{s}{\sqrt{n}}$ σ अज्ञात है। (बडे नमूनों के लिए, $\sigma = s$)

(2) μ के लिए $(1 - á)$ 100% विश्वास सीमाऐं

$$\bar{x} - Z_{á/2}\frac{ó}{\sqrt{n}} < \mu < \bar{x} + Z_{á/2}.\frac{ó}{\sqrt{n}}$$ जहॉ σ ज्ञात है।

or $$\bar{x} - Z_{á/2}\frac{s}{\sqrt{n}} < ì < \bar{x} + Z_{á/2}.\frac{s}{\sqrt{n}}$$ जहॉ σ अज्ञात है।

विशेष रूप से, μ के लिए 95% विश्वास सीमाऐं

$$\bar{x} \pm 1.96\frac{ó}{\sqrt{n}}$$ [बडें नमूनों के लिए $ó = s$]

इसी तरह μ के लिए 99% विश्वास सीमाऐं

$$\bar{x} \pm 2.58\frac{ó}{\sqrt{n}}$$

कार्य विधि : समग्र माध्य μ के लिए विश्वास अंतराल के निर्माण हेतु निम्नलिखित चरण शामिल हैं :

(1) $\bar{x}$ की गणना करें या $\bar{x}$ लें।

(2) निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हुए $S.E._{\bar{x}}$

(a) $S.E._{\bar{x}} = \frac{ó}{\sqrt{n}}$,जब σ ज्ञात है।

(b) $S.E._{\bar{x}} = \frac{s}{\sqrt{n}}$, जब σ अज्ञात है।

आप $z_{\propto/2}$ का मान ज्ञात करेंगे तो इसके लिए

(3) वांछित विश्वास अंतराल या समतुल्य विश्वास स्तर चयनित करें।

(4) उपरोक्त वर्णित सूत्र में of $\bar{x}, S.E._{\bar{x}}$ and $Z_{\propto/2}$ और $Z_{\propto/2}$ के मानो ंको प्रतिस्थापित करें।

टिप्पणीयॉः (1) यदि समग्र S.D. अज्ञात है तो नमूना S.D.(S) को बडें नमूनों में प्रयोग किया जाता है।

2) $z_{\propto/2}$ के मानों (बडें नमूनों के लिए) को विभिन्न विश्वास स्तर पर निम्नवत दिया जा रहा हैः

विश्वास स्तर (1-α) 100%	90%	95%	96%	98%	99%	बिना किसी संदर्भ के विश्वास स्तर ± 3
Z-Value	± 1.64	± 1.96	± 2.06	± 2.33	± 2.58	

टिप्पणी : जहॉ विश्वास अन्तराल का संदर्भ नहीं दिया गया हो तो आपको $z_{\propto/2} = 3$ लेना चाहिए। यह मान 99.73% विश्वास स्तर के समतुल्य है।

उदाहरण 2.13 : 100 प्रेक्षणों का यादृच्छिक नमूना, नमूना माध्य $\bar{x}$ =150 और नमूना परिवर्तनशीलता $s^2 = 400$ देता है। समग्र माध्य के एिल 95 प्रतिशत और 99 प्रतिशत विश्वसनीयता अंतराल की गणना करें।

हलः आपकों $n = 100, \bar{x} = 150, s^2 = 400 \Rightarrow s = 20$ दिया गया है।

$S.E._{\bar{x}} = \frac{s}{\sqrt{n}}$ (बडे नमूनों के लिए $\sigma = s$)

$$= \frac{20}{\sqrt{100}} = 2$$

95% विश्वसनीयता स्तर पर $Z_{á/2}$ का मान $= 1.96$

99% विश्वसनीयता स्तर पर $Z_{á/2}$ का मान $= 2.58$

(अ) μ के लिए 95% विश्वसनीयता अंतराल या सीमाऐं

$$\bar{x} \pm 1.96\, S.E._x$$

मानों को रखने, आप प्राप्त करेंगें

$$150 \pm 1.96 \times 2 = 150 \pm 3.92 = 153.92 \; or \; 146.08$$

इस प्रकार $146.08 < \mu < 153.92$

(ब) μ के लिए 99% विश्वसनीयता अंतराल या सीमाऐं

$$\bar{x} \pm 2.58\, S.E._{\bar{x}}$$
$$= 150 \pm 2.58 \times 2$$
$$= 150 \pm 5.16$$
$$= 155.16 \; or \; 144.84$$

इस प्रकार $144.84 < \mu < 155.16$

उदाहण 2.14 : एक इस्पात कारखाने में 900 श्रमिकों के यादृच्छिक नमूने मे ंऔसत आयु 67 इंच, 5 इंच के मानक विचलन के साथ देखी गई ।

(अ) इस्पात कारखाने के सभी श्रमिकों की औसत ऊँचाई को 95 प्रतिशत विश्वसनीयता अंतराल अनुमान पर प्रमाणित करें।
(ब) इस्पात कारखाने के सभी श्रमिकों की औसत ऊँचाई को 99 प्रतिशत विश्वसनीयता अंतराल अनुमान पर प्रमाणित करें।
हल : आपको : $n = 900, \bar{x} = 67, s = 5$ दिया जा रहा है।

$\text{S.E.}(\bar{x}) = \frac{s}{\sqrt{n}} = \frac{5}{\sqrt{900}} = 0.167$ (बडे नमूनों के लिए, $s = ó$)

95% विश्वसनीयता स्तर पर $Z_{á/2}$ का मान है $= 1.96$

99% विश्वसनीयता स्तर पर $Z_{á/2}$ का मान है $= 2.58$

(अ) μ का 99% विश्वसनीयता अंतराल

$$\bar{x} \pm 1.96, S.E._{\bar{x}}$$

मानो ंको रखने पर, आप

$$67 \pm 1.96 \times (0.167)$$

$= 67 \pm 0.327 = 67.327$ to 66.673 प्राप्त करेंगें।

इस प्रकार , $66.673 < \mu < 67.327$

(ब) μ का 99% विश्वसनीयता अंतराल

$$\bar{x} \pm 2.58.S.E._{\bar{x}}$$

मानों को रखने पर, आप

$$= 67 \pm 2.58\ (0.167)$$
$$= 67 \pm 0.43$$
$$= 67.43\ to\ 66.57$$ प्राप्त करेंगें।

इस तरह $66.57 < \mu < 67.43$

2. समग्र अनुपात p के लिए विश्वसनीयता अंतराल या सीमाऐं

यद्यपि नमूना वितरण अनुपातों के साथ द्विपद वितरण से संबंधित है लकिन, सामान्य वितरण निकटता का प्रयोग किया जा सकता है बर्शतें नमूना बडा है (जैसे $n \geq 30$) और np और $nq > 5$ (जब n नमूने का आकार है , p सफलता का अनुपात है और $q = 1 - p$)

(1) P के लिए $(1 - á)$ 100% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$p \pm Z_{á/2}.S.E.(p)$$

या $$p \pm Z_{á/2}.\sqrt{\frac{PQ}{n}}$$ जब P ज्ञात है।

या $$p \pm Z_{á/2}.\sqrt{\frac{pq}{n}}$$ जब P अज्ञात है।

दी जा रही है।

(2) P के लिए $(1-á)$ 100% विश्वसनीयता अंतराल

$$p - Z_{á/2}.\sqrt{\frac{pq}{n}} < P < p + Z_{á/2}.\sqrt{\frac{pq}{n}}$$ दी जा रही है।

P के लिए 95% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$p \pm 1.96.\sqrt{\frac{pq}{n}}$$ है।

P के लिए 99% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$p \pm 2.58.\sqrt{\frac{pq}{n}}$$ है।

कार्यविधि :– समग्र अनुपात के विश्वसनीयता सीमाऐं या अंतराल के लिए निर्माण के लिए निम्नलिखित चरण शामिल है।:–

(1) p की गणना करें या लें

(2) S.E.(p) की गणना निम्नलिखित सूत्र द्वारा करें

$$S.E.(p) = \sqrt{\frac{PQ}{n}}$$ जब θ ज्ञात है।

$$S.E.(p) = \sqrt{\frac{pq}{n}}$$ जब P अज्ञात हैं।

(3) आप $z_{\propto/2}$ का मान ज्ञात करेंगे तो इसके लिए वांछित विश्वसनीयता अंतराल या समतुल्य विश्वसनीयता स्तर चयनित करें।

(4) उपरोक्त वर्णित सूत्र में p, $S.E.(p)$ एवं $Z_{\propto/2}$ के मानों को प्रतिस्थापित करें।

टिप्पणी :–

1) यदि समग्र अनुपात p अज्ञात है, तो बडे नमूनों मे ंनमूना अनुपात p का प्रयोग किया जाता है।

2) जब विश्वास अन्तराल का संदर्भ नहीं दिया गया है तो हमेशा 99.73% विश्वसनीयता स्तर के लिए $Z_{\propto/2} = 3$ लें।

उदाहरण 2.15 : एक सिक्के को 1200 बार उछालने पर, इसमें से 480 चित् और 720 पट निकले।

चित्तों के लिए 95% पर पर विश्वासनीयता अंतरात ज्ञात करें।

हलः आपको n=1200 , कुल चिट (np)=480 दिये गए है।

$p =$ चित्तों का नमूना अनुपात $\frac{480}{1200}$ =0.4

टिप्पणीयॉ चित्तों का समग्र अनुपात भी $= p = 0.50$

$$q = 1 - p = 1 - 0.50 = 0.50$$

$$S.E(p) = \sqrt{\frac{PQ}{n}}$$ (बडे नमूनों के लिए $q = p$)

$$= \sqrt{\frac{0.5 \times 0.5}{1200}} = 0.0144$$

95% विश्वसनीयता स्तर के लिए $Z_{\propto/2}$ का मान $= 1.96$

P के लिए 95% विश्वसनीयता अन्तराल :

$p \pm 1.96\, S.E._p$ दिया जा रहा है।

इन मानों को उक्त में रखने पर

$$= 0.4 \pm 1.96 \times 0.0144$$

$$= 0.4 \pm 0.028$$

$= 0.372\ to\ 0.428$ प्राप्त करेंगें

इस प्रकार, $0.372 < P < 0.428$

उदाहरण 2.16 : एक बडें प्रेषित माल से 600 अन्नानासों का एक यादृच्छिक नमूना लिया गया था। उनमें 75 खराब पाये गये थे। प्रेषित माल में खराब अन्नानासों के अनुपात का आंकलन करें औश्र अनुमान की मानक त्रुटि बताऐं।

सीमाओं के भीतर जो प्रेषित माल में इक्कठे हुए खराब अन्नानासों के प्रतिशत का निर्धारण करें।

हल :

आपकों n=600, खराब अन्नानासों की संख्या (np)=75 दी गई है।

नमूना अनुपात

$$p = \frac{75}{600} = 0.125 = 12.5\%$$

$$q = 1 - 0.125 = 0.875$$

$$S.E._{(p)} = \sqrt{\frac{pq}{n}} = \sqrt{\frac{0.125 \times 0.875}{600}} = 0.013$$

(P अज्ञात है।)

क्योंकि विश्वसनीयता स्तर वर्णित नहीं किया गया है तो आप इसके 99.73% विश्वसनीयता स्तर पर $Z_{\propto/2}$ का मान = 3

P के लिए 99.73% विश्वसनीयता सीमाऐं $p \pm 3 \times S.E._{\bar{x}}$ दी जा रही है।

उक्त में मानों को रखने पर, आप

$$= 0.125 \pm 3 \times 0.013$$

$$= 0.125 \pm 0.039$$

$= 0.164 \pm 0.086$ से प्राप्त करेंगें।

अतः आवश्यक प्रतिशत 16.4% और 8.6% के (मध्य) बीच है।

जब नमूनें को बिना प्रतिस्थापना के परिमित समग्र से निकाला जाता है, तो समग्र अनुपात p का विश्वसनीयता अनतराल या सीमाऐं :

इस घटना में $(1-\propto)100\%$ विश्वसनीयता अनतराल या सीमाऐं निम्नसूत्र से दी जाती है।,

$$p \pm Z_{\propto/2}.\sqrt{\frac{pq}{n}}.\sqrt{\frac{N-n}{N-1}}$$

जहॉ, $\sqrt{\frac{N-n}{N-1}}$ = परिमित समग्र शुद्धि गुणक है।

टिप्पणी : यदि N नमूना आकार n की तुलना में प्र्याप्त रूप से बडा है तो परिमित समग्र के शुद्धि गुणक को उपेक्षित किया जा सकता है।

उदाहरण 2.17 : 2,000 ग्राहकों के बहीखातों में से 600 नमूनों को पविश्टि एवं संतुलन की शुद्धता के परीक्षण के लिए लिया गया था जिसमें 45 गलतियॉ पायी गई थी । सीमाओं के भतर जिसमें त्रुटिपूर्ण नमूनों की संख्या की अपेक्षा 95% स्तर पर की जा सकती है, निर्धारित करें।

हल : आपकों n = 600, N = 20,000 ,नमूना बहीखाते में गलतियों की संख्या (np)=45 दी गई है।

नमूना अनुपात $p = \frac{(np)}{n} = \frac{45}{600} = 0.075$

$$q = 1 - p = 1 - 0.075 = 0.925$$

क्योंकि N नमूना आकार n की तुलना में पर्याप्त रूप से बडा है, तो परिमित समग्र शुद्धि गुणक $\sqrt{\frac{N-n}{N-1}}$ को उपेक्षित किया जा सकता है।

अतः इसे परिमित (बडा) समग्र का एक नमूना समझे, p की मानक त्रुटि

$S.E.(p) = \sqrt{\frac{pq}{n}}$ द्वारा दी जा रही है।

टिप्पणीयॉ $= \sqrt{\frac{0.075\times0.928}{600}} = \sqrt{0.0001156} = 0.011$ (लगभग)

95% विश्वसनीयता स्तर पर $z\propto/_2$ का मान =1.96

समग्र p के लिए 95% विश्वसनीयता सीमाओं को $p \pm 1.96\, S.E._{\bar{x}}$ द्वारा दिया जा रहा है। इन मानों को रखने पर, आप

$$= 0.075 \pm 1.96 \times 0.011$$

$$= 0.075 \pm 0.022 = (0.053, 0.097)$$

प्राप्त करते हैं।

अतः 2,000 समूह के त्रुटिपूर्ण नमूनों की संख्या के घटित होने की अपेक्षा 20,000 x 0.053 और 20,000 x 0.095 के मध्य है या 1060 और 1940 ।

टिप्पणी : यदि परिमित शुद्धि गुणक को उपेक्षित नहीं किया जाता है तब p की 95% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$p \pm 1.96.\sqrt{\frac{pq}{n}}\,.\sqrt{\frac{N-n}{N-1}} \text{ है}$$

$$= 0.075 \pm 1.96\sqrt{\frac{0.075 \times 0.925}{600}} \times \sqrt{\frac{20{,}000-600}{20{,}000-1}}$$

$$= 0.075 \pm 1.96 \times 0.0108$$

$$= 0.075 \pm 0.021168$$

$$= (0.0538, 0.096168)$$

अतः समूह में आवश्यक त्रुटिपूर्ण नमूनों की संख्या 20,000 x 0.0538 और 20,000 x 0.096168 या 1076 और 1924 के मध्य होगी।

(3) समग्रों के मानक विचलन की विश्वसनीयता अन्तराल या सीमाऐं

समग्र के मानक क्विलन σ का विश्वसनीयता स्तर निर्धारण में मानक वितरण का प्रयोग आवश्यक है जब नमूना बडा $(n \geq 30)$ होता है।

(i) σ के लिए $(1-\text{á})$ 100% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$s \pm Z_{\propto/2}.S.E._s$$

या

$$s \pm Z_{\propto/2}.\frac{\text{ó}}{\sqrt{2n}} \qquad \text{जब } \sigma \text{ ज्ञात है।}$$

या

$$s \pm Z_{\propto/2}.\frac{s}{\sqrt{2n}} \qquad \text{जब } \sigma \text{ अज्ञात है।}$$

(ii) σ के लिए $(1-\text{á})$ 100% विश्वसनीयता अन्तराल

$$s - Z_{\propto/2}.\frac{s}{\sqrt{2n}} < \sigma < s + Z_{\propto/2}.\frac{s}{\sqrt{2n}}$$

σ के लिए 95% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$s \pm 1.96\,.\frac{s}{\sqrt{2n}} \quad [\text{बडे नमूने के लिए } s = \sigma] \text{ है।}$$

σ के लिए 99% विश्वसनीयता सीमाऐं

$$s \pm 2.5 \pm \frac{s}{\sqrt{2n}} \text{ है।}$$

कार्य विधि : σ के विश्वसनीयता सीमाओं के निर्माण मे निम्नलिखित चरण शामिल हैं:

(i) S की गणना करें या s लें।

(ii) निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हुए S.E.(s) की गणना करें

$$S.E.(S) = \frac{\sigma}{\sqrt{2n}} \text{ या } S.E.(S) = \frac{s}{\sqrt{2n}}$$

(iii) वांछित विश्वसनीयता स्तर चयनित करें और $z\propto/_2$ के समतुल्य विश्वसनीयता स्तर का मान ।

(iv) उपरोक्त वर्णित सूत्र में $s, z\propto/_2$ और n के मानों को प्रतिस्थापित करें।

(4) μ या p के आंकलन हेतु नमूने आकार का निर्धारण

ज्ञात नमूना आकार के लिए मान्यताओं के आधार पर आपने विश्वसनीयता अन्तरालों की गणना की है। अब आप जब नमूना आकार अज्ञात है, विश्वसनीयता स्तर की गणना करने में निपुण होंगें।

समग्र माध्य के आंकलन के लिए नमूना आकार :

समग्र माध्य आंकलन के लिए, नमूने आकार के निर्धारण हेतु निम्नलिखित तीन कारक ज्ञात होने चाहिए।

टिप्पणीयॉ :

I. वांछित विश्वसनीयता स्तर और Z का समतुल्य मान ।

II. अनुज्ञेय नमूना त्रुटि E

III. σ का मानक विचलन या σ का एक अनुमान (जैसे $\bar{s}$)

उपरोक्त कारकों को जानने के बाद , नमूना आकार n निम्नवत द्वारा दिया जाता है।

$$n = \left(\frac{Z.\sigma}{E}\right)^2$$

टिप्पणी :

(1) Z और E के मान पूर्वनिश्चित होते हैं।

(2) समग्र का मानक विचलन (S.D) व वास्तविक या अनुमानित हो सकता है।

उदाहरण 2.18 : एक सिगरेट उत्पादक (निर्माता), यादृच्छिक नमूनू का प्रयोग कर औसत, सम्बाकू यात्रा का अनुमान लगाना चाहता है। नमूने में त्रुटि 99 प्रतिशत विश्वसनीयता स्तर पर सच्चे माध्य की तुलना में एक मिलीग्राम से कम या ज्यादा नहीं होनी चाहिए। समग्र मानक विचलन 4 मिलीग्राम है। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कम्पनी को कितने नमूने आकार का प्रयोग करना चाहिए।

हलः आपको E=1 99% विश्वसनीयता स्तर पर $z\propto/_2$= 2.58 और $\sigma = 4$ दिया गया है। नमूना आकार सूत्र $n = \frac{z^2\sigma^2}{E^2}$ है।

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करेंगे।

$$n = \frac{(2.58)^2\ (4)^2}{1^2} = 106.50\ or\ 107$$

अतः कम्पनी की अवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक नमूना आकार n=107 होना चाहिए।

(ब) समग्र अनुपात के आंकलन के लिए नमूना आकार :

समग्र अनुपात का अनुमान ज्ञात करने के लिए नमूना आकार हेतु निम्नलिखित तीन कारक ज्ञात होने चाहिए।

1) वांछित विश्वसनीयता स्तर और = का समतुल्य मान ।
2) अनुज्ञेय नमूना त्रुटि E ।
3) सफलता p का वास्तविक या अनुमानित सच्चा अनुपात ।

नमूना आकार $n = \frac{Z^2 \times PQ}{E^2}$ जहॉ , $Q = 1 - P$ से दिया जाता है।

टिप्पणी :

1. Z और E के मान पूर्वनिश्चित हैं।
2. समग्र अनुपात p का मान वास्तवकि या अनुमानित हो सकता है।

उदाहरण : 2.19 : एक व्यवसाय अधिकतम मान्य त्रुटि 0.5 के साथ और 98 प्रतिशत विश्वसनीयता स्तर पर उपभोक्ताओं के अनुपात को, जो इनके उत्पादों को पसंद करते हैं, को ज्ञात करना चाहता हें यदि प्रारम्भिक बिक्री सूचनाऐं दर्शाते हैं कि सभी उपभोक्ताओं में से 25 प्रतिशत व्यवसाय उत्पाद को पसंद करते हैं तो कितने बडे नमूने की आवश्यकता होगी

हलः आपको दिया गया हैः

$$E = 0.05, P = 0.25, Q = 1 - 0.25 = 0.75,$$

98% विश्वसनीयता स्तर के लिए $Z = 2.33$

नमूना आकार सूत्र

$$n = \frac{Z^2 \times PQ}{E^2}$$

इन मानों को उक्त सूत्र में प्रतिस्थापित करने पर आप प्राप्त करेंगें।

$$n = \frac{(2.33)^2}{(0.05)^2}(0.25)(0.75)$$

$$= \frac{5.4289}{0.0025}(0.1875) = \frac{1.0179}{0.0025} = 407.16 \; or \; 408$$

अतः आवश्यक नमूना आकार $n = 408$ होगा ।

2.6.2 छोटे नमूनों (n<30) के लिए अन्तराल

छोटे आकार के नमूनों (n<30) की स्थिति में विश्वसनीयता स्तरों का निर्धारण का अध्ययन दो शीर्षकों के अन्तर्गत किया जाता है।

(1) समग्र माध्य (n<30) के लिए विश्वसनीयता स्तर या सीमाऐं :

जब नमूनो ंका आकार छोटा (जैसे n<30) और σ (समग्र मानक विचलन) अज्ञात हैं तो समग्र माध्य μ के लिए वांछित विश्वसनीयता स्तर या सीमाऐं को t - वितरण का

प्रयोग कर प्राप्त किया जा सकता है। छोटे नमूनों की स्थिति में Z मानों के वदले में t मानों का प्रयोग करते हैं।

i. समग्र माध्य के लिए $(1-\propto)$ 100% विश्वसनीय अन्तराल के द्वारा दी जाती है: $\bar{x} \pm t_{á/2}.\frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$ जहॉ , $\hat{s}$ = परिवर्तित नमूना $S.D. = \sqrt{\frac{\Sigma(x-\bar{x})^2}{n-1}}$ $or\ \hat{s} = \sqrt{\frac{n}{n-1}}s^2$

ii. μ के लिए $(1-á)$ 100% विश्वसनीय अन्तराल के द्वारा दी जाती है:

$$\bar{x} \pm t_{\propto/2}.\frac{\hat{s}}{\sqrt{n}} < ì < \bar{x} \pm t_{\propto/2}.\frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$$

μ के लिए 95% विश्वसनीयता सीमाऐं के द्वारा दिया जाता है।

$$\bar{x} \pm t_{0.025}.\frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$$

μ के लिए 99% विश्वसनीयता सीमाऐं के द्वारा दिया जाता है।

$$\bar{x} \pm t_{0.005}.\frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$$

कार्य विधि : छोटे नमूनों (n<30) की स्थिति में विश्वसनीयता अंतराल या सीमाओं के निर्माण में निम्नलिखित चरण शामिल हैं।

i. $\bar{x}$ की गणना करें या $\bar{x}$. लें।

ii. निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हुए परिवर्तित नमूने वितरण की गणना करें

$$\hat{s} = \sqrt{\frac{n}{n-1}.s^2}$$ जब, s दिया गया हो।

iii. d.o.f = v = n-1 सूत्र का प्रयोग करते हुए degree of freedom की गणना करें।

iv. दिये गये degrees of freedom के लिए वांछित विश्वसनीयता स्तर और दर्शायी गई समतुल्य विश्वसनीयता स्तर को चयनित करें। आपको $t_{\propto/2}$ का मान t तालिका से देखना चाहिए।

v. उपरोक्त वर्णित सूत्र में $\bar{x}, \hat{s}$ और $t_{\propto/2}$ के मानों को प्रतिस्थापित करें।

उदाहरण 2.20 : 16 आकार के यादृच्छिक नमूनों का मानक विचलन 3 के साथ माध्य 50 है। 98 प्रतिशत विश्वसनीयता सीमाओं पर समग्र का माध्य प्रापत करें।

हलः आपको दिया गया है : $n = 16, \bar{x} = 50, s = 3 \Longrightarrow s^2 = 9$

$$\hat{s} = \sqrt{\frac{n}{n-1}}.s^2 = \sqrt{\frac{16}{16-1} \times 9} = 3.098$$

Degrees of freedom $= v = n = 16 - 1 = 15$

98% विश्वसनीयता स्तर पर $\propto = 0.02\ so\ that\ \frac{\propto}{2} = \frac{0.02}{2} = 0.01$

t तालिका का प्रयोग करते हुए 15d.f के लिए $t_{0.01}$ =2.602

μ के लिए 98% विश्वसनीयता सीमाऐं के द्वारा दी जाती है

$$\bar{x} \pm t_{.01}.\frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$$

इन मानों को उक्त सूत्र में रखने पर, आप प्राप्त करेंगें

$$= 50 \pm 2.602 \times \frac{3.098}{\sqrt{16}}$$

$$= 50 \pm 2.015$$

$$= 52.015\ to\ 47.985$$

उदाहरण 2.21 : सामान्य वितरण से एक 16 नमूनों का सादृच्छिक नमूना जिसका माध्य 53 और माध्य से विचलनो के वर्गों का योग 150 के बराबर , को दर्शाया गया है। समग्र के माध्य के लिए 95% और 99% विश्वसनीयता सीमाऐं प्रापत करे।

हल : आपको दिया जा रहा है:

$$n = 16, \bar{x} = 53, \sum (x - x)^2 = 150$$

$$\hat{s} = \sqrt{\frac{\sum (x - \bar{x})^2}{n-1}}$$

$$= \frac{150}{16-1} = \sqrt{\frac{150}{15}} = \sqrt{10} = 3.162$$

Degrees of freedom $= v = n - 1 = 16 - 1 = 15$

95% विश्वसनीयता स्तर के लिए $\propto = 0.05$

इसलिए $\frac{\propto}{2} = \frac{0.05}{2} = 0.025$

99% विश्वसनीयता स्तर के लिए $\propto = 0.01$

इसलिए $\frac{\propto}{2} = \frac{0.01}{2} = 0.005$

15 d.f. के लिए $t_{0.025}$ का तालिका मान = 2.131

15 d.f. के लिए $t_{0.025}$ का तालिका मान = 2.947

(अ) समग्र माध्य μ के लिए 95: विश्वसनीयता सीमाए हैं:

$$\bar{X} \pm t_{0.025} \cdot \frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$$

मानों को प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करेंगें

$$= 53 \pm 2.31 \times \frac{3.162}{\sqrt{16}}$$
$$= 53 \pm 2.131 \times \frac{3.162}{4}$$
$$= 53 \pm 1.684$$
$$= 51.316 \; to \; 54.684$$

इस प्रकार, $51.316 < \grave{\imath} < 54.684$

इस प्रकार $51.316 < \mu < 54.684$

(ब) समग्र माध्य μ के लिऐं 99% विश्वसनीयता सीमाए

$$\bar{x} \pm t_{0.005} \cdot \frac{\hat{s}}{\sqrt{n}}$$

मानों को रखने पर, आप प्राप्त करते हैं

$$= 53 \pm 2.947 \times \frac{3.162}{\sqrt{16}}$$
$$= 53 \pm 2.947 \times \frac{3.162}{4}$$
$$= 53 \pm 2.947 \times 0.7905$$
$$= 53 \pm 2.33$$
$$= 55.33 \; and \; 50.67$$

इस प्रकार, $50.67 < \mu < 55.33.$

(2) समग्र परिवर्तनशीलता के लिए (जब n<30) विश्वसनीयता अंतराल या सीमाऐं

समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 के विश्वसनीयता स्तर या सीमाओं के निर्धारण में x^2 (काई वर्ग) वितरण का प्रयोग आवश्यक है। यहॉ पर x^2 मानों का प्रयोग t मानों के बदले में होता है।

समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 के $(1-\propto)$ 100% विश्वसनीयता अन्तराल द्वारा दिया जाता हे।

$$\frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{\propto/2}} < \acute{o}^2 < \frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{1-\propto/2}}$$

विशेष रूप से , समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 के लिए 95% विश्वसनीयता अंतराल है।

$$\frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{0.025}} < \acute{o}^2 < \frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{0.975}}$$

इसी तरह , समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 के लिए 99% विश्वसनीयता अंतराल है।

$$\frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{0.005}} < ó^2 < \frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{0.995}}$$

कार्य विधि : परिवर्तनशीलता σ^2 के विश्वसनीयता स्तर के निर्माण के लिए निम्नलिखित चरण शामिल हैं:

(1) सूत्र का प्रयोग करते हुए परिवर्तित नमूना परिवर्तनशीलता की गणना करें।

$$\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1}s^2 \; \frac{\sum(x-\bar{x})^2}{n-1}$$

(2) वांछित विश्वसनीयता स्तर एवं दर्शायी गई समतुल्य विश्वसनीयता स्तर को चयनित करें , आपको विश्वसनीयता गुणांक $x^2_{\propto/2}$ और $x^2_{1-\propto/2}$ के मानों को निश्चित degree of freedom पर x^2 तालिका से लिखना चाहिए।

(3) $\hat{s}^2, x^2_{\propto/2}$ और $x \div^2_{1-\propto/2}$ को उपरोक्त वर्णित सूत्र में रखते हुए σ^2 के लिए विश्वसनीयता अंतराल को निर्मित करें।

उदाहरण 2.22 : आकार 15 के एक यादृच्छिक नमूने जिसका मानक विचलन s=2.5 है को सामान्य समग्र से चयनित किया जाता है। परिवर्तनशीलता σ^2 और मानक विचलन σ के लिए 95% विश्वसनीयता स्तर निर्मित कीजिए।

हल : आपको दिया जा रहा है:

$$n = 15, s = 2.5 \Longrightarrow s^2 = 6.25$$

$$\hat{s}^2 = \left(\frac{n}{n-1}\right)s^2$$

$$= \frac{15}{15-1} \times 6.25 = 6.696$$

95% विश्वसनीयता स्तर के लिए

$\propto = 0.05$ so $\frac{\propto}{2} = 0.025$ and $1-\propto = 1 - 0.025 = 0.975$.

Degrees of freedom $(v) = n - 1 = 15 - 1 = 14$

$14\ d.f.$ के लिए $x^2_{0.025}$ का तालिका मान $= 26.1$

$14\ d.f.$ के लिए $x^2_{0.0975}$ का तालिका मान $= 5.63$

(अ) σ^2 के लिए 95% विश्वसनीयता अन्तराल है

$$\frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{0.025}} < \sigma^2 < \frac{(n-1)\hat{s}^2}{x^2_{0.975}}$$

मानों को रखने पर, आप प्राप्त करेंगें।

$$\frac{(15-1)\times 6.696}{26.1} < \sigma^2 < \frac{(15-1)\times 6.696}{5.63}$$

or $3.59 < \sigma^2 < 16.65$

(ब) σ के लिए 95% विश्वसनीयता अन्तराल है :

$$\sqrt{3.59} < \sigma < \sqrt{16.65}$$

या $$1.89 < \sigma < 4.08$$

2.7 सारांश

कभी कभी समग्र के बारे में आप किसी तरह का निष्कर्ष निकालने मे असमर्थ रहेते हैं या सांख्यिकी पदों में समग्र परिणाम क्या है को प्रकट करने में आप असमर्थ हैं। उन परिस्थितियों में, नमूना ऑकडों के आधार पर समग्र प्राचल के बारे में अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है। इसे आंकलन का सिद्धान्त कहा जाता है। समग्र प्राचल के आंकलन के लिए नमूना ऑकडों का प्रयोग कियाजाता है और इस प्रकार के आंकलनों में निष्पक्ष, अनुरूप, सक्षम और यथेष्ट तरह के विशिष्ट लक्षण होने चाहिए।

2.8 शब्दावली

आगणकः समग्र प्राचलों का अनुमान लगाने के लिए आप विभिन्न नमूना आंकडों का प्रयोग करते हैं जो नमूना ऑकडे जैसे नमूना माध्य $\bar{x}$, नमूना माध्यिका m, नमूना परिवर्तनशीलता S^2 इत्यादि जो अज्ञात समग्र प्राचलों जैसे समग्र माध्य μ, समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 आदि का अनुमान लगाते हैं, उन्हें आगणक कहा जाता है

2.9 बोध प्रश्न

रिक्त स्थान भरें

1. ऑकडों का एक एकल मान जिसे अज्ञात समग्र प्राचल के अनुमान के लिए प्रयोग किया जाता है उसे .....अनुमान कहते हैं।
2. जब अज्ञात समग्र से एक एकल स्वतन्त्र यादृच्छिक नमूना निकालते हैं तो उसे .....नमूना कहते है।

2.10 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. तथ्य 2. एकल

2.11 स्वपरख प्रश्न

1) समूहों के नमूने की मापें 8.3, 10.6, 9.7 , 8.8., 10.2 और 9.4 किलोग्राम ज्ञात की गई थी।
   (अ) समग्र माध्य
   (ब) समग्र परिवर्तनशीलता
   (स) नमूना मानक विचलन अनुमानित समग्र मानक विचलन की तुलना निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमानो से निर्धारित करें।

(2) 9 व्यक्तियों के एक यादृच्छिक नमूने में उनकी ऊँचाईयॉ 45, 47, 50, 52, 48, 47, 49, 53 और 51 इंच हैं।
   (अ) सच्चा माध्य
   (ब) सच्ची परिवर्तनशीलता का निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमान ज्ञात करें।

(3) एक कम्पनी द्वारा उत्पादित 10 टेलीविजन ट्यूबों के नमूनों ने औसत जीवन 1200 घंटे और 10 घंटे का मानक विचलन दर्शाया।

(अ) समग्र माध्य

(ब) समग्र परिवर्तनशीलता के निष्पक्षएवं सक्षम अनुमानों को ज्ञात करें।

(4) 144 प्रेक्षणों के एक यादृच्छिक नमूने का नमूना माध्य $\bar{x} = 160$ और नमूना परिवर्तनशीलता $s^2 = 100$ देता हे। समग्र माध्य के एिल 95% में विश्वसनीयता अंतराल की गणना करें।

(5) 64 खेती क्षेत्रों के एक यादृच्छिक में नमूने से, 12 के मानक विचलन के साथ 45 हेक्टेएर का माध खेत्र पाया जाता है। माध्य क्षेत्र क लिए 95% और 99% पर विश्वसनीयता सीमाऐं क्या है ।

(6) 100 खेती क्षेत्रों के एक यादृच्दिक में नमूने से 50 के मानक विचलन के साथ 250 हेक्टेएर का माध्य क्षेत्र पाया गया। माध्य क्षे0 के 99% विश्वसनीयता अंतराल की गणना करें। विश्वसनीयता अंतराल की चौडाई को कैसे परिवर्तित किया जाता है यदि नमूने के आकार को 400 तक बढाया था।

(7) एक शहर के 300 परिवारों के यादृच्छिक नमूने ने दिखाया कि इन परिववारों मे ंसे 123 के पास धार्मिक पुस्तक रामायण थी। रामायण के साथ शहर के परिवारों के अनुपात के लिए 95% विश्वसनीयता अंतराल ज्ञात करें।

(8) एक शहर में 500 घरों के एक यादृच्छिक नमूने ने यह प्रकट किया था कि इनमें से 125 घरों के पास रंगीन TV Set थे। रंगीन TV के साथ शहर के घरों के लिए 98% विश्वसनीयता स्तर ज्ञात करें। (98% विश्वसनीयता स्तर के लिए Z का तालिक मान 2.33 हैं)

(9) एक नगर में, एक नए उत्पाद को प्रारम्भ करने के लिए 400 लोगों का एक नमूना बाजार सर्वेक्षण हेतु लिया गया था। जब उनसे बिक्री के लिए चर्चा की गई थी, उनमें से 80 लोगों ने उत्पाद खरीदा। नगर में जिन्होंने उत्पाद खरीदा होगा उनके लिए 95% विश्वसनीयता सीमाऐं ज्ञात करें।

(10) 10,000 ग्राहकों के बही खातों में से 400 नमूना बही खातों को उनकी प्रविष्टियों एवं संतुलन की शुद्धता को ऑकडे के लिए चयनित किया गया था। उसमें 40 गलतियॉ शामिल थी। सीमाओं का निर्धारण करें जिनके भीतर इन त्रुटिपूर्ण नमूनों की संख्या को 95% के विश्वसनीयता स्तर की अपेक्षा की जा सके।

(11) 100 मदों का एक नमूना 25 का मानक विचलन देता है। 95% विश्वसनीयता स्तर पर समग्र मानक विचलन के लिए सीमाऐं तैयार करें।

(12) 100 मदों का एक नमूना 4700 का मानक विचलन देता है। 99% विश्वसनीयता स्तर पर समग्र मानक विचलन के लिए सीमाऐं तैयार करें।

(13) एक व्यवसाय 0.03 से अधिक की नहीं त्रुटि के साथ और उपभोक्ताअें के अनुपात के लिए 98% विश्वसनीयता स्तर जो घरेलू डिटरजेंट ब्रान्ड का पसंद करते हैं, का आंकलन करनाचाहता है। बिक्री परिणाम संकेत करते हैं

कि सभी उपभोक्ताओं में से लगभग 0.2. इस व्यवसाय के ब्रांड को पसंद करते हैं। आवश्यक नमूना आकार क्या है।

(14) मिस्टर X एक निश्चित कार्य को औसत समय में पूर्ण करने का निश्चय करता है। पिछले लिखित प्रमाण प्रदर्शित करते हैं कि समग्र मानक चिलन 10 दिन हे। नमूने आकार का निर्धारण करें यदि मिस्टर X 95% विश्वस्त है कि नमूना औसत , औसत से = 2 दिन रह सकता है।

(15) प्रभाव समय नापने के लिए, एक मनोंचिकित्सक 0.05 सेकण्ड के मानक विचलन का आंकलन करता है। मापने के लिए कितना बडा नमूना लेना चाहिए कि 95% विश्वसनीयता पर उसके आंकलन की त्रुटि 0.01 सेकेण्ड से अधिक की नहीं होगी।

(16) एक निश्चित ब्रान्ड के 9 सिगरटों का एक नमूने के एिल प्रेक्षण किया गया था। इसमें देखा गया कि 25 मिलीग्राम औसत तम्बाकू औसत मानक विचलन 2.8 मिलीग्राम है। इस विशेष ब्रान्ड के सिगरटों का सही औसत के लिए 99% विश्वसनीयता अंतराल निर्मित करें।

(17) एक वस्ती से 15 औरतों का एक यादृच्छिक नमूना उनके द्वारा अंगराज में मासिक 2 खर्च रू0 120 को रू0 40 के मानक विचलन के साथ दर्शाता है। वस्ती की औरतों द्वारा अंगराज मे ंसही औसत मासिक व्यय के लिए 95% विश्वसनीयता अंतराल को निर्मित करें।

(18) 5 व्यक्तियों की ऊँचाईयों (इंच में) का एक नमूना निम्नवत था 63.3, 63.7, 63,6, 63,2 और 3.8 95ः समग्र परिवर्तनशीलता के लिए विश्वसनीयता अनतराल निर्मित करें।

1. [(a) 9.5, (b) 0.736 and (c) $\hat{s}=\sigma=0.86$, s=0.78]
2. [(a) 49.11 and (b) 6.91]
3. [(a) $\mu=1200$ hrs. and (b) $\hat{s}^2=111.11$]
4. $[158.37 < \mu < 161.03]$
5. [(a) 47.94, 42.06, (b) 48.87, 41.63]
6. [(a) $237.1 < \mu < 262.9$(b) reduced to half]
7. $[0.355 < P < 0.465]$
8. $[0.205 < P < 0.295]$
9. [0.1608, 0.2392]
10. [(a) $0.071 < P < 0.129$ (b) $710 < x < 1290$]
11. [21.55, 28.46]
12. [5032.4, 4367.60]
13. $[n = 965]$
14. $[n = 96]$
15. $[n = 96]$
16. $[21.67 < \mu < 28.33]$
17. $[97.01 < \mu < 142.99]$
18. $[0.0240<\sigma<0.5537]$

2.12 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Roy Ramendu, *'Principles of Statistics'* Prayag Pustak Bhawan, Allahabad.
2. Gupta S. P. & Gupta M. P., *'Business Statistics'* Sultan Chand & Sons, New Delhi.
3. Shukla S. M. & Sahai S. P., '*Advanced Statistics*' Sahitya Bhawan Publications, Agra.
4. Goon, Gupta and Dasgupta, 'Basic Statistics' World Press Limited – Calcutta.
5. Fundamentals of Business Statistics – Sanchethi and Kappor.
6. Srivastava, Shenoy and Guptha, 'Quantitative Methods in Management'.

इकाई 3 प्रायिकता के दृष्टिकोण

इकाई की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना
3.2 यादृच्छिक प्रयोग
3.3 समष्टि प्रतिदर्श
3.4 विभिन्न पदों की परिभाषा
3.5 घटना एवं प्रायिकता
3.6 क्रमचय तथा संचय की सहायता से प्रायिकता
3.7 सारांश
3.8 शब्दावली
3.9 बोध प्रश्न
3.10 बोध प्रश्नों के उत्तर
3.11 स्वपरख प्रश्न
3.12 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- यादृच्छिक प्रयोग के अर्थ की व्याख्या कर सकें।
- यादृच्छिक प्रयोग में संभावना के महत्व का वर्णन कर सकें।
- एक घटना के लिए प्रतिदर्श समष्टि की व्याख्या कर सकें।
- विभिन्न प्रकार की घटनाओं जैसे पारस्परिक अपवर्जी, सांप्रदायिक घटनाएं, सर्वांगपूर्ण, स्वतंत्र और आश्रित घटनाओं में अंतर कर सकें।
- एक घटना के घटित होने की प्रायिकता और क्रमचय तथा संचय की सहायता से प्रायिकता प्रश्नों का हल कर सकें।

3.1 प्रस्तावना

रोजमर्रा की जिन्दगी में आप देखते हैं कि क्रिकेट मैच शुरू होने के पहले दोनों कप्तान सिक्का उछालते हैं। सिक्का उछालना एक प्रक्रिया है और चित या पट आना दो संभावित निष्कर्ष है। यह मानते हुए कि सिक्का खड़ा न गिरे। यदि आप एक पासा फेंकते ह। तो संभावित निष्कर्ष 1,2,3,4,5,6 में से कोई भी हो सकता है। एक प्रक्रिया जो परिणाम या निष्कर्ष दे उसे प्रयोग (Experiment) कहते हैं। सामान्यतः एक प्रयोग में का निष्कर्ष संभावित निष्कर्षों में से कोई एक होता है तथा यह संयोग की बात है कि प्रयोग करते समय कौन सा निष्कर्ष आयेगा। इस अध्याय में आप विभिन्न प्रयोग और उनके निष्कर्षों के बारे में पढ़ेंगे।

आपने आज बारिश हो सकती है या ''भारत यह मैच जीत सकता है'' या ''मैं इस पद के लिए चुना जा सकता हूँ'' अवसर इस प्रकार के वाक्यों का प्रयोग किया होगा। इस प्रकार के वाक्यों में अनिश्चितता का अंश है। आप इस अनिश्चितता को कैसे मापेंगे? गणित की एक शाखा जिसे प्रायिकता सिद्धान्त (Theory of Probability)

कहते हैं। इस प्रकार की अनिश्चितता को मापती है। किसी घटना घटित होने की अनिश्चितता का परिणाम मापने के लिए प्रायिकता सिद्धान्त का निर्माण किया गया है। प्रायिकता शब्द का कोषिक अर्थ है ''संभावित परन्तु अनिश्चित''। अतः जब एक सिक्के को उछालते हैं, चित आ सकता है परन्तु आता नहीं है। उसी प्रकार जब एक पासा को फेंकते है तो 6 आ सकता है या नहीं आ सकता।

3.2 यादृच्छिक प्रयोग

निम्नलिखित गतिविधियों पर ध्यान दें–

1. एक सिक्के को उछालें और निष्कर्ष को नोट करें। यहाँ पर दो संभावित निष्कर्ष हैं एक चित या पट।
2. एक पासा (fair die) को फेंकने पर 6 संभावित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं जो हैं 1,2,3,4,5,6 पासों का जो तल पर उपर होता है उसे परिणाम कहते हैं।
3. दो सिक्कों को एक साथ उछालें तथा संभावित निष्कर्षों को लिखें। यहाँ पर चार निम्नलिखित निष्कर्ष संभव हैं, HH, HT, TH, TT।
4. दो पासों को फेंके निम्नलिखित 36 संभावित निष्कर्ष प्राप्त होंगे–

1,1	1,2	1,3	1,4	1,5	1,6
2,1	2,2	2,3	2,4	2,5	2,6
3,1	3,2	3,3	3,4	3,5	3,6
4,1	4,2	4,3	4,4	4,5	4,6
5,1	5,2	5,3	5,4	5,5	5,6
6,1	6,2	6,3	6,4	6,5	6,6

उपर्युक्त प्रत्येक गतिविधि निम्नलिखित दो शर्तों को पूरा करती हैः

क. गतिविधि को एक ही जैसी परिस्थिति में कई बार दोहराया जा सकता है।

ख. चूँकि सभी संभावित निष्कर्षों के चुने जाने की संभावना बराबर हैं इसलिए किसी भी गतिविधि का निष्कर्ष पहले से नहीं बताया जा सकता है। अतः एक गतिविधि जो–

1. एक जैसी परिस्थिति में दोहराया जाए, तथा
2. जिसका निष्कर्ष पहले से न बताया जा सके को एक यादृच्छिक प्रयोग कहते हैं।

उदाहरण 3.1 : क्या अच्छी तरह से फेटे हुए ताश के पत्तों में से एक पत्ता निकालना एक यादृच्दिक प्रयोग है?

हल : क. चँकि एक पत्ता निकालने से पहले ताश के पत्तों की गड्डी को अच्छी तरह फेंटा जा सकता है,

अतः इस प्रक्रिया को कई बार दोहराया जा सकता है।

ख. 52 पत्तों मे से कोई भी पत्ता निकाला जा सकता है। अतः निष्कर्ष को पहले से नहीं बताया जा सकता।

अतः यह प्रक्रिया एक यादृच्छिक प्रयोग है।

उदाहरण 3.2 : सिद्ध करें 00 कुर्सियों में से एक कुर्सी चुनना एक यादृच्छिक प्रयोग है।

हल : क. इस प्रयोग को एक समान परिस्थितियों में दोहराया जा सकता है।
ख. हर कुर्सी के चुने जाने की संभावना बराबर है।

अतः निष्कर्ष पूर्व निर्धारित नहीं है। इसलिए यह एक यादृच्छिक प्रयोग है।

क्या आप इस प्रकार की अन्य गतिविधियों के बारे में सोच सकते हैं जहाँ संभावना प्रकृति है।

आइए अब कुछ क्रियाओं की चर्चा करें जो कि यादृच्छिक प्रयोग नहीं है।

1. अवनि का जन्मः चँकि किसी व्यक्ति के जन्म की प्रक्रिया दोहरायी नहीं जा सकती अतः यह एक यादृच्छिक प्रयोग नहीं है।

2. कैलकुलेटर पर 4 तथा 8 का गुणा करना : चँकि कैलकुलेटर पर इस प्रक्रिया को कई बार दोहराया जा सकता है परन्तु परिणाम हमेशा 32 हो जायेगा। अतः यह यादृच्छिक प्रयोग नहीं है।

3.3 प्रतिदर्श समष्टि (Sample Space)

जब एक पासा फेंकते है तो संभावित निष्कर्ष क्या हो सकते हैं? पासा फेंकने पर निश्चित रूप से कोई एक भाग (हिस्सा) सबसे उपरी सतह पर होगा। अतः प्रत्येक सतह पर लिखा हुआ अंक (number; 1-c) ही संभावित निष्कर्ष है।

सभी संभावित निष्कर्षों का समुच्चय (Set) S इस प्रकार से लिख सकते हैं–

S = {1, 2, 3, 4, 5, 6}

इसी प्रकार जब एक सिक्के को उछालते हैं तो संभावित निष्कर्ष चित (Head) या पट (Tail) होगा। अतः संभावित निष्कर्षों का समुच्चय S होगा।

S = {H, T}

किसी प्रयोग (Experiment) के संभावित निष्कर्षों का समुच्चय S जो कि निम्न शर्तों को पूरा करें।

1. समुच्चय (Set) का प्रत्येक (Element) प्रयोग (Experiment) के संभावित निष्कर्ष को दर्शाये।
2. किसी Trial का परिणाम समुच्चय S के सिर्फ एक तत्वों (Elements) हो तो ऐसे समुच्चय S को प्रतिदर्श समष्टि कहते हैं तथा इसके तत्वों (Elements) को प्रतिदर्श तत्व (Sample points) कहते हैं। प्रतिदर्श समष्टि को S से प्रदर्शित किया जा सकता है।

उदाहरण 3.3 : दो सिक्कों को उछालने की क्रिया (Experiment) का प्रतिदर्श समष्टि (Sample space) लिखें।

हल : माना कि H चित तथा T पट को दर्शाता है

S = {(H, H), (H, T), (T, H), (T, T)}

नोट– यदि दो सिक्कों को एक साथ उछाला जाए तो समष्टि प्रतिदर्श को निम्न प्रकार भी लिख सकते हैं।

S = {HH, HT, TH, TT}

उदाहरण 3.4 : एक सिक्का तथा पासा को एक साथ फेंकने की प्रक्रिया का प्रतिदर्श समष्टि लिखें।

हल : एक सिक्का उछालने पर संभावित परिणाम है चित H या पट T।

एक पासा फेंकने पर संभावित निष्कर्ष है– 1,2,3,4,5 तथा 6

माना कि H = 0 T = 1

S = {(1,0), (1,1), (2,0), (2,1), (3,0), (3,1), (4,0), (4,1), (5,0), (5,1), (6,0), (6,1)}

n(S) = 6×2 = 12

n(S) = 2×2×2 = 8

उदाहरण 3.5 : ऐसे परिवारों का चयन करें जिनके सिर्फ 3 बच्चे हैं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय बच्चे का लिंग पूछने ही प्रयोग है। इस प्रयोग का प्रतिदर्श समष्टि लिखें।

हल : एक बच्चे का लिंग बालक (Boy = B) अथवा बालिका (Girl = G) हो सकता है अतः

S = {BBB, BBG, BGB, GBB, BGG, GBG, GGB, GGG}

उपरोक्त तरह से प्रतिदर्श समष्टि लिखने का लाभ यह है कि निम्न प्रकार के प्रश्नों क्या दूसरी सन्तान लड़की/कन्या/बालिका थी? या कितने परिवारों में पहली सन्ता बालक है इत्यादि का उत्तर आसानी से दिया जा सकता है।

3.4 विभिन्न पदों की व्याख्या

3.4.1 घटना (Event)

सिक्के उछालने का एक प्रयोग करते है। इस प्रयोग में Head आने में हमारी दिलचस्पी है। अतः परिणाम में Head आना एक घटना है।

एक पासा फेंकने के प्रयोग में सम संख्या आने में हमारी दिलचस्पी है। अतः 2,4 तथा 6 परिणाम घटना का निर्माण करते हैं। हमने देखा है जब किसी प्रयोग को एक समान परिस्थितियों में कई बार दोहराया जाता है तो हर बार एक ही परिणाम प्राप्त होगा और ये संभावित परिणाम प्रतिदर्श समष्टि (Sample space) का निर्माण करते हैं।

प्रतिदर्श समष्टि के कुछ परिणाम/निष्कर्ष एक निर्दिष्ट विवरण को पूरा करते हैं, जिन्हें हम घटना कहते हैं। प्रायः घटना को A, B, C इत्यादि (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों) शब्दों से प्रदर्शित करते हैं।

उदाहरण 3.6 : माना कि E तीन सिक्कों को एक साथ उछालने की घटना को दर्शाता है। सभी संभावित परिणाम तथा घटनाओं की सूची बनाओ जब–

1. Head की संख्या Tail की संख्या से अधिक हो।
2. जब दो Head आए।

हल : प्रतिदर्श समष्टि S

S = {HHH, HHT, HTH, HTT, THH, THT, TTH, TTT}

W_1 W_2 W_3 W_4 W_5 W_6 W_7 W_8

माना कि E_1 Head की संख्या की संख्या Tail से अधिक होने की घटना दर्शाता है तथा E_2 जब दो Head आने की घटना को दर्शाता है। अतः

$E_1 = \{ w_1 \quad w_2 \quad w_3 \quad w_4 \quad w_5 \}$

तथा $E_2 = \{ w_2 \quad w_3 \quad w_5 \}$

3.4.2 **Equally Likely Events** (समान रूप से संभावित घटनाएं)

यदि किसी भी कारणवश हम एक परिणाम पर दूसरे दूसरे परिणाम को वरीयता नहीं दे सकते तो Trial के ऐसे परिणामों को समान संभावित (Equally likely) कहते हैं।

उदाहरण : 1. एक निष्पक्ष सिक्के को उछालने पर चित या पट प्राप्त करना समान संभावित घटनाएं हैं।

2. एक पांसे फेंकने के प्रयोग में सभी छः तलों के समान रूप से उपरी तल पर आने में संभावित हैं।

3. एक अच्छी तरह से फेंटी हुई 52 पत्तों वाली ताश की गड्डी से एक पत्ता निकालने के लिए 52 पत्ते समान रूप से संभावित है।

3.4.3 पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं–

यदि किसी एक घटना के घटित होने पर बाकी सारी घटनाएं नहीं घटित होंगी तो ऐसी घटनाओं को परस्पर अनन्य घटनाएं कहते हैं। अर्थात् एक ही Trial में दो या दो से अधिक घटनाएं एक साथ घटित नहीं हो सकती।

उदाहरण : 1. एक पांसे फेंकने में 1 से 6 तक अंकित सभी 6 तल परस्पर अनन्य घटनाएं है। अर्थात् यदि कोई भी एक तल उपर आता है तो बाकी सारे तल उस Trial में उपर नहीं आ सकते।

2. दो सिक्कों को एक साथ उछालने पर दोनों सिक्कों पर Tail आने की घटना तथा कम से कम एक Head आने की घटना परस्पर अनन्य घटनाएं हैं।

गणितीय भाषा में यदि घटनाओं का Intersection प्रतिछेदन Null set है (अर्थात् खाली) तो ऐसी घटनाओं को परस्पर अनन्य घटनाएं कहते हैं।

3.4.4 सर्वांगपूर्ण घटनाएं–

यदि सारे पासे ऐसी घटनाओं का संग्रह है जिनकी विशेषता यह है कि घटनाओं के संग्रह में से ही कोई घटना घटित होगी तो ऐसी घटनाओं के संग्रह को संपूर्ण घटनाएं कहते हैं।

उदाहरण के लिए जब एक पांसे को फेंकते हैं तो सम संख्या आने की घटना तथा विषय संख्या आने की घटना संपूर्ण घटनाएं हैं। या जब दो सिक्कों को उछालते हैं तो कम से कम एक Head आने की घटना तथा कम से कम एक Tail आने की घटना को संपूर्ण घटना कहते हैं।

गणितीय भाषा में घटनाओं के संग्रह को संपूर्ण घटना कहेंगे यदि सभी घटनाओं का Union (U set Theory) संग्रहण संपूर्ण प्रतिदर्श समष्टि हो।

3.4.5 स्वतंत्र तथा निर्भर आश्रित घटनाएं

एक घटनाओं के सेट को स्वतंत्र घटना कहेंगे यदि किसी एक के घटित होन पर बाकी घटनाओं पर कोई प्रभाव/असर नही होगा। जबकि दूसरी तरफ, यदि एक घटना के घटित होने पर दूसरी घटनाओं के घटित होने पर प्रभाव पड़ता है तो ऐसी घटनाओं को निर्भर/ परतंत्र घटनाएं कहते हैं।

उदाहरण : 1. एक सिक्के को उछालने पर पहले टॉस पर Head आने की घटना दूसरे, तीसरे और आगे आने वाली टॉसों में Head आने की घटना से स्वतंत्र है।
2. यदि एक अच्छी तरह से फेंटे हुए ताश की गड्डी से एक पत्ता निकालें और दूसरा पत्ता निकालने से पहले उसे वापस गड्डी में रख दें तो दूसरे पत्ता निकालने का परिणाम पहले बार पत्ता निकालने पर आए परिणाम से स्वतंत्र है। परन्तु यदि पहली बार में निकाले गये पत्ते को वापस गड्डी में न रखें तो दूसरी बार में निकाला गया पत्ता पहले बार में निकाले पत्ते पर निर्भर करेगा। (क्योंकि पहली बार में निकला पत्ता दूसरी बार नहीं निकल सकता)।

3.5 घटनाएं तथा उनकी प्रायिकता

पिछले भाग में हमने सीखा कि कैसे पता करें कोई क्रिया यादृच्छिक प्रयोग है या नहीं। प्रायिकता का अध्ययन यादृच्छिक प्रयोग दर्शाता है। अतः अंक से आगे यादृच्छिक प्रयोग की जगह सिर्फ प्रयोग शब्द का इस्तेमाल करेंगे। इसके पहले भाग में हमने विभिनन प्रकार के घटनाओं जैसे समान रूप से संभावित, परस्पर अनन्य, संपूर्ण, स्वतंत्र तथा निर्भर घटनाएं को उदाहरण सहित परिभाषित किया।

जब हम कोई प्रयोग करते हैं तो हम यह जानने के इच्छुक होते हैं कि कोई निर्धारित घटना घटित होने की क्या संभावना है। आइए कुछ उदाहरण की सहायता से समझते हैं।

एक निष्पक्ष सिक्का उछालने पर Head आने की क्या संभावना है। यहाँ पर दो Head व Tail नाम की समान संभावित परिणाम है। रोजमर्रा की जिन्दगी में हम कहते हैं कि एक सिक्के पर Head आने की संभावना 2 में से 1 है। तकनीकी भाषा में हम कहते हैं Head आने की प्रायिकता 1/2 है।

इसी प्रकार, एक पांसे फेंकने के प्रयोग में 6 समान रूप से संभावित परिणाम है जो 1,2,3,4,5 और 6 है। जिस तल पर 1 अंकित है उसके उपरी तल पर आने की संभावना 6 में से 1 है। अतः 1 आने की प्रायिकता 1/6 है।

उपरी प्रयोग में, माना कि जब पांसा फेंकते है तो उपरी तल पर सम संख्या की प्रायिकता जानने में इच्छुक है। अतः 2, 4 और 6 आने पर सम आने की घटना की संभावना 6 में से 3 है। इसलिए सम संख्या आने की प्रायिकता 3/6 या 1/2 है।

संपूर्णतया, यदि एक प्रयोग जिसमें 'n' संपूर्ण, परस्पर अनन्य, समान रूप से संभावी परिणाम हों तथा उसमें से 'm' परिणाम घटना के घटित होने के पक्ष में हो तो घटना A के घटित होने की प्रायिकता p, को ऐसे ज्ञात कर सकते हैं।

p = अनुकूल परिणाम की संख्या/संभावित परिणामों की कुल संख्या

या

$$p = m/n \qquad \text{----------} \ (i)$$

चूंकि, घटना A के घटिन न होने के अनुकूल परिणामों की संख्या n-m है, अतः A के घटित न होने की प्रायिकता q, को निम्न तरह से ज्ञात कर सकते हैं,

$$q + \frac{n-m}{n} = 1 - \frac{\mathrm{m}}{n}$$

= 1- p ((i) देखें p + q = 1)

नोट : p तथा q गैर नकारात्मक है तथा 1 से अधिक नहीं हो सकते।

i.e. = 0≤ p≤ 1; 0≤ q≤ 1

अतः किसी भी घटना के घटित होने की प्रायिकता 0 तथा 1 के बीच होती है। (0 तथा 1 को समावेशित किए हुए)।

नोट : 1. किसी घटना के घटित होने की प्रायिकता p को सफलता की प्रायिकता कहते हैं तथा घटना के न घटित होने की प्रायिकता q को असफलता की प्रायिकता कहते हैं।

2. असंभव घटना (impossible event) के घटित होने की प्रायिकता 'O' (Zero) हैं तथा निश्चित घटना (sure event) के घटित होने की प्रायिकता '1' (One) है। यदि P(A) = 1, तो घटना A निश्चित रूप से घटित होगी। और यदि P(A) = 0, तो घटना निश्चित रूप से घटित नहीं होगी अर्थात् घटना असंभव है।

3. किसी घटना के कुल अनुकूल परिणामों की संख्या (m) कुल संभावित परिणामों की संख्या (n) से अधिक नहीं हो सकती।

उदाहरण 3.7 : एक पांसे को एक बार फेंकने पर 5 आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : एक पांसा 6 प्रकार से गिर सकता है जिसमें से केवल एवं घटना (5 आने) के घटित होने के अनुकूल है।

∴ P(5) = 1/6

उदाहरण 3.8 : एक सिक्के को एक बार उछालने पर Head आने की प्रायिकता क्या है?

हल : सिक्का गिरने पर या तो Head (H) या Tail (T) उपर आयेगा। अतः कुल संभावित परिणाम दो है तथा उनमें से 1 घटना के अनुकूल है।

अतः P (H) = 1/2

उदाहरण 3.9 : एक पांसे को एक बार फेंकने पर अभाज्य संख्या आने की प्रायिकता क्या है?

हल : एक पांसा फेंकने पर 6 संभावित परिणाम हो सकते हैं। जिनमें से 2,3 तथा 5 घटना के अनुकूल है।

अतः P (अभाज्य संख्या) = 3/6 = 1/2

उदाहरण 3.10 : एक पांसे को एक बार फेंकने पर 7 आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। 7 से कम अंक आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : एक पांसा फेंकने पर 6 संभावित परिणाम हैं 1,2,3,4,5 तथा 6। और उनमें से किसी भी तल पर 7 अंकित नहीं है।

∴ P(7) = 0 /6 = 0

चँकि सभी तलों पर अंकित अंक 7 से कम है।

अतः P (≤7) = 6/6 = 1

उदाहरण 3.11 : एक साथ 2 सिक्के उछालने पर

1. दो Head आने की 2. केवल एक Head आने की प्रायिकता ज्ञात करें।

हल : यहां संभावित परिणाम हैं HH, HT, TH, TT ।

अतः कुल संभावित परिणाम की संख्या = 4

1. दो Head आने की अनुकूल परिणामों की संख्या = 1

(i.e. HH)

∴ P(HH) = 1/4

2. केवल एक Head आने की घटना के दो अनुकूल परिणाम हैं (HT तथा TH)

अतः P (1 Head) = 2/4 = 1/2

उदाहरण 3.12 : एक साथ दो पांसें फेंकने पर योग 9 आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : कुल संभावित परिणाम की संख्या 6 × 6 = 36 है। जो निम्न तरह से लिख सकते हैं।

1,1	1,2	1,3	1,4	1,5	1,6
2,1	2,2	2,3	2,4	2,5	2,6
3,1	3,2	3,3	3,4	3,5	3,6
4,1	4,2	4,3	4,4	4,5	4,6
5,1	5,2	5,3	5,4	5,5	5,6
6,1	6,2	6,3	6,4	6,5	6,6

योग 9 निम्न तरह से ज्ञात कर सकते हैं।

3 + 6 = 9

4 + 5 = 9

5 + 4 = 9

6 + 3 = 9

अतः (3,6), (4,5), (5,4), (6,3) घटना के अनुकूल परिणाम है और अनुकूल परिणामों की संख्या 4 है।

अतः P (योग 9) = 4/36 या 1/9

उदाहरण 3.13 : एक बैग जिसमें 10 लाल, 4 नीली तथा 6 काली गेंदे हैं एक गेंद (अकस्मात् यादृच्छिक) निकालो। 1. एक काली 2. एक नीली 3. काली गेंद न निकालने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : कुल गेंदों की संख्या 20 (10+4+6 = 20) है। अतः कुल संभावित परिणामों की संख्या 20। (यादृच्छिक गेंदे निकालने से सभी समान रूप से संभावित परिणाम है।)

1. लाल गेंदों की संख्या 10

∴ P (लाल गेंद) = 10/20 = 1/2

2. नीली गेंदों की संख्या = 4

$\therefore$ P (नीली गेंद) = 4/20 = 1/5

3. काली गेंद के अलावा गेंदों की संख्या = 10 + 4 = 14

$\therefore$ P (न काली गेंद) = 14/20 = 7/10

उदाहरण 3.14 : एक अच्छी तरह से फेंटी हुई ताश की गड्डी के 52 पत्तों में से एक पत्ता यादृच्छिक तरह से निकालिए। यदि रानी आने की घटना है तथा 4 से अधिक तथा 10 से कम वाला पत्ता आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : अच्छी तरह से फेंटे हुई ताश की गड्डी होने के कारण हर पत्ता समान रूप से संभावी है।

अतः कुल संभावी परिणामों की संख्या 52 है।

1. एक गड्डी में 4 रानी होती है।

अतः P (A) = 4/52 = 1/13

2. 4 से अधिकत था 10 से कम वाले पत्ते हैं 5,6,7,8 तथा 9। चूंकि हर कार्ड 4 तरह ईंट, पान, चिड़ी तथा हुकुम में उपलब्ध है। अतः कुल अनुकूल परिणामों की संख्या = 5×4 = 20

$\therefore$ P (B) = 20/52

उदाहरण 3.15 : एक यादृच्छिक रूप से चुने हुए अधिवर्ष (leap year) में 53 रविवार होने की संभावना ज्ञात करें।

हलः एक अधिवर्ष में 366 दिन होते हैं जिस में 52 हफ्तें तथा 2 दिन होते हैं। ये दो अधिक दिन निम्न प्रकार से हो सकते हैं–

1. रविवार तथा सोमवार
2. सोमवार तथा मंगलवार
3. मंगलवार तथा बुधवार
4. बुधवार तथा बृहस्पतिवार
5. बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार
6. शुक्रवार तथा शनिवार
7. शनिवार तथा रविवार

अतः उपर लिखी 7 में से 2 परिणाम 1. तथा 7. घटना के अनुकूल है।

अतः P (53 रविवार) = 2/7

3.6 क्रमचय तथा संयोजन द्वारा प्रायिकता

पिछले भाग में हमने किसी घटना के कुल संभावित परिणाम तथा घटना के अनुकूल परिणामों की गणना करके घटना की प्रायिकता ज्ञात की। परन्तु यह तभी संभव है जब परिणामों की संख्या कम हो अन्यथा यह प्रक्रिया मुश्किल और इसमें बहुत समय लगेगा। साधारणतया आपको सभी परिणामों की सूची की आवश्यकता नहीं होती परन्तु कुल संभावित परिणामों की संख्या तथा अनुकूल परिणामों की संख्या

आवश्यकता होती है। बहुत सी परिस्थितियों में यह क्रमचय तथा संयोजन के ज्ञान की सहायता से ज्ञात किया जा सकता है। जो कि आप पहले ही पढ़ चुके हैं।

उदाहरण 3.16: एक बैग/थैले में 3 लाल, 6 सफेद तथा 7 नीली गेंद है। एक सफेद तथा एक नीली एक साथ गेंद निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें।

हल : कुल गेंद की संख्या = 3+6+7 = 16

16 गेंद में से 2 गेंद 7_{C2} तरह से निकाली जा सकती है।

अतः संपूर्ण घटनाओं की संख्या = $16_{C2} = \frac{16 \times 15}{2}$ = 120

6 सफेद गेंद में से 1 गेंद 6_{C1} तरह से तथा 7 नीली गेंदों से 1 गेंद 7_{C1} तरह से निकाली जा सकती है। चूंकि प्रत्येक का पहला मामला प्रत्येक के दूसरे मामले से जुड़ा हुआ है। इसलिए अनुकूल परिणामों की संख्या = $6_{C1} \times 7_{C1} = 6 \times 7 = 42$

प्रायिकता = 42/120 = 7/20

उदाहरण 3.17 : एक थैला जिसमें 5 लाल तथा 4 काली गेंदें हो, दो लाल गेंद निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें, जब

1. प्रतिस्थापन (पहली गेंद वापस थैले में रख दी जाए)
2. बिना प्रतिस्थापन

हल : 1. कुल गेंदों की संख्या दोनों बार निकालने पर 5+4 = 9 है।

अतः (Fundamental Principle of counting) गणना के मूलभूत सिद्धान्त से, कुल संभावित परिणाम की संख्या $9 \times 9 = 81$

इसी प्रकार, अनुकूल परिणामों की संख्या = $5 \times 5 = 25$

$\therefore$ प्रायिकता (दो लाल गेंद) = 25/81

2. कुल संभावित परिणामों की संख्या बराबर 9 में से 2 गेंद निकालने के तरीके

$$= 9C_2 = \frac{9 \times 8}{2} = 36$$

अनुकूल परिणामों की संख्या बराबर है 5 में से 2 लाल गेंद निकालने के तरीके

$$= 5C_2 = \frac{5 \times 4}{2} = 10$$

$\therefore$ P (दो लाल गेंद) = 10/36 = 5/18

उदाहरण 3.18 : 52 पत्तों वाली ताश की गड्डी से यादृच्छिक 6 पत्ते निकाले जाते हैं उनमें 3 लाख तथा 3 काले पत्तो होने की प्रायिकता बताइए।

हल : 52 पत्तों में से 6 पत्ते $5C_6$ तरह से निकाले जा सकते हैं।

$\therefore$ कुल संभावित परिणाम = $52C_6$

चूंकि ताश की गड्डी में 26 पत्ते लाल तथा 26 पत्ते काले होते हैं अतः

3 लाल पत्ते $26C_3$ तरह से तथा 3 काले पत्ते $26C_3$ तरह से निकाले जा सकते हैं।

$\therefore$ कुल अनुकूल परिणाम = $26C_3 \times 26C_3$

$\therefore$ वांछित प्रायिकता = $\frac{26C_3 \times 26C_3}{56C_6} = \frac{13000}{39151}$

उदाहरण 3.19: 3 आदमी, 2 औरत तथा 4 बच्चों के एक समूह से 4 लोगों को यादृच्छिक तरह से चुनते हैं उनमें से दो बच्चे होने की प्रायिकता 10/21 है सिद्ध करो।

हल : समूह में कुल लोगों की संख्या = 3+2+4 = 9

4 लोग चुने जाने पर यदि दो बच्चे हों तो बाकी 2 लोग, 3 आदमी तथा 2 औरत अर्थात् 5 लोग में से होंगे।

4 बच्चों में से 2 बच्चे $4C_2 = 6$ तरह से चुने जा सकते हैं।

बाकी दो लोग 5 में से $5C_2 = 10$ तरह से चुने जा सकते हैं।

9 में से 4 लोग $9C_4 = 126$ तरह से चुने जा सकते हैं।

$\therefore$ वांछित प्रायिकता = $\frac{4C_2 \times 5C_2}{9C4} = \frac{6 \times 10}{126} = \frac{10}{21}$

उदाहरण 3.20 : 52 पत्तों वाली ताश की गड्डी से 3 पत्ते निकाले जाते हैं। उनके राजा, रानी तथा गुलाम होने की प्रायिकता ज्ञात करें।

हल : 52 में से 3 पत्ते $5C_3$ तरह से चुने जा सकते हैं चूंकि सभी समान संभावी हैं।

अतः संपूर्ण संभावों की संख्या = $52C_3$

ताश की गड्डी में 4 राजा, 4 रानी तथा 4 गुलाम होते हैं। 1 राजा, 1 रानी तथा 1 गुलाम $4C_1$ तरह से निकाला जा सकता है। चूंकि ये सभी स्वतंत्र घटनाएं है अतः अनुकूल परिणामों की संख्या = $4C_1 \times 4C_1 \times 4C_1$

$\therefore$ वांछित प्रायिकता = $\frac{4C_1 \times 4C_1 \times 4C_1}{52C_3} = \frac{16}{5525}$

उदाहरण 3.21: 1 से 25 तक अंकित 25 टिकटों में से एक टिकट निकालो। निकाले टिकट के 5 के गुणक होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : 1 से 25 में 5 के गुणक हैं 5,10,15,20 तथा 25।

अर्थात् संभावित परिणाम की संख्या = 25

अनुकूल परिणाम की संख्या = 5

$\therefore$ वांछित प्रायिकता = $\frac{5}{25} = \frac{1}{5}$

3.7 सारांश

एक क्रिया जिसका परिणाम या निष्कर्ष आए प्रयोग कहते हैं। एक क्रिया जिसको एक समान परिस्थितियों में कई बार दोहराया जा सके तथा क्रिया का परिणाम अनुमान लगाने योग्य न हो तो ऐसी क्रिया को यादृच्छिक प्रयोग कहते हैं। यादृच्छिक प्रयोग के कुल संभावित परिणामों के समुच्चय को प्रतिदर्श समष्टि तथा समुच्चय के प्रत्येक तत्व को प्रतिदर्श समंकन बिंदु कहते हैं। प्रतिदर्श समष्टि के कुछ

परिणाम एक निर्धारित स्थिति को परिपूर्ण करते हैं जिसे घटना कहते हैं। जब एक घटना को किसी भी कारणवश दूसरी घटना पर वरीयता नहीं दे सकते तो ऐसी घटनाओं को समान संभावी घटना कहते हैं। यदि एक घटना के घटित होने पर दूसरे घटना न घटित हो तो ऐसी घटनाओं को परम्पर अनन्य घटनाएं कहते हैं एक Trial (एक के प्रयोग को एक बार करने की क्रिया) में कुल संभावित परिणामों को संपूर्ण घटना कहते हैं। यदि एक घटना के घटित होने से बाकी घटनाओं के घटित होने पर कोई प्रभाव न पड़े तो ऐसे घटनाओं के समूह को स्वतंत्र घटनाएं कहते हैं अन्यथा इन्हें परतंत्र/निर्भर घटनाएं कहेंगे।

3.8 शब्दावली

घटना : प्रतिदर्श समष्टि के कुछ परिणाम/निष्कर्ष एक निर्दिष्ट विवरण को पूरा करते हैं, जिन्हें हम घटना कहते हैं।

समान रूप से संभावित घटनाएंः यदि किसी भी कारणवश हम एक परिणाम पर दूसरे दूसरे परिणाम को वरीयता नहीं दे सकते ।

3.9 बोध प्रश्न

सत्य/असत्य

1. A तथा B परस्पर अनन्य है।
2. A तथा B परस्पर अनन्य तथ संपूर्ण है।
3. A तथा C परस्पर अनन्य हैं।
4. C तथा D परस्पर अनन्य तथा संपूर्ण है।

3.10 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य

3.11 स्वपरख प्रश्न

1. एक स्कूल से बिना किसी प्रभाव के एक विद्यार्थी चुनने की क्रिया एक यादृच्छिक प्रयोग है सिद्ध करो।
2. एक कैलकुलेटर से दो संख्या जोड़ना यादृच्छिक प्रयोग नहीं है। सिद्ध करो।
3. एक साथ 3 सिक्के उछालने का प्रतिदर्श समष्टि लिखो।
4. एक सिक्का तथा एक पासा एक साथ फेंकने पर प्रतिदर्श समष्टि लिखो।
5. दो पांसे एक साथ फेंकने पर दोनों पांसों पर उपरी तल पर 6 आए। क्या दोनों घटनाएं परस्पर अनन्य घटनाएं हैं या नहीं?
6. दो पांसे एक साथ फेंकिए। A, B, C तथा D घटनाएं हैंः
   अ. पहले पांसे पर सम संख्या आए
   ब. पहले पांसे पर विषम संख्या आए
   स. दोनों पांसों के उपरी तल पर आए अंकों को योग 7 से कम हो।
   द. दोनों पांसों के अंकों का योग 7 से ज्यादा हो
7. एक थैले में 6 लाल, 4 सफेद तथा 5 नील गेंद हैं इसमें से एक गेंद निकाली जाती है। इसके प्रतिदर्श समष्टि में कितने प्रतिदर्श बिन्दु हैं?

8. एक साथ दो पांसे फेंकने पर प्रतिदर्श समष्टि तथा प्रतिदर्श बिन्दु लिखो।
9. माना कि सिर्फ 2 बच्चों वाले सभी परिवारों को आप चुनते हैं लोगों से उनके पहले तथा दूसरे बच्चे का लिंग पूछने से प्रयोग होता है। इसका प्रतिदर्श समष्टि लिखो।
10. एक पांसे को एक बार फेंकने पर 3 आने की प्रायिकता ज्ञात करो।
11. एक सिक्के को एक बार उछालने पर Tail (पट्ट) आने की प्रायिकता ज्ञात करो।
12. एक पांसा फेंकने पर 3 से अधिक अंक आने की प्रायिकता बताओ।
13. एक साथ दो सिक्के उछालने पर कम से कम एक Tail आने की प्रायिकता बताओ।
14. एक थैला जिसमें 15 लाल तथा 10 नीली गेंदे हो एक गेंद निकाली जाती है। प्रायिकता बताइए निकलने वाली गेंद 1. लाल 2. नीली हो।
15. दो पांसे फेंकने पर योग 1. 6 2. 8 3. 10 4. 12 आने की प्रायिकता बताओ।
16. दो पांसे फेंकने पर उपरी तल पर आए अंको का योग 3 या 4 से विभक्त होने की प्रायिकता बताओ।
17. दो पांसे फेंकने पर दोनों के उपरी तल पर आने वाले अंकों का योग 10 से अधिक होने की प्रायिकता बताओ।
18. 52 पत्तों वाली ताश की गड्डी से एक पत्ता निकालने पर उसके लाल होने की प्रायिकता बताओ।
19. 52 पत्तों वाली ताश की गड्डी से एक कार्ड निकालने पर उसके 1. हुकुम 2. राजा 3. हुकुम का राजा होने की प्रायिकता बताओ।
20. एक साथ दो पांसें फेंकने पर प्रायिकता ज्ञात करो जब
    1. योग एक अभाज्य संख्या हो।
    2. दोनों पांसों पर एक ही अंक आए।
    3. एक पांसे पर 2 का गुणक तथा दूसरे पर 3 का गुणक आए।
21. तीन सिक्कों को एक साथ उछालो। निम्नलिखित घटनाओं का प्रायिकता ज्ञात करो।
    1. एक भी Head न आए
    2. कम से कम एक Head आए
    3. सभी Head आए।
22. एक थैले में 3 लाल, 6 सफेद तथा 7 नीली गेंदे हैं। दो गेंद निकालने पर दोनों सफेद गेंद आने की प्रायिकता बताओ।
23. एक थैले में 5 लाल तथा 8 नीली गेंद हैं। दो गेंद निकालने पर नीली और लाल आने की प्रायिकता बताओ।
24. एक थैले में 20 सफेद तथा 30 काली गेंद है। दो गेंद निकालने पर सफेद गेंद होने की प्रायिकता ज्ञात करो जब
    1. प्रतिस्थापन 2. बिना प्रतिस्थापन

25. एक ताश की गड्डी से 3 पत्ते निकलने पर तीनों के गुलाम होने की प्रायिकता ज्ञात करो।
26. एक 52 पत्तों वाली ताश की गड्डी से दो पत्ते निकालने पर सिद्ध कीजिए 2 इक्के निकालने की प्रायिकता 1/221
27. एक स्कूल के 10 उत्कृष्ट बच्चों के एक समूह में 6 लड़के तथा 4 लड़कियाँ हैं। वाद–विवाद प्रतियोगिता के लिए इन में से 3 बच्चे चुनना हैं प्रायिकता ज्ञात करें जब
    1. एक लड़का दो लड़की
    2. सभी लड़के
    3. सभी लड़कियाँ हों।
28. 1 से 21 तक अंकित 21 टिकटों में से 3 टिकट निकालने पर उनके अंक A P (Arithmatic progression) में होने की प्रायिकता बताओ।
29. 1 से 8 तक अंकित कार्डों में से 2 कार्ड निकालो। दोनों कार्डों के अंकों का योग विषम संख्या होने की प्रायिकता बताओ।
30. 6 लड़कों तथा 8 लड़कियों के समूह में से 5 खिलाड़ियों को चुनना है। 2 लड़के तथा 3 लड़कियों के चयनित होने की प्रायिकता बताओ।
31. प्रथम 200 धनात्मक पूर्णांक में से एक पूर्णांक चुनने पर उसके 6 या 8 से विभक्त होने की प्रायिकता बताओ।

स्वपरख प्रश्नों के उत्तर

1. दोनों विशेषताएं हैं।
2. परिणाम अनुमान लगाने योग्य है।
3. S : {HHH, HHT, HTH, HTT, THH, THT, TTH, TTT}
4. H1, H2, H3, H4, H5, H6, T1, T2, T3, T4, T5, T6
5. नहीं
6. 15
7.

1,1	1,2	1,3	1,4	1,5	1,6
2,1	2,2	2,3	2,4	2,5	2,6
3,1	3,2	3,3	3,4	3,5	3,6
4,1	4,2	4,3	4,4	4,5	4,6
5,1	5,2	5,3	5,4	5,5	5,6
6,1	6,2	6,3	6,4	6,5	6,6

8. {MM, MF, FM, FF}
9. 1/6
10. 1/2
11. 1/2
12. 3/4
13. (i) 3/5 (ii) 2/5

14. (i) 3/5 (ii) 5/36 (iii) 1/12 (iv) 1/36
15. 5/9
16. 1/12
17. 1/2
18. (i) 1/4 (ii) 1/13 (iii) 1/52
19. (i) 5/12 (ii) 1/6 (iii) 11/36
20. (i) 1/8 (ii) 7/8 (iii) 1/8
21. 1/8
22. 20/39
23. (a) 4/25 (b) 38/245
24. 1/5525
25. सिद्ध
26. (i) 3/10 (ii) 1/6 (iii) 1/30
27. 10/133
28. 4/7
29. 60/143
30. 1/4

3.12 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Roy Ramendu, *'Principles of Statistics'* Prayag Pustak Bhawan, Allahabad.
2. Gupta S. P. & Gupta M. P., *'Business Statistics'* Sultan Chand & Sons, New Delhi.
3. Shukla S. M. & Sahai S. P., '*Advanced Statistics*' Sahitya Bhawan Publications, Agra.
4. Goon, Gupta and Dasgupta, 'Basic Statistics' World Press Limited – Calcutta.
5. Fundamentals of Business Statistics – Sanchethi and Kappor.
6. Srivastava, Shenoy and Guptha, 'Quantitative Methods in Management'.

इकाई 4 प्रायिकता सिद्धान्त/प्रमेय

इकाई की रूपरेखा

4.1 प्रस्तावना
4.2 योग प्रमेय
4.2.1 पारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए योग प्रमेय
4.2.2 अपारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए योग प्रमेय
4.3 गुणन प्रमेय
4.3.1 स्वतंत्र घटनाओं के लिए गुणन प्रमेय
4.3.2 आश्रित घटनाओं के लिए गुणन प्रमेय
4.4 योग तथा गुणन प्रमेय का संयुक्त प्रयोग
4.5 बर्नाली प्रमेय का प्रायिकता सिद्धान्त का उपयोग
4.6 बेज प्रमेय
4.7 सारांश
4.8 शब्दावली
4.9 बोध प्रश्न
4.10 बोध प्रश्नों के उत्तर
4.11 स्वपरख प्रश्न
4.12 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- प्रायिकता के योग प्रमेय की व्याख्या कर सकें।
- प्रायिकता के गुणन प्रमेय की व्याख्या कर सकें।
- प्रायिकता में बर्नाली प्रमेय के उपयोग का वर्णन कर सकें।
- बेज प्रमेय की सहायता से प्रश्नों का हल कर सकें।

4.1 प्रस्तावना

इसके पहले का अध्याय के अध्ययन के उपरान्त आप प्रायिकता के विभिन्न पहलू तथा शब्दावली को समझने योग्य हो गये होंगे। आज बारिश हो सकती है। तथा वह आज पहुँच सकता है। इन दोनों वाक्यों में घटित होना निश्चित नहीं है। दूसरे शब्दों में इन दोनों ही वाक्यों में अनिश्चितता का भाव/अंश है। अनिश्चितता का गणितीय मापन प्रायिकता सिद्धान्त द्वारा दिया गया है। प्रायिकता सिद्धान्त का उद्देश्य अनिश्चितता मापन के तरीके प्रदान करना है। प्रायिकता सिद्धान्त की उत्पत्ति अनिश्चितता के अध्ययन जैसे पत्तों का खेल, सिक्कों को उछालना, पांसा फेंकना इत्यादि से हुई है। परन्तु आज के समय में निर्णय लेने की समस्याओं (decision making problems) के समाधान में इसका विशेष महत्व है।

4.2 योग प्रमेय

प्रायिकता के योग प्रमेय को आप निम्न तरह/तरीके से समझ सकते हैं।

4.2.1 पारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए योग प्रमेय

योग प्रमेय कहता है कि यदि A तथा B दो पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं है तो A या B के घटित होने की प्रायिकता सिर्फ A तथा B के घटित होने की प्रायिकता का योग के बराबर होगा।

सांकेतिक भाषा में,

P (A या B) = P(A) + P(B)

या

P (A+B) = P(A) + P(B)

साधारणीकरण–

इस प्रमेय को तीन या उससे अधिक पारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए बढ़ाया जा सकता है। यदि A, B तथा C तीन पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हैं तो

P (A+B+C) = P(A) + P(B) + P(C)

उदाहरण 4.1: 52 पत्तों में से 1 पत्ता निकालने पर उसके राजा अथवा रानी होनी की प्रायिकता बताइए।

हल : 52 पत्तों में 4 राजा तथा 4 रानी होते हैं। 1 पत्ता निकालने पर उसके राजा होने की प्रायिकता P(K) = 4/52

तथा

निकाले पत्ते के रानी होने की प्रायिकता P(Q) = 4/52

चूंकि दोनों घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं अतः निकाले पत्ते के राजा या रानी होने की प्रायिकता

P(K या Q) = P(K) + P(Q)

$$= \frac{4}{52} + \frac{4}{52} = \frac{8}{52} = \frac{2}{13}$$

उदाहरण 4.2 : एक निवेश सलाहकार भविष्यवाणी करता है कि

हलः माना कि A स्टॉक दाम के बढ़ने की घटना है तथा B स्टॉक स्थिर रहने की घटना है। तो

P(A) = 1/3 and P(B) = 1/4

P (स्टॉक दाम बढ़ने या स्थिर रहने) = $P(A \cup B)$

$$= P(A) + P(B) = \frac{1}{3} + \frac{1}{4} = \frac{7}{12}$$

P (स्टॉक दाम घटेगा) = $1 - P(A \cup B)$

$$= 1 - \frac{7}{12} = \frac{5}{12}$$

उदाहरण 4.3 : 3 घटनाओं A, B तथा C में से केवल एक घटना घटित हो सकती है।

हल : घटना A के घटित होने की प्रायिकता, P(A) = 3/5

घटना B के घटित होने की प्रायिकता, P(B) = 3/7

चूंकि A, B तथा C पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हैं।

P(A या B या C) = P(A)+P(B)+P(C) = 1

$$1=\left(\frac{2}{5}\right)+\frac{3}{7}+P(C)$$

$$=1-\left(\frac{2}{5}+\frac{3}{7}\right)=P(C)=\frac{6}{35}$$

उदाहरण 4.4 : एक ताश की गड्डी से एक पत्ता निकाला जाता है। निकाले गये पत्ते के ईंट का इक्का या चिड़ी होने की प्रायिकता बताओ।

हल : चिड़ी का पत्ता निकालने की प्रायिकता

P(A) = 13/52

ईंट का इक्का निकालने की प्रायिकता P(B) = 1/52

चूंकि A तथा B पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हैं अतः

P(A या B) = P(A) + P(B)

$$=\frac{13}{52}+\frac{1}{52}=\frac{14}{52}$$

$$=\frac{7}{26}$$

उदाहरण 4.5: एक साथ 2 पांसे फेंकने पर योग 7 या 9 आने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हलः 2 पांसे फेंकने पर 6×6= 36 संभावित परिणाम हो सकते हैं जो निम्नलिखित हैं।

1,1	1,2	1,3	1,4	1,5	1,6
2,1	2,2	2,3	2,4	2,5	2,6
3,1	3,2	3,3	3,4	3,5	3,6
4,1	4,2	4,3	4,4	4,5	4,6
5,1	5,2	5,3	5,4	5,5	5,6
6,1	6,2	6,3	6,4	6,5	6,6

योग 7 निम्न 6 तरह से प्राप्त किया जा सकता है।

(6,1) (5,2) (4,3) (3,4) (2,5) (1,6)

योग 9 निम्न 4 तरह से प्राप्त किया जा सकता है।

(6,3) (5,4) (4,5) (3,6)

योग 7 ज्ञात करने की प्रायिकता P(A) = 6/36 = 1/6

योग 9 ज्ञात करने की प्रायिकता, P(B) = 4/36 = 1/9

चूंकि दोनों घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं, अतः योग 7 या 9 प्राप्त करने की प्रायिकता–

P(A या B) = P(A) + P(B)

$$=\frac{6}{36}+\frac{4}{36}=\frac{10}{36}$$

$$=\frac{5}{18}$$

उदाहरण 4.6 : एक थैले में 4 लाल, 5 काली, 3 पीली और 11 हरी गेंदे हैं। एक गेंद प्रायिकता ज्ञात करो कि निकाली गई गेंद

1. लाल, काली या पीली हो।
2. लाल, काली, पीली या हरी हो।

हल : कुल गेंदों की संख्या = 4R+5B +3Y+11G = 23

लाल गेंद आने की प्रायिकता, P(A) = 4/23

काली गेंद आने की प्रायिकता, P(B) = 5/23

पीली गेंद आने की प्रायिकता, P(C) = 3/23

हरी गेंद आने की प्रायिकता, P(D) = 11/23

चूंकि घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं अतः

1. लाल, काली या पीली गेंद आने की प्रायिकता

P(A या B या C) = P(A) + P(B) +P(C)

$$= \frac{4}{23} + \frac{5}{23} + \frac{3}{23} = \frac{12}{23}$$

2. लाल, काली, पीली या हरी गेंद आने की प्रायिकता

P(A या B या C या D) = P(A) + P(B) +P(C)+ P(D)

$$= \frac{4}{23} + \frac{5}{23} + \frac{3}{23} + \frac{11}{23}$$

$$= \frac{23}{23} = 1$$

उदाहरण 4.7 : यदि एक जोड़े पांसे फेंके जाए तो प्रायिकता ज्ञात करें

1. योग न तो 7 है न 11
2. न तो दोनों पांसे पर एक ही संख्या आए और न ही योग 9 आए।

हल : यहाँ पर 36 संभावित परिणाम हैं जो निम्न हैं।

1. योग 7 निम्न 6 तरह से आ सकता है–

(6,1) (5,2) (4,3) (3,4) (2,5) (1,6)

योग 11 निम्न 2 तरह से प्राप्त कर सकते हैं–

(6,5) (5,6)

योग 7 प्राप्त करने की प्रायिकता, P(A) 6/36

योग 11 प्राप्त करने की प्रायिकता, P(B) = 2/36

चूंकि A तथा B पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हैं, अतः योग 7 या 11 आने की प्रायिकता

P(A या B) = P(A) + P(B)

$$= \frac{6}{36} + \frac{2}{36} = \frac{8}{36} = \frac{2}{9}$$

योग न तो 7 और न ही 11 होने की प्रायिकता

= 1- P(A या B)

$$= 1 - \frac{2}{9} = \frac{7}{9}$$

2. दोनों ही पांसो में एक समान अंक निम्न 6 तरह से आ सकता है

(1,1) (2,2) (3,3) (4,4) (5,5) (6,6)

योग 9 निम्न 4 तरह से आ सकता हैः

(6,3) (5,4) (4,5) (3,6)

दोनों पासों में एक समान अंक आने की प्रायिकता, P(A) = 6/36

योग 9 आने की प्रायिकता, P(B) = 4/36

चूंकि घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं, अतः जोड़ा आने या योग 9 आने की प्रायिकता

P(A या B) = P(A) + P(B)

$$= \frac{6}{36} + \frac{4}{36} = \frac{10}{36} = \frac{5}{18}$$

अतः न तो जोड़ा आए न ही योग 9 आने की प्रायिकता

= 1- P(A या B)

$$= 1 - \frac{5}{18} = \frac{13}{18}$$

उदाहरण 4.8ः एक थैले में 11 लाल और 14 सफेद गेंदें हैं। दो गेंद निकालने पर उनके एक ही रंग के होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हलः 25 में से 2 गेंद निकालने के कुल तरीके = $25C_2$

11 लाल गेंदों से 2 लाल गेंद निकालने के कुल तरीके = $11C_2$

14 सफेद गेंदों में से 2 सफेद गेंद निकालने के कुल तरीके = $14C_2$

यहाँ पर दो दशाएँ हैं

1. दोनों गेंद लाल हों

दोनों गेंद लाल आने की प्रायिकता = $11C_2/25C_2$

2. दोनों गेंद सफेद हों

दोनों गेंद सफेद आने की प्रायिकता = $14C_2/25C_2$

चूंकि दशाएं 1. और 2. पारस्परिक अपवर्जी हैं अतः

P (दोनों गेंद एक रंग की हो) = P(2R or 2W)

= P(2R) + P(2W)

$$= \frac{11C_2}{25C_2} + \frac{14C_2}{25C_2}$$

$$= \frac{11}{60} + \frac{91}{300} = \frac{55+91}{300} = \frac{146}{300}$$

$$= \frac{73}{150}$$

उदाहरण 4.9 : A और B पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हैं। P(A) = 0.3 तथा P(B) = p और P(A+B) = 0.5 p का मान ज्ञात करो।

हल : चूंकि A तथा B पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हैं तो

P(A+B) = P(A) + P(B)

$0.5 = 0.3 + p$

$\Rightarrow \quad p = 0.5 - 0.3 = 0.2$

4.2.2 अपारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए योग प्रमेय–

जब घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी न हों तो उपर वर्णित योग प्रमेय उपयुक्त नहीं होगा। उदाहरण के लिए एक हुकुम का पत्ता निकालने की प्रायिकता 13/52 है तथा एक राजा निकालने की प्रायिकता 4/52 है, चूंकि ये घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं नहीं है अतः एक हुकुम का पत्ता या राजा वाला पत्ता निकालने की प्रायिकता दोनों घटनाओं की एकाकी प्रायिकता जोड़कर नहीं निकाल सकते क्योंकि पत्ता राजा भी हो सकता है और हुकुम भी हो सकता है।

जब घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी न हो तो योग प्रमेय में संशोधन करना आवश्यक है।

संशोधित योग प्रमेय कहता है कि यदि A तथा B पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं न हों तो A या B या दोनों के घटित होने की प्रायिकता A के घटित होने की प्रायिकता तथा B के घटित होने की प्रायिकता ऋण का योग और A तथा B के एक साथ घटित होने की प्रायिकता को घटाकर बराबर होगा।

सांकेतिक भाषा में,

P (A या B या दोनों) = P(A) + P(B) - P(AB)

इस फार्मूले में हम P(A और B)= P(AB) को घटाते हैं अर्थात् P(A)+P(B) के घटित होने पर जिन घटनाओं की प्रायिकता को दो बार गिना गया है। अतः प्रमेय को इस प्रकार संशोधित किया गया है कि A तथा B को पारस्परिक अपवर्जी प्रस्तुत किया जा सके।

निम्नलिखित चित्र से इसे दर्शाया/समझाया जा सकता है।

साधारणीकरण (Generalization)

इस प्रमेय को तीन या अधिक घटनाओं के लिए विस्तृत/बढ़ाया जा सकता है। अतः

P(A या B या C) = P(A)+P(B)+P(C) - P(AB) - P(AC) - P(BC) + P(ABC)

निम्नलिखित उदाहरण संशोधित योग प्रमेय के उपयोग को स्पष्ट करते हैं।

उदाहरण 4.10 : एक अच्छी तरह फेंटी हुई ताश की गड्डी से एक पत्ता निकालिए। पत्ते के राजा या हुकुम होने की प्रायिकता क्या है?

हल : एक हुकुम का पत्ता निकालने की प्रायिकता, P(A) = 13/52

राजा वाला पत्ता निकालने के प्रायिकता, P(B) = 4/52

चूंकि राजा के पत्तों में से एक हुकुम का पत्ता हो सकता है अतः घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी नहीं है।

हुकुम के राजा निकालने की प्रायिकता, P(AB)= 1/52

अतः हुकुम या राजा निकालने की प्रायिकता

P(A या B या दोनों) = P(A)+P(B) - P(AB)

$$= \frac{13}{52} + \frac{4}{52} - \frac{1}{52}$$
$$= \frac{16}{52} = \frac{4}{13}$$

उदाहरण 4.11 : एक थैले में 1 से 30 तक अंकित 30 गेंदें हैं। एक गेंद दैव दर्शन से निकाला जाता है। निकाली गई गेंद पर अंकित नंबर 5 या 6 का गुणक होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : गेंद के 5 के गुणक होने की प्रायिकता

(5,10,15,20,25,30) ' P(A) = 6/30

गेंद के 6 के गुणक होने की प्रायिकता

(6, 12, 18, 24, 30) ' P(B) = 5/30

चूंकि 30, 5 तथा 6 दोनों का गुणक है अतः घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी नहीं है।

P(A तथा B) = 1/30

अतः गेंद के 5 या 6 के गुणक होने की प्रायिकता

P (A या B) = P(A) + P(B) - P(A B)

$$\frac{6}{30} + \frac{5}{30} - \frac{1}{30} = \frac{10}{30} = \frac{1}{3}$$

उदाहरण 4.12: 1 से 150 तक की संख्याओं में से एक संख्या निकाली जाती है। उसके 3 या 5 से विभाजित होने की प्रायिकता बताओ।

हल : संख्या के 3 से विभाजित होने वाले की प्रायिकता

(3, 6, 9, ... 147, 150) ; P(A) = 50/150

संख्या के 5 से विभाजित होने की प्रायिकता

(5,10,15, ... 145, 150) ; P(B) = 30/150

चूंकि (15,30,45, ...135, 150) = 10 संख्याएं दोनों में हैं अतः घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी नहीं है।

P (A या B) = 10/150

3 या 5 से विभाजित होने की प्रायिकता

P (A या B) = P(A) + P(B) - P(A B)

$$= \frac{50}{150} + \frac{30}{150} - \frac{10}{150}$$
$$= \frac{70}{150} = \frac{7}{15}$$

उदाहरण 4.13 : एक पत्तों की गड्डी से दैव दर्शन द्वारा एक पत्ता निकाला जाता है। प्रायिकता बताओ 1. पत्ता राजा या रानी हो 2. पत्ता या तो राजा हो या काला पत्ता हो।

हल : 1. राजा पत्ता निकालने की प्रायिकता P(K) = 4/52

रानी पत्ता निकालने की प्रायिकता, P(Q) = 4/52

चूंकि दोनों घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं अतः पत्ते के राजा अथवा रानी होने की प्रायिकता

P(K या Q) = P(K) + P(Q)

2. राजा पत्ता निकालने की प्रायिकता, P(A) = 4/52

काला पत्ता निकालने की प्रायिकता, P(B) = 26/52

चूंकि काले राजा दोनों घटनाओं में Common है। अतः घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी नहीं है।

P (काला राजा) = 2/52

अतः पत्ते के राजा या काला पत्ता होने की प्रायिकता

P (राजा या काला पत्ता) P(राजा) + P(काला पत्ता) – P(काला राजा)

$$= \frac{4}{52} + \frac{26}{52} - \frac{2}{52}$$

$$= \frac{28}{52}$$

उदाहरण 4.14 : एक चार्टर्ड एकाउन्टेंट ने दो फर्मों X तथा Y में एक नौकरी के लिए आवेदन किया। उसने उसके फर्म X में चयनित होने की प्रायिकता 7/10 तथा Y फर्म में अस्वीकृत होने की प्रायिकता 5/10 अनुमान लगाया तथा उसके दोनों फर्मों में चयनित होने की प्रायिकता 4/10 है। उसके फर्म में चयनित होने की प्रायिकता बताओ।

हलः P(फर्म X में चयनित होना) = 7/10

P(फर्म Y में चयन) = P(फर्म Y में अस्वीकृत)

$$= 1 - \frac{5}{10} = \frac{5}{10}$$

P(X तथा Y में चयन) = 4/10

P(एक फर्म में चयन) = P(X) + P(Y) - P(XY)

$$= \frac{7}{10} + \frac{5}{10} - \frac{4}{10} = \frac{8}{10} = \frac{4}{5}$$

4.3 गुणन प्रमेय

अब आप प्रायिकता के गुणन प्रमेय का दो आयामों के अंतर्गत अध्ययन करेंगे।

4.3.1 स्वतंत्र घटनाओं के लिए गुणन प्रमेय–

गुणन प्रमेय कहता है यदि A तथा B दो स्वतंत्र घटनाएं हों तो A तथा B के एक साथ घटित होने की प्रायिकता उनकी एकाकी प्रायिकता के गुणन के बराबर होगी। सांकेतिक भाषा में,

$P(AB) = P(A) \times P(B)$

साधारणीकरण : इस प्रमेय को तीन या उससे अधिक घटनाओं के लिए विस्तारित किया जा सकता है। यदि A, B तथा C तीन स्वतंत्र घटनाएं हो, तो

$P(ABC) = P(A) \times P(B) \times P(C)$

उदाहरण 4.15: A एक सिक्के को 3 बार उछाला जाता है। 3 चित आने की प्रायिकता बताओ।

हलः पहले टॉस में चित आने की प्रायिकता P(A) = 1/2

दूसरे टॉस में चित आने की प्रायिकता, P(B) = 1/2
तीसरे टॉस में चित आने की प्रायिकता, P(C) = 1/2
चूंकि घटनाएं स्वतंत्र है अतः 3 चित आने की प्रायिकता,

$$P(ABC) = P(A) \times P(B) \times P(C)$$
$$= \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} = \frac{1}{8}$$

उदाहरण 4.16 : 52 पत्तों की गड्डी से दो पत्ते दैव निदर्शन द्वारा निकाले जाते हैं एक के बाद दूसरा जबकि पहला पुनः गड्डी में शामिल कर दिया जाता है। दोनों पत्तों के राजा होने की प्रायिकता बताओ।

हल : राजा पत्ता निकालने की प्रायिकता, P(A) = 4/52
रिप्लेसमेंट के उपरांत राजा पत्ता निकालने की प्रायिकता, P(B) = 4/52
चूंकि घटनाएं स्वतंत्र है अतः दो राजा निकालने की प्रायिकता,

$$P(AB) = P(A) \times P(B)$$
$$= \frac{4}{52} \times \frac{4}{52} = \frac{1}{169}$$

उदाहरण 4.17: एक थैले में 5 सफेद और 3 काली गेंदें हैं दैव निदर्शन से दो गेंदे एक के बाद एक प्रतिस्थापन के बाद निकाली जाती है। दोनों गेंदे काली होने की प्रायिकता बताओ।

हल : पहली बार में काली गेंद निकालने की प्रायिकता, P(A) = 3/8
दूसरी बार में काली गेंद निकालने की प्रायिकता, P(B) = 3/8
चूंकि दोनों घटनाएं स्वतंत्र हैं अतः दोनों गेंदों के काली होने की प्रायिकता,

P(2B) = P(प्रथम काली) × P(द्वितीय काली)

$$= \frac{3}{8} \times \frac{3}{8} = \frac{9}{64}$$

उदाहरण 4.18 : एक विद्युत उपकरण तीन घटकों A, B तथा C से मिलकर बना है। एक निर्धारित समय में घटक A के खराब होने की प्रायिकता 0.01 है, B तथा C के खराब होने की प्रायिकता क्रमशः 0.02 तथा 0.05 है। यह मानते हुए कि तीनों घटक स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, निश्चित अवधि में उपकरण के सफलतापूर्वक काम करने की प्रायिकता बताओ।

हल : माना कि खराब घटक क्रमशः तथा द्वारा दर्शाते हैं।

P(A) = 0.01, P(B) = 0.02, P(C)= 0.05

घटकों के खराब होने की प्रायिकता

P(A) = 1-P(A) = 1-0.01 = 0.99
P(B) = 1-P(B) = 1-0.02 = 0.98
P(C) = 1-P(C) = 1-0.05 = 0.9

उपकरण के सफलतापूर्वक काम करने की प्रायिकता

$$P(ABC) = P(A) \times P(B) \times P(C)$$
$$= 0.99 \times 0.98 \times 0.95$$
$$= 0.092162 = 0.092 \text{ (Approx.)}$$

4.3.1.1 n स्वतंत्र घटनाओं में से कम से कम एक घटना के घटित होने की प्रायिकता

यदि आपके पास n स्वतंत्र घटनाएं $A_1, A_2, A_3, \ldots\ldots A_n$ हो तथा उनके घटित होने की प्रायिकता क्रमशः $p_1, p_2, p_3, \ldots\ldots p_n$ हो, तो स्वतंत्र घटनाओं $A_1, A_2, A_3, \ldots\ldots A_n$ में से कम से कम एक घटना के घटित होने की प्रायिकता

P(कम से कम एक घटना घटित होना)

= 1 - P(किसी घटना का घटित न होना)

$= 1- [(1- p_1) \quad (1- p_2) \quad (1- p_3) \ldots\ldots\ldots\ldots (1- p_n)$

उदाहरण 4.19 : तीन विद्यार्थियों A, B तथा C को एक सांख्यिकी की समस्या/प्रश्न हल करने के लिए दी जाती है तथा उनको इसको हल कर लेने का संयोग 1/2, 1/3 तथा 1/4 है। समस्या हल कर लेने की प्रायिकता बताइये।

हल : A के समस्या हल कर लेने की प्रायिकता, P(A) = 1/2

B के समस्या हल कर लेने की प्रायिकता, P(B) = 1/3

C के समस्या हल कर लेने की प्रायिकता, P(C) = 1/4

A के समस्या हल न कर लेने की प्रायिकता, $P(\bar{A}) = 1- 1/2 = 1/2$

B के समस्या हल न कर लेने की प्रायिकता, P(B) = 1- 1/3 = 2/3

C के समस्या हल न कर लेने की प्रायिकता, $P(\bar{A}) = 1- 1/4 = 3/4$

चँकि सभी घटनाएं स्वतंत्र हैं, अतः

P(कोई भी समस्या हल नहीं कर पाया) = P(A) × P(B) × P(C)

= 1/2 × 1/3 × 1/4 = 1/4

P(समस्या हल हो जाए) = 1 - P(कोई समस्या हल न कर पाए)

= 1- 1/4 = 3/4

उदाहरण 4.20: एक अभ्यर्थी X ने 3 पदों के लिए साक्षात्कार दिया। प्रथम पद के लिए 3 अभ्यर्थी, द्वितीय के लिए 4 तथा तृतीय के लिए 2 अभ्यर्थी थे। X के चयनित होने की प्रायिकता बताओ।

हल : प्रथम पद के लिए चयनित होने की प्रायिकता, P(A) = 1/3

द्वितीय पद के लिए चयनित होने की प्रायिकता, P(B) = 1/4

तृतीय पद के लिए चयनित होने की प्रायिकता, P(C) = 1/2

प्रथम पद के लिए चयनित न होने की प्रायिकता, P(A) = 1 - 1/3= 2/3

द्वितीय पद के लिए चयनित न होने की प्रायिकता, P(B) = 1- 1/4= 3/4

तृतीय पद के लिए चयनित न होने की प्रायिकता, P(C) = 1- 1/2= 1/4

चँकि सभी घटनाएं स्वतंत्र है अतः X के चयनित न होने की प्रायिकता

के कम से कम एक पद पर चयनित होने की प्रायिकता

उदाहरण 4.21 : एक पांसे को 6 बार फेंकने पर कम से कम एक बार 6 आने की प्रायिकता बताओ।

हलः कम से कम एक बार 6 आने की प्रायिकता

= 1 – एक बार 6 न आने की प्रायिकता

पहले बार में 6 न आने की प्रायिकता = 5/6

दूसरी बार में 6 न आने की प्रायिकता = 5/6

तीसरी बार में 6 न आने की प्रायिकता = 5/6

चौथी बार में 6 न आने की प्रायिकता = 5/6

पांचवी बार में 6 न आने की प्रायिकता = 5/6

छठी बार में 6 न आने की प्रायिकता = 5/6

चँकि घटनाएं स्वतंत्र है, अतः किसी भी बार 6 के न आने की प्रायिकता

= P(Ī), P(Ī Ī), P(Ī Ī Ī), P(ĪV), P(V), P(V Ī)

= 5/6, 5/6, 5/6, 5/6, 5/6, 5/6

= $(5/6)^6$

अतः कम से कम एक बार 6 आने की प्रायिकता = 1- $(5/6)^6$

उदाहरण 4.22: x वर्षीय एक आदमी की किसी वर्ष में मृत्यु हो जाती है। x वर्षीय आदमियों $A_1, A_2, A_3, ...A_n$ में से x की मृत्यु सबसे पहले होने की प्रायिकता बताओ।

हल :

x वर्षीय एक आदमी के किसी वर्ष में मृत्यु होने की प्रायिकता = p

अतः x वर्षीय आदमी के किसी वर्ष में मृत्यु न होने की प्रायिकता = 1- p

n में से किसी भी आदमी की उस वर्ष में मृत्यु न होने की प्रायिकता,

p= (1-p), (1-p), (1-p)..... n

= $(1-p)^n$

उस वर्ष में कम से कम एक आदमी की मृत्यु होने की प्रायिकता,

= 1- P(किसी की मृत्यु न हो)

= [$(1- (1 - p)^n$]

n आदमियों में से A_1 की मृत्यु की प्रायिकता = 1/n

अतः वांछित प्रायिकता = 1/n [$(1- (1 - p)^n$]

उदाहरण 4.23 : A तथा B दो स्वतंत्र गवाह हैं A के सत्य बोलने की प्रायिकता x है और B के सत्य बोलने की प्रायिकता y है। A तथा B कथन सहमत हैं। कथन के सत्य होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : दिया गया है, P(A) = x P(B)= y

P(A) = 1-x P(B) = 1-y

A तथा B सहमत होंगे जब 1. दोनों सत्य बोंले 2. दोनों असत्य बोलें।

A तथा B के सत्य बोलने की प्रायिकता = P(A). P(B) = xy

A तथा B के असत्य बोलने की प्रायिकता = P(A). P(B) = (1-x) (1-y)

अतः दोनों के सहमत होने के cases की संख्या = xy + (1-x) (1-y)

P (कथन के सत्य) = सत्य कहने के cases की संख्या/कुल cases की संख्या

$$= \frac{xy}{xy + (1-x)(1-y)}$$

4.3.1.2 सशर्त (शर्तयुक्त प्रायिकता)

यदि घटनाएं आश्रित हों तो उपर वर्णित गुणन प्रमेय उपयुक्त नहीं होगा। आश्रित घटनाएं वो हैं जिसमें एक से घटित होने के दूसरे घटनाओं की प्रायिकता प्रभावित हो। घटना B के घटित होने की प्रायिकता जब A पहले ही घटित हो चुका हो को B की शर्त युक्त प्रायिकता कहते हैं। इसे P(B/A) द्वारा प्रदर्शित करते हैं। इसी तरह शर्तयुक्त A जब B पहले घटित हो चुका है को P(A/B) द्वारा प्रदर्शित करते हैं।

शर्तयुक्त प्रायिकता की परिभाषा–

यदि A तथा B आश्रित घटनाएं हो तो B की शर्तयुक्त प्रायिकता जब A पहले ही घटित हो चुका हो इस प्रकार परिभाषित करते हैं और

$P(B/A) = P(AB)/P(A), \quad P(A) > 0$

इसी प्रकार A की शर्तयुक्त प्रायिकता given B को परिभाषित करते हैं तथा

$P(A/B) = P(AB)/P(B), \quad P(B) > 0$

4.3.2 आश्रित घटनाओं के लिए गुणन प्रमेय या सशर्त प्रायिकता के संदर्भ में गुणन प्रमेय–

जब घटनाएं स्वतंत्र न हों अर्थात् आश्रित घटनाएं हो तो गुणन प्रमेय को संशोधित करने की आवश्यकता है। संशोधित गुणन प्रमेय कहता है कि यदि A और B दो आश्रित घटनाएं हो तो उनके एक साथ घटित होने की प्रायिकता (समसामयिक प्रायिकता) बराबर होगी एक घटना की प्रायिकता और दूसरी घटना की सशर्त प्रायिकता के गुणन के बराबर।

सांकेतिक भाषा में,

$P(A\ B) = P(A) \,.\, P(B/A)$

या $P(A\ B) = P(B) .\, P(A/B)$

जहां $P(B/A)$ = B की सशर्त प्रायिकता given A

$P(A/B)$ = A की सशर्त प्रायिकता given B

उदाहरण 4.24 : एक थैले में 10 सफेद और 5 काली गेंदे हैं। दैव निदर्शन द्वारा दो गेंदों बिना प्रतिस्थापन के निकाली जाती है। दोनों गेंदों के काली होने की प्रायिकता बताओ।

हल : प्रथम प्रयास में काली गेंद निकालने की प्रायिकताए $P(A) = \frac{5}{10+5} = \frac{5}{15}$

पहले प्रयास में काली गेंद निकालते और बिना प्रतिस्थापन दूसरी काली गेंद निकालने की प्रायिकता $= P(B/A) = \frac{4}{10+4} = \frac{4}{14}$

चँकि घटनाएं आश्रित है अतः दोनों गेंद काली होने की प्रायिकता

$P(A\ B) = P(A) \,.\, P(B/A)$

$$= \frac{5}{15} \times \frac{4}{14} = \frac{2}{21}$$

उदाहरण 4.25: तीन लगातार प्रयासों में बिना प्रतिस्थापन क्रमशः राजा, रानी और गुलाम के पत्ते निकालने की प्रायिकता बताओ।

हल : राजा निकालने की प्रायिकता = 4/52

एक रानी निकालने की प्रायिकता जब एक राजा पहले ही निकाला जा सकता है,

P(B/A) = 4/51

एक राजा और रानी निकालने के बाद गुलाम आने की प्रायिकता,

$$P(C/AB) = \frac{4}{50}$$

चँकि घटनाएं आश्रित है अतः एक राजा, एक रानी और गुलाम निकालने की प्रायिकता, $P(ABC) = \frac{4}{52} \times \frac{4}{51} \times \frac{4}{50} = \frac{8}{16575}$

उदाहरण 4.26: चार पत्ते बिना प्रतिस्थापन के निकाले जाते हैं। उन सबके इक्के होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हलः प्रथम प्रयास में एक इक्का निकालने की प्रायिकता = 4/52

पहले इक्के के बाद दूसरे बार में इक्का आने की प्रायिकता = 3/51

पहले तथा दूसरे इक्के के बाद तीसरे बार में इक्का आने की प्रायिकता = 2/50

पहले, दूसरे, तीसरे इक्के के बाद चौथे बार में इक्का आने की प्रायिकता = 1/49

चूंकि घटनाएं आश्रित हैं, अतः वांछित प्रायिकता

P(I इक्का × II इक्का × III इक्का × IV इक्का) = $\frac{4}{52} \times \frac{3}{51} \times \frac{2}{50} \times \frac{1}{49} = \frac{1}{270725}$

उदाहरण 4.27: एक बैग में 5 सफेद और 8 लाल गेंद है। दो बार 3 गेंद इस प्रकार निकाली जाती है कि 1. दूसरी निकासी के पहले गेंद प्रतिस्थापित कर दी जाती है। और 2. दूसरी निकासी के पहले गेंद प्रतिस्थापित नहीं कि जाती। दोनों परिस्थितियों पहली निकासी में 3 सफेद और दूसरी निकासी में 3 लाल गेंद आने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हलः 1. जब गेंदों का प्रतिस्थापन किया गया है बैग में कुल गेंदों कीसंख्या= 8+5=13

13 में से 3 गेंद $13C_3$ तरह से निकाली जा सकती है।

5 सफेद में से 3 सफेद गेंद $5C_3$ तरह से निकाल सकते हैं।

3 सफेद गेंद की प्रायिकता, $P(3W) = \frac{5C_3}{13C_3}$

चूंकि पहली निकासी के बाद गेंदों का प्रतिस्थापन हुआ है अतः बैग में 13 गेंद है तो 8 लाल में से 3 लाल गेंद $8C_3$ तरह से निकाल सकते हैं।

∴ 3 लाल गेंद की प्रायिकता = $P(3R) = \frac{8C_3}{13C_3}$

चूंकि घटनाएं स्वतंत्र है अतः वांछित प्रायिकता

P(3W and 3R) = P(3W) × P(3R)

$$= \frac{5C_3}{13C_3} \times \frac{8C_3}{13C_3} = \frac{10}{286} \times \frac{56}{286}$$

$$= \frac{140}{20449}$$

2. जब दूसरी निकासी से पहे गेंदों का प्रतिस्थापन न किया गया हो

बैग में कुल गेंदों की संख्या = 8 + 5 = 13

13 में से 3 गेंद $13C_3$ तरह से निकाल सकते हैं।

5 सफेद में से 3 सफेद गेंद $5C_3$ तरह से निकाल सकते हैं।

3 सफेद गेंद आने की प्रायिकता = $\frac{5C_3}{13C_3}$

प्रथम निकासी के बाद 10 गेंदें बची हैं, 10 में से 3 गेंद $10C_3$ तरह से निकाली जा सकती है।

8 लाल में से 3 लाल गेंद तरह से निकाली जा सकती है।

3 लाल गेंद निकालने की प्रायिकता = $\frac{8C_3}{10C_3}$

चूंकि दोनों घटनाएं आश्रित हैं अतः वांछित प्रायिकता

$$\text{P(3W and 3R)} = \frac{5C_3}{13C_3} \times \frac{8C_3}{10C_3}$$

$$= \frac{5}{143} \times \frac{7}{15} = \frac{7}{429}$$

उदाहरण 4.28 : एक बैग, जिसमें 5 सफेद और 3 लाल गेंद है, चार गेंदे एक के बाद एक करके बिना प्रतिस्थापन निकाली जाती है। प्रायिकता बताओ।

1. सफेद और लाल गेंद एक के बादएक आएगी।

2. लाल और सफेद गेंद वैकल्पिक रूप से आएगी।

हल : 1. 1 सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता= 5/8

1 लाल गेंद निकालने की प्रायिकता = 3/7

1 सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता = 4/6

1 लाल गेंद निकालने की प्रायिकता = 2/5

चूंकि घटनाएं आश्रित हैं अतः वांछित प्रायिकता

P (1W 1R 1W 1R) = $\frac{5}{8} \times \frac{3}{7} \times \frac{4}{6} \times \frac{2}{5} = \frac{1}{14}$

2. 1 लाल गेंद निकालने की प्रायिकता = 3/8

1 सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता = 5/7

1 लाल गेंद निकालने की प्रायिकता = 2/6

1 सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता = 4/5

चूंकि घटनाएं आश्रित हैं अतः वांछित प्रायिकता

P(1R 1W 1R 1W) = $\frac{3}{8}\times\frac{5}{7}\times\frac{2}{6}\times\frac{4}{5}=\frac{1}{14}$

4.4 योग तथा गुणन प्रमेय का संयुक्त प्रयोग

प्रायिकता के अन्तर्गत कुछ समस्याएं हैं जहॉ दोनों योग तथा गुणन प्रमेय का एक साथ उपयोग होता है। ऐसी परिस्थितियों में सबसे पहले आप गुणन प्रमेय लागू करेंगे और उसके बाद अंततः योग प्रमेय उपयोग करेंगे।

उदाहरण 4.29: A 80% प्रतिशत मामलों सत्य बोलता है और B 90% कितने प्रतिशत मामलों में एक ही तथ्य को बताने में दोनों में विरोधाभास है।

हलः माना कि A तथा B की सत्य बोलने की प्रायिकता क्रमशः A तथा B है।

$$P(A)=\frac{80}{100}=\frac{4}{5},\ P(A)=1-P(A)=\frac{1-4}{5}=\frac{1}{5}$$

$$P(B)=\frac{90}{100}=\frac{9}{10},\ P(B)=1-P(B)=\frac{1-2}{10}=\frac{1}{10}$$

उनमें विरोधाभास तभी होगा जब तक सत्य बोले और दूसरा असत्य। अतः निम्न 2 संभावनाएं हैं

1. A सत्य बोले और B असत्य
2. B सत्य बोले और A असत्य

चूंकि घटनाएं स्वतंत्र है अतः गुणन प्रमेय की सहायता से

1. I संभावना की प्रायिकता $=P(A).P(B)=\frac{4}{5}\times\frac{1}{10}=\frac{4}{5}$
2. II संभावना की प्रायिकता $=P(A).P(B)=\frac{1}{5}\times\frac{9}{10}=\frac{9}{50}$

चूंकि दोनों घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं अतः योग प्रमेय की सहायता से

वांछति प्रायिकता = $\frac{4}{50}+\frac{9}{10}=\frac{13}{50}=26\%$

उदाहरण 4.30 : एक थैले में 5 सफेद और 4 काली बेंदे हैं थैले से एक गेंद निकाली जाती है और पुनः थैले में प्रतिस्थापित करने के उपरांत दूसरी गेंद निकालते हैं। दोनों गेंदों के अलग–अलग रंग के होने की प्रायिकता बताओ अर्थात् एक सफेद और एक काली?

हलः यहाँ पर दो संभावनाएं हैं:

1. पहली बार सफेद और दूसरी बार काली गेंद निकालते हैं।
2. पहली बार काली और दूसरी बार सफेद गेंद निकालते हैं।

चूंकि घटनाएं स्वतंत्र है अतः गुणन प्रमेय की सहायता से–

1. प्रथम केस की प्रायिकता = $\frac{4}{9}\times\frac{4}{9}=\frac{20}{81}$
2. द्वितीय केस की प्रायिकता $=\frac{4}{9}\times\frac{5}{9}=\frac{20}{81}$

चूंकि घटनाएं पारस्परिक अपवर्जी है अतः योग प्रमेय की सहायता से

वांछित प्रायिकता– $= \frac{20}{81} + \frac{20}{81} = \frac{40}{81}$

उदाहरण 4.31: एक थैले में 5 सफेद और 3 लाल गेंदें हैं और क्रमशः 4 गेंद बिना प्रतिस्थापन निकाली जाती है। उनके alternatively अलग होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : अल्टरनेटिवली 4 रंग हो सकते हैं।

1. सफेद, लाल, सफेद, लाल (1W 1R 1W 1R)
2. लाल, सफेद, लाल, सफेद (1R 1W 1R 1W)

1. सफेद गेंद से शुरूआत हो

पहली गेंद सफेद होने की प्रायिकता = 5/8

पहली गेंद लाल होने की प्रायिकता = 3/7

पहली गेंद सफेद होने की प्रायिकता = 4/6

पहली गेंद लाल होने की प्रायिकता = 2/5

चूंकि घटनाएं आश्रित हैं अतः गुणन प्रमेय की सहायता से

P(1W 1R 1W 1R) = $\frac{3}{8} \times \frac{5}{7} \times \frac{2}{6} \times \frac{4}{5} = \frac{1}{14}$

चूंकि 1. तथा 2. पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं है अतः योग प्रमेय द्वारा

वांछित प्रायिकता = $\frac{1}{14} + \frac{1}{14} = \frac{2}{14} = \frac{1}{7}$

उदाहरण 4.32 :

हल : माना कि सम संख्या आने की प्रायिकता च तथा विषम संख्या आने की प्रायिकता q है।

सम संख्या : विषम संख्या : : 2 :।

p = p (सम) = 2/3 ; q = p (विषम) = 1/3

यहाँ पर दो पारस्परिक संभावनाएं है जिसमें दो संख्याओं का योग सम हो सकते हैः

1. पहले बार फेंकने पर विषम संख्या आए और दूसरी बार फेंकने पर विषय संख्या आए।
2. पहल बार फेंकने पर सम संख्या आए और दूसरी बार फेंकने पर सम संख्या आए।

चूंकि घटनाएं आश्रित हैं अतः गुणन प्रमेय की सहायता

1. I केस की प्रायिकता = $\frac{1}{3} \times \frac{1}{3} = \frac{1}{9}$

2. II केस की प्रायिकता = $\frac{2}{3} \times \frac{2}{3} = \frac{4}{9}$

चूंकि संभावनाएं पारस्परिक अपवर्जी है अतः योग प्रमेय की सहायता से

वांछित प्रायिकता = $\frac{1}{9} + \frac{4}{9} = \frac{5}{9}$

उदाहरण 4.33ः कारीगरों के तीन समूह में 3 आदमी और 1 औरत, 2 आदमी और 2 औरत और 1 आदमी और 3 औरत हैं। प्रत्येक समूह से दैव निदर्शन द्वारा एक कारीगर चुना जाता है। चुने गये कारीगरों के समूह में 1 आदमी और 2 और होने की प्रायिकता बताओ।

हल : यहाँ पर 3 संभावनाएं हो सकती हैं

1. पहले समूह से 1 आदमी और दूसरे व तीसरे समूह से एक–एक और चुनी जाए।
2. दूसरे समूह से एक आदमी तथा पहले और तीसरे समूह से एक–एक औरत चुनी जाए।
3. तीसरे समूह से एक आदमी तथा पहले व दूसरे समूह से एक–एक औरत चुनी जाए।

चूंकि घटनाएं स्वतंत्र है अतः गुणन प्रमेय की सहायता से

1. प्रथम केस की प्रायिकता $= \frac{3}{4} \times \frac{2}{4} \times \frac{3}{4} = \frac{18}{64}$
2. द्वितीय केस की प्रायिकता $= \frac{2}{4} \times \frac{1}{4} \times \frac{3}{4} = \frac{6}{64}$
3. तृतीय केस की प्रायिकता $= \frac{1}{4} \times \frac{1}{4} \times \frac{2}{4} = \frac{2}{64}$

चूंकि संभावनाएं पारस्परिक अपवर्जी हैं अतः योग प्रमेय की सहायता से

वांछित प्रायिकता $= \frac{18}{64} + \frac{6}{64} + \frac{2}{64} = \frac{26}{64} = \frac{13}{32}$

4.5 प्रायिकता सिद्धान्त में बर्नाली प्रमेय का उपयोग

प्रायिकता समस्याओं के समाधान में बर्नाली प्रमेय बहुत उपयोगी है। यह प्रमेय कहता है कि यदि एक घटना या परख या प्रयोग के घटित होने की प्रायिकता ज्ञात हो तो इसके 1,2,3.....r बार घटित होने की प्रायिकता निम्न सूत्र से ज्ञात किया जा सकता है।

$$P(r) = n_{C_r}\, p^r\, q^{n-r} \qquad ; \qquad r = 1,2,3,.....n$$

जहां

P(r) = n परख में r सफलता की प्रायिकता

p = सफलता की प्रायिकता या एक परख में घटना के घटित होने की प्रायिकता

q = असफलता की प्रायिकता या एक परख में घटना के घटित न होने की प्रायिकता

n = कुल परखों की संख्या

निम्नलिखित उदाहरण इस प्रमेय के उपयोग को दर्शाते हैं।

उदाहरण 4.34 : तीन सिक्के एक साथ (समसामयिक) उछाते जाते हैं। एक साथ दो चित आने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : चूंकि दो चित आने की प्रायिकता ज्ञात करना है अतः बर्नाली प्रमेय की सहायता से यह आसान होगा। इस प्रमेय के अनुसार

$$P(r) = n_{C_r}\ p^r\ q^{n-r}$$

दिया गया है n = 3, r = 2, p= सिक्के के एक उछाल पर चित आने की प्रायिकता = 1/2

$$P(2H) = {}^3C_2 \left(\frac{1}{2}\right)^2 \left(\frac{1}{2}\right)^{3-2}$$

$$= \frac{3!}{(3-2).!2!} \times \frac{1}{8} = 3\frac{1}{8} = \frac{3}{8}$$

उदाहरण 4.35: एक सेना की टुकड़ी में 3/5 सैनिक विवाहित/शादीशुदा है और बाकी के 2/5 सैनिक अविवाहित है। 5 सैनिकों की पंक्ति में 4 सैनिकों के विवाहित होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : यहाँ पर n= 5, r= 4; p = विवाहित सैनिक होने की प्रायिकता = 3/5

q = 1-p = 1-3/5 = 2/5

P(4 विवाहित सैनिक) = $= {}^5C_4 \left(\frac{B}{5}\right)^4 \left(\frac{2}{5}\right)^1$

$$= \frac{5!}{4!1!} \frac{3\times3\times3\times3}{5\times5\times5\times5} \times \frac{2}{5} = \frac{162}{625}$$

उदारहण 4.36 : यदि एक परिवार में 3 बच्चे हो तो परिवार में 1 लड़की होने की प्रायिकता बताओ।

हल : दिया गया है, n= 3, r = 1

p = लड़की होने की प्रायिकता = 1/2

$$q = 1 - \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$$

$$P(r=1) = P(1G) = {}^3C_1 \left(\frac{1}{2}\right)^1 \left(\frac{1}{2}\right)^2 = \frac{3!}{2!1!} \times \frac{1}{8}$$

$$= \frac{3}{8}$$

उदाहरण 4.37: इंग्लैण्ड के खिलाफ भारत के क्रिकेट मैच जीतने की प्रायिकता 1/3 है। यदि भारत और इंग्लैण्ड के बीच 3 टेस्ट मैच खेले जाने हो तो प्रायिकता ज्ञात करो 1. भारत तीनों मैच हार जाए 2. भारत कम से कम एक मैच जीत जाए।

हल : n = 3

p = मैच जीतने की प्रायिकता = 1/3

$$q = 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3}$$

1. P (सभी मैच हार जाए) = $P(o) = {}^3C_0 \left(\frac{1}{3}\right)^0 \left(\frac{2}{3}\right)^3 = \frac{8}{27}$

2. P (कम से कम एक मैच जीत जाए)

= 1-P (एक भी मैच न जीते)

$$=1-{}^{3}C_{0}\left(\frac{1}{3}\right)^{0}\left(\frac{2}{3}\right)^{3}$$

$$=1-\frac{8}{27}=\frac{19}{27}$$

4.6 बेज प्रमेय

बेज प्रमेय का नामकरण ब्रिटिश गणितज्ञ थॉमस बेज के आधार पर किया गया है और यह 1763 में मुद्रित हुआ। बेज प्रमेय की सहायता से स्वयंसिद्ध प्रायिकताएं (prior probabilities) कुछ न्यादर्श जानकारी की सहायता से संशोधित करके प्रतिबंधी प्रायिकताएं प्राप्त की जाती है। इस प्रमेय को विपरीत प्रायिकता प्रमेय भी कहते हैं। माना कि एक फैक्ट्री में A_1 तथा A_2 दो मशीनों द्वारा माल तैयार किया जाता है। माना कि A_1 और A_2 मशीन क्रमशः कुल माल का 70% तथा 30% माल तैयार करती है और क्रमशः 5% तथा 3% की दर से खराब बोल्ट बनाती है। माना कि कुल तैयार माल से एक item समान चुना जाता है और यह खराब पाया जाता है और अब हम यह जानना चाहते हैं कि ये माल, सामान A_1 तथा A_2 मशीन द्वारा बनाये जाने की क्या प्रायिकता है तो यह बेज प्रमेय की सहायता से ज्ञात कर सकते हैं। माना कि एक थैले 6 काली और 4 सफेद गेंदें हैं। दूसरे थैले में 45 काली और 6 सफेद गेंद हैं। एक थैले से दैव निदर्शन द्वारा एक गेंद निकालने पर वह काली पायी जाती है यदि आप यह जानना चाहते हैं कि वह गेंद पहल या दूसरे थैले से आयी है तो इसे बेज प्रमेय को उपयोग करके निकाल/ज्ञात कर सकते हैं।

बेज प्रमेय का कथन :

यदि A_1 तथा A_2 परस्पर अपवर्जी और सर्वांगपूर्ण घटनाएं हो तथा B एक ऐसी घटना हो जो कि A_1 तथा A_2 के जोड़े के साथ घटित हो तो A_1 तथा A_2 शर्तयुक्त/सशर्त प्रायिकता जबकि B घटित हो चुका हो इस प्रकार ज्ञात कर सकते हैं।

$$P(A_1/B)=\frac{P(A_2).P(B/A_1)}{P(A_1).P(B/A_1)+P(A_2).P(B/A_2)}$$

इसी तरह

$$P(A_2/B)=\frac{P(A_2).P(B/A_2)}{P(A_1).P(B/A_1)+P(A_2).P(B/A_2)}$$

साधारणीकरण:

बेज प्रमेय को तीन या अधिक घटनाओं के लिए विस्तृत कर सकते हैं। यदि तथा तीन पारस्परिक अपवर्जी घटनाएं हो तथा एक ऐसी घटना हो जो तथा के संयोजन के साथ घटित हो तो

$$P(A_1/B) = \frac{P(A_1).P(B/A_1)}{P(A_1).P(B/A_1) + P(A_2).P(B/A_2) + P(A_3).P(B/A_3)}$$

$$P(A_2/B) = \frac{P(A_2).P(B/A_2)}{P(A_1).P(B/A_1) + P(A_2).P(B/A_2) + P(A_3).P(B/A_3)}$$

$$P(A_3/B) = \frac{P(A_3).P(B/A_3)}{P(A_1).P(B/A_1) + P(A_2).P(B/A_2) + P(A_3).P(B/A_3)}$$

उदाहरण 4.38 : एक बोल्ट फैक्ट्री में A, B तथा C मशीनें कुल माल का क्रमशः 25%, 35% तथा 40% तैयार करती है। तैयार माल से क्रमशः 5, 4 तथा 2 प्रतिशत बोल्ट खराब हो जाते हैं। दैव निदर्शन से एक बौल्ट निकाला जाता है और वह खराब पाया जाता है। इसके मशीन C से तैयार होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : माना कि A, B तथा C मशीनों द्वारा तैयार बोल्ट को निकालने की घटना क्रमशः A, B, तथा C है और D बोल्ट के खराब होने की घटना दर्शाता है।

दी गई सूचना का आधार पर	सशर्त प्रायिकता
P(A) = 35% = 25/100 = 0.25	P(D/A) 5% = 5/100 = 0.05
P(B) = 35% = 35/100 = 0.35	P(D/B) = 4% = 4/100 = 0.04
P(C) = 40% = 40/100 = 0.40	P(D/C) = 2% = 2/200= 0.02

नीचे दिए गए तालिका/टेबल में दी गई जानकारी रखने पर

घटना	स्वयंसिद्ध प्रायिकता	सशर्त प्रायिकता	संधि प्रायिकता
A	P(A) = 0.25	P(D/A) = 0.05	0.25 × 0.05
B	P(B) = 0.35	P(D/B) = 0.04	0.35 × 0.04
C	P(C) = 0.40	P(D/C) = 0.02	0.40 ×0.02

हमें ज्ञात करना है कि खराब बोल्ट मशीन द्वारा तैयार किया गया है अर्थात् P(C/D)

$$P(C/D) = \frac{\text{मशीन C की सन्धि प्रायिकता}}{\text{तीनों मशीनों की संधि प्रायिकता का योग}}$$

$$= \frac{0.40 \times 0.02}{0.25 \times 0.05 + 0.35 \times 0.04 + 0.40 \times 0.02}$$

$$= \frac{0.008}{0.0125 + 0.014 + 0.008} = \frac{0.008}{0.0345}$$

$$= 0.2318 \;\; or \;\; 23.18\%$$

उदाहरण 4.39: एक स्टील पाईप बनाने वाली फर्म अपने तीन प्लांटों से क्रमशः 500, 1000 तथा 2000 इकाई का निर्माण करती है। पूर्व अनुभव के अनुसार तीनों प्लांटों द्वारा खराब माल बनाने का अंश क्रमशः 0.005, 0.008 और 0.010 है। दिन भर में बनाए गए सभी माल में से एक पाईप चुना जाता है और वह खराब निकलता है। उसके पहले प्लांट द्वारा निर्मित होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : मानाकि E_1, E_2 तथा E_3 प्लांट्स I, II तथा III से स्टील पाइप चुनने की घटनाएं है तथा D पाइप के खराब होने की प्रायिकता है।

दी गई जानकारी : सशर्त प्रायिकताएं हैं:

$$P(E_1) = \frac{500}{500+1000+2000} = \frac{1}{7} \qquad P(D/E_1) = 0.005$$

$$P(E_2) = \frac{1000}{5+1000+2000} = \frac{2}{7} \qquad P(D/E_2) = 0.008$$

$$P(E_3) = \frac{2000}{500+1000+2000} = \frac{4}{7} \qquad P(D/E_3) = 0.010$$

दी गई जानकारी को टेबल में रखने पर

घटना 1	स्वयंसिद्ध प्रायिकता 2	प्रतिबंधी प्रायिकता 3	संधि प्रायिकता 2×3
E_1	$P(E_1)$= 1/7	$P(D/E_1)$ = 0.005	1/7 × 0.005
E_2	$P(E_2)$= 2/7	$P(D/E_2)$ = 0.008	2/7 × 0.008
E_3	$P(E_3)$= 4/7	$P(D/E_3)$ = 0.010	4/7 × 0.010

आपको ज्ञात करना है अर्थात् खराब पाइप के प्लांट I द्वारा बनाये जाने की प्रायिकता

$$P(E_1/D) = \frac{\text{I प्लांट की संधि प्रायिकता}}{\text{तीनों मशीनों की संधि प्रायिकता का योग}}$$

$$= \frac{\frac{1}{7}\times 0.05}{\frac{1}{7}\times 0.005 + \frac{2}{7}\times 0.008 + \frac{4}{7}\times 0.010}$$

$$= \frac{0.005}{0.005+0.008+0.010} = \frac{0.005}{0.061}$$

$$= \frac{5}{61}$$

उदाहरण 4.40: एक कंपनी के अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थी A, B तथा C ने आवेदन किया। उनके चयनित होने की प्रायिकता अनुपात क्रमशः 4:5:3 है। यदि A का चयन हो जाता है तो उसके कंपनी में इंटरनेट ट्रेनिंग को लागू कराने की प्रायिकता 0.30 है। इसी तरह B तथा C की प्रायिकता क्रमशः 0.50 तथा 0.60 है। कंपनी के इंटरनेट ट्रेनिंग को लागू कराने की प्रायिकता क्या है? और अध्यक्ष B के इंटरनेट ट्रेडिंग का परिचय कराने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हलः माना कि A, B तथा C के कंपनी का अध्यक्ष चुने जाने की घटना क्रमशः A_1, A_2 तथा A_3 है तथा माना कि E कंपनी में इंटरनेट ट्रेडिंग लागू करने की घटना है। अतः

$$P(A_1) = \frac{4}{4+5+3} = \frac{4}{12}, \qquad P(A_2) = \frac{5}{4+5+3} = \frac{5}{12}$$

$$P(A_3) = \frac{3}{4+5+3} = \frac{3}{12}, \qquad P(E/A_1) = 0.30$$

$$P(E/A_2) = 0.50, \qquad P(E/A_3) = 0.60$$

दी गयी जानकारी को टेबल में रखने पर

घटना 1	स्वयंसिद्ध प्रायिकता 2	प्रतिबंधी प्रायिकता 3	संधि प्रायिकता 2 × 3
A_1	$P(A_1) = 4/12$	$P(E/A_1) = 0.30$	4/12 ×0.30
A_2	$P(A_2) = 5/12$	$P(E/A_1) = 0.50$	5/12 ×0.50
A_3	$P(A_3) = 3/12$	$P(E/A_1) = 0.60$	34/12 ×0.60

1. P (कंपनी इंटरनेट ट्रेडिंग लागू करता है।)

$P(E) = P(A_1 E$ या $A_2 E$ या $A_3 E)$

$= P(A_1 E) + P(A_2 E) + P(A_3 E)$

$= P(A_1) . P(E/A_1) + P(A_2). P(E/A_2) + P(A_3) . P(E/A_3)$

$$= \frac{4}{12} \times 0.30 + \frac{5}{12} \times 0.50 + \frac{3}{12} \times 0.60$$

$$= \frac{55}{120} = \frac{11}{24}$$

2. आपको ($P(A_2/E)$ ज्ञात करना है अर्थात् इंटरनेट ट्रेडिंग अध्यक्ष B द्वारा लागू किया जाए।

बेज प्रमेय की सहायता से

P (अध्यक्ष B इंटरनेट ट्रेडिंग लागू करे)

B की संधि प्रायि

संधि प्रायिकता व $P(A_2/E) =$

$$= \frac{\frac{5}{12} \times 0.50}{\frac{4}{12} \times 0.30 + \frac{5}{12} \times 0.50 + \frac{3}{12} + 0.60}$$

$$= \frac{\frac{5}{12} \times \frac{1}{2}}{\frac{11}{24}} = \frac{5}{11}$$

4.7 सारांश

प्रायिकता का योग प्रमेय पारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए उपयोग करते हैं न कि अपारस्परिक अपवर्जी घटनाओं के लिए। प्रायिकता का गुण प्रमेय स्वतंत्र तथा आश्रित घटनाओं के लिए उपयोग करते हैं। अतः इसे सशर्त प्रायिकता में भी उपयोग कर सकते हैं। एक परख या घटना के घटित होने की प्रायिकता ज्ञात करने में बर्नाली प्रमेय बहुत उपयोगी है और बेज प्रमेय का उपयोग प्रायिकता समस्याओं के समाधान में उपयोगी है। (स्वयंसिद्ध प्रायिकता और प्रतिबंधी प्रायिका की सहायता से)

4.8 शब्दावली

पारस्परिक अपवर्जी घटनाएः दो घटनाएँ उस समय परस्पर अपवर्जी होती हैं जब वे एक ही समय घटित नहीं हो सकती हैं

4.9 बोध प्रश्न

1. .....वो हैं जिसमें एक से घटित होने के दूसरे घटनाओं की प्रायिकता प्रभावित हो।
2. ..... = $P(A) \times P(B)$
3. बेज प्रमेय का नामकरण ब्रिटिश गणितज्ञ ..... के आधार पर किया।

4.10 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. आश्रित घटनाएं 2. P(AB) 3. थॉमस बेज

4.11 स्वपरख प्रश्न

1. 52 पत्तों की गड्डी से एक पत्ता निकालने पर उसके पान अथवा चिड़ी की रानी होने की प्रायिकता बताओ।
2. 25 छात्रों की कक्षा में प्रत्येक छात्र को 1 से 25 तक रोल नं0 दिया गया है। एक प्रश्न का उत्तर देने के लिए एक छात्र को दैव निदर्शन द्वारा चुना जाता है। चुने गये छात्र के रोल नं0 का 5 या 7 से गुणक होने की प्रायिकता बताइए?
3. एक थैले में 63 लाल, 6 सफेद, 4 नीली तथा 7 पीली गेंदें हैं। एक गेंद निकालने पर उसके सफेद या पीली होने की प्रायिकता बताओ।
4. एक साथ तीन पांसे फेंकने पर योग 17 या 18 आने की प्रायिकता बताओ।
5. एक साथ 2 पांसे फेंकने पर योग 9 या 11 आने की प्रायिकता बताओ।
6. एक पत्तों की गड्डी में से पान या राजा पत्ता निकालने की प्रायिकता बताओ।
7. एक थैले में 1 से 50 से अंकित 50 गेंदें हैं। दैव निदर्शन से एक गेंद निकालने पर उसके 5 या 7 के गुणक होने की प्रायिकता ज्ञात करो।
8. एक कांट्रैक्टर के मरम्मत कांट्रेक्ट हासिल करने की प्रायिकता 2/3 है तथा बिजली कांट्रैक्ट हासिल न कर पाने की प्रायिकता 5/9 है। कम से कम एक कांट्रैक्ट हासिल करने की प्रायिकता 4/5 है। दोनों कांट्रैक्ट हासिल करने की प्रायिकता ज्ञात करो।

9. एक छात्र दो फर्मों X तथा Y में नौकरी के लिए आवेदन करता है। X फर्म में चयनित होने की प्रायिकता 0.7 है तथा Y फर्म में 0.5। दोनों फर्मों में उसका अभ्यर्थन निरस्त होने की प्रायिकता 0.6 है। किसी एक फर्म में चयनित होने की प्रायिकता बताओ।
10. एक कक्षा के 3 पेपरों A, B तथा C की परीक्षा का परिणाम दिया गया है। यह अनुमान लगाया जाता है कि 40 प्रतिशत विद्यार्थी पेपर A में फेल हुए, 30 प्रतिशत पेपर B में फेल हुए तथा 25 प्रतिशत पेपर C में फेल हुए, 15 प्रतिशत पेपर A तथा B दोनों में फेल हुए, 12 प्रतिशत पेपर B तथा C में फेल हुए, 10 प्रतिशत पेपर A तथा C में फेल हुए तथा 3 प्रतिशत सभी पेपरों में फेल हुए। दैव निदर्शन से चयनित छात्र के कम से कम एक पेपर में चयनित होने की प्रायिकता ज्ञात करो।
11. एक सिक्के को 3 बार उछालने पर 3 पट आने की प्रायिकता बताओ।
12. 3 वायुयान बाम्बे से लंदन की उड़ान भरते हैं। उनके सुरक्षित तरीके से पहुँचने के अनुकूल स्थिति 2:1, 3:1 तथा 4:1 है। उन सभी के सुरक्षित पहुँचने की प्रायिकता बताओ।
13. एक पद के 2 स्थानों पर साक्षात्कार के लिए एक पति और पत्नी आवेदन करते हैं पति के चयन की प्रायिकता 4/5 है और पत्नी की चयन प्रायिकता 3/4 है। प्रायिकता बताओ जब
    1. दोनों का चयन हो
    2. दोनों में से किसी का भी चयन न हो
    3. केवल पत्नी का चयन हो।
14. मोहन के ड्राइविंग टेस्ट पास करने की अनुकूल स्थिति 3:5 है तथा राम के लिए उसी टेस्ट को पास करने की अनुकूल स्थिति 3:2 है। दोनों के टेस्ट पास करने की प्रायिकता क्या है?
15. एक विश्वविद्यालय को सांख्यिकी का पेपर जांचने के लिए परीक्षण नियुक्त करना है। 40 परीक्षकों के पैनल में 10 महिला हैं, उनमें से 30 हिन्दी जानती हैं तथा 5 पी.एचडी. हैं। हिन्दी जानने वाली पीएचडी धारी महिला के परीक्षक चुने जाने की प्रायिकता बताओ।
16. सांख्यिकी की एक समस्या 4 विद्यार्थियों को दी जाती है। उनके समस्या हल करने का संयोग क्रमशः 1/2, 1/3, 1/4 तथा 1/5 है। समस्या के हल हो जाने की प्रायिकता बताओ।
17. A तथा B ने सायं 5 से 7 के बीच दुर्गा मंदिर पर मिलने का निर्णय लिया और साथ ही शर्त रखी कि कोई भी 30 मिनट से ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। उनके मिलने की प्रायिकता बताओ।
18. एक लड़के को छात्रवृत्ति प्राप्त करने की प्रायिकता 0.90 है तथा लड़की के लिए प्रायिकता 0.80 है। उनमें से कम से कम एक को छात्रवृत्ति प्राप्त होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

19. एक पांसे को 3 बार फेंकने पर कम से कम एक बार 6 आने की प्रायिकता बताओ।
20. एक थैले में 6 सफेद तथा 4 काली गेंदे हैं। एक के बाद एक बिना प्रतिस्थापन के 2 गेंद निकालने पर उन दोनों के सफेद होने की प्रायिकता ज्ञात करो।
21. एक थैले में 7 लाल, 5 सफेद तथा 4 नीली गेंदे हैं। एक के बाद एक करके तीन गेंद निकाली जाती है उनके लाल, सफेद और नीले क्रम में निकाले जाने की प्रायिकता बताओ जब प्रतिस्थापन न किया गया हो।
22. एक बादशाह और एक इक्का इसी क्रम में निकालने की प्रायिकता ज्ञात करो जब पहला कार्ड प्रतिस्थापित न किया गया हो।
23. एक बक्से में 1,2,3,4,5,6,7,8 तथा 10 अंकित 8 टिकट हैं। दैव निदर्शन से एक टिकट निकाल कर उसे अलग रख दिया जाता है। पुनः एक कार्ड निकाला जाता है। दोनों टिकटों पर सम संख्या आने की प्रायिकता ज्ञात करो।
24. एक थैले में 5 सफेद तथा 4 काली गेंदे हैं। बिना प्रतिस्थापन के 4 गेंदे निकाली जाती है। सफेद तथा काली गेंदें एक के बाद एक निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें।
25. A के सत्य बोलने की अनुकूल स्थिति 3:2 तथा B के सत्य बोलने की अनुकूल स्थिति 5:3 है। कितने प्रतिशत केसों में उनके जवाब एक दूसरे से विपरीत होंगे।
26. एक बक्से में 10 सफेद और 5 काली गेंदे हैं बिना प्रतिस्थापन के 4 गेंद निकाले जाने पर उनके क्रमशः भिन्न रंग के होने की प्रायिकता ज्ञात करो।
$$P(Z) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} \cdot e^{-\frac{1}{2}Z^2} \qquad -\infty < Z < \infty \text{ where } Z = \frac{X - \overline{X}}{\sigma}$$

जहां पर $Z = (X - \overline{X})/\sigma$

Z का माध्य 0 तथा प्रमाप विचलन σ=1 है। अर्थात्वो सामान्य वितरण है जिसका माध्य 0 तथा प्रमाप विचलन σ इकाई है।

6.4.1 सामान्य वितरण वक्र

सामान्य वितरण के वक्र को सामान्य वितरण वक्र कहते है। सामान्य वक्र सामान्य वितरण का चित्रीय प्रदर्शन है। निम्न चित्र सामान्य वक्र दर्शाता है:

सामान्य वक्र का आकार माध्य ($\overline{X}$) के मान तथा प्रमाप विचलन (σ) पर निर्भर करता है। माध्य तथा प्रमाप विचलन के भिन्न–2 मानों के लिए सामान्य वक्र का आकार भिन्न होगा।

6.4.2 सामान्य वितरण की मान्यताएं

सामान्य वितरण निम्न मान्यताओं पर आधारित होता है

1. **स्वतंत्र कारण**–घटनाओं को प्रभावित करने वाले कारण एक दूसरे से स्वतंत्र होने चाहिए।
2. **विषमता की परिस्थिति** –कारणीय ताकतों का क्रियान्वयन इस प्रकार है कि माध्य से विचलन किसी भी दिशा में संख्या तथा आकार में बराबर हो।
3. **विभिन्न कारण**–कारणीयताकत बहुतायत तथा करीब–करीब बराबर वजन या महत्व हो।

6.4.3 सामान्य वितरण/सामान्य वक्र की चारित्रिक विशेषताएं

1. **पूर्णतया सममितीय तथा घंटाकार आकार**–सामान्य वक्र माध्य के प्रति पूर्णतया सममित तथा घंटाकार आकार का है। अर्थात यदि हम वक्र को इसके लम्बवत् अक्ष के तहत मोड़ें तो दोनों आधे भाग एक दूसरे पर मेल खाएंगे।
2. **एक बहुलक वितरण**–इसमें सिर्फ एक ही बहुलक होता है। अर्थात् एक बहुलक वितरण है।
3. **माध्य, माध्यिका तथा बहुलक की समानता**–सामान्य वितरण में माध्य, माध्यिका तथा बहुलक बराबर/समान होते हैं अर्थात्

$$\overline{X} = M = Z$$

4. **बेस लाइन से स्पर्शोन्मुखी**–सामान्य वक्र बेस लाइन सेदोनों तरफ स्पर्शोन्मुखी है अर्थात् इसकी प्रवृत्ति बेस लाइन से छू जाने की है किन्तु यह कभी छूती नहीं है। यह निम्न चित्र से पूर्णतया साफ है।

5. **प्रसार/विस्तार** (Range)–सामान्य वितरण का प्रसार दोनों ही तरफ अनन्त तक है अर्थात् -∞ से +∞ तक।
6. **पूर्ण क्षेत्रफल**–सामान्य वक्र का क्षेत्रफल 1 है।
7. **ordinate**–सामान्य वक्र का कोटि (**ordinate**) माध्य के सापेक्ष उच्चतम है।
8. **माध्य कोटि**– माध्य कोटि पूरे क्षेत्रफल को दो बराबर भागों में विभाजित करता है। अर्थात् 50%बायीं तरफ तथा 50%दायीं तरफ ।
9. **चतुर्थांश का समान दूरी पर होना**–सामान्य वितरण में चतुर्थांश Q_1तथाQ_3 माध्यिका से समान दूरी पर है। अर्थात$Q_3 - M = M - Q_1$
10. चतुर्थांश विचलन; QD) – सामान्य वितरण में, चतुर्थांश विचलन प्रमापविचलन का 2/3 है अर्थात्
    QD=2/3 SD
11. **मध्य विचलन**(MD)– सामान्य वितरण में, माध्य विचलनप्रमाप विचलन का 4/5 है अर्थात MD= 4/5 SD
12. Point of inflextion: -सामान्य वितरण में दो Point of inflextion है (अर्थात् वह बिन्दु जहाँ पर वक्र अपनी वक्रता बदलता है) और वह बिन्दु $\overline{X}$-1σ तथा $\overline{X}$+1σ अन्य शब्दों में inflextion बिन्दु $\overline{X}$±1σ अर्थात $\overline{X}$-1σतथा Xbar+1σपर होता है। यह निम्न चित्र से साफ है।

13. **सतत प्रायिकता वितरण**–सामान्य वितरण सतत चरों का वितरण है। अतः इसे सतत प्रायिकता वितरण कहते हैं।
14. **धारित**(constant)–सामान्य वितरण के धारित निम्न चिह्नों से प्रदर्शित करते हैं। माध्य = $\overline{X}$ या μया m

    विषमता गुणांक संवेग=$\sqrt{\beta_1}=0$

    प्रमाप विचलन = σ

    प्रथुशीर्षत्व गुणांक संवेग =$\sqrt{\beta_2}=3$

    प्रसरण = σ

15. **प्रमुख प्राचाल**–सामान्य वितरण के दो प्राचल हैं माध्य($\overline{X}$)तथा प्रमाप विचलन (σ) इन दो प्राचालों की सहायता से हम पूरा वितरण ज्ञात कर सकते हैं।

16. **क्षेत्रफल विशेषता**–सामान्य वक्र की सबसे प्रमुख विशेषताओं में से एक विशेषता इसकी क्षेत्रफल विशेषता है। वक्र के नीचे का पूरा क्षेत्रफल 1 होता है। यह पाया जाता है कि:

(अ) $\overline{X}$-1σ तथा $\overline{X}$+1σके मध्य सामान्य वक्र का क्षेत्रफल 0.6826 है अर्थात माध्य ± 1σवक्र के कुल क्षेत्रफल का 68.26% क्षेत्रफल धारण करता है।

(ब) $\overline{X}$-2σ तथा $\overline{X}$+2σ के मध्य सामान्य वक्र का क्षेत्रफल0.9545o. 9973 अर्थात माध्य± 2σवक्र के कुल क्षेत्रफल का 95.45% भाग रहता है।

(स) $\overline{X}$-2σ तथा $\overline{X}$+2σ के मध्य सामान्य वक्र का क्षेत्रफल 0.9973 है अर्थात माध्य ± 3σ वक्र के कुल क्षेत्रफल का 99.73% भाग रहता है।

निम्नलिखित चित्र क्षेत्रफल विशेषता को दर्शाता है–

6.4.4 सामान्य वितरण का महत्व–

संख्यिकीय समीक्षा में सामान्य वितरण का बहुत महत्व है। यह नवीन सांख्यिकी का आधार है। निम्न सामान्य वितरण के उपयोग तथा महत्व को चिह्नांकित करते हैं:

1. **प्राकृतिक घटनाओं का अध्ययन**–सभी प्राकृतिक घटनाएं सामान्य वितरण की चारित्रिक विशेषताएंधारण करते हैं जैसे एक पेड़ की पत्तियों की लम्बाई,जन्म दर तथा मृत्यु दर इत्यादि। सामान्य वितरण प्राकृतिक घटनाओं के अध्ययन में बहुतायत उपयोग होता है।

2- **निदर्शन सिद्धान्त का आधार**–सामान्य वितरण का निदर्शन सिद्धान्त में भी बहुत महत्वपूर्ण है। सामान्य वितरण की सहायता से हम यह परीक्षण कर सकते हैं कि ब्रह्मांड Universe से चुने गए निदर्श ब्रह्मांड को पूर्णतः प्रदर्शित करते हैं या नहीं।

3- **सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण**–यह टालरेंस या स्पेस्फिक जिसके मध्य उत्पाद की गुणवत्ता होती है, जानने में मदद करता है। उत्पाद की गुणवता Specification limits के मध्य ही स्वीकार्य है।

4. **वृहद प्रतिदर्श परीक्षणः**–सामान्य वितरण का प्रयोग वृहद प्रतिदर्श परीक्षण में भी होता है। वृहद प्रतिदर्श परीक्षण सामान्य वितरण की विशेषताओं पर आधारित है।

5. **द्विपद तथा प्वायसनवितरण का सन्निकटीकरणः**
सामान्य वितरण कई सैद्धांतिक वितरणों जैसे द्विपद, प्वायसन इत्यादि का अच्छा सन्निकटीकरण है। जैसे अवलोकनों की संख्या बढ़ती है प्वायसन, द्विपद इत्यादि से संबंधित समस्याओं को हल करने में सामान्य वितरण का महत्व बढ़ता है।

6. **प्रो योडेन** ने सामान्य वक्र के आकार के आधार पर सामान्य वितरण का महत्व बताया है जो कि नीचे दर्शाया गया हैः

THE
NORMAL
LAW OF ERROR
STANDS OUT IN THE
EXPERIENCE OF MANKIND
AS ONE OF THE BROADEST
GENERALIZATIONS OF NATURAL
PHILOSOPHY. IT SERVES AS THE
GUIDING INSTRUMENT IN RESEARCHES
IN THE PHYSICAL AND SOCIAL SCIENCES AND
IN MEDICINE, AGRICULTURAL AND ENGINEERING
IT IS AN INDISPENSABLE TOOL FOR THE ANALYSIS AND THE
INTERPRETATION OF THE BASIC DATA OBTAINED BY OBSERVATION AND EXPERIMENT.

6.4.5 द्विपद(BD), प्वायसन (PD) तथा सामान्य वितरण (ND) में संबंध–

द्विपद प्वायसन तथा सामान्य वितरण एक दूसरे से संबंधित हैं। संबंध नीचे दर्शाया गया हैः

अ. द्विपद तथा सामान्य वितरण के मध्य संबंध

द्विपद वितरण निम्न परिस्थितियों में सामान्य वितरण की ओर उन्मुख होता हैः

1. n अनंत की ओर उन्मुख हो अर्थात्
2. p तथा qमें से कोई भी बहुत छोटा न हो।

ब. प्वायसन और सामान्य वितरण के मध्य संबंध

जब प्वायसन वितरण का प्राचाल 'm' बहुत बड़ा हो जाता है अर्थात् $m \to \infty$तो प्वायसन वितरण सामान्य वितरण की ओर उन्मुख हो जाता है।

6.4.6 सामान्य तथ द्विपद वितरण में अंतर

सामान्य तथा द्विपद वितरण में निम्नलिखित अंतर होते हैंः–

1. **प्रकृति**– द्विपद वितरण असतत प्रायिकता है जबकि सामान्य वितरण सतत प्रायिक वितरण है।
2. **प्रायिकता फलन**– द्विपद वितरण का प्रायिकता फलन निम्न प्रकार से है–

$$P(X = x) = {}^{n}C_{x} q^{n-x} . p^{x}$$

सामान्य वितरण का प्रायिकता फलन

$$P\,(X = x) = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}} \cdot e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{X-\overline{X}}{\sigma}\right)^2}$$

3. **N का मान**–द्विपद वितरण में परखों की संख्या निश्चित होती है जबकि सामान्य वितरण में अनंत के निकट होता है अर्थात् $n \to \infty$

   प्राचल– द्विपद वितरण के दो प्राचल हैं, n तथा p जबकि सामान्य वितरण के भी दो प्राचल हैं $\overline{X}$ तथा σ

4. **आकार**– सामान्य वितरण सममित तथा असममित हो सकता है। वह तथा के मान पर निर्भर करता है जबकि दूसरी तरफ सामान्य वितरण हमेंशा सममित होता है।

6.5 सामान्य वक्र के नीचे के क्षेत्रफल का मापन

सामान्य वक्र के नीचे के क्षेत्रफल को मापने के लिए निम्न कदम उठाए जाते हैं

1. सर्वप्रथम दिए गए सामान्य चर को standard normal variate में बदलते हैं। बदलीकरण का सूत्र निम्न हैः

$$Z = \frac{X - \overline{X}}{\sigma}$$

उदाहरण के लिए, यदि $\overline{X}$=30, σ=5तथा X 35 हो तो 35 के सापेक्ष standard normal variate होगाः

$$Z = (35-30)/5 = 1$$

अतः 35 का बदलीकरण 1 होगा

2) तब किसी निश्चित मान के लिए क्षेत्रफल अध्याय के अंत में दिए गए क्षेत्रफल तालिका से प्राप्त किया जा सकता है।

अध्याय के अंत में दी गयी तालिका 0 से Z के मध्य का क्षेत्रफल दर्शाती है जो कि निम्न चित्र से दर्शाया गया हैः

उदाहरण 6.1 Z=0.75तथा Z=1.85**के मध्य सामान्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल ज्ञात करो।**

हलः

वांछित क्षेत्रफल = (Z=0से Z=1.85के मध्य क्षेत्रफल)- (Z=0 से Z=0.75 के मध्य क्षेत्रफल)

= 0.4678 – 0.2734 = 0.1944

उदाहरण 6.2 : Z= +0.36 **के दायें का क्षेत्रफल ज्ञात करो।**

हलः

वांछित क्षेत्रफल

=(Z=0 के मध्य क्षेत्रफल)- (Z=0 से Z= 0.36 के मध्य क्षेत्रफल

= 0.5000 - 0.1406

= 0.3594

उदाहरण 6.3 : Z= -1.25 के दायीं ओर या Z= -1.25 से अधिक का क्षेत्रफल ज्ञात करो

हल

वांछित क्षेत्रफल = (Z=-1.25 तथा Z= 0 के मध्य क्षेत्रफल के दायीं ओर का क्षेत्रफल

= 0.3944 + 0.5000

= 0.8944

6.6 सामान्य वितरण का उपयोग

अब आप सामान्य वितरण के उपयोंगों का अध्ययन करेंगे।

6.6.1 सामान्य चर के Xbar तथा σका मान ज्ञात होने/दिए जाने पर क्षेत्रफल ज्ञात करना

सामान्य वितरण के नीचे का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम सामान्य चर को Z चर में बदलना पड़ता है। उदाहरण के लिए यदि $\overline{X}$ =30,σ =5 तथा X =35 हो तो standard normal variate इस प्रकार बदला जाएगाः

Z= (35-30)/5 =1

जहाँ $Z= (X-\overline{X})/\sigma$

अतः X=35 के लिए standard normal variate =1 है।

Z बदलीकरण के पश्चात सामान्य वक्र के नीचे के क्षेत्रफल वाले तालिका लेते हैं।

उदाहरण 6.4: 1000 परीक्षार्थियों पर किए गए अभिक्षमता परीक्षण करने पर पता चलता है कि औसत स्कोर 42 तथा स्कोर का प्रमाप विचलन 24 है। स्कोर के लिए सामान्य वितरण मानते हुए ज्ञात कीजिए 1) 60 से अधिक स्कोर पाने वाले परीक्षार्थियों की संख्या तथा 2) 30 से 66 के मध्य स्कोर करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या

हल: दिया है $\overline{X}=42, \sigma=24, N=1000$

1) 60 से अधिक

Z=60 के सापेक्ष standard normal variate (SNV)

$= (X-\overline{X})/\sigma$

$=(60-42)/24$

$=18/24$

$=3/4$

$=0.75$

वांछित प्रायिकता =

(Z=0 के दायीं ओर क्षेत्रफल) - (Z=0**तथा** Z=0.75 के मध्य क्षेत्रफल)

= 0.5000- 0.2734 = 0.2266

अर्थात् 60 से अधिक स्कोर करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या =1000 x 0.2266 =222.6

या 227

2) 30 तथा 66 के मध्य

Z_1= 30 के सापेक्ष standard normal variate (SNV)

$= (X-\overline{X})/ \sigma = (30-42)/24 = -12/24 = -0.5$

Z_2 = 66 के सापेक्ष standard normal variate (SNV)

$= (X-\overline{X})/ \sigma = (66-42)/24 = 24/24 = +1$

वांछित क्षेत्रफल

=(Z= -0.5 से Z= 0 के मध्य क्षेत्रफल)+(Z=0 तथा Z= =1 के मध्य क्षेत्रफल)

=0.1915 + 0.3413 = 0.5328

अतः 30 तथा 66 के मध्य स्कोर करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या=1000 x 0.5328 = 532.8 या 533

उदाहरण 6.5 : सैनिकों की औसत लम्बाई 68.22 इंच तथा प्रसरण 10.8 है। 1000 सैनिकों वाली टुकड़ी में 6 फीट से अधिक लम्बे सैनिकों की संख्या बताओ।

हलः दिया है $\overline{X}$ = 68.22, σ^2= 10.8 या$\sigma=\sqrt{10.8} = 3.28$

6 फीट से अधिक (अर्थात्72 इंच से अधिक)

X=72 के लिए, $Z = (X - \overline{X})/\sigma = (72-68.22)/3.28 = 3.78/3.28 = 1.15$

वांछित क्षेत्रफल=

(Z=0 के दायीं ओर क्षेत्रफल) - (Z=0**तथा** Z=1.15 के मध्य क्षेत्रफल)

= 0.5000- 0.3749 = 0.12251

अतः 6 फीट अधिक लम्बाई वाले सैनिकों की प्रत्याशित संख्या= 1000x 0.1251 = 125. ≈125

6.6.2 सामान्य वक्र के नीचे के क्षेत्रफल ज्ञात होने पर माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करना

जब सामान्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल ज्ञात हो तो माध्य तथा प्रमाप विचलन का मान ज्ञात कर सकते हैं।

उदाहरण 6.6 : एक साममन्य वितरण में 31% मद के नीचे तथा 8% मद 64 से ऊपर हैं। $\overline{X}$ तथा σका मान ज्ञात करो।

हलः

$Z=(X-\overline{X})/\sigma$

तालिका से Z=0.5 -0.3 के सापेक्ष Z का मान

= 0.19 क्षेत्रफल

= -0.5

$\therefore$ -0.5 = (45-$\overline{X}$)/σ

या, -0.5σ= 45-$\overline{X}$

$\overline{X}$ -0.5σ = 45 (i)

Z=0.5-0.08 के सापेक्ष Z का मान

= 0.42 क्षेत्रफल = +1.41 (तालिका स)

$\therefore$ 1.41 = (64-$\overline{X}$)/σ

या 1.41σ = 64-$\overline{X}$

या $\overline{X}$ + 1.41σ = 64 (तालिका से)

दोनों समीकरणों को हल करने पर

$\overline{X}$ -0.5σ = 45

$\overline{X}$ +1.41σ = 64

\- - -

-1.91σ = -19

σ = 10

σका मान समीकरण 1) पर रखने पर

$\overline{X}$ -0.5 (10) = 45

$\overline{X}$ -5=45

या, $\overline{X}$ =50

$\therefore$ $\overline{X}$ = 50, σ =10

उदाहरण 6.7 : एक वितरण पूर्णतया 7% मद 35 से कम हैं तथा 89% मद 63 से कम/नीचे हैं। वितरण का माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो।

हलः 0.43 क्षेत्रफल के सापेक्ष Z का मान =1.48

$\therefore$ 1.48 = (35-$\overline{X}$)/σ

या -1.48σ = 35-$\overline{X}$

या $\overline{X}$ -1.48σ = 35 (i)

0.39 क्षेत्रफल के सापेक्ष Z का मान =+1.23

1.23 = (63-$\overline{X}$)/σ

$$1.23\sigma = 63 - \overline{X}$$

$$\overline{X} + 1.23\sigma = 63 \qquad \text{(ii)}$$

दोनों समीकरण हल करने पर

$$\overline{X} - 1.48\sigma = 35$$

$$\overline{X} + 1.23\sigma = 63$$

$$-2.71\sigma = -28$$

$$\sigma = 28/2.71$$

$$= 10.33$$

σका मान समीकरण 1) पर रखने पर

$$\overline{X} - 1.48(10.33) = 35$$

$$\overline{X} - 15.3 = 35$$

$$\overline{X} = 50.3$$

अतः $\overline{X} = 50.3, \sigma = 10.33$

6.6.3 उच्चतम तथा न्यूनतम वर्ग में उच्चतम तथा न्यूनतम स्कोर ज्ञात करना।

जब $\overline{X}$, σतथा उच्चतम तथा न्यूनतम वर्ग का समानुपात ज्ञात हो तब आप उच्चतम तथा न्यूनतम वर्ग में उच्चतम तथा न्यूनतम स्कोर ज्ञात कर सकते हैं।

उदाहरण 6.8 : 5000 कर्मचारियों का भाड़ा सामान्य रूप से वितरित है जिसका माध्य रू 2000 तथा प्रमाप विचलन रू 120 है। ऊपर से 500 सबसे धनी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम भाड़ा क्या है?

हलः दिया है N=5000, $\overline{X} = 2000, \sigma = 120$

सबसे धनी कर्मचारियों का अनुपात = 500/5000 = 1/10 = 0.10

0.40 क्षेत्रफल के सापेक्ष का मान = 1.29

हम जानते हैं $Z = (\overline{X})/\sigma$

$$\overline{X} - 2000 = 154.8$$

$$\overline{X} = 2154.8$$

अतः सबसे धनी 500 कर्मचारियों के लिए न्यूनतम भाड़ा रू 2154.8 है।

उदाहरण 6.9 एक परीक्षण के अंक/ मार्कस सामान्य रूप से वितरित हैं जिसका माध्य 75 तथा प्रमाप विचलन 5 है। यदि ऊपर से 5 प्रतिशत छात्र ग्रेड ए प्राप्त करें तथा नीचे 25 प्रतिशत ग्रेड एफ तो ए का न्यूनतम तथा एफ का अधिकतम अंक ज्ञात करें।

हलः दिया है $\overline{X} = 75$, $\sigma=5$

$Z=(X-\overline{X})/\sigma$

0.5-0.25 के सापेक्ष Zका मान = 0.25 क्षेत्रफल

= -0.68 (तलिका से)

$\therefore$ -0.68 = (X-75)/5

या,-0.68x5= X-75

X = 71.6 या 72

अतः नीचे से 25 प्रतिशत छात्रों का उच्चम अंक 72 होगा।

(0.05-0.05)= 0.45 क्षेत्रफल के सापेक्ष Zका मान

= 1.65 (तालिका से)

$\therefore$ 1.65 = (X-75)/5

या,1.65x5= X-75

या,8.25 = X-75

या,X=83.25 या83

अतः ऊपर से 5 प्रतिशत छात्रों का न्युनतम अंक 83 है।

6.7 सामान्य वक्र को फिट करना

सामान्य वक्र को फिट करने के दो तरीके हैं:

6.7.1 कोटि विधि तरीका

इस विधि में SNV के कोटि का उपयोग करते हैं। इस विधि में निम्नलिखित चरण होते हैं:

(i). सर्वप्रथम दिए गए वितरण का माध्य तथा प्रमाप विचलन का मान ज्ञात करो।

(ii). प्रत्येक वर्ग अंतराल का मध्य बिन्दु ज्ञात करो तथा इसे से प्रदशित करो।

(iii). प्रत्येक Xके लिए $Z=(X-\overline{X})/\sigma$ज्ञात करो।

(iv). कोटि तालिका से Zके प्रत्येक मान के लिए कोटि का मान ज्ञात करो।

(v). इन प्रत्येक मानों को N x i/σ से गुणा करो तथा प्रत्याशित आवृत्ति ज्ञात करो।

यहाँ पर N = मदों की संख्या

i=वर्ग अंतराल की लम्बाई

σ =प्रमाप विचलन

उदाहरण 6.10 निम्नलिखित डाटा पर कोटि विधि से सामान्य वक्र फिट करो।

चर	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
f:	3	5	8	3	1

हलः सामान्य वक्र फिट करने के लिए $\overline{X}$ तथा σ ज्ञात करो

$\overline{X}$ तथा σ को ज्ञात करना

चर	**F**	**MV (X)**	**d**	**d'=d/i**	**fd'**	**fd'²**
0-10	3	5	-20	-2	-6	12
10-20	5	15	-10	-1	-5	5
20-30	8	25	0	0	0	
30-40	3	35	+10	1	+3	3
40-50	1	45	+20	2	+2	4
	N=20				∑fd'=-6	∑fd'²=24

$$\overline{X} = A + \frac{\sum fd'}{N} \times i = 25 + \frac{-6}{20} \times 10 = 22$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\sum fd'^2}{N} - \left(\frac{\sum fd'}{N}\right)^2} \times i$$

$$= \sqrt{\frac{24}{20} - \left(\frac{-6}{20}\right)^2} \times 10 = 10.53$$

$\overline{X}$ तथा σका मान ज्ञात करने के पश्चात निम्न प्रक्रिया अपनाओ–

चर (1)	f (2)	MV (X) (3)	Z=(X-$\overline{X}$)/σ (4)	कोटि तालिका से कोटि का मान (5)	fe=कोटि x Nx i/σ (6)
0-10	3	5	-1.61	0.1092	2.07=2
10-20	5	15	-0.66	0.3209	6.09=6
20-30	8	25	0.28	0.3836	7.28=7
30-40	3	35	1.28	0.1872	3.55=4
40-50	1	45	2.18	0.0371	0.7046=1
					N=20

6.7.2 क्षेत्रफल विधि

इस विधि में SNV के अन्तर्गत क्षेत्रफल तालिका का उपयोग करते हैं। इस विधि में निम्न चरण होते हैं–

(i). सर्वप्रथम दिए गए वितरण का $\overline{X}$ तथा σ ज्ञात करो।

(ii). प्रत्येक वर्ग अन्तराल की न्यून सीमा को लिखो तथा इसे X से प्रदर्शित करो।

(iii). प्रत्येक न्यून वर्ग सीमा,X, के लिए $Z=(X-\overline{X})/\sigma$ज्ञात करो।

(iv). Zके प्रत्येक मान के लिए क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।(क्षेत्रफल तालिका से)

(v). इसके बाद प्रत्येक दो लगातार मानों के मध्य क्षेत्रफल ज्ञात करो। इनके चिन्ह समान हैं और जब Z में भिन्न चिन्ह हों तो उनको जोड़ो।

(vi). इन प्रत्येक मानों में N से गुणा करके प्रत्याशित आवृत्ति ज्ञात करो।

उदाहरण 6.11 : निम्न डाटा पर सामान्य वक्र फिट करो।

चर	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
f:	3	5	8	3	1

हल : ऊपर के उदाहरण से हम प्राप्त करते हैं कि $\overline{X}$=22, σ=10.53 तथा N=20

$\overline{X}$ तथा σ का मान ज्ञात करने के पश्चात हम निम्न विधि अपनाते हैं:

चर (1)	न्यून वर्ग सीमा (2)	$Z=(X-\overline{X})/\sigma$ (3)	0 से Z का क्षेत्रफल (4)	प्रत्येक वर्ग अंतराल का क्षेत्रफल (5)	fe=क्षेत्रफल x N (6)
0-10	0	-2.09	0.4817	0.1088	2.17≈2
10-20	10	-1.14	0.3729	0.2975	5.95≈6
20-30	20	-0.19	0.0753	0.3518	7.036≈7
30-40	30	0.76	0.2764	0.1800	3.6≈4
40-50	40	1.71	0.4564	0.0397	0.794≈1
50-60	50	2.66	0.4961		
					N=20

6.8 सारांश

प्वायसन प्रक्रिया में दो घटनाओं के मध्य समय को घातांकी वितरण से वर्णन करते हैं। अर्थात एक प्रक्रिया जिसमें घटनाएं औसत दर से सतत तथा स्वतंत्र रूप से घटित होती हैं। यह गुणोत्तर वितरण का सतत रूप है। बीटा वितरण भी सतत प्रायिकता वितरण है जो कि अंतराल (0,1) पर परिभाषित है तथा इसके दो आकार प्राचल हैं तथा। बीटा वितरण का प्रयोग उन अनुपातों की सांख्किीय माडलिंग में करते हैं जहाँ पर अनुपात 0 या 1 न हो। सामान्य वितरण एक बहुत महत्वपूर्ण तथा बहुतायत उपयोग होने वाला वितरण है इसका उपयोग मुख्यतः सतत दैव चरों जैसे वजन, लम्बाई, तथा छात्रों के समूह का बुद्धिमत्ता इत्यादि के व्यवहार के अध्ययन में होता है।

6.9 शब्दावली

घातांकी वितरणः एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें घटनाएं स्वतंत्र तथा सतत रूप से एक निश्चित औसत दर से घटित होती है।

6.10 बोध प्रश्न

1. द्विपद वितरण असतत प्रायिकता है जबकि सामान्य वितरण ..... प्रायिकता वितरण है।
2. सामान्य प्रायिकता वितरण की खोज अंग्रेजी गणितज्ञ .....ने 1733 में की थी।
3. सामान्य वितरण का प्रसार दोनों ही तरफ ..... तक है ।
4. $\overline{X}$ -2σ तथा $\overline{X}$ +2σ के मध्य सामान्य वक्र का क्षेत्रफल .....है ।

6.11 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. सतत 2. अब्राहम डिमोरे 3. अनन्त 4. 0.9973

6.12 स्वपरख प्रश्न

1. सामान्य वक्र के अंतर्गत तालिका का उपयोग करते हुए निम्नलिखित स्थितियों में क्षेत्रफल ज्ञात करोः
   - **(i).** Z=0तथा Z=1.3के मध्य।
   - **(ii).** Z=0.75 तथा Z=0के मध्य।
   - **(iii).** Z=-0.56 तथा Z=2.45 के मध्य।
   - **(iv).** Z=0.85 तथा Z=1.96 के मध्य।
2. 1000 मजदूरों के प्रतिदर्श में औसत वजन 45 किग्रा तथा प्रताप विचलन 15 किग्रा है। सामान्य वितरण मानते हुए 40 तथा 60 किग्रा के मध्य वजन वाले मजदूरों की संख्या बताइए।
3. सामान्य वितरण जिसका माध्य 5 तथा SD = 3 हो से एक मद दैव निदर्शन द्वारा चुने जाने पर उसके 2.57 तथा 4.34 के मध्य होने की प्रायिकता ज्ञात करो।
4. एक सामान्य वितरण का माध्य 12 तथा प्रमाप विचलन 2 है। X_1= 9.6 तथा X_2= 13.8 के मध्य का क्षेत्रफल ज्ञात करो।
5. एक सामान्य वितरण जिसका माध्य 12 तथा प्रमाप विचलन 2 हो X_1=6 तथा X_2= 18 के मध्य वक्र के अंतर्गत क्षेत्रफल ज्ञात करो।
6. एक परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा प्राप्त अंक सामान्य वितरित है। यदि 10 प्रतिशत ने 40 से कम अंक प्राप्त किए हों तथा 15 प्रतिशत ने 80 से अधिक अंक प्राप्त किए हों तो अंको का माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो।
7. एक परीक्षा में 15 प्रतिशत उम्मीदवार विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण हुए जबकि 25 प्रतिशत फेल हो गए। हमें यह ज्ञात है कि 100 में से 40 से कम अंक प्राप्त करने पर उम्मीदवार फेल हो जाता है तथा विशिष्टता प्राप्त करने के

लिए 75 से अधिक अंक प्राप्त करना होता है। अंकों को सामान्य वितरित मानते हुए उनके वितरण का माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो।

8. दिया गया है कि 84 प्रतिशत आदमियों की लम्बाई 65.2 इंच से कम है तथा 68 प्रतिशत आदमियों की लम्बाई 65.2 इंच 62.8 के मध्य है। आदमियों के समूह के लम्बाई को सामान्य वितरित मानते हुए उसका माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो।

9. एक परीक्षा में उत्तीर्ण तथा विशिष्टता का प्रतिशत क्रमशः 46 तथा 9 है। उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त औसत अंक तथा उनका प्रमाप विचलन ज्ञात करो। जब न्यूनतम उत्तीर्ण अंक तथा विशिष्टता अंक क्रमशः 40 तथा 75 है। (मानो कि अंकों का वितरण सामान्य है।)

10. 500 मजदूरों की मासिक आय सामान्य वितरित है जिसकामाध्य रू 2000 तथा प्रमाप विचलन रू 200 है। सबसे अमीर मजदूरों की न्यूनतम आय बताओ।

11. 5000 व्यक्तियों के एक समूह की आय सामान्य वितरित है जिसका माध्य रू 100 तथा प्रमाप विचलन रू 75 है। 200 सबसे गरीब आदमियों की अधिकतम आय बताओ। (Z=0 से Z=1.75 तक के सामान्य वक्र का क्षेत्रफल 0.46 है।)

12. एक कक्षा के विद्यार्थियों के अंक सामान्य वितरित हैं जिसका $\overline{X}$ =6.7 तथा SD=1.2 है। अंकों को सामान्य वितरित मानते हुए कक्षा के निचले 10 प्रतिशत विद्यार्थियों का अधिकतम अंक बताओ।

13. 1000 छात्रों पर किए गए एक बुद्धिमत्ता परीक्षण का औसत स्कोर 42 तथा प्रमाप विचलन 24 है। यदि ऊपरी 10 प्रतिशत छात्र ग्रेड ए प्राप्त करते हैं तो ए ग्रेड प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंक/स्कोर क्या है?

14.

(i). सामान्य वक्र को फिट करने के दो विधियों के नाम बताओ।

(ii). निम्नलिखित डाटा पर कोटि विधि से सामान्य वक्र फिट करो।

वर्ग अंतराल	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
f:	5	8	12	8	7

15. क्षेत्रफल विधि से निम्नलिखित डाटा पर सामान्य वक्र फिट करो।

वर्ग अंतराल	10.5-20.5	20.5-30.5	30.5-40.5	40.5-50.5	50.5-60.5	60.5-70.5	70.5-80.5
f:	12	28	40	60	32	20	8

16. निम्नलिखित डाटा पर सामान्य वक्र फिट करें।

माध्यबिन्दु	61	64	67	70	73
f:	5	8	42	27	8

17. निम्नलिखित डाटा पर सामान्य वक्र फिट करें।

ऊँचाई (सेमी)	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
छात्रों की संख्या	5	8	42	27	8

दिया है $\overline{X}$ =67.45 cm,σ=2.92 cm, N=100

स्वपरख प्रश्नों के उत्तर

1. अ) 0.4032 ब) 0.2734 स)0.7052 द)0.1727
2. 471
3. 0.2039
4. 70.08 प्रतिशत
5. 99.74 प्रतिशत

6- [=62.15, =17.16]

7- [53.79, =20.46]

8- [=64, =1.2]

9- [=37.18, =28.22]

10- 2,134Rs

11- Rs 768.75

12- 5.164 या5

13- 72.73 या73

14- f=3,9,14,10,4

15- f=9,26,45,54,40,20,6

16- f=4,20,41,28,7

17- f=4,20,41,28,7

6.13 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Roy Ramendu, *'Principles of Statistics'* Prayag Pustak Bhawan, Allahabad.
2. Gupta S. P. & Gupta M. P., *'Business Statistics'* Sultan Chand & Sons, New Delhi.
3. Shukla S. M. & Sahai S. P., '*Advanced Statistics*' Sahitya Bhawan Publications, Agra.
4. Goon, Gupta and Dasgupta, 'Basic Statistics' World Press Limited – Calcutta.
5. Fundamentals of Business Statistics – Sanchethi and Kappor.
6. Srivastava, Shenoy and Guptha, 'Quantitative Methods in Management'.

इकाई 7 परिकल्पना परीक्षण की प्रक्रिया (Procedure of Testing a Hypothesis)

इकाई की रुपरेखा

7.1 प्रस्तावना
7.2 नमूने का वितरण एवं मानक त्रुटि
7.3 अनुमान के सिद्धान्त
7.4 परिकल्पनाओं का परीक्षण
7.5 सारांश
7.6 शब्दावली
7.7 बोध प्रश्न
7.8 बोध प्रश्नों के उत्तर
7.9 स्वपरख प्रश्न
7.10 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- परिकल्पना के परीक्षण के विभिन्न तरीकों को समझ सकें।
- परिकल्पना के परीक्षण के अनुप्रयोगों का वर्णन कर सकें।

7.1 प्रस्तावना

सांख्यिकीय जॉच में, विचाराधीन वस्तुओं की कुलता को समग्र कहा जाता है। एक समग्र जिसमें वस्तुओं/चीजों/इकाईयों की परिमित संख्या होती है उसे परिमित समग्र कहा जाता है। एक समग्र जिसमें वस्तुओं/चीजों/इकाईयों की अपरिमित संख्या होती है उसे अपरिमित समग्र कहा जाता हैं । समग्र से संबंधित इकाईयों में विशेषताऐं जैसे ऊॅचाई, वजन आदि शामिल है। इस प्रकार, सांख्यिकीय जॉच में हम छात्रों की ऊॅचाईयों का जो एक विद्यालय में अध्ययन करते हैं, का हवाला दे सकते हैं। दूसरी परिस्थिति में हम आमों के वजनों का जो एक पेड में व्यस्क हो रहें हैं का हवाला दे सकते हैं। जब समग्र विशाल है, सांख्यिकीय जॉच करते समय, हम समग्र में प्रत्येक इकाई के साथ संपर्क करने में सक्षम नहीं हो सकते है। इसलिए, जॉच नमूने पर आधारित हो सकती है (समग्र का एक प्रतिनिधि भाग) इस परिस्थिति में जॉच को नमूना सर्वेक्षण कहा जाता है।

मान लीजिए 'N' आकार के समग्र से 'n' इकाईयों को चयनित करना है आकार 'n' मके एक नमूने से ये चयनित इकाईयॉ समग्र के एक नमूने से निकाली जातीा हे, यदि इकाईयों का चयन निश्चित पूर्व निर्धारित प्रायिकताओं के अनुसार होता है, इस तरह के नमूने को यादृच्छिक नमूना कहा जाता हे। यदि सभी इकाईयों के लिए प्रायिकताऐं समान हैं, तो चयन सरल यादृच्दिक नमूनाकरण कहलाता है।

समग्र मे ंचर राशि के लिए, मान लीजिए हम जैसे माध्य, मानक विचलन आदि स्थिर राशि ज्ञात करते हैं तो इन स्थिर राशियों को समग्र का प्राचल कहा जाता है। दसरी

तरफ, यदि हम नमूने का माध्य, मानक विचलन आदि ज्ञात करते हैं, उन्हें सांख्यिकीय कहा जाता है। प्राचलन समग्र की एक सांख्यिकीय स्थिर राशि है। आंकडा नमूनों मानो का एक फलन है।

इस प्रकार, एक विद्यालय के छात्रों की माध्य ऊँचाई एक प्राचल है। जबकि विद्यालय के 50 यादृच्छिक चयनित छात्रों की माध्य ऊँचाई एक ऑकडा है।

समग्र का सांख्यिकीय वितरण एक प्राचल (पायसन वितरण) के द्वारा निर्धारित किया जा सकता है। या इसका निर्धारण एक से ज्यादा प्राचलों द्वारा किया जा सकता है जैसे सामान्य वितरण मे ंदो प्राचल माध्य एवं मानक विचलन होते हैं, द्विपद वितरण मे ंदो प्राचल n एवं p होते हैं समग्र प्राचल के सभी स्वीकार्य मानो ंका समूह (समुच्चय) प्राचल अतंराल कहलाता हैः यदि एक प्राचल अकेले समग्र के सांख्यिकीय वितरण के वर्णन के लिए पर्याप्त है तो प्राचल अंतराल एक आयामी है। दूसरी तरफ, यदि दो प्राचल समग्र का वर्णन करते हैं तो प्राचल अंतराल द्वि आयामी है और इसी तरह।

7.2 नमूने का वितरण एवं मानक त्रुटि

मान लीजिऐ एक समग्र से 'n' आकार का एक नमूना लिया जाता है और नमूना माध्य $\bar{x}$ की गणना की जाती है। समग्र मे ंसे समान आकार के इस तरह के बहत से नमूने लिये जा सकते हे। 'n' आकार के सभी नमूनों का समुच्चय जिसे समग्र में से लिया जा सकता है, नमूना अंतराल कहा जाता है। प्रत्येक नमूने के लिए $\bar{x}$ की गणना की जा सकती है। इसलिए $\bar{x}$ के बहुत मान हो सकते हैं मान लीजिए प्राचल अंतराल में, $\bar{x}$ के इन विभिन्न मानो ंको आवृत्ति वितरण के रूप में सारणीबद्ध किया गया हो, तो परिणामी वितरण को $\bar{x}$ का नमूने का वितरण कहा जाता है। इस नमूने के वितरण का मानक विचलन मानक त्रुटि (S.E) कहलाता है।

समान आकार के विभिन्न नमूनों के लिए ऑकडों के मानों का वितरण आंकडों का नमूना वितरण कहलाता है।

ऑकडों की मानक त्रुटि, ऑकडों के नमूने वितरण का मानक विचलन है। अन्य आंकडों का नमूना वितरण जैसे नमूना माध्यिका भी लिखा जा सकता है।

इन प्रत्येक परिस्थिति मे ंसमतुल्य मानक विचलन मानक त्रुटि (S.E) होगा!

एक समग्र जिसका माध्य (μ) एवं मानक विचलन (σ) है का ध्यान करें। चर्चाऐं आरामदायक होंगी, इसलिए यहॉ हम अपने को केवल बडे समग्र तक सीमित करते हैं तब $\bar{x}$ का नमूना वितरण का माध्य μ और मानक त्रुटि $\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$ है। जो कि $E(\bar{x}) = \mu$ और $\text{S.E}(\bar{x}) = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$ है।

यदि समग्र से आकार n_1 का यादृच्छिक नमूना लिया जाता है जिसका माध्य μ_1 है और मानक विचलन σ_1 है। दूसरे , समग्र से यदि n_2 आकार का यादृच्छिक नमूना भी लिया जाता है जिसका माध्य μ_2 और मानक विचलन σ_2 है यदि $\overline{x_1}$ पहले नमूने का माध्य हो और $\overline{x_2}$ दूसरे नमूने का माध्य हो तो

$$E(\overline{x_1} - \overline{x_2}) = (\mu_1 - \mu_2) \; and \; S.E.(\overline{x_1} - \overline{x_2}) = \sqrt{\frac{\sigma_1^2}{n_1} + \frac{\sigma_2^2}{n_2}}$$

मानक त्रुटि या अनुपात

समग्र में, मान लीजिए इकाईयों का द्विपालिक वर्गीकरण (दो वर्गों मे ंवर्गीकरण) उन इकाईयों के रूप में संभव है जो एक गुण रखते हैं और जो गुण नहीं रखते हैं उदाहरण के लिए:

(i) गॉव के लोगों का वर्गीकरण जैसे शिक्षित एवं अशिक्षित

(ii) विद्यालय के छा़त्रों का वर्गीकरणजैस गरीब एवं अमीर

(iii) फलों का वर्गीकरण जैसे पका एवं कच्चा

(iv) कर्मचारियों का वर्गीकरण जैसे संतुष्ट एवं असंतुष्ट

(v) ग्राहकों का वर्गीकरण

समग्र में यदि p इकाईयों का अनुपात है जो विशेषता (गुण) रखता है। इस तरह के समग्र में से, मान लीजिए एक n आकार का यादृच्छिक नमूना लिया जाता है। यदि x इन n इकाईयों के वर्ग से सम्बन्धित है जो इस गुण को रखते हैं।

तब, $p = \frac{x}{n}$ गुण का एक नमूना अनुपात है।

यहॉ, $p = \frac{x}{n}$ माध्य $E(p) = p$

और मानक त्रुटि $S.E.(p) = \sqrt{\frac{pq}{n}}$

जहॉ $Q = 1 - p$

यदि एक आकार n_1 का सहज गुण यादृच्छिक नमूना एक समग्र से p_1 अनुपात के साथ लिया जाता है। यदि x_1 इकाईयों मे ंनमूना सहजगुण रखता है। तब, नमूना अनुपात $p_1 = \frac{x_1}{n_1}$ है। यदि एक आकार n_2 का सहजगुण यादृच्छिक नमूना समग्र से p_2 अनुपात के साथलिया जाता है। यदि x_2 इकाईयो ं में नमूना सहजगुण रखता है। तब नमूना अनुपात $p_2 = \frac{x_2}{n_2}$ है। यहॉ नमूना अनुपातों के माध्य मे ंअन्तर $E(p_1 - p_2) = (p_1 - p_2)$ और मानक त्रुटि $S.E.(p_1 - p_2) = \sqrt{\frac{P_1 Q_1}{n_1} + \frac{P_2 Q_2}{n_2}}$ जहॉ $Q_1 = 1 - P_1$ और $Q_2 = 1 - P_2$.

यहॉ यदि $P_1 = P_2 = P$

तब मानक त्रुटि $\sqrt{PQ\left[\frac{1}{n_1} + \frac{1}{n2}\right]}$ है।

इस प्राकर, कुछ ऑकडों के माध्यों एवं मानक त्रुटियॉ निम्नवत है।

ऑकडा	माध्य	मानक त्रुटि

x (*Sample mean*)	μ	$\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$
$\bar{x}_1-\bar{x}_2$ (*difference of means*)	$\mu_1-\mu_2$	$\frac{\sigma_1^2}{n_1}+\frac{\sigma_2^2}{n_2}$
P (*Sample mean*)	P	$\sqrt{\frac{PQ}{n}}$
P_1-P_2 (*difference of proportions*)	$P_1=P_2$	$\sqrt{\frac{P_1Q_1}{n_1}+\frac{P_2Q_2}{n_2}}$
P_1-P_2 (*when* $P_1=P_2=P$)	0	$\sqrt{pQ\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}$

मानक त्रुटि की उपयोगिता

मानक त्रुटि आंकडे की परिवर्तनशीलता की माप है। यह आंकलन एवं परिकल्पनाओं के परीक्षण के लिए उपयोगी है।

(i) आंकलन के सिद्धान्त में, मानक त्रुटि का प्रयोग एक अनुमानक के रूप में ऑकडों की दक्षता एवं तालमेल को निर्धारित करना है।

(ii) आंकलन अंतराल में, मानक त्रुटि का प्रयोग विश्वसनीयता अंतरालों को लिखना है।

(iii) परिकल्पनाओं के परीक्षण में, परीक्षण की मानक त्रुटि का उपयोग ऑकडे परीक्षण के विवरण को मानकीकृत करने के लिए किया जाता है।

सांख्यिकीय अनुमानः सांख्यिकीय अनुमान सांख्यिकी की वह शाखा है जो समग्र से लिये गये नमूनों का उपयोग करते हुए समग्र के सांख्यिकीय प्रकृति के बारे मे ंनिर्णय लेने के सिद्धान्त और तकनीकों से संबंधित है। सांख्यिकीय अनुमानो ंकी दो शाखाऐं होती है, वो हैं, (1) अनुमान के सिद्धान्त (2) अनुमानों का परीक्षण

7.3 अनुमान के सिद्धान्त

सांख्यिकीय में, हम प्रायः ऐसी स्थिति में आते हैं जहॉ हम समग्र के एक प्राचल के संभावित मूल्य के बारे मे ंबात करेंगें। मान लीजिए एक बागवानी अनुसंधान केंद्र ने केले का संकर किस्म विकसित किया है। केन्द्र हमसे इस तरह के केले के औसत वजन को जानना चाहता है। इस उद्देश्य के लिए, कुल केले यादृच्छिक चुने जाते हैं और उनके माध्य वजन की गणना की जाती है। यह माध्य वजन (नमूना माध्य) संभावित समग्र माध्य के रूप में प्रस्तावित है। इस प्रकार नमूना माध्य $\bar{x}$,समग्र माध्य μ का एक अनुमानक है। एक विशिष्ट नमूने के लिए मान लीजिए नमूना माध्य वजन 84 ग्राम है, $\bar{x}$ के इस विशिष्ट मान समग्र माध्य का आंकलन कहा जाता है। अज्ञात प्राचल का अनुमानक एक आंकडा है जो उस प्राचल के संभावित मान को

निर्दिष्ट करता है। अनुमान विशिष्ट नमूने के लिए अनुमानक का एक विशिष्ट मान है। अनुमानक एक आंकडा है, जबकि अनुमान (आंकलन) एक संख्यात्मक मान है।
अनुमान (आंकलन) समग्र से लिये हुए नमूने के सांख्यिकीय का प्रयोग करते हुए समग्र प्राचल के संम्भावित मान के लिए अपनाई गई विधियों और तकनीकों से सम्बन्धित है। आंकडों के दो प्रकार होते हैं वो हैं, (1) बिन्दु आंकलन (2) अंतराल आंकलन

बिन्दु आंकलन (अनुमान) :– एक अज्ञात प्राचल का अनुमान लगाते समय, यदि एक एकल मान अनुमान के रूप में प्रस्तावित होता है, तो इस तरह के अनुमान को बिन्दु अनुमान कहते हैं इस प्रकार, नमूना माध्य $\bar{x}$ =84 ग्राम है के आधार पर यदि हम निष्कर्ष निकालें कि समग्र माध्य 84 ग्राम है यह बिन्दु आंकलन है। यहॉ $\bar{x}$ एक समग्र माध्य μ का बिन्दु आंकलन है। निर्दिष्ट मान 84 ग्राम μ का बिन्दु आंकलन है। आम तौर पर n_1 का बिन्दु आंकलन n_1 को $\frac{\wedge}{\mu}$ द्वारा प्रदर्शित कियाजाता है। इसलिए $\frac{\wedge}{\mu}$ $= \bar{x}$

अन्तराल आंकलन :– अंतराल आंकलन में, अज्ञात प्राचल के अनुमान के रूप में हम एक एकल मान का प्रस्ताव करते हैं। अधिकांश स्थितियों में प्रस्तावित मूल्य प्राचल के वास्तविक मूल्य की संभावना नहीं होंती है। इसके बजाय, यदि हम बिन्दु अनुमान के आसपास एक छोटे से अंतराल का प्रस्ताव करते हैं, तो प्राचल को शामिल करने की संभावना अंतराल, हमारा प्रस्ताव मजबूत होगा। यह अंतराल जिसमें प्राचल को शामिल करने की संभावना है अंतराल अनुमान कहा जाता है। अंतराल आंकलन में, एक अंतराल $(T_1$ से $T_2)$ जिसमें प्राचल को शामिल करने की संभावना है प्राचल के अनुमानक के रूप मे ंप्रस्तावित है। अंतराल $(T_1$ से $T_2)$ को विश्वसनीयता अंतराल कहा जाता है। विश्वास अंतराल में प्राचल के सम्मिलित होन की संभावना को विश्वास गुंणांक कहा जाता है। विश्वास अंतराल की सीमा T_1 और T_2 को विश्वास सीमा कहा जाता है। ये सीमाऐं सम्बन्धित बिन्दु अनुमानक (सांख्यिकी) के नमूनाकरण वितरण पर आधारित है।

विश्वास अंतराल में प्राचल शामिल होने की संम्भावना को विश्वास गुणांक कहा जाता है। इसे $(1-\alpha)$है। अन्तराल अनुमान में, हम विभिन्न विश्वास गुणंकों के विश्वास अंतराल लिख सकते हैं, जैसे $95\%, 99\%$ इत्यादि।

उदाहरण :– हम केले के वनज के बारे मे ंपहले उर्वधृत उदाहरण पर गौर करते हैं। यहॉ, केलों का अज्ञात माध्य वजन (समग्र माध्य μ) का अनुमान नमूना आकार $n = 100$ के प्रयोग से लगाया गया है। जिसके लिए नमूना माध्य $\bar{x} = 84$ ग्राम है। यदि समग्र मानक विचलन $\sigma = 5$ ग्राम है तो केले का वजन सामान्य रूप से वितरित किया जाता है। तब , $\bar{x}$
माध्य 84 ग्राम और मानक विचलन $\frac{\sigma}{\sqrt{n}} = \frac{5}{100}$

1. $\bar{x} = 84$ ग्राम μ का एक बिन्दु अनुमानक है। इसलिए, हम कहते हैं कि केलों का माध्य वनज 84 ग्राम है।

2. μ के लिए 95% विश्वसनीयता अंतराल

$$(\bar{x} - 1.96\frac{\sigma}{\sqrt{n}}, \bar{x} + 1.96\frac{\sigma}{\sqrt{n}})$$

जो $(84 - 2.58 \times \frac{5}{\sqrt{100}}, 84 + 2.58 \times \frac{5}{\sqrt{100}})$. है।

इसलिए 95% विश्वसनीयता के साथ हम कहते हैं कि कैलों का माध्य वजन 83.02 एवं 84.98 ग्राम के मध्य है।

3. μ के लिए 99% विश्वसनीयता $(\bar{x} - 2.58\frac{\sigma}{\sqrt{n}}, \bar{x} + 2.58\frac{\sigma}{\sqrt{n}})$

जो $(84 - 2.58 \times \frac{5}{\sqrt{100}}, 84 + 2.58 \times \frac{5}{\sqrt{100}})$.

जो (81.62 , 85.29) है। इसलिए, 99: विश्वसनीयता के साथ हम कहते हैं कि कैलों का माध्य वजन 81.61 और 85.29 ग्राम के मध्य है।

टिप्पणी –1 हम जानते हैं कि द्विपद समग्र मे ंमाध्य np एक अनुमानक है इसलिए p का अनुमानक

$$\frac{\wedge}{p} = \frac{\bar{x}}{n} = \frac{3.38}{7} = 0.48$$

टिप्पणी –2 पायसन समग्र में माध्य का अनुमानक $\frac{\wedge}{\lambda} = \bar{x} = 0.2$

टिप्पणी –3 पायसन समग्र में माध्य n_1 का अनुमानक $\frac{\wedge}{\lambda} = \bar{x} = 1.2$ है।

7.4 परिकल्पनाओं का परीक्षण

अनुमानों का परीक्षण समग्र से लिऐ गये नमूनों का उपयोग करके समग्र के प्राचल के संबंध मे ंअनुमानों की वैधता के सत्यापन के साथ संबंधित हैं मान लीजिए हम मानते हैं कि x शहर के निवासी की औसत आय रू0 50 प्रतिदिन हे। इस परिकल्पना का परीक्षण करने के लिए, x शहर के कुछ निवासीयों को यादृच्दिक तरीके से चयनित किया गया और उनकी औसत दैनिक आय ज्ञात की गई। यदि यह नमूना माध्य रू0 50 के करीब है तो हम यह निष्कर्ष निकालते है कि x शहर के निवासी की औसत आय 50 रूपये है इस प्रकार यदि नमूना माध्य रू0 50.60 है, चूँकि यह मान रू0 50 के करीब है, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि x शहर के निवासी की औसत आय रू0 50 प्रतिदिन है। दूसरी और यदि नमूना माध्य रू0 68.60 है चूँकि

यह मान रू0 18 से दूर है, तो हम यह निष्कर्ष निकालते हैं, कि x शहर के एक निवासी की औसत आय रू0 50 से भिन्न है।

सांख्यिकीय परिकल्पना :– एक सांख्यिकीय परिकल्पना समग्र के सांख्यिकीय विवतरण के संबंध मे ंएक अभिप्राय है। यह समग्र के मापदंडों के बारे में बयान है।

सांख्यिकीय परिकल्पना को H द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

उदाहरण

1) H : समग्र का माध्य $\mu = 25$ ।

2) H : समग्र सामान्य रूप से माध्य $\mu = 25$ और मानक विचलन $\sigma = 2$ के साथ वितरित है।

एक अनुमान जो पूरी तरह से समग्र के सांख्यिकीय वितरण को निर्दिष्ट करती हे, सरल परिकल्पना कहा जाता है यह एक ऐसी अवधारणा है जो समग्र के सभी मापदंडों को निर्दिष्ट करता है। H : समग्र का माध्य $\mu = 25$ के साथ सामान्य रूप से वितरण एक सरल परिकल्पना है।

एक परीक्षण प्रक्रिया की शुरूआत करने के लिए, एक परिकल्पना बना दी जाती है, इस परिकल्पना की वैद्यता का परीक्षण किया जाता है यदि परिकल्पना सही पायी जाती है तो इसे स्वीकार किया जाता है। दूसरी ओर, यह गलत पायी जाती है तो इसे अस्वीकार कर दिया जाता है। परिकल्पना संम्भव नकारों की जॉच की जा जिसमे ंरही है, शून्य परिकल्पना कहा जाता हे। शून्य परिकल्पना को μ_0 से प्रदर्शित किया जाता है यदि शून्य परिकल्पना को गलत पाया जाताहै, तो एक और अवधारणा जो शून्य अवधारणा के विपरीत है, जब शून्य परिकल्पना को अस्वीकार किया जाता है , दूसरी परिकल्पना को स्वीकार किया जाता है उसे वैकल्पिक परिकल्पना कहते हैं। वैकल्पिक परिकल्पना को H_1 से प्रदर्शित करते है।

मान लीजिए एक शून्य परिकल्पना $H_\sigma : \mu = 1oo$ है(औसत मजदूरी 100 रू0 है) परिस्थितियों के आधार पर वैकल्पिक परिकल्पना निम्न में से कोई भी हो सकती है।

$H_1 : \neq$ रू0 100 (औसत मजदूरी 100 रूपये से भिन्न हो)

$H_2 : \neq$ रू0 100 (औसत मजदूरी 100 रूपये से ज्यादा हो)

$H_3 : \neq$ रू0 100 (औसत मजदूरी 100 रूपये से कम हो)

परीक्षण प्रक्रिया :– एक शून्य परिकल्पना के परीक्षण के एिल सांख्यिकीय प्रक्रिया के चरण इस प्रकार हैः–

1) शून्य परिकल्पना की स्थापना
2) वैकल्पिक परिकल्पना की स्थापना
3) परीक्षण ऑकडों और शून्य वितरण की पहचान करना
4) Critical क्षेत्र की पहचान करना
5) यादृच्छिक नमूने को लेना औरवास्तव में इसके परीक्षण का आयोजन करना।
6) निर्णय लेना (अनुमान देना)

1) शून्य परिकल्पना की स्थापना :– संभव अस्वीकृति के लिए परीक्षण किया जा रहा है जो परिकल्पना शून्य अवधारणा है। शून्य परिकल्पना मे ंयह हो सकता है कि

- प्राचल किसी दिए गए मान के बराबर है। $(\mu = \mu_0)$
- दो समग्र के एिल प्राचल बराबर है। $(\mu_1 = \mu_2)$
- अन्तर नगण्य है। (सार्थक नहीं है)
- वितरण उपयुक्त है।
- विशेषताऐं स्वतन्त्र है, और इसी तरह।

2) वैकल्पिक परिकल्पना की स्थापना :–

परिकल्पना को स्वीकार किया जाता है, जब शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है, वैकल्पिक परिकल्पना कहते है। यह हो सकता है कि :

- प्राचल दिए गए मान के बराबर नहीं है। $(\mu \neq \mu_0)$
- प्राचल दिए गए मान से अधिक है। $(\mu > \mu_0)$
- दो समग्रो के लिए प्राचल समान नहीं है। $(\mu_1 \neq \mu_2)$
- पहले समग्र का प्राचल दूसरे समग्र के प्राचल से कम है $(\mu_1 = \mu_2)$
- अतंर अर्थपूर्ण है।
- वितरण समुचित नहीं है।
- विशेषताऐं निर्भर है। (स्वतन्त्र नहीं)

3) परीक्षण ऑकडों और शून्य वितरण की पहचान करना :–

परीक्षण ऑकडे वे ऑकडे हैं जिनके वितरण के आधार पर परीक्षण किया जाता है। H_0 के अंतर्गत परीक्षण ऑकडों के सांख्यिकीय वितरण को शून्य वितरण कहा जाता है। $H_0 : \mu = \mu_0$ (*mean is euqual to* μ_0) के परीक्षण के लिए, सांख्यिकीय परीक्षण $\bar{x}$ नमूना माध्य है। H_o के अर्न्तगत $\bar{x}$ का वितरण $N(\mu_0, \frac{\sigma^2}{n})$ है। यह $\bar{x}$ शून्य वितरण है हालॉकि सुविधा के लिए, मानकीकृत रूप $Z = \frac{x - \mu_0}{\sigma_m}$ समझा जा सकता है जिसमे ंशून्य N(0,1) वितरण है।

4) Critical (अस्वीकृत) क्षेत्र की पहचान करना :–

परीक्षण ऑकडों के उन मानों का समूह जो शून्य अवधारणा के लिए अस्वीकृति का नेतृत्व करता है, को अस्वीकृति क्षेत्र कहा जाता है। परीक्षण ऑकडों के उन मानों का समूह जो शून्य अवधारणा की स्वीकृति का नूतृत्व करता हे, स्वीकृति क्षेत्र कहा जाता है।

स्वीकृति क्षेत्र की सीमांकन सीमा को स्वीकृति मान कहा जाता है स्वीकृति क्षेत्र ऐसा बना हुआ है कि जब H_6 सही हो, इसकी अस्वीकृति की संभावना एक छोटा सा पूर्व निर्धारित मान है इस पूर्व निर्धारित मान को महत्व का स्तर कहा जाता है।

महत्व का स्तर एक पूर्व निर्धारित ऊॅपरी सीमा है जो कि वास्तव मे ंसही है जब शून्य परिकल्पना की अस्वीकृति की संभावना होती है। महत्व का स्तर $\propto$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। आमतौर पर $\propto$ का पूर्व निर्धारित मान 0.05 या 0.01 होगा। दूसरे शब्दों में , यह 5% या 1% होगा ।

परीक्षण की प्रकृति औरवैकल्पिक परिकल्पना की प्रकृति के आधार पर , Critical क्षेत्र का एक हिस्सा हो सकता हे या इसके दो भाग हो सकते है। यदि Critical क्षेत्र मे ंएक भाग है तो परीक्षण को एकतरफा परीक्षण कहते है। यदि Critical क्षेत्र के दो भाग होत हैं, तो उसे दो तरफा परीक्षण कहते हैं।

5) यादृच्छिक नमूने को लेना और वास्तव में इसके परीक्षण का आयोजन करना :–

आकार 'n' का एक यादृच्छिक नमूना समग्र से लिया जाता है। ऑकडे परीक्षण के मान की गणना नमूना मान से की जातीा है। यदि परिकलित मान (प्रेक्षित मान) Critical क्षेत्र को सम्बन्धित है, H_1 के पक्ष मे ंH_0 अस्वीकार होगी दूसरी ओर यदि परिकलित मान स्वीकृति से सम्बन्धित होता है तो H_0 स्वीकार होगी।

6) निर्णय लेना (अनुमान देना) :–

अंतिम निर्णय (अनुमान, निष्कर्ष) की घोषणा की जाती है

निर्णय

(अ) नई दवा पुनाने की तुलना मे ंअधिक प्रभावी है।

(ब) नर नवजात शिशुओं के बीच नवजात जन्मोत्तर वृद्धि समान होती है, जैसे कि नर शिशुओं में हो सकता हे।

प्रथम एवं द्वितीयक प्रकार की त्रुटियॉ

जब एक वैकल्पिक परिकल्पना के विरूद्ध एक शून्य परिकल्पना का पीरक्षण करते हें, निम्न परिस्थितियों मे ंएक सामने आती हैं

क्र0सं0	वास्तविक तथ्य	नमूने के आधार पर निर्णय		त्रुटि

1	H_0 सत्य है।	स्वीकार H_0	सही निर्णय	---
2	H_0 सत्य है।	अस्वीकार H_0	गलत निर्णय	Type I
3	H_0 असत्य है।	स्वीकार H_0	गलत निर्णय	Type II
4	H_0 असत्य है।	अस्वीकार H_0	सही निर्णय	---

यहॉ परिस्थितियों (2) और (3) में, गलत फैसले आते है। इन गलत निर्णयों को क्रमशः पहली तरह की त्रुटि (I प्रकार त्रुटि) और दूसरी तरह की त्रुटि (II प्रकार त्रुटि) कहा जाता हे। इस प्रकार

- पहली तरह की त्रुटि वासतव मे ंसही है जब शून्य अवधारणा के अस्वीकार करने का बेहद गलत निर्णय लिया जाता है।
- द्वितीयक प्रकार की त्रुटि मे ंगलत अनुमानों को स्वीकार करने का गलत निर्णय लिया जाता है, जब यह वास्तव मे ंसत्य है। पहले तरह की त्रुटि होने की संभावना $\propto$ हे। यह पीरक्षण का एक आकार है।

दूसरी तरह की त्रुटि की संभावना के घटित होन को B द्वारा प्रदर्शित करते हैं (1-B) के मान को परीक्षण का घात कहा जाता है।

परीक्षण की घात H_0 को अस्वीकार करने की संभावना है जब यह सत्य नहीं है। जबकि परीक्षण, महत्व का स्तर $\propto$ अग्रिम में तय किया जाता है। फिर महत्वपूर्ण क्षेत्र इस तरह निर्धारित किया जाता है कि (1-B) की अधिकतम हो इस प्रकार Critical मान महत्व के स्तर पर आधारित होता है।

एक पूंछ और दो पूंछ परीक्षण (एक तरफा और दो तरफा परीक्षण)

एक पूंछ परीक्षण

दो पूंछ परीक्षण

दूसरी आर, यदि Critical क्षेत्र परीक्षण ऑकडों के शून्य वितरण की पूँछ पर माना जाता हे, तो परीक्षण दो पुच्छिक परीक्षण (दो तरफा परीक्षण) है। दो पूँछ के मामले में H_0 का मान μ से कम σ से ज्यादा हो सकता है। एक पुच्छीय परीक्षण में $\mu > \mu_0$ या $\mu < \mu_0$ या दिशाऐं दी जाती है।

निम्नलिखित मे ंसे कुछ एक पुच्छीय परीक्षण हैं :–

- परीक्षण $\mu_0 : \mu = \mu_0$ के विपरीत $\mu_1 : \mu > \mu_0$
- परीक्षण $\mu_0 : \mu_1 = \mu_2$ के विपरीत $\mu_1 : \mu_1 > \mu_2$
- Goodness of Fit के लिए परीक्षण
- आकस्मिकता तालिका मे ंविशेषताओं की आबादी के लिए परीक्षण

कुछ निम्नलिखित दो पुच्छीय परीक्षण हे।

- परीक्षण $\mu_0 : \mu = \mu_0$ के विपरीत $\mu_1 : \mu \neq \mu_0$
- परीक्षण $\mu_0 : \mu_1 = \mu_2$ के विपरीत $\mu_1 : \mu_1 \neq \mu_2$
- परीक्षण $\mu_0 : \sigma = \sigma_0$ के विपरीत $\mu_1 : \sigma > \sigma_0$

उदाहरण 1:– पिछला अनुभव कहता है कि काजू गिरी मे ं1.2 ग्राम वजन का मानक विचलन है। 40 माध्य वजन के यादृच्दिक चुने गिरी (दानों) के लिए माध्य त्रुटियॉ ज्ञात कीजिए।

हल :– यहॉ, σ = 1.2 ग्राम और n = 40

नमूना माध्य की मानक त्रुटि $S.E(\bar{x}) = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$

$= \frac{12}{\sqrt{40}}$ = 0.1897 ग्राम है।

उदाहरण 2 :– एक कालेज के लडकों के वजन का माध्य एवं मानक विचलन क्रमशः 47 किलोग्राम एवं 31 किलोग्राम है। उसी कालेज के लडकियों क`वजन का माध्य एवं मानक विचलन 45 किलोग्राम एवं 2.8 किलोग्राम है। कालेज मे ंसे 16 लडके एवं 9 लडकियॉ यादृच्छिक चयनित की जाती हे।

(i) 16 चयनित लडकों के माध्य वजन का माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात कीजिए।

(ii) 9 चयनित लउकियों के माध्य वजन का माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात कीजिए।

(iii) चयनित लडकों के औसत वनज एवं चयनित लडकियों के औसत वजन के अन्तर का माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात कीजिए।

हल :– यहॉ

μ_1 =47 किग्रा	σ_1 = 3.1 किग्रा	$n_1 = 16$
μ_2 =45 किग्रा	σ_{12} = 2.8 किग्रा	$n_2 = 9$

यदि $\overline{x_1}$ चयनित लडको ंका माध्य वजन है।

$\overline{x_2}$ चयनित लडकियों का माध्य वजन है।

(1) माध्य = E $(\overline{x_1}) = \mu_1 = 47$ किग्रा

S.E. $(\overline{x_1})\ \frac{\sigma_1}{\sqrt{n_1}} = \frac{3.1}{\sqrt{16}} = 0.775$ किग्रा

(2) माध्य = E $(\overline{x_2}) = \mu_2 = 45$ किग्रा

S.E. $(\overline{x_2})\ \frac{\sigma_2}{\sqrt{n_2}} = \frac{2.8}{\sqrt{9}} = 0.993$ किग्रा

(3) माध्य $= (\overline{x_1} - \overline{x_2}) = \mu_1 - \mu_2$

47–45 = 2 किग्रा

$$S..E.(\overline{x_1} - \overline{x_2}) = \sqrt{\frac{\sigma_1^2}{n_1} + \frac{\sigma_2^2}{n_2}} + = \sqrt{\frac{(3.1)^2}{16} + \frac{(2.8)^2}{9}} = 1.213\ kgs$$

एक नमूना जॉच, परिणाम पैदा करता है, और इन परिणामों के साथ, समग्र के लिए निर्णय बनाये जाते हैं लेकिन ऐसे निर्णयों मे ंअनिश्चितता का एक तत्व शामिल है, जो गलत फैसले का कारण है। परिकल्पना एक ऐसी धारणा है जो समग्र प्राचल के बारे मे ंसत्य या असत्य भी हो सकती है ंउदाहरण के लिए, सिक्के को 300 बार उछालने पर कोई 190 चिट और 110 बार पट प्राप्त कर सकता है। इस उदाहरण पर, हम यह जांचने में रूचि रखते हैं कि क्या सिक्का निष्पक्ष हे या नहीं। इसलिए, हम इसका मूल्यांकन करने के लिए एक परीक्षण आयोजित कर सकते हैं कि क्या अंतर नमूनाकरण के कारण है। एक महत्वपूर्ण परीक्षण के कियान्वयन की प्रकिया निम्नानुसार है।

अवधारणा का निर्माण – हमारी धारणा को सत्यापित करने के लिए जो नमूना अध्ययन पर आधारित है, हम ऑकडे एकत्र करते हैं और नमूना मान और समग्र मान के बीच के अंतर को पता करते है। यदि इनमें कोई अंतर नहीं है या यदि अंतर बहुत छोटा है, तो हमारा अनुमानित मान सही है, सामान्यतया दो अवधारणाओं का निर्माण किया जाना चाहिए और मगर एक परिकल्पना सही है, तो दूसरे को अस्वीकार करेंगें।

(अ) शून्य परिकल्पना :– यह अंतर के महत्व का परीक्षण करने के लिए बहुत उपयोगी उपकरण है। समग्र से सम्बन्धित किसी भी परिकल्पना को सांख्यिकीय अवधारणा कहा जाता है। सांख्यिकीय परीक्षण की प्रकिया में, समग्र से प्राप्त नमूने पर आधारित अवधारणा को अस्वीकार या स्वीकार किया जाता है। सांख्यिकीयविद् अवलोकन के माध्यम से परिकल्पना की जॉच करते हैं और संभावित देते हैं। सरल परिकल्पना से पता चलता है कि नमूना मान और अध्ययन के तहत समग्र मान किसी तरह या अंतर प्रदर्शित नहीं करते हें परिकल्पना हमने कल्पित की है, वह शून्य अवधारणा है, इसका अर्थ है कि न मूना के माध्य और समग्र माध्य के बीच वास्तवकि अंतर शून्य है कम से कम अंतर होना महत्वहीन है। शून्य परिकल्पना की अस्वीकृति का अर्थ है कि नमूना माध्य और समग्र माध्य के बीच का वास्तविक अंतर काफी महत्वपूर्ण है। शून्य परिकल्पना की अस्वीकृति से पता चलता है कि समय पर वैकल्पिक परिकल्पना।

उदाहरण के लिए :–

(1) एक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की औसत ऊॅचाई 155 सेन्टीमीटर है।

(2) एक व्यवसाय की औसत दैनिक बिकी रू0 1,50,000 है।

(3) किसी विशेष गांव के निवासी की औसत आय 100 रूपये है। इन सभी बयानों को नमूना परीक्षणो ंके आधार पर सत्यापित करना होगा।सामान्यतया एक परिकल्पना में कहा जाता है कि नमूना माध्य एवं समग्र माध्य के बीच कोई अंतर नहीं हैं या $\mu = \mu_0$ शून्य परिकल्पना को μ_0 द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

(ब) वैकल्पिक परिकल्पना :– μ_0 की अस्वीकृति वैकल्पिक परिकल्पना की स्वीकृति की ओर जाता है, जिसे H_1 द्वारा प्रदर्शित किया जाता है जैसे :–

$H_0 = \mu = 155$ (शून्य परिकल्पना)

$H_1 = \mu \neq 155$ या $\mu > 155$ या $\mu < 155$ (वैकल्पिक परिकल्पना)

ज्ब दो अवधारणाओं को स्थापित किया जाता है, तो शून्य परिकल्पना की स्वीकृति या अस्वीकृति एक नमूना अध्ययन पर आधारित होती है। इस प्रकार यह दो गलत निष्कर्ष की ओर जाता है। (1) H_0 को अस्वीकृत करते हुए जब H_0 सत्य है (2) H_0 को अस्वीकृत करते हुए जब H_0 असत्य है । इसे निम्नलिखित तालिका मे ंवर्णित किया जा सकता है।

	नमूने में से निर्णय	
	H_0 स्वीकार	H_0 अस्वीकार
H_0 सत्य	सही	गलत Type I त्रुटि
H_0 असत्य (H_1 सत्य)	गलत Type II त्रुटि	सही

फिर से लिखते हुए

H_0 अस्वीकृत जब यह सत्य है(Type I त्रुटि) $= \propto$

H_0 स्वीकृत जब यह असत्य है (Type II त्रुटि) $= \beta$

H_0 स्वीकृत जब यह सत्य है (सही निर्णय)

H_0 अस्वीकृत जब यह असत्य है (गलत निर्णय)

स्तर का महत्व :– टाइप I त्रुटि करने की अधिकतम संभावना, जिसे हमने एक परीक्षण मे ंनिर्दिष्ट किया है, को महत्व का स्तर कहा जाता है।

सामान्यतया सांख्यिकीय आंकडों के परीक्षण के लिए 50% महत्व या स्तर निर्धारित किया जाता है। इसका अर्थ है कि हम एक अवधारणा को स्वीकार करने मे ं95% तक विश्वस्त हो सकतें हैं या हम 5% गलत हो सकते है।

महत्वपूर्ण क्षेत्र :– भिन्नता की सीमा में दो क्षेत्र हैं स्वीकृत क्षेत्र और मत्वपूर्ण क्षेत्र या अस्वीकृति क्षेत्र अगर नमूना आंकडा महत्वपूर्ण क्षेत्र में पडते हैं तो हमें शून्य परिकल्पना को अस्वीकार करना पडता है, क्योंकि इससे गलत निर्णय होता हे। हम H_1 के लिए जाते हैं, यदि नमूना आंकडों का परिकलित माना अस्वीकृत क्षेत्र में होता है।

एक पुच्छ एवं दो पुच्छ परीक्षण :– एक सामान्य चक्र के तहत अस्वीकृत (महत्वपूर्ण) क्षेत्र, जैसा कि पहले कहा गया है दो तरह से विभाजित किया जा सकता है।

(अ) वक्र के नीचे दोनो ंतरफ

(ब) वक्र के नीचे एक तरफ, या तो दायी पूंछ पर या बांए पूंछ पर

निर्णय या निष्कर्ष निकालना :– आखिरकार हम शून्य परिकल्पना को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए निष्कर्ष पर आते हैं, यदि निर्णय परिकलित मान के आधार पर है चाहे वह स्वीकृति क्षेत्र या अस्वीकृत क्षेत्र है।

मानक त्रुटि :– नमूना वितरण के मान विचलन को मनक त्रुटि कहते हैं उदाहरण के लिए $\overline{x_1}, \overline{x_2}, \overline{\overline{x_3}}$.....इत्यादि सभी नमूनों के माध्यों को समग्र से लिया गया है। इन सभी माध्यों के मानक विचलन माध्य की मानक त्रुटि है। इसके लिए सूत्र $\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$ है।

उपयोगिता :– (i) यह परिकल्पना के परीक्षण मे ंउपयेागी साधन है। हम परिकल्पना को 5ः स्तर के महत्व पर जांच सकते हैं, जिसका अर्थ है कि यदि प्रेक्षित मान एवं अपेक्षित मान के बीच में अंतर $\pm 1.96\, S.E$ से अधिक है तो शून्य परिकल्पना स्वीकार नहीं की जाती है और किसी को वैकल्पिक परिकल्पना के लिए जाना पडता है। स्तर का महत्व 1% भी हो सकता है। सामान्यतया, परिकल्पना स्वीकार की जाती है यदि अंतर 3 S.E से कम है। 5% स्तर का महत्व प्रचलित है।

2. नमूने के विश्वसनीयता की जांच की जा सकती हे।

3. मापदंडों (प्राचलों) का मान सीमा के साथ निर्धारित किया जा सकता है।

उदाहरण 3 :– A शहर में, 32% मतदाताओं ने राजनैतिक पार्टी X के लिए मत दिया। शहर 13 में, 29% मतदाताओं ने X राजनैतिक पार्टी के लिए मत दिया

(i) शहर A मे ंसे 70 यादृच्छिक रूप से चुने हुए मतदाताओं मे ंसे यदि p_1 उन मतदाताओं का अनुपात है जिन्होंने X राजनैतिक दल के लिए मतदान किया, p_1 के लिए माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात करें।

(ii)शहर B में से 60 यादृच्छिक रूप से चुने हुए मतदाताओं में से, यदि p_2 एन मतदाताओं का अनुपात है जिन्होने X राजनैतिक दल के लिए मतदान किया, p_2 के लिए माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात करें।

(iii) $(p_1 - p_2)$ का माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात करें।

हल :–

यहॉ , $p_1 = \frac{32}{100} = 0.32$ *and* $p_2 = \frac{29}{100} = 0.29$

$n_1 = 70$ *and* $n_2 = 60$

$$(i)\ Mean = E(p_1) = p_1. = 0.32$$

$$S..E.(p_1) = \sqrt{\frac{P_1 Q_1}{n_1}} = \sqrt{\frac{0.32 \times 0.68}{70}} = 0.05575$$

$$(ii)\ Mean = E(p_2) = p_2. = 0.29$$

$$S..E.(p_2) = \sqrt{\frac{P_2Q_2}{n_2}} = \sqrt{\frac{0.29 \times 0.71}{60}} = 0.05858$$

$$(iii)\ Mean = E(p_1 - p_2) = p_1 - p_2. = 0.32 - 0.29 = 0.03$$

$$S..E.(p_1 - p_2) = \sqrt{\frac{P_1Q_1}{n_1} + \frac{P_2Q_2}{n_2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.323 \times 0.68}{70} + \frac{0.29 \times 0.71}{60}}$$

$$= 0.08087$$

उदाहरण 4 :एक समाज मे ंमहिलाओं का अनुपात 0.48 है। जिसमें से 64 सदस्यों को यादृच्छिक तरीके चयनित किया गया, यदि p_1 महिलाओं का अनुपात है। दूसरे चयन मे ंजिसने 86 सदस्य चयनित किये गये हो उसमे ं p_2 महिलाओं का अनुपात है।
ज्ञात कीजिए :–
(i) p_1 की मानक त्रुटि
(ii) p_2 की मानक त्रुटि
(iii) $(p_1 - p_2)$ के अंतर की मानक त्रुटि
हल :–
यहॉ $p_1 = p_2 = 0.48 = p$ (माना)
$n_1 = 64$ और $n_2 = 86$

$$(i)\ S..E.(p_1) = \sqrt{\frac{PQ}{n_1}} = \sqrt{\frac{0.42 \times 0.52}{64}} = 0.06245$$

$$(i)\ S..E.(p_1) = \sqrt{\frac{PQ}{n_1}} = \sqrt{\frac{0.48 \times 0.52}{86}} = 0.05387$$

$$S..E.(p_1 - p_2) = \sqrt{PQ\left[\frac{1}{n_1} + \frac{1}{n_2}\right]}$$

$$= \sqrt{0.48 \times 0.52\left[\frac{1}{64} + \frac{1}{86}\right]}$$

$$= \sqrt{0.48 \times 0.52\left[\frac{86+64}{64 \times 86}\right]}$$

$$= 0.08248$$

उदाहरण 5 :– विभिन्न बीजों के लिए आवश्यक औसत अंकुरण समय का अनुमान लगाना जरूरी हैं दस यादृच्दिक रूप से चयनित बीज दिखाये जा रहे हैं और अंकुरण का समय नीचे दिया जा रहा है।

समय (दिन) 28,32,27,38,30,31,30,30,27 और 33 नमूना माध्य को समग्र माध्य के अनुमानक के रूप में लेते हुए औरसत अंकुरण समय का औसत माध्य बताऐं।

हल :– नमूना माध्य $\bar{x} = \frac{\sum x}{n}$

$$\frac{28+32+27+38+30+31+30+30+27+33}{10}$$

$= \frac{306}{10} = 31$दिन (लगभग)

इस प्रकार औसत अंकुरण समय का अनुमान 31 दिन है इसलिए हम निष्कर्ष निकालते हैं कि औसतन 31 दिनों मे ंबीज की विविधता अंकुरित होती है।

उदाहरण 6 :– पत्नीयों की अपेक्षा औसतन, पति कितने लम्बे हैं जानने के लिए 8 जोडों को यादृच्दिक तरीके से लिया जाता है। प्रत्येक मामले में पति और पत्नीयों की ऊॅचाईयों को मापा जाता है और उनका अंतर निम्नानुसार दर्ज होता है।

जोडा	1	2	3	4	5	6	7	8
अंतर (सेन्टीमीटर में)	5	7	12	23	6	-4	10	9

नमूना माध्य $\bar{x}$ का अनुमानक के रूपम ं प्रयोग करते हुए समग्र माध्य μ को अनुमानित करें।

हल : –

अनुमानित $\mu = \bar{x} = \frac{\sum x}{n}$

$= \frac{5+7+12+23+6+4+10+9}{8} = \frac{68}{8} = 8.5$ सेन्टीमीटर

इस प्रकार हम निष्कर्ष निकालते हैं कि पति अपनी पत्नियों से औसतन 8.5 सेन्टीमीटर लम्बे हैं।

नमूना माध्य $\bar{X}$	20	34	45	39	26	29	13	34	37	23
नमूना विचरण	23	29	15	5	29	17	21	11	90	10

माध्य लेखाचित्र और विचरण लेखाचित्र का निर्माण करें और इंगित करें कि क्या प्रक्रिया नियंत्रण में है।

$n = 5, A_2 = 0.58, D_3 = 0, D_4 = 2.115$

3 10 नमूनों के प्रत्येक 15 वस्तुओं का माध्य लेखा चित्र और विचरण लेखाचित्र का निर्माण करें और गुणवत्ता की प्रक्रिया पर टिप्पणी करें। निम्नलिखित आंकडे माध्य $\bar{x}$ और विचरण R के लिए है :

नमूना अंक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
नमूना माध्य $\bar{X}$	11.2	11.8	10.8	11.6	11.0	9.6	10.4	9.6	10.6	10.0
नमूना विचरण (R)	7	4	8	5	7	4	8	4	7	9

$n = 5$ are $A_2 = 0.577, D_3 = 0$ और $D_4 = 2.115$

4 प्रत्येक 5 वस्तुओं के तीस नमूनों को मशीन के उत्पादन से लिया गया और एक महत्वपूर्ण आयाम मापा। 30 नमूनों का मएय 0.6550 इंच और विचरण माध्य 0.0036 इंच था।

$\bar{x}$ और R लेखाचित्रों के लिए नियंत्रण सीमाओं की गणना करें।

$n = 5, A_2 = 0.58, D_3 = 0, D_4 = 2.115$

5 एक ड्रिलिंग मशीन 0.5230 सेमी के एक माध्य व्यास के साथ छेदों को छेद देती है और मानक विचलन 0.0032 सेमी है। आकार 4 के नमूनों के माध्य के लिए 2 सिग्मा और 3 सिग्मा ऊपरी एवं निचली नियंत्रण सीमाओं की गणना करें और नियंत्रण लेखाचित्र तैयार करें।

13.14 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. $[\mathrm{UCL}_{\bar{x}} = 106.2, \mathrm{LCL}_{\bar{x}} = 37.0, \mathrm{UCL}_{\bar{R}} = 125.9, \mathrm{LCL}_{\bar{R}} = 0]$
2. $[\mathrm{UCL}_{\bar{x}} = 41.658, \mathrm{LCL}_{\bar{x}} = 18.342, \mathrm{UCL}_{R} = 42512, \mathrm{LCL}_{R} = 0]$
3. $[\mathrm{UCL}_{\bar{x}} = 41.2951, \mathrm{LCL}_{\bar{x}} = 7.0249, \mathrm{UCL}_{R} = 13.3245, \mathrm{LCL}_{R} = 0]$
4. [(i) .6570, .6529 (ii).0076, 0]

13.15 स्वपरख प्रश्न

1. चरों के लिए विभिन्न प्रकार के नियंत्रण लेखाचित्र लिखे।

2. सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण से आप क्या समझते हैं, समझाइये।
3. 3 सिग्मा नियंत्रण लेखचित्र मे नियंत्रण सीमाओं के गणना की प्रक्रिया को समझाइये।
4. काल्पनिक चित्रों का प्रयोग करते हुए नियंत्रण लेखाचित्र $\bar{x}$ लेखाचित्र को रेखांकित कीजिए।
5. $\bar{x}$ और σ लेखाचित्रों के बीच विभेद कीजिए ।

13.16 सन्दर्भ पुस्तकें

1. मूल सांख्यिकी – गौण, गुप्ता और दासगुप्ता वर्ल्ड प्रेस लिमिटेड –कलकत्ता
2. व्यावसायिक सांख्यिकीय की बुनियादी बातें संचेती और कपूर
3. प्रबंधन में मात्रात्मक तरीके – श्रीवास्तव, शेनाय और गुप्ता
4. व्यावसायिक सांख्यिकीय – गुप्ता और गुप्ता

इकाई 14 गुण व चरों के लिए नियंत्रण चार्ट (Control Charts for Attributes and Variables)

इकाई की रुपरेखा

14.1 प्रस्तावना
14.2 विशेषतओं के लिए नियंत्रण लेखा चित्र
14.2.1 p लेखाचित्र (अंशदोष पूर्ण चार्ट)
14.2.2 np लेखाचित्र (दोषपूर्ण लेखाचित्रों की संख्या)
14.2.3 c लेखाचित्र (प्रति इकाई लेखाचित्र में दोषों की संख्या)
14.3 स्वीकृति नमूनाकरण
14.4 स्वीकृति नमूनाकरण या उत्पाद नियंत्रण मे ंजोखिम
14.4.1 निर्माता का जोखिम
14.4.2 उपभोक्ता का जोखिम
14.5 नमूना निरीक्षण योजनाओं के प्रकार
14.5.1 एकल नमूनाकरण योजना
14.5.2 दोहरी नमूनाकरण योजना
14.5.3 एकाधिक या अनुक्रमिक कनमूनाकरण योजना
14.6 एक स्वीकृत नमूना योजना के वक्र की प्रचालन विशेषता
14.7 प्रतिशत दोषपूर्ण के मामलें मे ंसमूह गुण
14.8 सारांश
14.9 शब्दावली
14.10 बोध प्रश्न
14.11 बोध प्रश्नों के उत्तर
14.12 स्वपरख प्रश्न
14.13 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- विशेषतओं के लिए नियंत्रण लेखा चित्र का वर्णन कर सकें।
- नमूना निरीक्षण योजनाओं के प्रकार की व्याख्या कर सकें।

14.1 प्रस्तावना

पूर्ववर्ती इकाईयों में, आपने अध्ययन किया है कि नियंत्रण लेखाचित्र वाल्टर ए शेवार्ट द्वारा उत्पादित प्रक्रिया मे भिन्नता के अप्राकृतिक तरीके का पता लगाने और संभाव्यता और नमूने की अनुमत सीमा निर्धारित करने के लिए विकसित ग्राफिक उपकरण है। ये दो प्रकार के होते हैं, इस बात पर निर्भर करते हैं कि किसी दिए गए गुणवत्ता या किसी उत्पाद की विशेषताओं को मापने योग्य है या चरों के लिए नियंत्रण लेखाचित्र या विशेषताओं के लिए नियंत्रण रेखा की तरह नहीं। उनमे से एक

की पहले ही पूर्ववर्ती इकाई मे चर्चा हो पाई है और दूसरा या विशेषताओं के लिए नियंत्रण लेखाचित्र की चर्चा स्वीकृत नमूनाकरण के साथ इस अध्याय मे होगी।

13.2 विशेषताओं के लिए नियंत्रण लेखाचित्र

इन लेखाचित्रों का उपयोग तब किया जाता है जब किसी उत्पाद की गुणवत्ता या विशेषताओं को मात्रात्मक शब्दों मे मापा नहीं जा सकता है और आंकडे को दोषपूर्ण और गैर दोष वाले गुणों की समग्रता के आधार पर अध्ययन किया जाता है । ऐसे लेखाचित्र तीन प्रकार के होते हैं।

14.2.1 p – लेखाचित्र (अंश दोषपूर्ण लेखाचित्र) :–

यह लेखाचित्र एक मानक प्रक्रिया में गुणवत्ता के मानक को नियंत्रित करने के लिए बनाया जाता है जब किसी नमूना विषयों के दोषों और गैर दोषों में वर्गीकृत किया जाता है, तो उस प्रक्रिया मे उत्पादो के दोषपूर्ण औसत अंश को नियंत्रित करता है।

प्रक्रिया :– p – लेखाचित्र के निर्माण मे निम्नलिखित शामिल हैं :–

1. प्रत्येक नमूने में दोष अंश या दोष अनुपात या $p_1, p_2, p_3 \ldots\ldots\ldots p_k$ ज्ञात कीजिए।
2. दोषों के अंश का माध्य सूत्र

$\bar{p} =$ कुल दोषों की संख्या /निरीक्षण की गई इकाईयों की कुल संख्या

का प्रयोग करते हुए ज्ञात करें

$$\bar{q} = 1 - \bar{p}$$

वैकल्पिक रूप में :

$\bar{p}$ के मान की गणना इस प्रकार से भी की जा सकती है :

$$\bar{p} = \frac{p_1, p_2, p_3 \ldots\ldots\ldots p_k}{k}$$

जहॉ k नमूनों की संख्या है। $\bar{p}$ का मान, p लेखाचित्र की केन्द्रीय रेखा को प्रदर्शित करता है।

3. सूत्रों का प्रयोग करते हुए नियंत्रण सीमाऐं ज्ञात कीजिए :

नियंत्रण सीमाऐं $= \bar{p} \pm 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$

$$\therefore \quad LCL = \bar{p} - 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

$$UCL = \bar{p} + 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

LCL का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता है और इस स्थिति मे इसे शून्य तक घटाया जायेगा।

4. नमूना संख्या को x अक्ष में, नमूना अंश दोषों UCL , LCL और केन्द्रीय रेखा को y अक्ष द्वारा रेखांकित कर p लेखाचित्र का निर्माण करें।

5. p लेखाचित्र की व्याख्या करें यदि सभी नमूना दोषपूर्ण अंश नियंत्रण सीमाओं के अन्दर (भीतर) आते हैं, प्रक्रिया नियंत्रण की स्थिति मे ंहै अन्यथा नियंत्रण से बाहर है।

टिप्पणी :

1. यदि दोषों की संख्या छोटी है, तब p लेखाचित्र दोषों का प्रतिशत ज्ञात द्वारा निर्माण करना चाहिए।
2. यह लेखाचित्र मुख्यतः उपयोगी होता है, जब नमूना आकार (n) नमूनों में असमान है। इस स्थिति में (n) का मान सभी दोषपूर्ण इकाईयों को ,नमूना संख्या द्वारा विभाजित कर प्राप्त किया जा सकता है।

(समान नमूना आकार)

उदाहरण 14.1 : निम्नलिखित आंकडे उल्लेख करते हैं कि आटोमोबाइल कम्पनी द्वारा निर्मित कई दोपहिया वाहनों में नमूना आकार 100 के प्रत्येक ढेर मे ंसे 10 नमूनों मे निरीक्षण के दौरान पाए गए दृश्य दोष :

नमूना संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
दोषों की संख्या	5	3	3	6	5	6	8	10	10	4

दोष अंश के लिए नियंत्रण लेखाचित्र का निर्माण करें। आप नियंत्रण लेखाचित्र से क्या निष्कर्ष निकालते है।

हल :– हमें दिया गया है : $n =$ नमूने का आकार ,

$k =$ नमूनों की संख्या $= 10$

अंश दोषों की गणना

नमूना संख्या (k)	नमूने का आकार (n)	दोषों की संख्या (d)	अंश दोष d/n
1	100	5	5/ 100 = 0.05
2	100	3	3/ 100 = 0.03
3	100	3	0.03
4	100	6	0.06
5	100	5	0.05
6	100	6	0.06
7	100	8	0.08
8	100	10	0.10
9	100	10	0.10
10	100	4	0.04
$k = 10$	1,000	$\Sigma d = 60$	0.60

$\bar{p} =$ कुल दोषों की संख्या /निरीक्षण की गई इकाईयों की कुल संख्या

$$= \frac{60}{1000} = 0.06$$

$$\bar{q} = 1 - \bar{p}$$

$$= 1 - 0.06$$
$$= 0.94$$

$\bar{p}$ का मान केन्द्रीय रेखा को इंगित करता है। $\bar{p}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = \bar{p} + 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$
$$= 0.06 + 3\sqrt{\frac{.06 \times .94}{100}}$$
$$= 0.06 + 3(0.0237)$$
$$= 0.06 + .0711$$
$$= 0.1311$$
$$LCL = \bar{p} - 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$
$$= 0.06 - 3\sqrt{\frac{.06 \times .94}{100}}$$
$$= 0.06 - 3(0.0237)$$
$$= 0.06 - .0711$$
$$= -0.0111 = 0$$

चूँकि अंश दोष ऋणात्मक नहीं हो सकता है LCL शून्य लिया जा चुका है। अंश दोष लेखाचित्र ($\bar{p}$ लेखाचित्र) नीचे दिखाया गया है :

उपरोक्त लेखाचित्र दर्शाता है कि सभी बिन्दु नियंत्रण सीमाओं के भीतर है। इससे पता चलता है कि प्रक्रिया नियंत्रण में है।

(असमान नमूना आकार)

उदाहरण 14.2 :दैनिक निरीक्षण के आधार पर निम्नलिखित तालिका मे सिलाई मशीन की दोषपूर्ण सुइयों की संख्या दी गई है। p लेखाचित्र तैयार करें और बताएं कि क्या उत्पादन प्रक्रिया नियंत्रण में है।

दिन	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
निरीक्षित सुइयों की संख्या	90	60	70	100	120	50	100	110	100	100
दोषपूर्ण सुइयों की संख्या	5	12	7	3	6	5	10	6	8	25

हल :– p लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाओं की गणना :

दिन	निरीक्षित सुइयों की संख्या	दोषों की संख्या	दोषपूर्ण सुइयों का प्रतिशत
1	90	5	5.56
2	60	12	20.00
4	70	7	10.00
3	100	3	3.00
5	120	6	5.00
6	50	5	10.00
7	100	10	10.00
8	110	6	5.45
9	100	8	8.00
10	100	25	25.00
$k = 10$	900	87	

$$\bar{p} = \frac{\text{कुल खराब सुईयों की संख्या}}{\text{निरीक्षित वस्तुओं की कुल संख्या}}$$

$$= \frac{87}{900} = 0.0967$$

$\bar{p}$ प्रतिशत के रूप में $= 9.67$

$\bar{p}$ का मान केन्द्रीय रेखा को इंगित करता है।

$\bar{p}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$\bar{p} \pm 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

जहॉ $\bar{p} = 0.0967$

$$\bar{q} = 1 - 0.0967 = 0.9033$$

$$n = \frac{Total\ No.\ of\ Items\ Inspected}{k}$$
$$= \frac{900}{10}$$
$$= 90$$

मानों को प्रतिस्थापित करने पर, हम प्राप्त करते हैं

$$UCL = \bar{p} + 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$
$$= 0.0967 + 3\sqrt{\frac{0.0967 \times 0.9033}{90}}$$
$$= 0.0967 + 3 \times 0.0312$$
$$= 0.1903\ or\ 19.03\%$$
$$LCL = \bar{p} - 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$
$$= 0.0967 - 3\sqrt{\frac{0.0967 \times 0.9033}{90}}$$
$$= 0.0967 - 3 \times 0.0312$$
$$= 0.0031\ or\ 0.31\%$$

उपरोक्त लेखाचित्र दर्शाता है कि यद्यपि 10 बिन्दुओं में से 8 बिन्दु नियंत्रण सीमा के भीतर है लेकिन नमूना संख्या 2 और 10 ऊपरी सीमा के बाहर है। इससे पता चलता है कि प्रक्रिया नियंत्रण में नहीं है।

उदाहरण 14.3 किसी प्रक्रिया के आकार 100 के दोहराए गए नमूनों में से प्राप्त दोषों के अनुपात के लिए एक नियंत्रण लेखाचित्र का निर्माण करना है जो कि नियंत्रण के

अन्तर्गत समझा जाता है, जब औसत दोषपूर्ण अनुपात 0.20 के बराबर है । केन्द्रीय रेखा और ऊपरी एवं निचली सीमाऐं वर्गाकित कागज में खीचिंए।

हल : हमें दिया गया है

$\bar{p}$ =औसत अंश दोष $= 0.2$

$n = 100$

$$\bar{q} = 1 - \bar{p} = 1 - 0.2 = 0.8$$

केन्द्रीय रेखा $\bar{p} = 0.2$

$$UCL = \bar{p} + 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

$$= 0.2 + 3\sqrt{\frac{0.20 \times 0.80}{100}}$$

$$= 0.2 + 3 \times (0.04) = 0.32$$

$$LCL = \bar{p} - 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

$$= 0.2 - 3\sqrt{\frac{0.20 \times 0.80}{100}}$$

$$= 0.2 - 3 \times (0.04) = 0.08$$

उदाहरण 14.4 नियंत्रण सीमाऐं स्थापित करने के लिए 14 दिनों की अवधि मे 30 वस्तुओं का दैनिक नमूना लिया गया था यदि 21 दोष पाए गए, तो दोषों के अनुपात के लिए ऊपरी और निचली नियंत्रण सीमाऐं क्या होनी चाहिए।

हल : नमूनों की संख्या $k = 14$

नमूने का आकार $n = 30$

$\sum d$ या दोषों की संख्या $= 21$

$\bar{p} =$ औसत अंश दोष

$\bar{p} = \frac{21}{14\times30} = 0.05$

$\bar{q} = 1 - \bar{p} = 1 - 0.05 = 0.95$

$\bar{p}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

नियंत्रण रेखा $= \bar{p} = 0.05$

$$UCL = \bar{p} + 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

$$= 0.05 + 3\sqrt{\frac{(.05)(.95)}{30}} = 0.17$$

$$LCL = \bar{p} - 3\sqrt{\frac{\bar{p}.\bar{q}}{n}}$$

$$= 0.05 - 3\sqrt{\frac{(.05)(.95)}{30}} = 0.69$$

LCL का ऋणात्मक मान शून्य लिया गया है।

14.2.2 $np -$ लेखाचित्र (दोषपूर्ण लेखाचित्र की संख्या)

इस लेखाचित्र को गुणों के गुणवत्ता मानक को नियंत्रित करने की प्रक्रिया के लिए बनाया जाता है जहॉ नमूना आकार एक है और अंश दोषों p के बजाय नमूने में दोषों की संख्या np अवश्य चिन्हित हो ।

प्रक्रिया : np लेखाचित्र के निर्माण में निम्नलिखित चरण शामिल हैं।

(i) औसत दोषों की संख्या $n\bar{p}$ ज्ञात कीजिए

$n\bar{p} =$ कुल दोषों की संख्या / कुल नमूनों की संख्या

$= \frac{\sum d}{k}$

$n\bar{p}$ का मान केन्द्रीय रेखा को इंगित करता है।

(ii) सूत्र $\bar{p} = \frac{n\bar{p}}{n}$

$\bar{q} = 1 - \bar{p}$ का प्रयोग करते हुए $\bar{p}$ का मान ज्ञात करें।

वैकल्पिक रूप में $\bar{p}$ का मान $\bar{p} = \frac{\sum d}{n\times k}$ के सूत्र का प्रयोग करते हुए भी निकाल जा सकता है।

(iii) सूत्र $UCL = n\bar{p} + 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$, $LCL = n\bar{p} - 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$ का प्रयोग करते हुए नियंत्रण सीमाऐं ज्ञात करें। LCL का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता है और इस स्थिति मे ंइसे शून्य किया जायेगा।

(iv) नमूना संख्या को x अक्ष मे चिइ्न्ति और दोषों की नमूना संख्या UCL , LCL और केन्द्रीय रेखा (CL) को y अक्ष मे ंचिन्हित कर np लेखाचित्र का निर्माण करें।

(v) np लेखाचित्र की व्याख्या करें। यदि दोषों की सभी नमूना संख्या , नियंत्रण सीमाओं के भीतर आती है तो प्रक्रिया नियंत्रण की स्थिति मे ंहै अन्यथा नियंत्रण से बाहर।

टिप्पणी :– दोषपूर्ण लेखाचित्र की संख्या का निर्माण एवं व्याख्या या करें np लेखाचित्र p लेखाचित्र के समान है। np लेखाचित्र में, केन्द्रीय रेखा p की बजाय, np से खींची जाती है और दोषों की वास्तविक संख्या np निश्चित आकार n के नमूनों मे ंअंश दोषों के बजाय इसे चिन्हित किया जाता है।

उदाहरण : 14.5 : 10 युग्मों में से प्रत्येक 400 आकार के 10 नमूनों का निरीक्षण करने पर निम्न दोषों का पता चलता है :

17	15	14	26	9	4	19	12	9	15

दोषपूर्ण इकाईयों के लिए नियंत्रण सीमा की गणना करें ग्राफ चिन्हित करें और बताऐं कि प्रक्रिया नियंत्रण की स्थिति में है या नहीं।

हल :– हमें दिया हुआ है, $n = 400$

$k =$ (नमूनों की संख्या) $= 10$

$\bar{p} =$ औसत अंश दोष

$$= \frac{140}{10 \times 400}$$
$$= 0.035$$
$$\bar{q} = 1 - 0.035$$
$$= 0.965$$
$$n = 400$$
$$\therefore \quad n\bar{p} = 400 \times .035 = 14$$

np का मान केन्द्रीय रेखा को इंगि करता है। np लेखाचित्र क`लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = n\bar{p} + 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$$
$$= 14 + 3\sqrt{400 \times 0.035 \times 0.965}$$
$$= 14 + 3(3.675)$$
$$= 14 + 11.025$$
$$= 25.025$$
$$LCL = n\bar{p} - 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$$

$$= 14 - 3\sqrt{400 \times 0.035 \times 0.965}$$
$$= 14 - 3 \times 3.675$$
$$= 2.975$$

उपरोक्त लेखाचित्र दर्शाता है कि यद्यपि 10 बिन्दुओं मे ंसे 9 बिन्दु नियंत्रण सीमा के भीतर है लेकिन, नमूना 4 के लिए बिन्दु UCL के बाहर है। इससे पता चलता है कि प्रक्रिया नियंत्रण मे ंनहीं है।

उदाहरण 14.6 एक निश्चित नमूना निरीक्षण में, 100 के प्रत्येक 10 नमूनों में दोषों की संख्या नीचे दी गई है :

16	18	11	18	21	10	20	18	17	21

क्या इससे संकेत मिलता है कि गुणवत्ता की विशेषताओं का निरीक्षण सांख्यिकीय नियंत्रण के अन्तर्गत है।

हल :– यहॉ पर हम $n\bar{p}$ लेखाचित्र का प्रयोग यह ज्ञात करने के लिए करते हैं कि क्या निरीक्षण के अर्न्तगत गुणवत्ता विशेषताऐं नियंत्रण की स्थिति में है या नहीं।

हमें दिया गया है : $n = 100\,, k = 10$

$\sum d =$ कुल दोषों की संख्या $= 170$

$$\bar{p} = \frac{170}{100 \times 10} = 0.17$$
$$\bar{q} = 1 - 0.17 = 0.83$$

$n = 400$ है $\therefore n\bar{p} = 100 \times 0.17 = 17$

$n\bar{p}$ का मान केन्द्रीय रेखा को इंगित करता है। $n\bar{p}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = n\bar{p} + 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$$
$$= 17 + 3\sqrt{100 \times 0.17 \times 0.83}$$
$$= 17 + 11.268$$

$$= 28.268$$
$$LCL = n\bar{p} - 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$$
$$= 17 - 3\sqrt{100 \times 0.17 \times 0.83}$$
$$= 17 - 11.268$$
$$= 5.732$$

चूँकि कोई भी बिन्दु निचली एवं ऊपरी सीमाओं के बाहर नहीं है, प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण की स्थिति में है।

उदाहरण 14.7 10 इकाईयों के प्रत्येक नमूना आकार में जब औसत दोष संख्या 1.2 है, उत्पादन प्रक्रिया के नियंत्रित कहा जाता है यह पाया गया था। 10 इकाईयों के प्रत्येक नमूना आकार नियंत्रण लेखाचित्र के लिए आप क्या नियंत्रित सीमाएं स्थापित करेंगे।

हल :– यह ज्ञात करने के लिए कि कया गुणवत्ता विशेषताऐं निरीक्षण के अन्तर्गत नियंत्रण में है या नहीं यहाँ $n\bar{p}$ लेखाचित्र का प्रयोग करते हैं।

हमें दिया गया है : $n\bar{p} = 1.2\,, n = 10\,,$

$$\bar{p} = \frac{n\bar{p}}{n} = \frac{1.2}{10} = 0.12,$$

$\bar{q} = 1 - \bar{p}$

$= 1 - 0.12 = 0.88$

$n\bar{p}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = n\bar{p} + 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$$
$$= 1.2 + 3\sqrt{10 \times 0.12 \times 0.88}$$
$$= 1.2 + 3(1.027)$$
$$= 4.281$$
$$LCL = n\bar{p} - 3\sqrt{n\bar{p}\bar{q}}$$
$$= 1.2 - 3\sqrt{10 \times 0.12 \times 0.88}$$
$$= 1.2 - 3.081$$

$$= -1.881$$

14.2.3 c – लेखाचित्र (प्रति इकाई लेखाचित्र के दोषों की संख्या) :–

इस लेखाचित्र को प्रति इकाई दोषों की संख्या जैसे कपडे का टुकडा /कॉच /कागज/बोतल जिसमें एक से अधिक दोष हो सकते हैं के नियंत्रण के लिए उपयोग किया जाता है। इसे लेखाचित्र में निरीक्षण इकाई उत्पाद की एक इकाई होगी प्रत्येक दोष के घटित होने की संभावना बहुत छोटी रहती है। इसलिए, दोषों की संख्या के वितरण को माध्य = परिवर्तनशीलता के साथ पायसन वितरण माना जा सकता है।

प्रक्रिया :– c – लेखाचित्र के निर्माण में निम्नखिखित चरण शामिल है।

(i) समान आकार के नमूनो में प्रति इकाई दोषों की संख्या ज्ञात करें।

(ii) सूत्र $\bar{c} = \frac{\sum c}{k}$ का प्रयोग करते हुए कई इकाईयों में गिने जाने वाले दोषों की संख्या का माध्य ज्ञात करें।

(iii) नियंत्रण सीमाऐं $= \bar{c} \pm 3\sqrt{c}$, $UCL = \bar{c} + 3\sqrt{c}$, $LCL = \bar{c} - 3\sqrt{c}$ सूत्र का प्रयोग करते हुए नियंत्रण सीमाऐं ज्ञात करें। LCL का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता है और इस परिस्थिति में इसे शून्य किया जायेगा।

(iv) नमूना संख्या को x अक्ष में रेखांकित करके और प्रेक्षित दोषों की प्रति इकाई संख्या , LCL UCL और CL को y अक्ष में रेखांकित कर $c -$ लेखाचित्र का निर्माण करें।

(v) $c -$ लेखाचित्र की व्याख्या करें। दोषों की संख्या का प्रति इकाई प्रेक्षित मान, नियंत्रण सीमा के अन्दर आते हैं तो प्रक्रिया नियंत्रण की स्थिति में है अन्यथा नियंत्रण से बाहर है।

यद्यपि , $c -$ लेखाचित्र के अनुप्रयोग $\bar{x}$ और R लेखाचित्र की तुलना में सीमित है, फिर भी कई उद्योगों मे कई व्यावहारिक स्थितियॉ मौजूद है जहॉ अभी भी $c -$ लेखाचित्र का प्रयोग किया जाता है। निम्नलिखित क्षेत्रों मे $c -$ लेखाचित्रों का अनुप्रयोग होता है।

1. आखिरकार इकट्ठे हुए सभी प्रकार के विमान के दोषों की संख्या
2. लेपित कागज के रोल, फोटोग्राफिक फिल्म की शीट, कपडे की बेल (या टुकडे) आदि में गिने जाने वाले दोषों की संख्या आदि।

उदाहरण 14.8 : समान लम्बाई के विभिन्न रोलों के कपडों के दस टुकडों मे निम्नलिखित दोष शामिल है :

1	2	5	0	6	0	9	4	4	3

दोषों की संख्या के लिए एक नियंत्रण लेखाचित्र बनाएं और बताएं कि प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण की स्थिति में है या नहीं ।

हल :– हमारे पास $N = 10$ और $C =$ दोषों की संख्या $= 35$

$\bar{c} = \frac{\sum c}{N} = \frac{35}{10} = 3.5$

$\bar{c}$ का मान केन्द्रीय रेखा को प्रदर्शित करता है।

C लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = \bar{C} + 3\sqrt{\bar{C}}$$
$$= 3.5 + 3\sqrt{3.5}$$
$$= 3.5 + 5.612$$
$$= 9.112$$
$$LCL = \bar{C} - 3\sqrt{\bar{C}}$$

$$= 3.5 - 3\sqrt{3.5}$$
$$= 3.5 - 5.612$$
$$= -2.112 = 0$$

उपरोक्त लेखाचित्र दर्शाता है कि रेखाकित बिन्दु दो नियंत्रण सीमाओं के भीतर है । इससे पता चलता है कि प्रक्रिया नियंत्रण में है।

उदाहरण 14.9 20 वस्तुओं के दोषों की संख्या नीचे दी गई है :

वस्तु संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
दोषों की संख्या	2	0	4	1	0	8	0	1	2	0
वस्तु संख्या	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
दोषों की संख्या	6	0	2	1	0	3	2	1	0	2

एक उपयुक्त लेखाचित्र बनाएं और अपना निष्कर्ष दें।

हल :– जैसा कि प्रति इकाई दोषों की संख्या दी गई हे, उपयुक्त नियंत्रण लेखाचित्र $C -$ लेखाचित्र है। हमारे पास $N = 20$ और $C =$ दोषों की संख्या $= 35$

$$\bar{c} = \frac{\sum c}{N} = \frac{35}{20} = 1.75$$

$\bar{c}$ का मान केन्द्रीय रेखा को प्रदर्शित करता है।

C लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = \bar{C} + 3\sqrt{\bar{C}}$$
$$= 1.75 + 3\sqrt{1.75}$$
$$= 5.7186$$
$$LCL = \bar{C} - 3\sqrt{\bar{C}}$$
$$= 1.75 - 3\sqrt{1.75}$$
$$= -2.218 = 0$$

उपरोक्त लेखाचित्र दर्शाता हे कि यद्यपि 20 रेखांकित बिन्दुओं मे ंसे 18 बिन्दु नियंत्रण सीमा के भीतर है लेकिन नमूना 6 और नमूना 11 के लिए बिन्दु UCL से बाहर है। इससे पता चलता है कि प्रक्रिया नियंत्रण में नहीं है।

14.3 स्वीकृति नमूना

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र उत्पाद नियंत्रण या स्वीकृति नमूना होता है। उत्पाद नियंत्रण उत्पादों के निरीक्षण के साथ समबन्धित होता है। वस्तुयें स्वीकार्य है या नहीं का पता लगाने के लिए समानता के मानकों के अनुरूप वस्तुओं का निरीक्षण किया जाता हें यहॉ निर्णय नमूनाकरण का निरीक्षण किया जाता हैं । यहॉ निर्णय नमूनाकरण के माध्यम से निकलता है। यही कारण है कि उत्पाद नियंत्रण को स्वीकृति नमूना कहा जाता है। सिम्पसन और काफ्का के अनुसार ''स्वीकृति नमूना गुणवत्ता के अनुरूप होने वाले गैर अनुरूपता को स्वीकार करने के निर्णय से संबंधित है । निर्णय नमूनाकरण के माध्यम से निकलता हैं ।

14.4 स्वीकृति नमूना या उत्पाद नियंत्रण में जोखिम

स्वीकृति नमूने या उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण में दो प्रकार के जोखिम हैं जो नीचे दिए गए है।

14.4.1 निर्माता का जोखिम :–

कभी–कभी ऐसा होता है कि अच्छी गुणवत्ता के बावजूद लिया गया नमूना दोषपूर्ण इकाईयॉ दिखा सकता है इस तरह से ढेर को अस्वीकार कर दिया जायेगा। अच्छी गुणवत्ता के बावजूद ढेर अस्वीकार कर दिया जाता है। अस्वीकृति का होना एक प्रकार से निर्माता के जोखिम के रूप में जाना जाता है दूसरे शब्दों में, ढेर की अस्वीकार्य होने की संभावना स्वीकार्य गुणवत्ता स्तर के अनुसार जिसे वास्तव में उत्पादक द्वारा संतोषजनक पाया गया हो, निर्माता का जोखिम कहा जाता है।

14.4.2 उपभोक्ता का जोखिम :–

कभी–कभी ऐसा होता है कि ढेंर की गुणवतत्ता अच्छी नहीं होती है लेकिन नमूने के परिणाम अच्छी गुणवत्ता वाले इकाईयॉ दिखाते हैं जैसे उपभोक्ताओं को दोषपूर्ण ढेर स्वीकार करने पढते हैं। इस तरह के जोखिम को उपभोक्ता का जोखिमि

कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, उपभोक्ता द्वारा पूर्व निर्धारित मानक के अनुसार ढेर के स्वीकार्य होने की संभावना जो कि वास्तव में उपभोक्ता द्वारा संतोषजनक पाया गया है, उपभोक्ता का जोखिम कहा जाता हैं। इस प्रकार, अच्छे ढेर को खारिज करने का जोखिम निर्माता के जोखिम के रूप में जाना जाता है। उपभोक्त और उत्पादक दोनों स्वीकत्रति मानक का फैसला लेते हैं। यह स्वीकार्य गुणवत्ता स्तर (AQL) या ढेर सहिषणुता दोषपूर्ण प्रतिशत $(LTPD)$ कहलाता है।

14.5 नमूना निरीक्षण योजना के प्रकार

स्वीकृति नमूना, नमूनाकरण पर आधारित होता है। नमूनों के निरीक्षण के पश्चात, ढेर के स्वीकृति या अस्वीकृति के बारे मे निर्णय लिया जाता है।, स्वीकृति नमूनाकरण में, नमूनों की संख्या और उनका क्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वीकृति या अस्वीकृति नियमों को तैयार किया जाता है। तीन तरह के नमूनाकरण योजनाएं हैं जिन्हें अक्सर स्वीकृति नमूने मे प्रयोग किया जाता है, जो निम्नानुसार है।

14.5.1 एकल नमूनाकरण योजना :–

एकल नमूनाकरण योजना के अन्तर्गत, पहले n वस्तुओं के नमूने को N वस्तुओं के ढेर से यादृच्छिक चुना जाता है।

यदि नमूने में C या कुछ दोष शामिल है। तब ढेर स्वीकार्य होता है जबकि यदि इसमें C से ज्यादा दोष शामिल हैं तब ढेर अस्वीकार्य होता है। (c को c स्वीकृति संख्या जाना जाता है) एकल नमूनाकरण योजना निम्नलिखित लेखाचित्र में दर्शायी गई है :

उदाहरण 14.10 500 वस्तुओं को एक ढेर निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जाता है जिसके लिए दोषों की स्वीकृति संख्या सहिषणुता 10 है। 30 वस्तुओं के एक लिये गए नमूने में आप पाते हैं कि 8 में दोष है। बताऐं कि ढेर को विपणन के लिए स्वीकार्य करना चाहिए या नहीं।

हल :– हमारे पास C या स्वीकृति संख्या $= 10$

और d या नमूने में दोषों की प्रेक्षित संख्या $= 8$

इस प्रकार $d < c$ (या $8 < 10$)

चूँकि $d < c$, विचार के अन्तर्गत ढेर स्वीकार्य करना चाहिए।

14.5.2 दोहरी नमूनाकरण योजना :–

इस नमूनाकरण योजना के अर्न्तगत, पहले आकार N के ढेर में से n_1 वस्तुओं का एक नमूना लिया जाता है। यदि नमूने में, माना C_1 या कुछ दोषों को शामिल किया जाता है तो ढेर स्वीकार्य होता है। यदि इसमें C_2 से ज्यादा दोष शामिल होते हैं, तो

ढेर अस्वीकाग्र होता है। यदि नमूने मे दोषों की संख्या C से ज्यादा है, लेकिन यह C_2 से ज्यादा नहीं है, समान ढेर से एक दूसरा n_2 वस्तुओं का नमूना लिया जाता है। अब, कुल दोषों की संख्या दोनों नमूनों में C_2 से ज्यादा है, ढेर स्वीकार्य होता है अन्यथा अस्वीकार्य होता है। C C_1 को पहले नमूने के लिए स्वीकृति संख्या के रूप में जाना जाता है और C_2 को दोनों नमूनों को एक साथ लेने पर स्वीकृति संख्या के रूप में जाना जाता है। दोहरी नमूना योजना को निम्नलिखित लेखाचित्र में दर्शाया गया है :–

उदाहरण 14.11 एक दोहरी नमूनाकरण योजना में निम्न तथ्य बताए गऐ हैं :

$N = 5{,}000$, $n_1 = 50$, $c_1 = 4$, $n_2 = 100$ और $c_2 = 6$ योजना कार्यन्वित करें।

हल : दोहरी नमूनाकरणयोजना के कार्यान्वयन में निम्नलिखित चरण शामिल हैं :

1. 5,000 वस्तुओं के ढेर में से एक समान यादृच्छिक लेने के पश्चात पहले नमूने के सभी 50 वस्तुओं का निरीक्षण करें।
2. नमूने में से प्रेषित दोषों की संख्या (d_2) 4 या 4 से कम हैं या c_1 ढेर को स्वीकार करें यदि $d_1 > 6$ या c_2 ढेर को अस्वीकार करें।
3. ठस प्रकार प्रेक्षित नमूनों में दोषों की संख्या या d_1 $4\,(c_1)$ से ज्यादा हो लेकिन $6\,(c_2)$ से ज्यादा न हो, दूसरे नमूने के सभी 100 वस्तुओं का निरीक्षण करें।

4. अब 150 वस्तुओं $(n_1 + n_2)$ ढेर स्वीकार्य हैं यदि यह 6 से ज्यादा है तो ढेर अस्वीकार्य हैं

14.5.3 बहु या अनुक्रमिक नमूनाकरण योजना :

इस नमूनाकरण योजना के अन्तर्गत, प्रत्येक छोटे आकार के दो से ज्यादा नमूनों का निरीक्षण करने के पश्चात ढेर के स्वीकार होने या अस्वीकार होने का निर्णय लिया जाता है। इस योजना में लिये गए प्रत्येक इकाई निर्णय की जांच के पश्चात इकाईयों की एक बार में एक जॉच की जाती है। यद्यपि, इस तरह की योजना बहुत जटिल है और इसलिए अभ्यास में शायद ही प्रयोग की जाती है।

14.6 एक स्वीकार्य नमूना योजना की संचालित विशेषता वक्र

यह अच्छे और बुरे वस्तुओं के बीच भेद करने में नमूनाकरण योजना की क्षमता का आंकलन करने का एक रेखाचित्रीय उपाय है। दोष प्रतिशत के रूप में विभिन्न ढेर गुणवत्ता के लिए, यह ढेर के $pa(p)$ स्वीकृति संभावनाओं के बीच संबंध दर्शाते हुए इसे अभिव्यक्त करती है। oc वक्र के निर्माण में, हम x अक्ष के साथ p या दोष प्रतिशत के रूप में ढेर गुणवत्ता और y अक्ष के साथ $p_2(p)$ या ढेर की स्वीकृति संभाव्यता को लेते हैं । किसी भी दिए गए नमूनाकरण योजना के अनुरूप हमेशा एक संचालन (oc वक्र) विशेषता होती है। एक विशिष्ट oc वक्र का आकार निम्न होता है:

14.7 ढेर गुणवत्ता दोष प्रतिशत के रूप में

उपर्युक्त आंकडे में, यह माना जाता है कि स्वीकार्य और अस्वीकार को गुणवत्ता के अनुपात के रूप में मापा जाता है जो दोषपूर्ण हाते हैं और $p_a = 0.05$, और $p_r = 0.15$ है। oc वक्र में से, यह देखा जाना चाहिए कि स्वीकृति की संभावना 0.05, 0.9 से कम है, गुणवत्ता के अस्वीकृति की संभावना 0.15 , 0.1 से थोडा अधिक है। इससे पता चलता है कि अच्छे उत्पादों की अस्वीकृति का मौका जा निर्माता के जाखिम 0.1 से थोडा अधिक है और खराब उत्पादों की स्वीकृति का मौका, जो उपभोक्ता के जोखिम 0.1 से थोडा अधिक है।

इस प्रकार, निर्माता और उपभोक्ता दोनों का जोखिम एक समान होता है। वक्र की ढलान नमूना आकार पर निर्भर होता है। बडे नमूने के oc वक्र में ढलान ज्यादा होती है। oc वक्र की स्थिति स्वीकृति के लिए स्वीकार्य दोषपूर्ण वस्तुओं की अधिकतम संख्या द्वारा निर्धारित की जाती है, जिसे स्वीकृति संख्या कहा जाता है। स्वीकति संख्या के छोटे या बडे होने पर वक्र को बाएं या दाएं स्थानांतरित किया जाता है।

उदारहण 14.12 एकल नमूनाकरण योजना से संबंधित निम्नलिखित आंकडों से , 0.5 प्रतिशत, 7.5 प्रतिशत, 1 प्रतिशत, 2 प्रतिशत, 5 प्रतिशत 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत ढेर गुणवत्ता में दोषों की स्वीकृति संभावना ज्ञात करें और आंकडों को प्रदर्शित करने के लिए oc वक्र दर्शाऐं ।

हल :– यह एकल नमूनाकरण योजना की स्थिति है। चूँकि सहिष्णु दोष की संख्या या $c = 1$, यदि नमूना 0 या 1 दोष देता है तो ढेर स्वीकार्य होगा ।

पायसन वितरण का प्रयोग करते हुए संचयी प्राथिमताओं की गणना

ढेर में % दोष	माध्य दोष (m)	$P(0) = e^{-m}$	$P(1) = m.e^{-m}$	$P_\alpha(p) = P(0) + P(1)$
0.50	$\frac{50}{100} \times .5 = 2.5$	0.7788	0.1947	0.9735
0.75	$\frac{50}{100} \times .75 = .38$	0.6839	0.2599	0.9438
1.00	$\frac{50}{100} \times 1 = .50$	0.6065	0.3033	0.9098
2.00	$\frac{50}{100} \times 2 = 1.00$	0.3678	0.3678	0.7358
5.00	$\frac{50}{100} \times 5 = 2.50$	0.0821	0.2053	0.2874
10.00	$\frac{50}{100} \times 10 = 5.00$	0.0070	0.0350	0.0420
15.00	$\frac{50}{100} \times 15 = 7.50$	0.0006	0.0045	0.0051

अब, आप एक नमूनाकरण योजना द्वारा दिए गए प्रतिशत दोषों के साथा ढेर के स्वीकृति की संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करेंगें। इसे नीचे दर्शाया गया है:–

उपरोक्त oc वक्र इंगित करता है कि 1,000 वस्तुओं (चूँकि $N = 1000$) के निरीक्षण में से $974(.9735 \times 1000)$ वस्तु स्वीकार्य होंगें और 26 वस्तु 0.5% दोष के साथ अस्वीकार्य होंगें।

14.8 सारांश

संक्षेप में विशेषताओं के लिए लेखाचित्र का उपयोग किया जाता है जब किसी उत्पाद की गुणवत्ता को मात्रात्मक रूप में मापा नहीं जा सकता है और आंकडों का दोष और गैर दोष जैसे गुणों की समग्रता के आधारपर अध्ययन कियाजाता है। इसके अतिरिक्त, स्वीकृति नमूनाकरण सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण का एक और बडा क्षेत्र है । उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हिस्सों पर होने वाले जोखिम को समाविष्ट करके उत्पादित उत्पादों के नरीक्षण के साथ संबंधित है।

14.9 शब्दावली

विशेषताओं के लिए नियंत्रण लेखाचित्रः ऐसे लेखाचित्र जिनका उपयोग तब किया जाता है जब किसी उत्पाद की गणुवत्ता या विशेषताओं को मात्रात्मक शब्दों मे मापा नहीं जा सकता है ।

14.10 बोध प्रश्न

1. यदि उत्पादों के एक बडे नमूने का औसत अंश सीमाओं की गणना करें। (यह देखते हुए कि प्रत्येक नमूने का आकार 200 है।)
2. 9 ढेरों में से आकार 100 के 9 नमूनों के निरीक्षण ने निम्नलिखित दोष इकाईयों की संख्या प्रदर्शित की :

वस्तु संख्या (प्रत्येक 100 वस्तुओं में)	1	2	3	4	5	6	7	8	9
दोषों की संख्या	12	7	9	8	10	6	7	11	8

3. 250 से ज्यादा वस्तुओं के रेडियों उत्पादन के निर्माण से संबंधित 250 वस्तुओं के ढेर को एक समय में निरीक्षित किया। व्यापार मे 20 विभिन्न नमूने लिये गए और दोष नीचे लिखे गए है। एक उपयुक्त नियंत्रण लेखाचित्र बनाऐं।

ढेर संख्या (250 वस्तुओं में प्रत्येक)	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
दोषों की संख्या	25	47	23	36	24	34	39	32	35	22
ढेर संख्या	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
दोषों की संख्या (250 वस्तुओं में प्रत्येक)	45	40	32	35	21	40	15	28	23	42

4. एक निश्चित नमूना निरीक्षण में, प्रत्येक 100 के 21 नमूनों में पाये गए दोषों की संख्या नीचे दी गई है। 57,9,7,8,13,8,4,8,4,3,7,7,12,15,5,13,4,3,10,8, क्या इंगित करते हैं कि सांख्यिकीय के अर्न्तगत गुणवत्ता विशेषता निरीक्षण में है।
5. कपडे के समान लम्बाई की जांच के दौरान, दोषों की निम्नलिखित संख्या देखी गई। 2,3,4,0,5,6,7,4,3,2 दोषों की संख्या के लिए एक नियंत्रण लेखाचित्र बनाऐं और टिप्पणी करें कि प्रक्रिया नियंत्रण में है या नहीं ।

14.11 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. [UCL= 0.17738, LCL =0.12952 or 0]
2. [CL =8.66, UCL =9.38, LCL =7.94]
3. [CL = =31.9 UCL = 32.84, LCL =16.16]
4. [UCL = 16.48, LCL = -0.48=0]
5. [CL = $\bar{C}$ = 3.6, UCL = 9.292, LCL = 0]

14.12 स्वपरख प्रश्न

1. विशेषताओं के लिए विभिन्न प्रकार के नियंत्रण लेखाचित्र लिखे।
2. स्वीकृति नमूनाकरण से क्या समझते हैं समझाइये।
3. नियंत्रण लेखचित्र में अंशदोषों की गणना की प्रक्रिया को समझाइयें।
4. काल्पनिक अंकों का प्रयोग करते हुए नियंत्रण लेखाचित्र (p लेखाचित्र) को रेखांकित करें।
5. नियंत्रण लेखाचित्र एंव स्वीकृति नमूनाकरण के बीच विभेद कीजिए ।

14.13 सन्दर्भ पुस्तकें

1. मूल सांख्यिकी – गौण, गुप्ता और दासगुप्ता वर्ल्ड प्रेस लिमिटेड –कलकत्ता
2. व्यावसायिक सांख्यिकीय की बुनियादी बातें संचेती और कपूर
3. प्रबंधन में मात्रात्मक तरीके – श्रीवास्तव, शेनाय और गुप्ता
4. व्यावसायिक सांख्यिकीय – गुप्ता और गुप्ता

इकाई 15 काई–वर्ग परीक्षण (Chi-Square Test)

इकाई की रुपरेखा

15.1 प्रस्तावना
15.2 काई–वर्ग परीक्षण का अर्थ एवं प्रयोग
15.3 x^2 वितरण
15.3.1 x^2 वितरण के गुण
15.3.2 x^2 परीक्षण के प्रयोगों के लिए शर्तें
15.4 विचरण की तुलना करने के लिए काई–वर्ग एक परीक्षण के रूप में
15.5 काई वर्ग एक गैर प्राचलिक परीक्षण के रूप में
15.5.1 काई वर्ग स्वतंत्र परीक्षण के रूप में
15.5.2 काई वर्ग Goodness of fit के रूप में
15.5.3 काई वर्ग एकरूपता के रूप में
15.6 काई वर्ग परीक्षण के प्रयोग में चरण
15.7 Yate के सुधार
15.8 काई–वर्ग परीक्षण का महत्वपूर्ण अवलोकन
15.9 सारांश
15.10 शब्दावली
15.11 बोध प्रश्न
15.12 बोध प्रश्नों के उत्तर
15.13 स्वपरख प्रश्न
15.14 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- काई–वर्ग वितरण की अवधारणा की व्याख्या कर सकें।
- काई–वर्ग वितरण के प्रयोग का वर्णन कर सकें।

15.1 प्रस्तावना

जैसा कि आप जानते हैं कि विभिन्न सांख्यिकीय उपकरणों का प्रयोग परिकल्पनाओं के परीक्षण के लिए किया जाता है। इन सांख्यिकीय परीक्षणों को दो अलग अलग समूहों मे वर्गीकृत किया जा सकता है। प्राचल परीक्षण और गैर प्राचल परीक्षण। प्राचल परीक्षण वे होते हैं जो समग्र के मापदंडों पर आधारित होते हैं। प्राचल परीक्षणों को प्रयोग करने में, समग्र वितरण की निश्चित मान्यताओं को पूरा करना आवश्यक है। यह इन परीक्षणों के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबंध बनता है। इन प्रतिबंधों को रोकने के लिए हम दूसरे वर्ग के परीक्षणों का प्रयोग कर सकते हैं जिन्हें गैर प्राचल परीक्षणों के रूप मे जाना जाता है। इस ढांचे में, आप विभिन्न गैर प्राचल परीक्षणों के बारे में अध्ययन करेंगें। इन सभी परीक्षणों में, काई वर्ग परीक्षण सबसे लोकप्रिय गैर प्राचल परीक्षण है लेकिन इसे प्राचल परीक्षण के रूप में भी प्रयोग किया

जा सकता है। इस अध्याय में आप सैद्धान्तिक अवधारणा और काई वर्ग परीक्षण के विभिन्न उपयोगों के बारे मे विस्तार से अध्ययन करेंगें।

15.2 काई वर्ग परीक्षण का अर्थ एवं उपयोग

संख्यिकीविदों द्वारा विकसित किये गये कई परीक्षणों के बीच काई–वर्ग परीक्षण एक महत्वपूर्ण परीक्षण है। 1900 में प्रोफेसर कार्ल पियरसन द्वारा इस परीक्षण का प्रस्ताव किया था। काई वर्ग परीक्षण को x^2 प्रतीक द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। इसकी उत्पत्ति ग्रीक अक्षर 'ची' से होती है। काई–वर्ग परीक्षण का उपयोग समग्र के भिन्नता की तुलना करने के लिए प्राचलन के साथ ही गैर प्राचल परीक्षण के रूप में किया जा सकता है, जैसे स्वतन्त्र के परीक्षण के रूप में या Goodness of fit के परीक्षण के रूप में । सैद्धांतिक विचरण को भिन्नता के लिए नमूना विश्लेषण के संदर्भ में यह परीक्षण मुख्य रूप से प्रयोग किया जाता है। नील आर उल्लमन के अनुसार,''गैर प्राचलन परीक्षण के रूप में, यह निर्धारित करने के लिए प्रयोग किये जा सकते हैं कि क्या आंकडे स्पष्ट निर्भरता दिखाते हैं या दो वर्ग स्वतन्त्र है। जब वर्ग प्रयोग किये जाते हैं, इसका प्रयोग सैद्धान्तिक समग्र एवं वासतविक आंकडों के बीच तुलना करने में किया जा सकता है।'' x^2 की यात्रा सैद्धान्तिक एवं अवलोकित विसंगति के परिमाण का वर्णन करती है, अर्थात् x^2 की सहायता से हम जान सकते हैं कि क्या सिद्धानत एवं अवलोकन के बीच दी हुई विसंगति संयोगवश विशेषता से हुई है या क्या यह सिद्धान्त की अपर्याप्तता से बनाये अवलोकित तथ्यों को जोडने के लिए है।

x^2 परीक्षण सांख्यिकीय कार्य में सबसे आसान और सर्वाधिक व्यापक रूप से प्रयोग किया जाने वाला गैर प्राचल परीक्षणों मे से एक है, जिसे कई स्थितियों मे प्रयोग किया जा सकता है। इस तकनीक को निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए प्रयोग किया जाता हैः

- Goodness of fit के परीक्षण के लिए
- दो विशेषताओं के बीच सम्बन्ध के बीच महत्व के परीक्षण के लिए
- समरूपता या समग्र में भिन्नता के महत्व को जानने के लिए

15.3 काई वर्ग–वितरण

काई–वर्ग चर के प्रायिकता वितरण को काई वर्ग वितरण कहते हैं। यदि Z_1, Z_2,.....Z_K स्वतन्त्र यादृच्दिक चर हों, प्रत्येक के पास एक मानक सामान्य वितरण N(0,1) हो, तब $\chi_k^2 = Z_1^2 + Z_2^2 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + Z_k^2$ के वितरण को x^2 वितरण कहा जाता है।

वैचारिक रूप में, x^2 अवलोकित एवं अपेक्षित आवृत्तियों के अस्तित्व के बीच विसंगति की माप है जिसका मान मुख्य रूप से स्वतन्त्रता की मात्रा पर निर्भर करता है। स्वतन्त्रता की मात्रा मानो की वह संख्या है जिसे हम स्वतन्त्र रूप से चुन सकते हैं, अर्थात वे अन्य पूर्व निर्धारित प्राचलों द्वारा तय नहीं किया जाता है। इसका अर्थ है

कि काई वर्ग परीक्षण में केवल एक प्राचल होता है अर्थात स्वतन्त्रता की मात्रा की संख्या । उदाहरण के लिए, यदि यह दिया गया है कि तीन चरों का योग 50 के बराबर हो, तो हम कोई भी दो चरों का चयन करने के लिए स्वतन्त्र हैं लेकिन तीसरा चर 50 (दो चरों का योग) के बराबर होना चाहिए, क्योंकि केवल तभी तीन चरों का योग 50 के बराबर होगा। यहॉ स्वतन्त्रता की मात्रा 2 है। स्वतन्त्रता की मात्रा को सामान्यतया r या df द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। x^2 परीक्षण के माध्यम से हम सिद्धान्त या अपेक्षित मान और अवलोकित या वास्तविक मान के बीच अंतर की सीमा निर्धारित करने में सक्षम है।

गणितीय रूप में इसे निम्नवत परिभाषित किया जाता है :

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E}$$

जहॉ O = अवलोकित आवृत्तियॉ

E = अपेक्षित आवृत्तियॉ

काई वर्ग परीक्षण विशेष रूप से संज्ञात्मक आंकडों से जुडे परीक्षणों मे उपयोगी है, लेकिन इसका उपयोग उच्च मानदण्डों के लिए भी किया जा सकता है। संज्ञात्मक आंकडा माप का सबसे प्रारम्भिक रूप है, जो विभाजन को एक श्रेणी मे व्यवस्थित करता है जो कि पारस्परिक रूप से अनन्य और सामूहिक रूप से संपूर्ण है। उदाहरण के लिए, समग्र को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। पुरूष और महिलाएं।

15.3.1 x^2 वितरण के गुण

x^2 वितरण में कई गुण है, वितरण के कुछ महत्वपूर्ण गुण निम्नानुसार हैः

1. x^2 वितरण एक निरंतर संभाव्यता वितरण है जिसका निचली सीमा में मान शून्य है और धनात्मक दिशा में अनंनता तक फैली हुई है। x^2 का नकारात्मक मान सम्भव नहीं है क्योंकि अवलोकित और अपेक्षित आवृत्तियों के बीच के अंतर की हमेशा वर्ग होता है, इसलिए x^2 का मान कभी नकारात्मक नहीं हो सकता है।
2. वितरण का सही आकार स्वतन्त्रता की मात्रा की संख्या (v) पर निर्भर करता है। सामान्य रूप में जब v छोटा है, वक्र का आकार दायीं ओर तिरछा है और जैसे ही v बडा हो जाता है, वितरण अधिक से अधिक सममित हो जाता है और सामान्य वितरण द्वारा अनुमानित किया जा सकता है।
3. x^2 वितरण का माध्य स्वतन्त्रता की मात्रा द्वारा दी जाती है और भिन्नता स्वतन्त्रता की मात्रा की दो गुनी है। इसे निम्नानुसार व्यक्त किया जा सकता है :

   $E(\chi^2) = \mu = v$

   $V(\chi^2) = \sigma^2 = 2v$
4. x^2 एक नमूना आंकडा है जिसके पास कोई संगत प्राचल नहीं है। यह x^2 वितरण गैर प्राचल वितरण को बनाता है।

5. x^2 वितरण के लिए योगात्मक गुण अच्छा निर्णय देता है। इसका अर्थ है कि स्वतन्त्र x^2 चरों का योग भी x^2 चर होता है। इस प्रकार यदि χ_1^2 v_1 *d.f.* के साथ x^2 चर है और χ_2^2 v_2 *d.f.* के साथ x^2 का दूसरा चर है। χ_1^2 स्वतन्त्र है, तब उनका योग $\chi_1^2 + \chi_2^2$ भी एक $v_1 + v_2$ *d.f* के साथ x^2 का चर है।

15.3.2 x^2 परीक्षण के प्रयोग के लिए शर्तें :–

एक काई –वर्ग परीक्षण का उपयोग किया जाना चाहिए, यदि निम्न स्थितियॉ संतुष्ट होती है

1. सैद्धान्तिक रूप से सही वितरण और अध्ययन के नमूनाकरण वितरण के बीच समानता के एक माडेम के दायित्व के लिए 'N' की कुल संख्या बहुत बडी होनी चाहिए। N का सामान्यतया स्वीकार किया गया मान 50 होता है। इसलिए नमूने कम से कम 50 अवलोकन होने चाहिए।
2. नमूना आंकडा लक्षित समग्र से यादृच्छिक तरीके से लिया जाना चाहिए ताकि पक्षपाती (पूर्वाग्रह) कोई तत्व न हो ।
3. प्रयोगिक आंकडा या नमूना अवलोकन, अर्पित सभी वस्तुऐं या नमूने मे अवलोकलन एक दूसरे से अलग होन चाहिए।
4. तुलनात्मकता की सुविधा के लिए आंकडों को मूल इकाईयों (पूर्ण रूप) में व्यक्त किया जाना चाहिए न कि तुलनात्मक रूप में जैस कि प्रतिशत या अनुपात या समानुपात इत्यादि।
5. किसी भी कक्ष में पॉच अवलोकन से कम नहीं होना चाहिए। (प्रत्येक आंकडे प्रविष्टि को एक कक्ष के रूप में जाना जाता है)। यदि किसी समूह में स्वीकार स्तर के नीचे आवृत्तियॉ होती हैं तो आवृत्तियों का एकत्रीकरण किया जाता है जिससे कम आवृत्तियों को पूर्ववर्ती या बाद की आवृत्तियों मे ंजोडा जाता है ताकि परिणामस्वरूप मान स्वीकार्य स्तर से अधिक हो कुछ सांख्यिकीयविद् 5 के बजाय न्यूनतम स्वीकार्य स्तर के लिए 10 अंक को बेहतर मानते हैं।
6. प्रतिबंधों को रैखिक होना चाहिए अर्थात् प्रतिबंधों की परिभाषित करने वाले सभीकरणों में आवृत्तियों का कोई वर्ग या उच्च घातें नहीं होनी चाहिए।

15.4 विविधता की तुलना के लिए , काई वर्ग परीक्षण

काई–वर्ग मान प्रायः समग्र विचरण के महत्व के आकलन के प्रयोग के लिए किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि जब सामन्य वक्र जिसका माध्य μ और विचलन σ_p^2 है में से एक यादृच्छिक नमूना लिया जाता है तो χ^2 परीक्षण का प्रयोग किया जा सकता है। समग्र विचलन के महत्व के आंकलन केलिए, यह माना जाता है कि नमूना विचलन समग्र विचलन के बराबर हो। इस प्रकार शून्य परिकल्पना को निम्न प्रकार से लिया जाता है : $H_0 : \sigma_s^2 = \sigma_p^2$

यह स्पष्ट है कि χ^2 परीक्षण χ^2 वितरण पर आधारित होता है जो कि मानों के संग्रह से संबंधित होती है और जिसमें वर्गों का योग शामिल होता है। जब हमें काई वर्ग का

प्रयोग समग्र विचलन के परीक्षण के रूप में करना होता है, तो हमें शून्य परिकल्पना का परीक्षण करने के लिए निम्नलिखित सूत्र द्वारा χ^2 का मान निकलना पडेगा।

$$\chi^2 = \frac{\sigma_s^2}{\sigma_p^2}(n-1)$$

जहॉ

σ_s^2 = नमूने का विचलन

σ_p^2 = समग्र का विचलन

(n– 1) = स्वतन्त्रता का अंश

n = नमूने में वस्तुओं की संख्या

स्वतन्त्रता के विभिन्न अंशों एवं स्तरों के लिए x^2 के महत्वपूर्ण मान तालिका के रूप मे उपलब्ध हैं। आप इस तालिका को सांख्यिकीय की किसी भी अच्छी किताबों के परिशिष्टों मे पा सकते हैं। किसी निर्णय मे पहुॅचने के लिए उपरोक्त सूत्र द्वारा x^2 के मान की गणना की जाती है, गणना किये हुए मान को (n-1) स्वतंत्रता के अंश के साथ किसी विशेष स्तर पर तालिका मान से तुलना करते हैं। यदि x^2 का गणितीय मान, तालिका के मान से कम है तो शून्य परिकल्पना को स्वीकृत किया जाता है। इसके विपरीत, यदि x^2 का गणना किया हुआ मान, तालिका मान के बराबर या अधिक हो तब परिकल्पना को अस्वीकार किया जाता है।

इस सम्बन्ध में याद रखने के लिए एक महत्वपूर्ण बात यह है कि काई वर्ग वितरण सममित नहीं है और सभी मान सकारात्मक है। भिन्नता की तुलना करने के लिए x^2 परीक्षण का उपयोग समग्र के सामान्य वितरण की धारणा पर आधारित होती है।

उदाहरण – 1 10 छात्रों का वजन इस प्रकार है :–

क्रम0 संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
वजन(किग्रा)	38	40	45	53	47	43	55	48	52	49

क्या हम कह सकते हैं कि 10 छात्रों के ऊपर दिए गए नमूने से सभी छात्रों के वजन का विचलन 20 किलोग्राम के बराबर है ? 5 प्रतिशत एवं प्रतिशत महत्व के स्तर पर परीक्षण करें।

हल :– सबसे पहले हमें नमूना आंकडा ज्ञात करना चाहिए, अर्थात σ^2 जिसकी गणना निम्नानुसर की जाती है :–

क्रम0सं0.	X_i (वनज किग्रा में.)	$(X_i - \bar{X})$	$(X_i - \bar{X})^2$
1	38	– 9	81
2	40	– 7	49
3	45	– 2	04
4	53	+ 6	36
5	47	0	00
6	43	– 4	16
7	55	+8	64

8	48	+1	01
9	52	+5	25
10	49	+2	04

$n = 10 \quad \sum X_i = 470 \qquad \sum (X_i - \bar{X})^2 = 280$

$$\bar{X} = \frac{\sum X_i}{n} = \frac{470}{10} = 47 \text{ kgs}$$

$$\therefore \qquad \sigma_s = \sqrt{\frac{(X_i - \bar{X})^2}{n-1}} = \sqrt{\frac{280}{10-1}} = \sqrt{31.11}$$

या $\qquad \sigma_s^2 = 31.11$

$H_0 : \sigma_s^2 = \sigma_p^2$

इस रिक्त परिकल्पना के परीक्षण के लिए, हमें χ^2 के मान पर निम्नानुसार कार्य करना पडेगा।

$$\chi^2 = \frac{\sigma_s^2}{\sigma_p^2}(n-1)$$

$$= \frac{31.11}{20}(10-1) = 13.999$$

स्वतन्त्रता का अंश = n – 1 or 10 –1 = 9

5% महत्व के स्तर पर, x^2 का तालिका मान 16.92 है और 1% महत्व के स्तर पर यह $9d.f.$ के लिए 21.67 है और ये दोनों मान x^2 के गणना किये हुए मान जो कि 13.999 हे से ज्यादा है। इसलिए, हम शून्य परिकल्पना को स्वीकार करते हैं और यह निष्कर्ष निकालते हैं कि दिये हुए वितरण का विचलन 5% एवं 1% महत्व के स्तर पर 20 किलोग्राम लिया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, नमूने को समग्र से 20 किलोग्राम वजन के साथ लिया जा सकता है।

उदाहरण – 2 15 बोतलों का एक नमूना यादृच्छिक तरीके से एक निश्चित समग्र से लिया जाता है। दिये हुए नमूने के माध्य से विचलन के वर्ग का योग 55 है। क्या इस नमूने का 6 के विचलन के साथ समग्र से लिया गया है ?

हल :– n = 15, $\quad \sum (X_i - \bar{X})^2 = 55, \qquad \sigma_p^2 = 6$ दिया गया है :

शून्य परिकल्पना को निम्नानुसार लिया जा सकता है : H_0: $\sigma_s^2 = \sigma_p^2$

सबसे पहले हमें नमूना विचलन की गणना

$\sigma_s^2 = \frac{\sum (X_i - \bar{X})^2}{n-1} = \frac{55}{15-1} = 3.93$ के अन्तर्गत करते हैं

अब हमें x^2 के मान की गणना $\chi^2 = \frac{\sigma_s^2}{\sigma_p^2}(n-1)$ के अन्तर्गत करनी है।

$$\chi^2 = \frac{\sigma_s^2}{\sigma_p^2}(n-1) = \frac{3.93}{6}(15-1) = 9.17$$

(n-1) के लिए अर्थात् (15–1) या 14 स्वतन्त्रता के लिए 5% महत्व के स्तर पर x^2 का परिकलित मान x^2 के तालिका मान से कम है, इसलिए शून्य परिकल्पना

स्वीकार्य है, अर्थात् नमूना विचलन और समग्र विचलन के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है और नमूने को 6 के विचलन के साथ समग्र से लिया गया है।

15.5 काई–वर्ग गैर–प्राचल परीक्षण के रूप में

काई–वर्ग का उपयोग प्राचल के साथ ही गैर–प्राचल परीक्षण के रूप मे किया जा सकता है। पहले के खंड में, आपने पढा है कि काई–वर्ग का प्रयोग नमूना विचलन की तुलना, समग्र विचलन के साथ की जा सकती है। इस स्थिति में, इसे प्राचल परीक्षण के रूप मे प्रयोग किया जाता है क्योंकि यह समग्र प्राचल पर आधारित है। लेकिन यह ज्यादातर गैर–प्राचल परीक्षण के रूप मे प्रयोग किया जाता है। वास्तव में, काई वर्ग सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय गैर प्राचल परीक्षण मे से एक है जो उन सम्बन्ध में पूरा करना है। यह परीक्षण विशेष रूप से संज्ञात्मक आंकडों के सम्बन्ध मे उपयोगी है। लेकिन इसे उच्च स्तरों (क्रमिक, अंतराल, अनुपात) के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। गैर प्राचलन परीक्षण के रूप में, निम्न परिस्थितियों में काई वर्ग प्रयोग किया जा सकता है।

15.5.1 काई–वर्ग स्वतन्त्रता के परीक्षण के रूप में

गुणों के समूह के क्षेत्र मे काई वर्ग परीक्षण का प्रयोग बहुत उपयोगी है। विशेषताओं के समूह से, हमारा उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या दो विशेषताऐं स्वतन्त्र है या उनके बीच कोई सम्बन्ध है। इस प्रयोजन के लिए, हम शून्य परिकल्पना बनाते हैं कि दो विशेषताओं के बीच कोई समबन्ध नहीं है अर्थात दो विशेषताऐं स्वतन्त्र है। उसके बाद x^2 के मान की गणना की जाती है और इसकी तुलना x^2 के तालिका मान से की जाती है यदि x^2 का परिकलित मान उसके तालिका मान से कम या उसके बराबर है तो शून्य अवधारणा को स्वीकार किया जाता है और दो विशेषतओं को स्वतन्त्र माना जाता है, अन्यथा अगर परिकलित मान उसके तालिका मान से अधिक है तो शून्य परिकलित मान उसके तालिका मान से अधिक है तो शून्य परिकल्पना अस्वीकार कर दी जाती है और यह माना जाता है कि दो विशेषताओं के बीच सम्बन्ध है। इसलिए दो विशेषताओं के बीच परस्पर स्वतन्त्रता के परीक्षण के लिए काई वर्ग परीक्षण का उपयोग किया जाता है।

उदाहरण के लिए, मान लिजिए हमें यह जानने में रूचि है कि क्या एक नई दवा बुखार को नियंत्रित करने में प्रभावी है या नहीं। हम यह निर्णय लेने मे काई वर्ग परीक्षण की सहायता ले सकते हैं। सबसे पहले हम शून्य अवधारणा लेंगें कि दो विशेषताओं, अर्थात् नई दवा और बुखार का नियंत्रण स्वतन्त्र है जिसका अर्थ है कि नई दवा बहुखर को नियंत्रित करने मे प्रभावी नहीं है। इस आधार पर, हम पहले अपेक्षित आवृत्तियों की गणना करते हैं और फिर x^2 का मान ज्ञात करते हैं। यदि x^2 का परिकलित मान स्वतन्त्रता के दिये गए अंश के लिए एक निश्चित स्तर पर तालिका मूलय से कम है, तो हम निष्कर्ष निकालते हैं कि शून्य परिकल्पना सत्य है जिसका अर्थ है कि दो विशेषताऐं स्वतन्त्र हैं या सम्बन्धित नहीं है। (अर्थात नई दवा बुखार को नियंत्रित करने मे प्रभावी नहीं है) लेकिन यदि x^2 का परिकलित मान उसके तालिका मान से अधिक है तो हमारा अनुमान गलत होगा जिसका अर्थ है कि

दो विशेषताऐं सम्बन्धित है और सम्बन्ध संयोगवश नही है अपितु यह वास्तविकता मे मौजूद है (अर्थात नई दवा बुखार को नियंत्रित करने में प्रभावी है और जैसा कि निर्धारित किया जा सकता है)। यहॉ पर घ्यान देने योग्य एक महत्वपूर्ण बात यह है x^2 सम्बन्ध के अंश की माप नहीं है या दो विशेषता के बीच सम्बन्ध के रूप मे उपाय नहीं है, लेकिन यह केवल इस तरह के सहयोग के महत्व को पहचानने की एक तकनीक या दो विशेषताओं के संबंध को पहचानने की एक तकनीक है।

15.5.2 काई वर्ग Goodness of fit के परीक्षण के रूप में

काई–वर्ग परीक्षण का प्रयोग यह पता लगाने के लिए भी किया जाता है कि सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण के अनुरूप अपेक्षित वितरण मे कितना अंतर है अर्थात Goodness of Fit का परीक्षण किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि x^2 का परीक्षण Goodness fo Fit के रूप में प्रयोग यह निर्धारित करने के लिए प्रयोग किया जाता है कि अवलोकित आंकडे सैद्धान्तिक वितरण मे कितने अच्छे हैं। कई बार, अपेक्षित आवृत्तियों को गणितीय तकनीकों जैसे द्विपद, सामान्य और पायसन वितरण आदि की सहायता से ज्ञात किया जाता है। कभी कभी यह जानना हमारे लिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि कितनी वास्तविक आवृत्तियॉ, अपेक्षित आवृत्तियों से मिलती है। यह आवश्यकता मुख्य रूप से नमूना अध्ययन के मामले मे उत्पन्न होती है। ऐसी परिस्थितियों में, हमें यह देखना होगा कि नमूना अध्ययन से प्राप्त वास्तविक आवृत्तियों का सैद्धांतिक या गणितीय वितरण से प्राप्त अपेक्षित आवृत्तियों के साथ मिलान है और उनके बीच का अंतर महत्वपूर्ण है या नहीं। इसे Goodness of Fit कहा जाता है। अस्वीकृति यह बताती है कि Goodness of Fit खराब है। इस सम्बन्ध में Goodness of Fit एक अन्य उल्लेखनीय बात यह है कि अपेक्षित और वास्तविक आवृत्तियों के वक्र एक समान होते है। दूसरी ओर, यदि Goodness of Fit नहीं है तब दोनों वक्र एक समान नहीं होते है। जैसा कि आप जानते हैं कि Goodness of fit के रूप में , काई वर्ग मुख्य रूप से नमूने अध्ययनों मे उपयोग किया जाता है। लेकिन अलग अलग तरह के नमूनों में काई वर्ग का उपयोग करते समय एक बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि Goodness of Fit भी इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह उठाती है। चाउ के अनुसार ,''यह ध्यान में रखा जाना चाहिए खराब Goodness of Fit के रूप में एक समान है। जब गणना किये गए काई वर्ग का मान शून्य के निकट है तो हमें इस सम्भावना पर संदेह करना चाहिए कि दो आवृत्तियों के आवंटन को उनके साथ सहमत होने के लिए बाध्य किया गया है और इसलिए हमारे प्रयोग के प्रारूप की पूर्ण रूप से जांच करनी चाहिए।

15.5.3 काई–वर्ग समरूपता के रूप में

विभिन्न नमूनों के बीच एकरूपता परीक्षण के लिए काई वर्ग परीक्षण का भी प्रयोग किया जाता है। एकरूपता के परीक्षण के लिए, यह पता लगाया जाता है कि क्या दो विभिन्न नमूने एक ही समग्र से लिये गये हैं या नहीं। दूसरे शब्दों में, काई वर्ग परीक्षण का प्रयोग दो अलग नमूनों के मानों के बीच अंतर के महत्व के परीक्षण

करने के लिए किया जाता है। इसलिए, यह दो विशेषताओं के बीच स्वतन्त्र परीक्षण के समान है। लेकिन एक ही समय में, यह दो बिन्दुओं के स्वतन्त्र परीक्षण से भिन्न है। सबसे पहले स्वतन्त्र परीक्षण यह पता करने की कोशिश करता है कि एक विशेषता दूसरे से स्वतन्त्र है, और समरूपता का परीक्षण यह पता लगाने की कोशिश करता है कि यादृच्छिक नमूने समग्र से लिये गये है। दूसरा स्वतन्त्र परीक्षण एक नमूने का प्रयोग करता है जबकि समरूपता की जांच मे ंदो या अधिक नमूनों का प्रयोग होता है।

15.6 काई–वर्ग परीक्षण के अनुप्रयोग में चरण

x^2 परीक्षण प्रारम्भ करने के एिल निम्नलिखित चरणों का पलन किया जाता हैः

- काई वर्ग x^2 परीक्षण की प्रक्रिया शून्य परिकलपना की अवधारणा के साथ प्रारम्भ होती है। यह माना जाता है कि अपेक्षित और वास्तविक आवृत्तियों के बीच कोई अंतर नहीं है। स्वभाविक रूप से, अपेक्षित और वास्तविक आवृत्तियों के बीच अंतर के लिए वैकल्पिक अनुमान भी शून्य परिकल्पना से तैयार किया जाता है। इसे निम्नानुसार व्यक्त किया जा सकता है।

  $H_0: O_i = E_i$

  $H_0: O_i \neq E_i$

  जहॉ $O_i =$ अवलोकित आवृत्ति और

  $E_i =$ अपेक्षित आवृत्ति

  कुछ सांख्यिकीयविदों द्वारा अवलोकित और अपेक्षित आवृत्तियों को दर्शाने के लिए क्रमशः f_0 और f_e या O और E प्रतीक चिन्ह प्रयोग किये जाते हैं।

- x^2 के मान की गणना करने के लिए, हमारे पास वास्तविक और अपेक्षित आवृत्तियॉ हमारे पास पहले से उपलब्ध है। दूसरे चरण में, इन वास्तविक आवृत्तियों के आधार पर, परिस्थितियों के आधार पर अपेक्षित आवृत्तियों की गणना करते हैं। अपेक्षित आवृत्तियों को यह मानकर विकसित किया जाता है कि संबंधित सांख्यिकीय समग्र के लिए एक विशेष संभावना वितरण उचित है। सामान्यता, 2x2 किसी भी आकस्मिकता तालिका के लिए किसी भी कक्ष मे अपेक्षित आवृत्ति को निम्नानुसार ज्ञात किया जाता है।

  किसी भी कक्ष में अपेक्षित आवृत्ति =

  (उस कक्ष की पंक्ति के लिए पंक्ति योग) x (उस कक्ष के स्तम्भ के लिए स्तम्भ योग)/कुल योग

- अगले चरण में, अवलोकित और अपेक्षित आवृत्तियों के बीच अन्तर को देखते हैं, अर्थात (O-E)

- इसके पश्चात्, अन्तर का वर्ग करते हैं। अर्थात् $(O - E)^2$

- अगले चरण में, इस अंतर के वर्ग को इसकी अपेक्षित आवृत्तियों से विभाजित करते हैं, अर्थात $(O - E)^2/ E$ । यह प्रत्येक कक्षा की आवृत्तियों के लिए दोहराया जाना चाहिए।
- उसके बाद $(O - E)^2/ E$ का कुल योग ज्ञात करते हैं। यही आवश्यक x^2 मान है। इसे निम्नवत व्यक्त किया जा सकता है। $\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E}$
- उपर्युक्त विधि द्वारा x^2 के मान की गणना करने के बाद, शून्य परिकल्पना की स्वीकृति या अस्वीकृति के सम्बन्ध में निर्णय लेने के लिए इसकी तुलना तालिका मान से की जाती है, हमें दो पहलुओं के बारे मे ंनिणय लेना चाहिए – महत्व का स्तर और स्वतन्त्रता का अंश।
- महत्व के स्तर का अर्थ है कि यादृच्छिक नमूने के उतार चढाव के कारण गलत होने वाले अधिकतम संभावित प्रतिशत। उदाहरण के लिए 1% महत्व का अर्थ है कि यादृच्छिक नमूने में उतार चढाव के कारण अधिकतम 1% संख्या गलत हो सकती है। इसी तरह, 5% महत्व का अर्थ है कि यादृच्छिक नमूने में उतार चढाव के कारण अधिकतम 5% संख्या गलत हो सकती है। x^2 के तालिका मान ज्ञात करने के लिए शोधकर्ता द्वारा उनकी सुविधा एवं अध्ययन के उद्देश्य के अनुसार महत्व के स्तर का निर्णय लेना होता है। अभ्यास में 5% महत्व का स्तर ज्यादा प्रचलित है।
- x^2 के तालिका मान को जानने एक और मापदंड तय किया जाता है वह स्वतन्त्रता का अंश है। स्वतन्त्रता के अंश का अर्थ चयन की स्वतन्त्रता की सीमा से है। किसी भी परिस्थिति में, जब विभिन्न आवृत्ति अंतराल दिये हों, पहले के तरह ही योग निकालते हैं, आवृत्ति बदलने के लिए उपलब्ध विकल्पों की संख्या को वांछित स्वतंन्त्रता के रूप में जाना जाता है। स्वतन्त्रता के वांछित अंश को कुल संख्या में से एक को घटाकर प्राप्त किया जाता है। इसे निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है। $d.f. = n - 1$ यदि वर्ग आवृत्तियॉ को पंक्तियों और स्तम्भों में व्यवस्थित किया जाता है, तो स्वतन्त्रता के अंश जानने के लिए, एक पंक्ति की संख्या और स्तम्भ की संख्या दोनों से घटाया जाता है क्योंकि पहले की तरह पंक्तियों और स्तम्भों का योग ज्ञात करना आवश्यक होता है। इन स्थितियों में, स्वतन्त्रता के अंश का सूत्र निम्नवत दिया जाता है:

  $d.f. = (c - 1)(r - 1)$

  जहॉ c = स्तम्भों की संख्या

  r = पंक्तियों की संख्या
- महत्व के स्तर और स्वतन्त्रता का अंश तय करने के पश्चात x^2 के तालिका मान को विशिष्ट स्तर और अंश को देखा जाता है। काई वर्ग का तालिका

मान अधिकतम सीमा तक, परिकलित मान है जो नमूनाकरण के उतार चढाव के कारण उत्पन्न हुआ माना जाता है।

अंतिम चरण में, x^2 के गणना मान और तालिका मान के बीच तुलना की जाती है। यदि परिकलित मान, तालिका मान से कम है तो शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है जो इंगित करता है कि अपेक्षित ओर वास्तविक आवृत्तियों के बीच अंतर महत्वपूर्ण नहीं समझा जाता है। इसके विपरीत, यदि परिकलित मान, तालिका मान से ज्यादा है तो शून्य परिकल्पना अस्वीकार होती है औश्रअपेक्षित एवं वास्तविक आवृत्तियों के बीच अंतर महत्वपूर्ण समझा जाता है। इस सम्बन्ध मे ंएक और उल्लेखनीय तथ्य यह है कि जब स्वतन्त्रता का अंश 30 से अधिक हो तो $\sqrt{2\chi^2}$ का वितरण सामान्य वितरण के अनुरूप होता है, जिसमें $\sqrt{2\chi^2}$ वितरण का माध्य $\sqrt{2\,d.f.-1}$ है और मानक विचलन $=1$ । फलस्तरूप जब स्वतन्त्रता का अंश 30 से ज्यादा हो, $\left[\sqrt{2\chi^2}\ -\sqrt{2d.f.-1}\right]$ की मात्रा का प्रयोग इकाई के विचलन के साथ सामान्य चर के लिए किया जा सकता है, अर्थात् $Z\alpha = \left[\sqrt{2\chi^2}\ - \sqrt{2d.f.-1}\right]$

उदाहरण 3 :– नीचे दी गई तालिका मे ंहैजा के महामारी के दौरान प्राप्त आंकडों को दर्शाया गया है :–

	आक्रमण	गैर आक्रमण	योग
टीकाकरण	31	469	500
गैर टीकाकरण	185	1315	1500
योग	216	1784	2000

हैजा के हमले को रोकने मे टीकाकरण की प्रभावशीलता का परीक्षण करें। 5% महत्व के स्तर पर x^2 का मान 1 स्वतन्त्रता की श्रेणी के लिए 3.84 है।

हल :– हम परिकल्पना को निम्नानुसार लेंगें :

शून्य परिकल्पना : टीकाकरण एवं हैजे के हमले की रोकथाम के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है, अर्थात दो विशेषताऐं स्वतन्त्र हैं। x^2 के मान की गणना करने के लिए हमारे पास वासतविक एवं अपेक्षित आवृत्तियॉ होनी चाहिए । वास्तविक या अवलोकित आवृत्तियॉ प्रश्न मे दी गई हैं (हैजे का आक्रमण A द्वारा प्रदर्शित है और टीकाकरण B द्वारा) जो निम्नवत है।

अवलोकित आवृत्ति

	आक्रमण (A)	गैर आक्रमण (α)	
टीकाकरण (B)	31 (AB)	469 (α B)	500
गैर टीकाकरण (β)	185 (Aβ)	1,315 ($\alpha\beta$)	1500
	216	1,784	2,000 (N)

इन वास्तविक आवृत्तियॉ के आधार पर, हम निम्नलिखित तरीके से अपेक्षित आवृत्तियॉ ज्ञात करते हैं।

$(AB) = \frac{500 \times 216}{2000} = 54$ $\therefore (\alpha B) = (B) - (AB)$ or $500 - 54 = 446$

$(A\beta) = (A) - (AB)$ or $216 - 54 = 162$

$(\alpha\beta) = (\beta) - (A\beta)$ or $1500 - 162 = 1,338$

इसे निम्नलिखित तरीके से प्रदर्शित किया जा सकता है:

अपेक्षित आवृत्ति

	आक्रमण (A)	गैर आक्रमण (α)	
टीकाकरण (B)	$\frac{500 \times 216}{2000}$ = 54 (AB)	500 – 54 = 446 (α B)	**500**
गैर टीकाकरण β)	216 – 54 = 162 (Aβ)	1500 – 162 = 1,338 ($\alpha\beta$)	**1500**
	216	**1,784**	**2,000 (N)**

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर :

$$\chi^2 = \frac{(31-54)^2}{54} + \frac{(469-446)^2}{446} + \frac{(185-162)^2}{162} + \frac{(1315-1338)^2}{1338}$$

$$= \frac{(-23)^2}{54} + \frac{(23)^2}{446} + \frac{(23)^2}{162} + \frac{(-23)^2}{1338}$$

$$= 9.8 + 1.19 + 3.27 + 0.40 = 14.66$$

इस प्रकार, χ^2 का परिकलित मान **14.66** है।

स्वतन्त्रता के अंश की संख्या = (c – 1) (r – 1) = (2 – 1) (2 – 1) = 1

5% महत्व के स्तर पर 1d.f के साथ =1 x^2 का तालिका मान =3.84 है, जबकि x^2 का परिकलित मान 14.66 है जो कि तालिका मान से बहुत अधिक है इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार है जिसका अर्थ है टीकाकरण एवं हैजे के हमले की रोकथाम स्वतन्त्र नहीं है। इस प्रकार, हम कह सकते हैं कि टीकारण हैजे की रोकथाम के लिए प्रभावशाली है।

x^2 की गणना के लिए वैकलल्पक विधि

हम 2x2 अकस्मिकता तालिका के मामले में x^2 के मान की गणना के लिए अन्य विधि का प्रयोग कर सकते है। हम मान सकते हैं कि अवलोकित आवृत्तियों को निम्नलिखित तरीकों से व्यवस्थित किया गया है :

a	b	(a + b)
c	d	(c + d)
(a + c)	(b + d)	N

तब x^2 की गणना निम्न सूत्र के आधार पर की जा सकती है :

$$\chi^2 = \frac{(ad - bc)^2 \times N}{(a+b)(c+d)(a+c)(b+d)}$$

इस सूत्र को इस प्रश्न में प्रयोग किया जा सकता है ताकि x^2 के मान की गणना के बिना अपेक्षित आवृत्तियों को भी ज्ञात किया जा सके। ऐसी स्थिति में, हमें केवल वास्तविक आवृत्तियों की आवश्यकता होती है जो प्रश्न में पहले से ही दिए गए है।

$$\chi^2 = \frac{[(31 \times 1315) - (185 \times 469)]^2 \times 2000}{(31+469)(185+1315)(31+185)(469+1315)}$$

$$= \frac{(40675 - 86765)^2 \times 2000}{(500)(1500)(216)(1784)}$$

$$= \frac{4232000000000}{28900800} = 14.6$$

उदाहरण –4 1000 छात्रों पर जो डिस्कवरी चैनल देखते हैं और उनके बुद्धि स्तर में किये गए सर्वेक्षण मे निम्नलिखित जानकारियॉ सामने आई है।

		डिस्कवरी देखने वाले	गैर डिस्कवरी योग देखने वाले	योग
उच्च	IQ	415	185	600
निम्न	IQ	65	335	400
योग		480	520	1,000

5% महत्व के स्तर पर परीक्षण करें कि डिस्कवरी चैलन देख रहे छात्रों में उच्च IQ होता है।

हल : आइऐं हम शून्य परिकल्पना बनाते हैं कि डिस्कवरी चैनल देखने और IQ स्तर में कोई भी सम्बन्ध नहीं है। अब वास्तविक आवृत्तियों के आधार पर अपेक्षित आवृत्तियों की गणना करते हैं

$\frac{480 \times 600}{1000} = 288$	$600 - 288 = 312$	**600**
$480 - 288 = 192$	$400 - 192 = 208$	**400**
480	**520**	**1000**

अवलोकित आवृत्ति (O)	अपेक्षित आवृत्ति (E)	(O – E)	$(O - E)^2$	$(O - E)^2/E$
415	288	127	16129	56
185	312	– 127	16129	51.7
65	192	– 127	16129	84
335	208	127	16129	77.54
			Total	269.24

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E} = 269.24$$

स्वतन्त्रता के श्रेणीयों की संख्या = (c – 1) (r – 1) = (2 – 1) (2 – 1) = 1

1d.f के साथ 5% महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 3.841 है। चूँकि, परिकलित मान (269.24) तालिका मान (3.841) से बहुत अधिक है। इसलिए, शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है और हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि डिस्कवरी चैलन देखने वाले छात्रों का IQ ऊँचा है।

उदाहरण 5 :– एक पासे को 150 बार उछालने पर निम्नलिखित परिणाम आये

अंकों की संख्या	1	2	3	4	5	6
आवृत्ति	19	23	28	17	32	31

परिकल्पना का परीक्षण करें कि पासा निष्पक्ष है।

हल :– पासे को उछालने पर हम यह परिकल्पना करते हैं कि अवलोकित और अपेक्षित आवृत्तियों के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है, अर्थात् पासा निष्पक्ष है। एक पासे मे 6 मुख होते हैं और प्रत्येक मुख के घटित होने की प्रायिकता एक समान है, इसलिए 150 उछालों के लिए प्रत्येक मुख की अपेक्षित आवृत्ति 150 / 6 = 25 होगी।

O	E	(O – E)	$(O-E)^2$	$(O-E)^2/E$
19	25	– 6	36	1.44
23	25	– 2	4	0.16
28	25	3	9	0.36
17	25	– 8	64	2.56
32	25	7	49	1.96
31	25	6	36	1.44
			Total	7.92

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E} = 7.92$$

स्वतन्त्रता के श्रेणीयों की संख्या $= n - 1 = 6 - 1 = 5$

5 स्वतन्त्रता की श्रेणी के साथ, 5% महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 11.07 है। चूँकि x^2 का परिकलित मान (7.92) तालिका मान (11.07) से कम है। इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकार है। इस प्रकार हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि पासा निष्पक्ष है।

उदाहरण 6 :– निम्नलिखित आकस्मिकता तालिका 300 लोगों के आंखों के रंग और बालों के रंग का विश्लेषण प्रदर्शित करती है। जांच के लिए x^2 परीक्षण का प्रयोग करें, क्या आंखों के रंग और बालों के रंग के बीच कोई सम्बन्ध है।

हल :

आंख का रंग	बाल का रंग			योग
	काला	सुन्दर	भूरा	
भूरा	30	10	40	80
नीला	40	20	40	100
घुँघला	50	30	40	120
योग	120	60	120	300

शून्य परिकल्पना : आंखों के रंग और बालों के रंग के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है, अर्थात् दोनों स्वतन्त्र हैं।

प्रश्न में दिये गए वास्तविक आवृत्तियों के आधार अपेक्षित आवृत्तियों की गणना करते हैं।

अपेक्षित आवृत्ति

आंख का रंग	बाल का रंग			योग
	काला	सुन्दर	भूरा	
भूरा	$\frac{80 \times 120}{300}$ = 32	$\frac{80 \times 60}{300}$ = 16	80 – (32 +16) = 32	**80**
नीला	$\frac{100 \times 120}{300}$ = 40	$\frac{100 \times 60}{300}$ = 20	100 – (40 + 20) = 40	**100**
धुंधला	120 – (32 + 40) = 48	60 – (16 +20) = 24	120 – (32 + 40) = 48	**120**
योग	**120**	**60**	**120**	**300**

O	**E**	**(O – E)**	**$(O-E)^2$**	**$(O-E)^2/E$**
30	32	– 2	4	0.125
10	16	– 6	36	2.250
40	32	+ 8	64	2.000
40	40	0	0	0
20	20	0	0	0
40	40	0	0	0
50	48	+ 2	4	0.08
30	24	+ 6	36	1.50
40	48	– 8	64	1.33
			Total	$\boxed{7.285}$

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E} = 7.285$$

स्वतन्त्रता के श्रेणीयों की संख्या = (c – 1) (r – 1) = (3 – 1) (3 – 1) = 4

4 स्वतन्त्रता की श्रेणी के लिए 5% महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 9.488 है । x^2 का परिकलित मान 7.285 है जो कि तालिका मान से कम है। इसलिए, शून्य परिकल्पना स्वीकार है। इसका अर्थ है कि आंखों के रंग एवं बालों के रंग के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है।

उदाहरण –7 प्रत्येक 5 बच्चों वाले 320 परिवारों के एक सर्वेक्षण से निम्नलिखित वितरण का पता चला :

लडकों की संख्या :	5	4	3	2	1	0
लडकियों की संख्या :	0	1	2	3	4	5
परिवारों की संख्या :	14	56	110	88	40	12

क्या हम परिणाम कल्पना के अनुरूप हैं कि पुरूष और महिला जन्म समान रूप से संभावित है।

हलः– आइए हम शून्य परिकल्पना लेते हैं कि पुरूष और महिला का जन्म समान रूप से संभावित है, अर्थात् पुरूष औश्र महिला के जन्म की संभावना के बीच कोई अंतर नहीं है।

इस प्रश्न में , अपेक्षित आवृत्तियों को जानने के एिल द्विपद वितरण प्रयोग किया जा सकता है क्योंकि यह द्विपद वितरण की सभी शर्तों को पूरा करता है।

पुरूष के जन्म की संभावना $= p = \frac{1}{2}$

महिला के जन्म की संभावना $= q = 1 - \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$

यदि प्रत्येक 5 बच्चों के 320 परिवारों पर एक सर्वेक्षण किया जाता है, तो द्विपद विस्तार निम्नानुसार होगा :

$320\,(p + q)^5$

or $320\left(\frac{1}{2} + \frac{1}{2}\right)^5$

$= 320\,[p^5 + 5p^4q + 10p^3q^2 + 10p^2q^3 + 5pq^4 + q^5]$

$=320[\left(\frac{1}{2}\right)^5 + 5\left(\frac{1}{2}\right)^4\left(\frac{1}{2}\right) + 10\left(\frac{1}{2}\right)^3\left(\frac{1}{2}\right)^2 + 10\left(\frac{1}{2}\right)^2\left(\frac{1}{2}\right)^3 + 5\left(\frac{1}{2}\right)\left(\frac{1}{2}\right)^4 + \left(\frac{1}{2}\right)^5]$

$= 320\left(\frac{1}{32}\right) + 320\,(5)\left(\frac{1}{16}\right)\left(\frac{1}{2}\right) + 320\,(10)\left(\frac{1}{8}\right)\left(\frac{1}{4}\right) + 320\,(10)\left(\frac{1}{4}\right)\left(\frac{1}{8}\right) + 320\,(5)\left(\frac{1}{2}\right)\left(\frac{1}{16}\right) + 320\left(\frac{1}{32}\right)$

$= 10 + 50 + 100 + 100 + 50 + 10$

उपरोक्त द्विपदीय विस्तार की विभिन्न पदों से अपेक्षित आवृत्तियों का पता चलता है।

O	E	(O – E)	$(O - E)^2$	$(O - E)^2/E$
14	10	4	16	1.60
56	50	6	36	0.72
110	100	10	100	1.00
88	100	– 12	144	1.44
40	50	– 10	100	2.00
12	10	2	4	0.40
			Total	$\boxed{7.16}$

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E} = 7.16$$

स्वतन्त्रता के श्रेणीयों की संख्या $= n - 1 = 6 - 1 = 5$

5 स्वतन्त्रता के श्रेणी के साथ 5: महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 11.07 है। x^2 का परिकलित मान तालिका मान से कम है। इसलिए, शून्य परिकल्पना स्वीकार्य है और यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पुरूष और महिला जन्म एक समान रूप से संभावित है।

उदाहरण –8 200 एमबीए के परीक्षा परिणामों का एक विश्लेषण किया गया था। यह पाया गया कि 46 छात्र असफल हुए हैं, 68 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की है, 62 ने

द्वितीय श्रेणी और शेष ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। क्या ये आंकडे सामान्य परीक्षा परिणाम के अनुरूप हैं जो क्रमशः विभिन्न श्रेणीयों के लिए 2:3:3:2 के अनुपात में है ?
हल : आइए हम शून्य परिकल्पना बनाते हैं कि अवलोकित और अपेक्षित परिणामों में कोई अंतर नहीं है।

अपेक्षित आवृत्तियों को 2:3:3:2 के सामान्य परीक्षा परिणाम अनुपातों के आधार पर ज्ञात किया जा सकता है। इन अनुपातों के आधार पर, विद्यार्थियों के असफल, तृतीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं प्रथम श्रेणी प्राप्त की अपेक्षित आवृत्तियॉ क्रमश : $\frac{200\times2}{10} = 40$, $\frac{200\times3}{10} = 60$, $\frac{200\times3}{10} = 60$ and $\frac{200\times2}{10} = 40$ होना चाहिए ।

O	E	(O – E)	$(O-E)^2$	$(O-E)^2/E$
46	40	+ 6	36	0.900
68	60	+ 8	64	1.067
62	60	+ 2	4	0.067
24	40	– 16	256	6.400
			Total	8.434

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E} = 8.434$$

स्वतन्त्रता के श्रेणी की संख्या = n – 1 = 4 –1 = 3

3 स्वतन्त्रता की श्रेणी के साथ 5% महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 7.81 है। x^2 का परिकलित मान 8.434 है जो कि तालिका मान से अधिक है। इसलिए, शून्य परिकल्पना अस्वीकार है और हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि दिए गए परिणाम सामान्य परीक्षा परिणाम के अनुरूप नहीं है।

15.7 येट का सुधार

1934 में, येट ने एक (2x2) तालिका के सम्बन्ध में गणना की गई x^2 मान निरंतरता के लिए सुधार का सुझाव दिया है, विशेषकर जब कक्ष मे छोटी आवृत्तियॉ होती हैं और x^2 केवल महत्व के सतर पर होता है। x^2 विश्लेषण का उपयोग करते समय, यह महत्वपूर्ण है कि कक्ष में (कम से कम 5) कम से कम 80 प्रतिशत अपेक्षित या सैद्धान्तिक आवृत्तियॉ हों और किसी भी कक्ष में अपेक्षित आवृत्ति 5 से कम हो, तो 2x2 आकस्मिकता तालिका में 1d.f के लिए हम येट का सुधार का प्रयोग करते हैं । इस सुधार के अनुसार, अवलोकित आवृत्ति जो कि 5 से कम है में 0.5 तक वृद्धि की जाती है और दूसरी आवतृत्तियों को भी व्यवस्थित किया जाता है (0.5 जोडकर और 0.5 घटाकर) कि कुल पंक्ति और कुल स्तम्भ एक समान हों।

आवृत्तियों का वर्गीकरण

यदि छोटी सैद्धान्तिक आवृत्तियॉ घटित होती हैं, तो आमतौर पर दो या दो से अधिक कक्षाएं एक साथ जोडकर इस समस्या को दूर करना सम्भव हौ। दूसरे शब्दों में, 5 से कम सैद्धान्तिक आवृत्तियों को एक या अधिक कक्षों के मिश्रण मे से लेकर

एक वर्ग में किया जा सकता है, जो अवलोकित और अपेक्षित आवृत्तियों के बीच अंतर की गणना करने से पहले हो सकता है। पुर्नगठन के बाद आजादी के श्रेणी की संख्या को निर्धारित किया जायेगा। येट का सुधार (2x2) आकस्मिकता तालिका में उपयोग किया जाता है। आवृत्तियों का वर्गीकरण nxn (m>2,n>2) आकस्मिक तालिकाओं में उपयोग किया जाता है जहॉ 5 से कम अपेक्षित अवृत्तियों को आसन्न आवृत्ति में जोडा जाता है।

उदाहरण – 9 50 छोटी सामान्य दुकानों के एक नमूने मे निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की गई थी। क्या यह कहा जा सकता हे कि शहर की तुलना मे गॉवों मे अपेक्षाकृत अधिक महिला दुकानदार हैं ? x^2 परीक्षण का प्रयोग करें

	दुकानें		
	शहर में	गॉवों में	योग
पुरूष दुकानदार	17	18	**35**
महिला दुकानदार	3	12	**15**
योग	**20**	**30**	**50**

1d.f के साथ 5% महत्व के स्तर पर x^2 का मान 3.841 है।

हल : शून्य परिकल्पना महिला दुकानदारों की संख्या शहर और गॉव में एक समान है। कक्ष आवृत्ति 3 में 0.5 जोडना और अन्य कक्ष आवृत्तियों को समायोजित करना है ताकि पंक्ति का योग समान ही रहे, हमारे पास निम्नलिखित आकस्मिकता तालिका है :

अवलोकित आवृत्ति तालिका

	A	α	योग
B	16.5	18.5	**35**
β	3.5	11.5	**15**
	20	**30**	**50**

अपेक्षित आवृत्ति तालिका

	A	α	योग
B	$\frac{35 \times 20}{50} = 14$	$\frac{35 \times 30}{50} = 21$	**35**
β	$\frac{15 \times 20}{50} = 6$	$\frac{15 \times 30}{50} = 9$	**15**
	20	**30**	**50**

O	E	(O – E)	$(O-E)^2$	$(O-E)^2/E$
16.5	14	+ 2.5	6.25	0.45
18.5	21	– 2.5	6.25	0.30
3.5	6	– 2.5	6.25	1.04
11.5	9	+ 2.5	6.25	0.69
			Total	2.48

1d.f के साथ 5% महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 3.841 है। x^2 का परिकलित मान 2.48 है जो कि तालिका मान से कम है। इसलिए, शून्य परिकल्पना स्वीकार है। इसका अर्थ है कि महिला दुकानदारों की संख्या शहर और गॉव में एक समान है।

15.8 काई–वर्ग परीक्षण की महत्वपूर्ण समीक्षा

आपने उपरोक्त खण्डों में देखा है कि काई–वर्ग परीक्षण का प्रयोग कई क्षेत्रो में किया जाता है जैसे कि नमूना विचरण और समग्र विचरण के बीच तुलना करने के लिए, दो विशेषताओं के बीच स्वतन्त्रता या सम्बन्ध के लिए या विभिन्न नमूनों के बीच समरूपता को जानने के लिए। यह सैद्धान्तिक वितरण के सम्बन्ध में Goodness of fit के निर्णय के एिल भी प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार, x^2 परीक्षण के महत्व के बारे मे कोई संदेह नहीं हैं।

x^2 एक बहुत ही लोकप्रिय परीक्षण है और अपने गुणों के कारण अक्सर (प्रायः) प्रयोग किया जाता है।

x^2 परीक्षण की मुख्य विशेषता यह है कि यह मूल वितरण या इसके प्राचल के रूप में कोई अवधारणा नहीं होती है। चूँकि x^2 अवलोकित और अपेक्षित आवृत्तियों पर आधारित होता है, न कि प्राचलों मे जैसे माध्य एवं मानक विचलन, इसलिए मूल

वितरण के सन्दर्भ मे इसे कोई अवधारणा बनाने की आवश्यकता नहीं होती है। मुक्त परीक्षण वितरण होने के नाते, इसका प्रयोग किसी भी प्रकार के समग्र वितरण मे किया जा सकता है जो x^2 परीक्षण के दायरे को बढाता है। इस परीक्षण की लोकप्रियता का एक कारण यह है कि प्राचल परीक्षणों t परीक्षण,Z परीक्षण और f परीक्षण की तुलना में, x^2 परीक्षण की गणना और व्याख्या की प्रक्रिया आसान (सरल) है। फिर भी x^2 परीक्षण का एक अन्य लाभ इसका योगात्मक गुण है, जिसके कारण स्वतन्त्र से सम्बन्धित नमूनों के परिणामों को जोडना सम्भव होता है। इन सभी गुणों के कारण, काई वर्ग परीक्षण का प्रयोग प्रायः व्यापारिक समस्याओं और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र मे किया जाता है।

इन गुणों के बावजूद, काई वर्ग परीक्षण की निश्चित सीमाऐं या दोष भी है। जैसा कि आप जानते हैं, x^2 परीक्षण का प्रयोग करने के लिए निश्चित शर्तों को पूरा किया जाता है। इन शर्तों को पूर्ण करना ही इस परीक्षण की एक सबसे बडी सीमा है। इस सम्बन्ध मे एक उल्लेखनीय बात यह है कि प्राचल परीक्षणों की तरह x^2 परीक्षण विश्वसनीय नहीं है। इस प्रकार, किसी स्थिति में यदि x^2 एवं प्राचल दोनों तरह के परीक्षण प्रयोग होते हों तो उस स्थिति में वरीयता प्राचल परीक्षणों को दी जानी चाहिए। इस प्रकार इस परीक्षण का प्रयोग केवल परिकल्पना के परीक्षण के लिए किया जा सकता है। यह आंकलन के लिए उपयुक्त नहीं हैं इस परीक्षण की दूसरी सीमा यह है कि, घटनाओं के घटित होने के साथ घटनाओं के घटित न होने के सम्बन्ध में आंकडे आवश्यक हैं। फिर भी काई वर्ग परीक्षण का एक और दोष यह है कि x^2 का मान परिकलित नहीं किया जा सकता है, यदि एक ही तालिका में समान या मिलान वाले समूहों की दोहराई गई माप दर्शायी जाती है। लेकिन इन सभी सीमाओं के पश्चात भी x^2 परीक्षण का महत्व या लोकप्रियता को कम नहीं किया जा सकता है। इसके महत्व या लोकप्रियता के बारे मे कोई संदेह नहीं है लेकिन इसका सही अनुप्रयोग भी एक महत्वपूर्ण और कठिन कार्य है। x^2 परीक्षण का उपयोग करते समय हमेशा याद रखना चाहिए कि परीक्षण केवल तभी प्रयोग किया जा सकता है जब नमूने के व्यक्तिगत अवलोकन स्वतन्त्र हों। इसका अर्थ है कि व्यक्तिगत पद या घटना या अवलोकन की घटना का विचाराधीन नमूना के घटित अवलोकन का कोई प्रभाव नहीं पडता है। छोटे सैद्धान्तिक आवृत्तियों वाला नमूना विशेष तरीके से समझा जाना चाहिए। इस परीक्षण के अनुचित प्रयोग या दुरूप्रयोग से सम्बन्धिता गैर घटनाओं के आवृत्तियों के बारे मे लापरवाही, परिकलित मान, अवलोकित मानों का योग और अपेक्षित मानों का योग और गलत गणना आदि संभावित कारण के गलत निर्धारण से विफलता हो सकती है। इस प्रकार शोधकर्ता को इन सभी सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए जब वे x^2 परीक्षण का प्रयोग कर रहे हैं और परिकल्पना के सम्बन्ध में निष्कर्ष निकालते हैं।

15.9 सारांश

1900 में कार्य पीयरसन द्वारा काई वर्ग परीक्षण का प्रतिपादन किया गया था। x^2 परीक्षण प्राचल के साथ साथ एक गैर प्राचल परीक्षण है। लेकिन यह मुख्यतः गैर प्राचल परीक्षण के रूप मे प्रयोग किया जाता है।

x^2 परीक्षण से हमें, सैद्धान्तिक या अपेक्षित मान और अवलोकित या वास्तविक मान के बीच अंतर की सीमा निर्धारण में सहायता मिलती है। कुछ परिस्थितियॉ ऐसी होती हैं जहॉ x^2 परीक्षण प्रयोग करने के लिए कुछ पदों की संख्या कम से कम 50 होनी चाहिए। और किसी भी कक्षा मे आवृत्ति 5 से कम नहीं होनी चाहिए। नमूना यादृच्छिक तरीके से चयनित होना चाहिए और आंकडों को पूर्ण रूप में दिखाया जाना चाहिए। यदि यादृच्छिक नमूना, सामान्य वितरण में माध्य μ और विचलन σ_p^2 के साथ लिया गया हो तो परीक्षण के लिए x^2 का प्रयोग किया जा सकता है।

गैर प्राचल परीक्षण के रूप में, x^2 का प्रयोग स्वतन्त्र परीक्षण के रूप में Goodness of fit और समरूपता के रूप में किया जा सकता है। x^2 स्वतन्त्र परीक्षण के रूप में स्थापित किया जा सकता है यदि दो या अधिक विशेषताऐं एक दूसरे से सम्बन्धित हैं या स्वतन्त्र हैं। x^2 Goodness of fit के रूप में अवलोकित आंकडों मे सैद्धान्तिक वितरण के निर्धारण के लिए प्रयोग किया जाता है। x^2 समरूपता के एक परीक्षण के रूप मे यह ज्ञात करने के लिए प्रयोग किया जाता है कि दो या अधिक यादृच्दिक रूप से चयनित स्वतन्त्र नमूने समान समग्र से लिये गऐ हैं या नहीं। सूत्र $\sum \frac{(O-E)^2}{E}$ का प्रयोग x^2 की गणना के लिए किया जाता है। x^2 के परिकलित मान की तुलना निश्चित स्तन्त्रता की श्रेणी और महत्व के स्तर पर तालिका मान के साथ की जाती है। यदि परिकलित मान, तालिका मान से कम है तो शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है अन्यथा अस्वीकार। स्वतन्त्रता की श्रेणी वर्गों की संख्या को संदर्भित करते हैं, जिसमें मान को स्वतन्त्र रूप से निर्धारित किये जा सकता है जो सीमाओं के बिना बडे (n-1) या (c-1) (r-1) के प्रयोग से स्वतन्त्रता की श्रेणी के संख्या के निर्धारण के लिए होती है। यदि किसी कक्ष मे आवृत्ति 5 से कम है तो येट का सुधार प्रयोग होता है जिसके द्वारा 0.5 को उस आवृत्ति और अन्य आवृत्तियों में इस तरह से समायोजित किया जाता है कि पंक्ति और स्तम्भ का योग एक समान रहें।

15.10 शब्दावली

स्वतन्त्रता की श्रेणी : आंकडों के एक समूह में स्वतन्त्र बाधाओं की संख्या ।

महत्व का स्तर : यादृच्छिक नमूनाकरण के उतार चढाव के कारण संख्या में होने वाले अधिकतम संभावित प्रतिशत ।

Goodness of fit : सिद्धान्तिक वितरण का अवलोकित वितरण से सुमेल।

15.11 बोध प्रश्न

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति

1. जब अवलोकित एवं अपेक्षित आवृत्तियॉ पूर्णतया सुमेलित होती हैं, तो x^2 का मान ––––––होगा।

2. प्रोफेसर ––––––ने x^2 परीक्षण का प्रतिपादन किया।
3. x^2 की मात्रा सिद्धान्त एवं ––––के बीच विसंगति के परिमाण का वर्णन करता है।
4. x^2 वितरण एक ––––––प्रायिकता वितरण है।
5. येट का सुधार ––––––आकस्मिकता तालिका में प्रयोग होता है।

(ब) **सही या गलत**

1. x^2 की गणना के लिए सूत्र $\sum \frac{(O-E)^2}{O}$ है।
2. x^2 का परिकलित मान सकारात्मक या नकारात्मक है।
3. स्वतन्त्रता की श्रेणी v द्वारा प्रदर्शित की जाती है।
4. (c-2) (r-2) सूत्र का प्रयोग आकस्मिकता तालिका मे स्वतन्त्रता की श्रेणी निर्धारित करने के एिल किया जाता है।
5. यदि x^2 का परिकलित मान उसके तालिका मान से कम होता है तो शून्य परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जाता है।

15.12 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ) 1. शून्य 2. कार्ल पियर्सन 3. अवलोकन 4. सतत् (निरंतर) और 5. 2x2

(ब) 1. असत्य, 2. असत्य 3. सत्य 4. असत्य 5. असत्य

15.13 स्वपरख प्रश्न

1. x^2 परीक्षण के विभिन्न उपयोगों को बताऐं।
2. स्वतन्त्रता की श्रेणी से आप क्या समझते हैं ?
3. किस स्थिति में येट का सुधार प्रयोग किया जाता है।
4. काई वर्ग परीक्षण क्या है ? काई वर्ग परीक्षण के अनुप्रयोग में शामिल विभिन्न चरणों का उल्लेख करें।
5. काई वर्ग परीक्षण के अनुप्रयोगों का समीक्षात्मक विश्लेषण करें।
6. एक कक्षा के सात छात्रों का नमूना निम्नानुसार दिया गया है

क्रम सं0	1	2	3	4	5	6	7
अंक(प्रतिशत में)	52	50	56	61	45	54	39

यह निर्धारित करने के लिए x^2 परीक्षा का उपयोग करें कि क्या उपरोक्त नमूना एक छात्र समग्र से लिया गया है जिसका विवरण 25 है। 5% महत्व के स्तर पर परीक्षण करें। स्वतन्त्रता की 6 श्रेणीयों के साथ x^2 का तालिका मान 14.1 है।

[12.64, H_0स्वीकार]

7. 10 का एक नमूना यादृच्छिक तरीके से एक निश्चित समग्र से लिया गया है। दिये गये नमूने के माध्य से विचलनों का योग 50 है। इस परिकलपना का परीक्षण करें कि 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर समग्र का विचरण 5 है। x^2 का तालिका मान 9 स्वतन्त्रता की श्रेणीयों के साथ 16.92 है।

[10, H_0 स्वीकार]

8. नीचे दिये गए आंकडे मलेरिया से हुए महामारी के दौरान लिये गए आंकडे दिखाता है

	ग्रसित	गैर ग्रसित	योग
टीकाकरण	120	240	360
गैर टीकाकरण	280	360	640
	400	600	1000

मलेरिया के आक्रमण को रोकने में टीकाकरण के प्रभाव का परीक्षण करें। स्वतन्त्रता की श्रेणी के साथ x^2 का तालिका मान 3.841 है।

[10.41, H_0 अस्वीकार]

9. एक निश्चित शहर में पुलिस दस्तावेज, जनवरी 2012 के पहले सप्ताह के दौरान हुए दुर्घटनाओं की संख्या से संबंधित निम्न आंकडे दिखाते हैं :–

दिन	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	योग
दुर्घटनाओं की संख्या	20	12	13	17	19	20	18	119

आप को यह ज्ञात करना है कि दुर्घटनाऐं सप्ताह में एक समान रूप से हुई हैं। 5% महत्व के स्तर पर स्वतन्त्रता की 6 श्रेणीयों के साथ x^2 का मान 12.59 हैं

[3.77, H_0 स्वीकार]

7. तालिकाओं के एक समूह में से 200 अंकों को यादृच्छिक रूप से चुना गया था। अंकों की आवृत्तियॉ थी :

अंक	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9
आवृत्ति	18	19	23	21	16	25	22	20	21	15

अभिकल्पना की शुद्धता के आंकलन के लिए x^2 परीक्षण का प्रयोग करें, जो उन तालिकाओं में अंकों की समान संख्या में वितरित किए गए थे जिनसे इन्हें चयनित किया गया था। 5% महत्व के स्तर पर x^2 का मान 9d.f के लिए 16.919 है।

[4.3, H_0 स्वीकार]

8. नमूना अध्ययन के आधारपर आय वर्गों में कुछ लोगों को वर्गीकृत करने के लिए दो शोध अध्ययन किए गए। उनके परिणाम इस प्रकार थे :

अनुसंधान अध्ययन	आय वर्ग			योग
	गरीब	मध्य	अमीर	
अ	160	30	10	200
ब	140	120	40	300
योग	300	150	50	500

परीक्षण करें कि आय वर्गीकरण के लिए दोनों अध्ययन एक समान परिणाम देते हैं। 5% महत्व के स्तर पर 9d.f के लिए x^2 का मान 16.919 है।

[55.54, H_0 अस्वीकार]

9. पांच सिक्कों को 3200 बार उछाला जाता है और हर बार प्रदर्शित होने वाले चिटों की संख्या का उल्लेख किया जाता है। अन्त में, निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किए गए :

चिटों की संख्या	0	1	2	3	4	5
आवृत्ति	80	570	1100	900	500	50

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या सिक्का निष्पक्ष है या नहीं, Goodness of fit के लिए काई वर्ग परीक्षण का प्रयोग करें। 5 d.f के लिए 5% महत्व के स्तर पर x^2 का मान 11.07 है।

[58.8, H_0 अस्वीकार]

10. एंथ्रेक्स के बकरियों के प्रतिरक्षण पर एक प्रयोग के बाद निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किए गए :

	मरे हुए	जीवित	कुल
टीकाकरण	2	10	12
गैर टीकाकरण	6	6	12
योग	8	16	24

येट के सुधार से x^2 की गणना करें और वैक्सीन की प्रभावकारिता पर अपना अनुमान दें।

15.14 सन्दर्भ पुस्तकें

1. रॉय रामेंड , 'सांख्यिकीय के सिद्धान्त' प्रयाग पुस्तक भवन
2. गुप्ता एस0पी0 और गुप्ता एम0पी0, 'व्यावसायिक सांख्यिकी' सुल्तान चंद एंड संस, नई दिल्ली
3. शुक्ला एस0एम0 और सहाय एस0पी0 'उन्नत सांख्यिकी' साहित्य भवन प्रकाशन, आगरा ।

इकाई 16 साइन व माध्यिका परीक्षण

इकाई की रूपरेखा

16.1 प्रस्तावना
16.2 साइन परीक्षण
16.2.1 एक प्रतिदर्श साइन परीक्षण
16.2.2 दो प्रतिदर्श साइन परीक्षण
16.3 माध्यिका परीक्षण
16.4 बिल्कोक्सोन मिलान युग्म परीक्षण
16.5 बिल्कोक्सोन – मन – ह्विटनी परीक्षण (v परीक्षण)
16.6 मकनर परीक्षण
16.7 एक प्रतिदर्श रन्स परीक्षण
16.8 गैर प्राचल परीक्षणों का समीक्षात्मक मूल्यांकन
16.9 सारांश
16.10 शब्दावली
16.11 बोध प्रश्न
16.12 बोध प्रश्नों के उत्तर
16.13 स्वपरख प्रश्न
16.14 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- विभिन्न प्रकार के गैर प्राचल परीक्षण का वर्णन कर सके।
- गैर प्राचल परीक्षणों की उपयुक्तता को समझ सकें।
- गैर प्राचल परीक्षणों के लाभ एवं सीमाओं का वर्णन कर सके।

16.1 प्रस्तावना

पिछली इकाई में, आप काई–वर्ग के बारे में जो कि सबसे प्रचलित गैर प्राचल परीक्षण है, का अध्ययन कर चुके हैं। काई वर्ग परीक्षण के अतिरिक्त हाल के वर्षों के दौरान कई अन्य गैर प्राचल परीक्षणों को विकसित किया गया है। जैसा कि आप जानते हैं कि गैर – प्राचल परीक्षण वितरण मुक्त परीक्षण होते हैं जिसमें कल्पना नहीं की जाती है कि कोई विशेष वितरण लागू हुआ है या कोई निश्चित मान समग्र के प्राचल से जुडा हुआ है। इस प्रकार इनका प्रयोग आसान होता है। यही कारण है कि जहॉ भी इन परीक्षणों में समतुल्य प्राचल परीक्षण की विधियॉ एकसमान होती हैं, गैर प्राचल संस्करणों को अधिक यथार्थवादी होने के लिए पसंद किया जाता है, इसलिए परिकल्पित समग्र को सामान्य या सामान्य के निकट होने की आवश्यकता नहीं होती है। कई गैर–प्राचल परीक्षणों जो हमारे लिए उपलब्ध है के मध्य उन वास्तविक जीवन परिस्थितियों की संख्याओं पर सोचेगें जो प्रायः प्रयोग किये जाते हैं। इस इकाई में आप प्रायः प्रयोग होने वाले एवं प्रचलित गैर प्राचल परीक्षणों जैसे साइन परीक्षण

माध्यिका परीक्षण, फिशर इरविन परीक्षण, मन व्हाइटने U परीक्षण मैक नेयर परीक्षण, लिकोक्सन परीक्षण, एक नमूना रन्स परीक्षण आदि का अध्ययन करेगें।

16.2 साइन परीक्षण

साइन परीक्षण सबसे पहले में से एक और सबसे सरलतम गैर प्राचल है। इसका नाम इस तथ्य से आता है कि यह अवलोकन के एक जोडे की दिशा (धनात्मक या ऋणात्मक) पर आधारित होता है न कि उनकी संख्यात्मक परिमाण पर । इस प्रकार इस परीक्षण मे पूर्वानुमानित मानों और अवलोकित मानों के मध्य परिमाणों का अन्तर आवश्यक नहीं होता है, बल्कि दिशा क अन्तर का, अर्थात + या – चिन्ह प्रासंगिक होता है। यह दो प्रकार के तरीकों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए उपयोगी होता है जिनके प्रभावों को मापा नहीं जा सकता है। लेकिन इसका केवल उत्कृष्ट/निकृष्ट या अच्छा/बुरा या/बेहतर/बेहतर नही के रूप में अनुमान लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, छात्रों के एक समूह को दो विभिन्न प्रकार के शिक्षण विधियों का मूल्यांकन करने के लिए कहा जाता है। दो विधियों के मूल्यांकन करने के लिए कहा जाता है। दो विधियों के मूल्यांकन को चिन्हों मे परिवर्तित किया जाता है। धनात्मक चिन्ह का अर्थ पहली विधि के लिए प्राथमिकता है, ऋणात्मक चिन्ह का अर्थ दूसरी विधि की प्राथमिकता है और शून्य बराबरी को प्रदर्शित करता है। अर्थात कोई प्राथमिकता नहीं है। हम + चिन्हों और – चिन्हों की गणना करते हैं और बराबर के मूलयांकनों को छोड देते हैं। इस परीक्षण का उपयोग करने के लिए आवश्यक एकमात्र आवश्यकता यह है कि समग्र वितरण लगभग माध्य μ_0 के सममित हो। साइन परीक्षण दो प्राकर का होता है :

- एकल प्रतिदर्श साइन परीक्षण
- द्वि प्रतिदर्श साइन परीक्षण

16.2.1 एकल प्रतिदर्श साइन परीक्षण :– एकल प्रतिदर्श साइन परीक्षण बहुत सरल गैर–प्राचल परीक्षण होता है, जब हम एक निरंतर सममित समग्र का प्रतिदर्श लेते हैं, तो उस स्थिति में प्रतिदर्श मान कम होने की संभावना $\frac{1}{2}$ होती है और अपेक्षा से अधिक प्रतिदर्श मान प्राप्त करने की संभावना $\frac{1}{2}$ होती है। साइन परीक्षण आयोजित करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होती है :

- सबसे पहले समग्र में से n आकार का यादृच्छिक प्रतिदर्श चयनित करते है और हम शून्य परिकलपना लेते हैं कि समग्र माध्य परिकल्पित माध्य के बराबर है अर्थात $\mu_0 : \mu = \mu_0$
- n प्रतिदर्श के प्रत्येक मानों को अवलोकित कर यह पता लगाया जाता है कि यह मान μ_0 से अधिक है या इससे कम है। μ_0 से ज्यादा प्रतिदर्श मानों को + चिन्ह निर्दिष्ट किया जाता है और इसे सफल के रूप में निर्दिष्ट करते हैं और जो μ_0 से कम होते हैं उन्हें – चिन्ह निर्दिष्ट करते हैं और उस असफल के रूप में निर्दिष्ट करते हैं।

- यदि कोई ऐसा एकांश है जिसका मान माध्य के बराबर है, तो उसे शून्य निर्दिष्ट करते हैं और इनके मानों को केवल त्याग दिया जाता है। यह प्रतिदर्श आकार को छोटा (कम) कर देता है।
- कुल चिन्हों की संख्या को n द्वारा प्रदर्शित करते हैं ओर प्रायः कम चिन्हों की संख्या को s द्वारा प्रदर्शित करते हैं।
- इसके उपरान्त 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर दो तरफा विकल्प के लिए गणना करते हैं और इसे 'k' प्रदर्शित करते हैं। k के मान की गणना के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग करते हैं :

$$k = \frac{n-1}{2} - (0.98)\sqrt{n}$$

- अन्तिम चरण में, s और k के मान के बीच तुलना की जाती है। यदि s का मान k के मान से अधिक होता है , तब शून्य परिकल्पना स्वीकार्य होती है। यदि फिर भी s का मान k के मान से कम या इसके समान होता है तब शून्य परिकलपना अस्वीकार होती है। एक प्रतिदर्श चिन्ह परीक्षण तब प्रयोग करते हैं जब प्रतिदर्श छोटा होता है, हम द्विपद प्रायिकताओं की सारणीयों का प्रयोग कर सकते हैं। सामान्य वितरण के z महत्वपूर्ण मानों का प्रयोग करते हुए, शून्य परिकलपना का परीक्षण किया जाता है। निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हैं :–

$$z = \frac{p \pm 0.50 - n/2}{\sqrt{\frac{n}{4}}}$$

जहॉ p = धन चिन्हों की संख्या

n = कुल धन एवं ऋण चिन्हों की संख्या (निकाले हुए शून्य चिन्ह)

जब $p < \frac{n}{2}$ $(+0.5)$ प्रयोग होता है और जब $p > \frac{n}{2}$ (-0.5) सूत्र में प्रयोग होता है ।

यदि परिकल्पित z मान सारणी मान से अधिक होता है, शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य होती है अन्यथा शून्य परिकल्पना स्वीकार्य होती है। जब प्रतिदर्श बडा होता है, हम द्विपद वितरण के लिए सामान्य सादृश्य का प्रयोग करते हैं। z के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हैं :

$$z = \frac{s-np}{\sqrt{np(1-p)}} \text{ या } z = \frac{s-np}{\sqrt{npq}}$$

जहॉ p = सफलता का अनुपात और

q = 1-p

s = धनात्मक चिन्हों की संख्या

यदि परिकलित z मान, महत्वपूर्ण मान से कम होता है तब शून्य परिकल्पना स्वीकार्य होती है और यदि परिकलित z मान सारणी मान से अधिक होता है तब यह अस्वीकार्य होता है।

यहॉ इस बिन्दु में ध्यान देना आवश्यक है कि यह अपेक्षित है कि समग्र एक सतत् द्विपद समग्र नहीं है तब शून्य परिकलपना को माध्य के बदले माध्यिका के रूप में अभिव्यक्त किया जा सकता है।

उदाहरण –1 एक विक्रेता ने अपने क्षेत्र के बिक्री प्रबंधक के लिए 12 यात्राओं का भुगतान किया और कहा कि उसने कार्यालय के लिए क्रम से 10, 15, 20, 17, 11, 25, 30, 27, 36, 40, 5 और 26 मिनट का प्रतीक्षा करना पडता है। क्षेत्रीय प्रबंधक का दावा है कि उनसे मिलने वाले विक्रेता को 20 मिनट से अधिक समय तक प्रतीक्षा नहीं करनी पडती । साइन परीक्षण का प्रयोग करते हुए 0.05 महत्व के स्तर पर प्रमाणित करें कि क्षेत्रीय बिक्री प्रबन्धक का दावा सही है।

हल :

$\mu_0 : \mu = 20$ मिनट

$\mu_0 : \mu > 20$ मिनट

अब हम प्रतिदर्श मानो के आधार पर धनात्मक एवं ऋणात्मक चिन्ह देंगें कि ये मान 20 से अधिक है या कम है।

समय (मिनट में) : 10 15 20 17 11 25 30 27 36 40 5 26

चिन्ह : – – 0 – – + + + + + - +

चिन्हों की संख्या या $n = 11$

प्रायः कम चिन्हों की कुल संख्या , अर्थात (–) या

$$s = 5$$

$$k = \frac{n-1}{2} - (0.98)\sqrt{n}$$

$$k = \frac{11-1}{2}(0.98)\sqrt{11}$$

$$k = 5 - 3.25 = 1.75$$

यदि s(5) का मान k(1.75) के मान से अधिक है, इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकार्य होती है, इसका अर्थ है कि क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत दावा प्रमाणित है।

उदाहरण 2 : मान लें कि शहर के क्लब में गोल्फ के चार छोरों को खेल रहे 11 पेशेवर खिलाडियों ने 280,282,290,273,283,283,275,284,282,279 और 281 की संख्या बनाई। 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर साइन परीक्षण का प्रयोग करें कि वैकल्पिक परिकल्पना

$h_0 < 284$ के विपरीत शून्य परिकल्पना चार दोरों के लिए पेशेवर गोल्फरों का औसत $\mu_0 = 284$ है।

हल : $h_0 : \mu_0 = 284$

$h_1 : \mu_0 < 284$

अब हम प्रतिदर्श मानों के आधार पर धनात्मक एवं ऋणात्मक मान देंगें कि ये मान 284 से अधिक है या 284 से कम है।

अंक	चिन्ह
280	–
282	–
290	+
273	–
283	–
283	–
275	–
284	0
282	–
279	–
281	–

शून्य को अलग करते हुए कुल चिन्हों की संख्या, अर्थात् 'n' = 10

प्रायः कम चिन्हों की कुल संख्या (+) अर्थात s = 1 इस प्रश्न को विभिन्न वैकल्पिक विधियों द्वारा हल किया जा सकता है जो कि निम्नवत स्पष्ट है :

1. प्रायोगिक विधि के अर्न्तगत :

$$k = \frac{n-1}{2} - 0.98\sqrt{n}$$

$$= \frac{10-1}{2} - 0.98\sqrt{10}$$

$$= 4.5 - 3.099 = 1.4$$

चूँकि s(1) का मान k(1.4) के मान से कम है इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार है। इसका अर्थ है कि गोल्फ के चार दौरों में गोल्फरों का औसत 284 से कम है।

2. द्विपद प्रायिकता विधि के अर्न्तगत : जब प्रतिदर्श आकार छोटा होता है, साइन परीक्षण का प्रयोग करने के लिए हम द्विपद प्रायिकता वितरण का प्रयोग कर सकते है।

n=10 , p = $\frac{1}{2}$ $q = \frac{1}{2}$

प्रायः कम चिन्हों की संख्या (+) 1 है। इसलिए, n= 10 और $p = \frac{1}{2}$ के साथ एक या कम सफलता की संभावना की प्रक्रिया निम्नवत है।

$$P(1) = {}^{10}C_1\, p^1 q^9 + {}^{10}C_0\, p^0 q^{10}$$

$$= 10\left(\frac{1}{2}\right)^1\left(\frac{1}{2}\right)^9 + 1\left(\frac{1}{2}\right)^0\left(\frac{1}{2}\right)^{10}$$

$= 0.010 + 0.001 = 0.011$

चूँकि p(s) , अर्थात 0.011 मान 0.5 (अर्थात वांछित महत्व स्तर) से कम है इसलिए शून्य परिकलपना को अस्वीकार किया जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि गोल्फ के चार दौरों के गोल्फरों का औसत 284 से कम है।

आप को याद रखना चाहिए कि शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है यदि $p(s) > \propto$ और शून्य परिकल्पना अस्वीकार होती है यदि $p(s) < \propto$

3. सामान्य वक्र विधि के अन्तर्गत : $n = 10 \quad p = \frac{1}{2} \quad q = \frac{1}{2}$

चिन्हों के आधार पर, अवलोकित सफलता अनुपात $\hat{p} = \frac{1}{10} = 0.1$

शून्य परिकल्पना $p = \frac{1}{2}$ मानते हुए अनुपात की मानक त्रुटि निम्नवत है :

$$\text{S.E.}_{\text{prop}} = \sqrt{\frac{p.q}{n}} = \sqrt{\frac{\frac{1}{2} \times \frac{1}{2}}{10}} = 0.1581$$

शून्य परिकल्पना के परीक्षण के लिए, अर्थात

$p = \frac{1}{2}$ वैकल्पिक परिकलपना के विपरीत

$p < \frac{1}{2}$ एक पुच्छीय परीक्षण (बायीं पुच्छीय) उपयुक्त है।

चूँकि महत्व स्तर 5 प्रतिशत है इसलिए स्वीकृत क्षेत्र 0.5–0.05 = 0.45 क्षेत्र है। सामान्य वक्र के अर्न्तगत क्षेत्र सारणी के प्रयोग द्वारा हम निर्धारित करते हैं कि 0.45 क्ष के समतुल्य z मान के लिए क्षेत्र 1.64 है। अब, हम स्वीकृत क्षेत्र की सीमा को p से अनुपात के मानक त्रुटि को घटाके ज्ञात करेंगें (क्योंकि यह बायी पुच्छीय परीक्षण हैं, इस प्रकार SE_{prop} कम होना चाहिए न कि जुडना

स्वीकृत क्षेत्र की सीमा $= P - z \,.\, \text{S.E.}_{\text{prop}}$

$= \frac{1}{2} - (1.64)\,(0.1581)$

$= 0.5 - 0.2593 = 0.2407$

जैसा कि सफलता का अवलोकित अनुपात केवल 0.1 है जो कि अस्वीकृत क्षेत्र में आता है (क्योकि यह 0.247 क्षेत्र के अन्तर्गत आता है), इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकृत होती है और परिणामस्वरूप वैकल्पिक परिकल्पना स्वीकृत होती है जिसका अर्थ है कि गोल्फ के चार दोरों के लिए पेशेवर गोल्फर का औसत 284 से कम है।

16.2.2 दो प्रतिदर्श साइन परीक्षण :– साइन परीक्षण मे समस्याओं के महत्वपूर्ण अनुप्रयोग होते हैं, जहॉ हम युग्मित आंकडों का वर्णन करते हैं यह दो सममित समग्रों से संबंधित n युग्मित अवलोकनों पर प्रयोग किया जा सकता है। इसलिए इसे युग्मित आंकडों के लिए साइन परीक्षण के रूप में जाना जाता है। परीक्षण आंकडें एवं निर्णय नियम एक प्रतिदर्श साइन परीक्षण के समान होते है। अन्तर केवल धन चिन्ह एवं ऋण चिन्ह कैसे निर्दिष्ट होते हैं, पर निर्भर करता है। प्रत्येक वस्तु या एकांश के लिए पहले अंक को दूसरे अंक के साथ तुलना की जाती है। यदि

अन्तर धनात्मक होता हे अर्थात पहला अंक दूसरे अंक से अधिक है, हम धन चिन्ह निर्दिष्ट करते हैं, यदि अनतर ऋणात्मक होता है अर्थात पहला अंक दूसरे से छोटा है तब ऋण चिन्ह निर्दिष्ट करते है। वस्तुओं के लिए, जहॉ दो मान या अंक एक समान हैं, उनको 0 निर्दिष्ट किया जाता है और इन युग्मों को अलग कर देते हैं। जिस परिस्थिति मे ंदो प्रतिदर्श समान आकार में नहीं होते हैं तब बडे प्रतिदर्श के कुछ मानों को जिनका कोई युग्म नहीं होता है, अलग कर देते हैं। दो प्रतिदर्श साइन परीक्षण का मुख्यतः प्रयोग दो पुनरावृत्ति मापों के परीक्षण के लिए किया जाता है यदि दो प्रतिदर्श के माध्यों के बीच कोई अर्थपूर्ण अन्तर होता है।

उदाहरण – 3 22 मरीजों की स्पंद दर एक औषधि के प्रबन्ध के पहले और बाद मापी जाती है जो निम्नवत है :

मरीज	औषधि लेने से पहले स्पंद दर	औषधि लेने के बाद स्पंद दर	मरीज	औषधि लेने से पहले स्पंद दर	औषधि लेने के बाद स्पंद दर
1	73	75	12	70	72
2	71	73	13	70	69
3	69	70	14	67	70
4	68	69	15	74	75
5	74	73	16	72	74
6	72	73	17	71	71
7	73	73	18	73	75
8	71	72	19	71	69
9	70	68	20	70	72
10	69	74	21	73	75
11	73	70	22	74	75

5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर साइन परीक्षण का प्रयोग करते हुए ''औषधि का स्पंद दर में कोई प्रभाव नहीं है'' परिकल्पना का परीक्षण करें।

हल :

मरीज	औषधि लेने से पहले स्पद दर	औषधि लेने के बाद स्पंद दर	चिन्ह
1	73	75	–
2	71	73	–
3	69	70	–
4	68	69	–
5	74	73	+
6	72	73	–
7	73	73	0

8	71	72	–
9	70	68	+
10	69	74	–
11	73	70	+
12	70	72	–
13	70	69	+
14	67	70	–
15	74	75	–
16	72	74	–
17	71	71	0
18	73	75	–
19	71	69	+
20	70	72	–
21	73	75	–
22	74	75	–

धन चिन्हों की कुल संख्या = 5

ऋण चिन्हों की कुल संख्या = 15

प्रतिदर्श आकार या n = 20

जो '0' चिन्ह के साथ निर्दिष्ट है हम दो युग्मों को अलग करेंगें। इसलिए प्रतिदर्श आकार 22-2=20 होगा ।

$$Z = \frac{S - np}{\sqrt{np(1-p)}}$$

$$= \frac{5 - \left(20 \times \frac{1}{2}\right)}{\sqrt{20 \times \frac{1}{2}\left(1 - \frac{1}{2}\right)}}$$

$$= \frac{5 - 10}{\sqrt{20 \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2}}} = \frac{-5}{\sqrt{5}}$$

$$= -2.23$$

चूँकि $z(-2.23)$ का परिकल्पित मान z के सारणी मान 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर कम है, इसलिए, शून्य परिकलपना अस्वीकार्य है। इसका अर्थ है कि औषधि का स्पंद दर पर कोई प्रभाव नहीं है।

16.3 माध्यिका परीक्षण

पिछली इकाई में, आपने काई वर्ग परीक्षण के बारे में जो कि संज्ञात्मक स्तर पर दो या अधिक स्वतन्त्र प्रतिदर्श मापों के लिए प्रयोग होता है का अध्ययन कर चुके हैं लेकिन यदि प्रतिदर्शों को क्रमवार स्तर पर मापा जाता है तब हम माध्यिका परीक्षण

का प्रयोग कर सकते हैं। इसी तरह पिछले खण्ड में, अपने साइन परीक्षण के बारे में अध्ययन किया जो मुख्यतः उन परिस्थितियों में प्रयोग होता है जहॉ हम युग्म अवलोकनों के n समुच्चयों के साथ वर्णन करते हैं। लेकिन साइन परीक्षण के अनुप्रयोग के लिए एक आवश्यक शर्त यह है कि एक ही आकार के दो प्रतिदर्शों को लिया जाना चाहिए यदि प्रतिदर्श परिणामी आंकडा युग्मित परिणाम हो। व्यवहारिक परिस्थितियों में, हमें उन समस्याओ के साथ वर्णन करना पडता है जहॉ दो स्वतन्त्र प्रतिदर्शों का चयन आवश्यक होता है। विभिन्न समग्रों से समान आकार का प्रतिदर्श आवश्यक नहीं है। इन परिस्थितियों में यह प्रमाणित करना आवश्यक होता है कि समग्रों से लिये गये प्रतिदर्श उनके माध्य मानों से भिन्न है। माध्यों की तुलना द्वारा, माध्यिका परीक्षण का प्रयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि समगों से लिये गये प्रतिदर्शों की माध्यिका एकसमान है। यह दो या अधिक यादृच्छिक प्रतिदर्शों के माध्यिकाओं के मध्य अर्थपूर्ण अन्तर को निर्धारित करती हैं माध्यिका परीक्षण के संचालन की प्रक्रिया निम्नवत है।

- पहले चरण में, मिश्रित प्रतिदर्शों के माध्यिका की गणना की जाती है। इस चरण में, प्रतिदर्शों के चयन के पश्चात प्रत्येक अवलोकनों मे वर्णित प्रतिदर्शों की मिश्रित किया जाता हैं, प्रतिदर्शों को परिमाणों के आधार पर व्यवस्थित करते हैं और माध्यिका ज्ञात की जाती है। माध्यिका मध्य का अवलोकन होता है जब n एक विषय संख्या होती है और जब n एक सम संख्या होती है तो यह दो मध्य के अवलोकनों का माध्य होती हैं
- अगले चरण में, पहले प्रतिदर्श n_1 के सभी अवलोकनों की तुलना माध्यिका मान के साथ की जाती है और इन्हें दो वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है।

1. माध्यिका से अधिक a_1 और
2. माध्यिका से कम b_1

इसी तरह, माध्यिका के साथ तुलना करने के पश्चात दूसरे प्रतिदर्श n_2 के सभी अवलोकनों को दो वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है। माध्यिका से अधिक a_2 और माध्यिका से कम b_2

- तदपश्चात परिणामी आंकडों को 2x2 आकस्मिकता तालिका के रूप में प्रदर्शित करते हैं।

माध्यिका परीक्षण के लिए प्रतिदर्श आंकडे का वर्गीकरण

	माध्यिका से अधिक	माध्यिका से कम	प्रतिदर्श आकार
प्रतिदर्श I	a_1	b_1	$n_1 = a_1 + b_1$
प्रतिदर्श II	a_2	b_2	$n_2 = a_2 + b_2$
कुल	$a_1 + a_2$	$b_1 + b_2$	$n = n_1 + n_2$

- जब प्रतिदर्श आंकडा का वर्गीकरण 2x2 आकस्मिकता तालिका में करते हैं, यदि कोई अवलोकन माध्यिका के मान के बराबर पाया जाता है तब या तो इसे प्रतिदर्श में से अपमार्जित किया जा सकता है या इसे माध्यिका वर्ग से ऊपर सम्मिलित

किया जा सकता हैं । यदि प्रतिदर्श का आकार पर्याप्त रूप से बडा होता है तब माध्यिका मान के बराबर अवलोकनों को प्रतिदर्श में से अपमार्जित किया जा सकता है लेंकिन यदि प्रतिदर्श का आकार छोटा होता है तब इसे माध्यिका वर्ग से ऊपर समिमलित किया जाना चाहिए।

- यदि प्रतिदर्श आकार बडा है (न्यूनतम 30 या 30 से अधिक) तब हम शून्य परिकल्पना के परीक्षण के लिए काई वर्ग परीक्षण का प्रयोग करेंगें। इस परिस्थिति में, 2x2 आकस्मिकता तालिका के आधार पर अपेक्षित आवृत्तियॉ ज्ञात करने के पश्चात हम x^2 की गणना करेंगें और इसकी तालिका मान के साथ तुलना पूर्व निर्धारित महत्व के स्तर के साथ $1d.f.$ में करेंगें। यदि परिकल्पित मान तालिका मान से कम होता है तो शून्य परिकलपना स्वीकार्य होती है और यदि परिकल्पित मान तालिका मान से अधिक होता है तो शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य होती है।
- यदि प्रतिदर्श आकार छोटा होता है तब हम शून्य परिकल्पना के परीक्षण के लिए फिशर के यथार्थ प्रायिकताा परीक्षण का प्रयोग करेंगें। इस परिस्थिति में हम आवृत्तियों के युग्म के लिए व्यवस्थित 2x2 आकस्मिकता तालिका से फिशर की यथार्थ प्रायिकता का निर्धारण निम्नलिखित विधि से हाइपर ज्यामितीय वितरण के प्रयोग द्वारा करेंगें।

$$P_{(a_1\, a_2)} = \frac{\left(n_1 C_{a_1}\right)\left(n_2 C_{a_2}\right)}{\left(n_1 + n_2\; C_{\,a_1 + a_2}\right)}$$

शून्य परिकल्पना स्वीकार्य है या अस्वीकार्य का निर्णय p के परिकल्पित मान के साथ महत्व के स्तर α की तुलना द्वारा लिया जाता है। यदि p का परिकल्पित मान महत्व के स्तर की तुलना में कम होता है तो शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य होता है और यदि p का मान महत्व के स्तर की तुलना में अधिक होता है तो शून्य परिकल्पना स्वीकार्य होती है।

उदाहरण 4 :– टीवी स्वरसमंजक के s_1 और s_2 के रूप में चिन्हित दो बडे नौवहन एक आयातक द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। वह दो नौवहन से दो प्रतिदर्शों को जिसमें 25 स्वरसमंजक शामिल हैं का चयन करता है। दोषपूर्ण टुकडों की संख्या को जांचने के लिए, वह दोषपूर्ण स्वरसमंजक की संख्या के लिए निम्नलिखित आंकडे प्रदान करता है :–

प्रतिदर्श I (S_1) :	2	1	0	4	2	3	6	5	3	1
प्रतिदर्श II (S_2):	3	2	0	6	3	4	8	6	5	2

माध्यिका परीक्षण प्रयोग द्वारा 0.05 महत्व के स्तर पर प्रमाणित करें कि दो नौवहन मे दोषपूर्ण वस्तुओं की संख्या माध्यिका संख्या के एकसमान है।

हल :– शून्य परिकल्पना μ_0दो नौवहन में दोषपूर्ण वस्तुओं की संख्या माध्यिका संख्या के एक समान है। वैकल्पिक परिकल्पना h_1 दो नौवहन में दोषपूर्ण वस्तुओं की संख्या माध्यिका संख्या के समान नहीं है। अब, हम माध्यिका के मान की गणना करने के एिल पहले एवं दूसरे प्रतिदर्श के अवलोकनों को बढते हुए क्रम मे व्यवस्थित करेगें।

S.No:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
Values:	0	0	1	1	2	2	2	2	3	3	3	3	4	4	5	5	6	6	6	8

माध्यिका $= \frac{n+1}{2}$ वें पद का मान

$= \frac{20+1}{2}$ वें पद का मान

$= 10.5$ वें पद का मान

$=$ 10 वें और 11 वें पद का मान

$= \frac{3+3}{2} = 3$

अब हम पहले एवं दूसरे प्रतिदर्श के मानों को माध्यिका 3 के मान के साथ तुलना करेंगें और उनको माध्यिका से अधिक और माध्यिका से कम वर्गों में वर्गीकृत करेगें। इसे निम्नलिखित 2x2 आकस्मिकता तालिका में अभिव्यक्त किया जा सकता है :

	M_d से अधिक	M_d से कम	प्रतिदर्श आकार
S_1	5	5	10
S_2	7	3	10
कुल	12	8	20

चूँकि प्रतिदर्श (20) का आकार छोटा है (30से कम) है इस प्रकार हम फिशर का यर्थार्थ प्रायिकता परीक्षण प्रयोग करेंगें।

$$P_{(a_1\, a_2)} = \frac{\left(n_1 C_{a_1}\right)\left(n_2 C_{a_2}\right)}{\left(n_1 + n_2\, C_{\,a_1 + a_2}\right)}$$

$$P_{(5,7)} = \frac{(10C_5)(10C_7)}{(20\, C_{12})} = \frac{252 \times 120}{125970} = 0.24$$

चूँकि $p(5,7)$ 0.24 है जो महत्व के स्वर (0.05) से अधिक है, इसलिए शून्य परिकलपना स्वीकार्य है, इसका अर्थ है कि दो पोतलदानों मे ंदोषपूर्ण वस्तुओं की संख्या माध्यिका संख्या के समान है।

16.4 विल्कसन मिलान युग्मित परीक्षण

यह परीक्षण मिलान युग्मित आंकडों के लिए उपयुक्त होता है। अर्थात सम्बन्धित प्रतिदर्शों के साथ एक द्विभाजित चर और निरंतर चर के महत्व के परीक्षण करने के लिए किया जाता है। इस परीक्षण को बिल्कसन चिन्हित श्रेणी भी जाना जाता है क्योंकि चिन्ह परीक्षण में हम केवल मानों के मध्य अन्तर का चिन्हों के साथ वर्णन करते हैं जबकि यह परीक्षण न केवल दिशा परीक्षण करता है, अपितु मिलान युग्मों के मध्य के अन्तर के परिमाणों का भी परीक्षण करता है। यह परीक्षण विशेष रूप से मिलान युग्मों के पहले और बाद के प्रयोग प्रकार के लिए उपयुक्त होता है । यह

मुख्यतया मिलान युग्मों की परिस्थिति में प्रयोग होता है जैसे एक अध्ययन जहॉ पति और पत्नी में मिलान हाता है या जब हम दो एक ही तरह के मशीनों के परिणामों की तुलना करते हैं या पहले बाद के प्रयोग के परिणाम इस प्रकार यह एक महत्वपूर्ण गैर प्राचल परीक्षण जो मिलान युग्मों के बीच अन्तर की दिशा एवं परिमाण का संज्ञान लेता है। दो एक ही तरह के के मशीनों के परिणामों की तुलना करते हैं या पहले बाद के प्रयोग के परिणाम । इस प्रकार यह एक महत्वपूर्ण गैर प्राचल परीक्षण जो मिलान युग्मों के बीच अन्तर की दिशा एवं परिमाण का संज्ञान लेता हे। विल्कसन चिन्हित श्रेणी परीक्षण के संचालन की प्रक्रिया निम्नवत है :

- सबसे पहले, समस्या के गुण के आधार पर, विचार के अर्न्तगत दो श्रेणीयों के मध्य कोई अन्तर नहीं है, शून्य परिकल्पना बनाई जाती है।
- प्रत्येक युग्म को अंकों या मानों के बीच अन्तर पर कार्य किया जाता है।
- चिन्ह के बगैर छोटे से बडे के बीच श्रेणीयॉ निर्दिष्ट की जाती है। इसका अर्थ है कि श्रेणी 1 सबसे छोटे अन्तर को निर्दिष्ट करते हैं, 2 इसी क्रम में अगले और इसी तरह। जब श्रेणीयॉ निर्दिष्ट की जाती है, अन्तर के चिन्ह को संज्ञान में नहीं लिया जाता है।
- जब इस परीक्षण को प्रयोग करते है, दो प्रकार की बराबर की परिस्थितियॉ समझ में आ सकती है।
- पहली स्थिति दृष्टिगोचर होती है जब कुछ मिलान युग्मों के दो मान समान होते हैं अर्थात मानों के मध्य अन्तर शून्य होता है। इन युग्मों को गणना से अलग कर देते हैं। इस प्रकार उन युग्मों को जिनका अन्तर समान या शून्य होता है उन्हें बाद की गणनाओं से अलग कर देते हैं।
- दूसरी बराबर की स्थिति दृष्टिगोचर होती है जब दो या अधिक युग्मों का अन्तर एकसमान होता है। इस स्थिति में हम सम्बन्धित स्थिति सदिश के औसत श्रेणी पर कार्य करते हैं और उन्हें औसत श्रेणी निर्दिष्ट करते हैं। उदारहण के लिए मान लें 1, 2 और 3 श्रेणी निर्दिष्ट करने के बाद हमारे पास दो समान अन्तर के मान हैं। यदि उनके अन्तर एक समान नहीं होगें तो उनको श्रेणी 4 और 5 के साथ निर्दिष्ट किया जायेगा। इस प्रकार, हम दोनों को 4 और 5 वीं श्रेणी को औरसत निर्दिष्ट करेंगें, अर्थात $\frac{4+5}{2} = 4.5$ अगले अन्तर मान को 6वीं श्रेणी निर्दिष्ट करेंगें।
- एक बार अन्तरों को श्रेणीबद्ध कर लिया, प्रत्येक को तब वास्तविक अंतर के चिन्ह के साथ निर्दिष्ट करते हैं।
- अगले चरण में, परीक्षण आंकडा (T) की गणना की जाती है जो दो योगों से छोटा घटित होता है अर्थात ऋणात्मक श्रेणीयों का योग और घनात्मक श्रेणीयों का योग।
- मिलान युग्मों की कुल संख्या, संज्ञान के पश्चात छोडे हुये युग्मों की संख्या 25 के बराबर या कम होती है, T के महत्वपूर्ण मान की तालिका का प्रयोग

शून्य परिकल्पना के स्वीकृत या अस्वीकृत के प्रयोग के लिए की जाती है। शून्य परिकलपना स्वीकार हाती है यदि T आंकडे का परिकल्पित मान तालिका मान से अधिक होता है यदि T तालिका मान से कम या बराबर होता है शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य होती है।

- जब मिलान युग्म 25 से अधिक होते हैं तब शून्य परिकल्पना के स्वीकृत या अस्वीकृत सम्बन्धित निर्णय के लिए z के मान की गणना के लिए विधि निम्नवत है :

$$Z = \frac{T - U_T}{\sigma_T}$$

जहॉ U_T = माध्य

σ_T = मानक विचलन

T = छोटे चिन्हित वर्ग के श्रेणीयों का योग

माध्य या $U_T = \frac{n(n+1)}{4}$

मानक विचलन या $\sigma_T = \sqrt{\frac{n(n+1)(2n+1)}{24}}$

जहॉ : n = अलग किये गये युग्मों को छोडकर मिलान युग्मों की संख्या

उदाहरण 5 :– गणित के अभ्यास के लिए पॉचवी कक्ष के छात्रों को के दो सेट दिये गए थे। अभ्यास पुस्तिकाओं के नीचे दिये गये आंकडे क्रमशः कार्य पुस्तिका A और B से अभ्यास करने वाले छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को दर्शातें हैं। शोधकर्ता इस बात को जानने में रूचि रखते हैं कि क्या अंकों में स्पष्ट अंतर है जिसमें अभ्यास पुस्तिका के प्रकार के उपयोग के लिए बच्चों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

Student No.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
A:	73	43	47	53	58	47	52	58	38	61	56	56	34	55	65	75
B:	51	41	43	41	47	32	24	58	43	53	52	57	44	57	40	68

हल : इस समस्या के लिए शून्य एवं वैकल्पिक परिकल्पना निम्नवत की जा सकती है।

μ_0 = विद्यार्थियों के दो वर्गों के अंकों के बीच कोई अंतर नहीं है।

μ_a = दो वर्गों के अंकों के बची अंतर ।

विल्कसन मिलान युग्मों परीक्षण का प्रयोग करते हुए , हम T आंकडा परीक्षण के मान के लिए निम्न के अन्तर्गत कार्य करते हैं :

युग्म	कार्य पुस्तिका A	कार्य पुस्तिका B	अन्तर (di)	अन्तर की श्रेणी. $\lvert di \rvert$	चिन्ह +	श्रेणीयॉ –
1	73	51	+22	13	+13	…..
2	43	41	+2	2.5	+2.5	…..
3	47	43	+4	4.5	+4.5	…..
4	53	41	+12	11	+11	…..

5	58	47	+11	10	+10	…..
6	47	32	+15	12	+12	…..
7	52	24	+28	15	+15	…..
8	58	58	0	…..	…..	…..
9	38	43	– 5	6	…..	– 6
10	61	53	+8	8	+8	….
11	56	52	+4	4.5	+4.5	…..
12	56	57	–1	1	…...	–1
13	34	44	–10	9	…..	–9
14	55	57	–2	2.5	…...	–2.5
15	65	40	+25	14	+14	…..
16	75	68	+7	7	+7	…..
				Total	***+101.5***	***–18.5***

हम युग्म संख्या 8 को अलग करेंगें क्योंकि इसका अन्तर मान शून्य है।

n= 16-1 =15 और += छोटे साइन वर्ग का योग = 18.5

जब n=15 5% महत्व के स्तर पर T का तालिका मान 25 है (द्विपुच्छीय परीक्षण का प्रयोग करते हुए क्योंकि हमारी वैकल्पिक परिकल्पना यह है कि दो वर्गों के मध्य अन्तर है) T का परिकल्पित मान 18.5 है जो तालिका मान 25 से कम हे। उसी रूप में हम शून्य परिकलपना को अस्वीकार करते हैं और निष्कर्ष निकालते हैं कि दो वर्गों के मध्य अंतर है।

16.5 विल्कसन–मन–व्हाइटने परीक्षण (U परीक्षण)

श्रेणी योग परीक्षणों के मय U परीक्षण सबसे अधिक लोकप्रिय परीक्षण है। इसे सामान्यतया विल्कसन मन व्हाइटने परीक्षण के रूप मे भी जाना जाता है। पूर्ववर्ती परीक्षणों के समान, U परीक्षण भी दो स्वतन्त्र प्रतिदर्शों से प्राप्त आंकडों पर आधारित होता है। इसका प्रयोग यह निर्णारित करने में किया जाता है कि लिये गये प्रतिदर्श समान समग्र में से है या समान वितरण के दो विभिन्न समग्रों से है इसे साइन परीक्षण के ऊपर और फिशर ईरविन समझा जाता है। क्योंकि धन और ऋण चिन्ह के बदले इसमे श्रेणी सूचना का प्रयोग होता है । मन –व्हाइटने U और विल्कसन मिलान युग्म सामान्यतः समान होते हैं जिसमे उनको दो माध्यिकाओं के बीच तुलना करने की सलाह दो प्रतिदर्श समान समग्र से लिये गये हैं या नहीं। यदि आपके दोनों प्रतिदर्श पूर्ण रूप से एक दूसरे से स्वतन्त्र नहीं है और कुछ कारक एक समान है, अर्थात भौगोलिक परिस्थिति या पहले/बाद प्रतिपादन मे विल्कसन मिलान युग्म परीक्षण का प्रयोग किया जा सकता है। यदि आपके पास दो प्रतिदर्श जो कि स्वतन्त्र हैं, आपको मन –व्हाइटने U परीक्षण का प्रयोग करना चाहिए। अत्यधिक परिवर्तनशील गैर प्राचल परीक्षण के रूप में, इसे उन परिस्थितियों मे प्रयोग किया जाता है जहॉ प्रतिदर्श छोटे और समान आकार के नहीं होते हैं। यह परीक्षण बहुत सामान्य शर्तों के अन्तर्गत लागू होता है और केवल समग्र प्रतिदर्श सतत होने की आवश्यकता होती है।

U परीक्षण के संचालन की प्रक्रिया निम्नवत है :

- एकल समग्र में से या दो विभिन्न समग्रों से दो स्वतन्त्र प्रतिदर्श सामान्यतः विभिन्न आकार के लिये जाते है। छोटे आकार के प्रतिदर्श जिसमें n_1 अवलोकन निहित है और बडे आकार के प्रतिदर्श जिसमें n_2 अवलोकन समाहित होते है।
- शून्य और वैकल्पिक परिकल्पनाऐं ली जाती है। शून्य परिकल्पना व्यक्त करती है कि अंकों के दो समूहों में कोई अन्तर नहीं है जबकि वैकल्पिक परिकल्पना व्यक्त करती है कि अंकों के दो समूहों में व्यवस्थित ढंग से अंतर होता है। यह एकपुच्छीय या द्विपुच्छीय हो सकती है।
- दो प्रतिदर्शों को मिश्रित किया जाता है और सभी $n = (n_1 + n_2)$ अवलोकनों को छोटे से लेकर बडे तक बढते क्रम में व्यवस्थित करते हैं। तदपश्चात श्रेणीयॉ निर्दिष्ट की जाती है। प्रतिदर्शों को ध्यान दिये बिना मिश्रित प्रतिदर्शों n_1 और n_2 के मानों को सबसे कम से लेकर सबसे अधिक तक श्रेणीबद्ध किया जाता है, सबसे छोटे अंक को श्रेणी 1, अगले को श्रेणी 2 और इसी क्रम में प्रत्येक प्रतिदर्श की पहचान इंगित करता है। पुनरावृत्ति मानों को अनेक प्रारम्भिक मानों के औसत के साथ श्रेणीबद्ध किया जाता है।
- तब पहले प्रतिदर्श के श्रेणी के योग को प्राप्त करते हैं और इसे R_1 के रूप में प्रदर्शित करते हैं और तब दूसरे प्रतिदर्श के श्रेणी के योग को प्राप्त करते हैं और इसे R_2 के रूप में प्रदर्शित करते हैं।
- अगले चरण में, हम आंकडे परीक्षण के मान पर कार्य करते हैं अर्थात U जो श्रेणीबद्ध अवलोकन के दो प्रतिदर्शों के अनतर के मध्य की माप के अन्तर्गत इस रूप में होती है : $U = n_1 \times n_2 + \frac{n_1\,(n_1+1)}{2} - R_1$
20.5.5 सामूहिक विश्लेषण :– सामूहिक विश्लेषण एक अपघटन विधि होती है जिसका प्रयोग गुणों के संयुक्त उद्देश्यों के मूल्यांकन के प्रदर्शन में किया जाता है। यह पारंपरिक प्रयोग से सम्बन्ध रखता है जिसमें स्वतन्त्र चरों के स्तरों का प्रभाव आश्रित चर पर निर्धारित होता है। इस बहुविचरण तकनीक में, वस्तु या उत्पाद का समस्त मूल्यांकन प्रतिक्रियादाताओं द्वारा बनाया जाता है और उस उत्पाद को निश्चित गुणों के विभिन्न स्तरों के संमिश्रण के रूप में एक उत्पाद को मूल्यांकित किया जाता है, सम्पूर्ण मूल्यांकन के लिए प्रत्येक गुण के योगदान को सुनिश्चित किया जा सकता हैं। यह तकनीक एक बहुत उपयोगी तकनीक है जिसे प्रायः व्यवसाय एवं बाजार अनुसंधान के क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है, जैसे क्रय निर्णय या अंगीकरण निर्णय या उत्पादों या सेवाओं के लिए उपभोक्ताओं की पसंदों को समझना इत्यादि। यह नये उत्पाद विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण होता है।

सामूहिक विश्लेषण व्यवहारिक अध्ययनों एवं विपणन अध्ययनों में सबसे उपयोगी होता है जहॉ प्राग्सूचक चरों को प्रायः गुण कहा जाता है और आश्रित चर को प्रायः एक उत्पाद का सम्पूर्ण मूल्यांकन कहते हैं। सामूहिक विश्लेषण के पीछे धारणा यह होती है कि वस्तुऐं मान या एक उत्पाद या सेवा या सुझाव का मूल्यांकन करती है कि यदि प्रत्येक गुण द्वारा उपयोगिता के सयुक्त पृथक मात्राओं द्वारा यह वास्तविक या परिकल्पित है । इसे अपघटन तकनीक के रूप में सुविचारित किया जाता है क्योंकि एक वस्तु के समस्त मूल्यांकन विघटित होकर प्रत्येक प्रारसूचक चर एवं एक प्रारसूचक चर के प्रत्येक स्तर के लिए उपयोगिताऐं देता हैं ।

उद्देश्य :– निम्नलिखित दो उद्देश्यों के लिए सामूहिक विश्लेषण किया जाता है :

- विभिन्न प्राग्सूचक चरों का योगदान और उनका आश्रित चर से सम्बन्धित मानों या स्तरों का निर्धारण।
- प्राग्सूचक चरों में से लिये गए मानों का नए संयोजनों के लिए एक प्राग्सूचक प्रारूप स्थापित करना।

सामूहिक विश्लेषण का मुख्य लाभ यह होता है कि मापीय या गैर मापीय आश्रित चरों को अनुकूल योग्य बनाना होता है और इसका प्रयोग गैर मापीय चरों को प्राग्सूचक रूप में योग्य बनाना भी होता है।

सामूहिक विश्लेषण के लिए निर्णय प्रक्रिया :– एक सामूहिक विश्लेषण के लिए, एक उत्पाद कक्षा को वस्तुओं के एक समूह के साथ सुविचारित किया जाता है जो उस कक्षा में उत्पादों का मूल्यांकन करेगा। गुणों का एक समूह या प्राग्सूचक चरों को चयनित किया जाता है जो उत्पाद कक्षा का वर्णन करता है। प्रत्येक गुण के संभावित स्तरों को चयनित किया जाता है। एक उत्पाद उत्पाद कक्षा मे तब गुण स्तरों का एक सामान्य संयोजन होता है, अर्थात एक स्तर प्रति गुण। एक विशिष्ट सामूहिक विश्लेषण में निम्नलिखित स्तर सम्मिलित होते हैं :

- **गुण एवं स्तर चयन** :– प्रथम चरण में यह निर्धारण करना होता है कि किन गुणों एवं प्रत्येक गुण के किन स्तरों को अध्ययन में सम्मिलित करना होगा। उदाहरण के लिए, लेपटाप के क्रय निर्णय के लिए, तीन गुणों को ब्रान्ड का नाम, स्मृति आकार एवं कीमत का चयन। प्रायः अधिक गुणों का प्रजनन करना होता है तब उनका विश्लेषण सम्भव है, इसमें उनकी संख्या को कम करने की आवश्यकता होती है। सामान्यतया, एक अध्ययन के लिए 5 से 15 गुण सुविचारित करते हैं। तब विशिष्ट गुण स्तरों में सबसे उत्तम का चयन करना चाहिए। यदि एक गुण सतत है, दोनों गुण स्तरों की सीमा और स्तरों की संख्या के निर्धारण की आवश्यकता होती है। पर्याप्त अन्तः स्थायी स्तरों का उपयोग पर्याप्त रूप से सीमा के बचाव में करना चाहिए। सामान्यतया 2 से 5 गुण स्तरों को सुविचारित करते है। उदाहरण के लिए, 3 भिन्न ब्रान्डस, 3 भिन्न स्मृति आकार और 2 भिन्न कीमत सीमाओं का चयन होता है।
- **अवधारणा जनन** :– गुणों एवं स्तरों के निर्धारण के पश्चात दिखाये गये संकल्पना से प्रतिक्रियादाताओं के जनन की आवश्यकता होती है। एक बार गुण एवं स्तरों को चयनित हो चुके हों, प्रतिक्रियादाताओं से गुण स्तरों के प्रत्येक संभावित संयोजन के मूल्यांकन के बारे में पूछना सम्भव हो सकता है। इसे पूर्ण क्रमगुणित प्रारूप कहा जाता है क्योंकि यह प्रारूप प्रयोग में बहुत लम्बा और जटिल होता है। अभ्यास में, केवल कुल अवधारणाओं के एक उपसमूह को प्रतिक्रियादाता के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और इसे भिन्नात्क क्रमगुणित प्रारूप के रूप में जाना जाता है।
- **प्राचल आंकलन** :– इस चरण में, प्रतिक्रियादाताओं को कहा जाता है कि वे प्रत्येक संयोजन का मूल्यांकन करें। एक प्रतीपगमन प्रत्येक गुण के प्रत्येक स्तर के लिए उपयोगिता के आकलन की गति होती है। अनेक विभिन्न प्रकार के प्रारूपों का उपयोग पूर्ण रूपरेखा आंकडे के विश्लेषण में किया जा सकता है। दो विभिन्न प्रारूपों भाग मूल्य एवं सदिश का इस उद्देश्य में उपयोग किया जा सकता हें इस सामूहिक विश्लेषण प्रारूप को निम्नलिखित सूत्र द्वारा निरूपित किया जा सकता है

$U(X) = \sum_{i=1}^{m} \sum_{j=1}^{k_i} \alpha_{ij} X_{ij}$

जहॉ

$U(X)$ = एक उत्पाद / वस्तु की समस्त उपयोगिता

α_{ij} = j^{th} (j =1,2.3……k) के साथ of ith (i=1,2, ……..m) गुण के साथ सम्बन्धित भाग मूल्य का योगदान है।

k_i = गुण के स्तरों की संख्या

m = गुणों की संख्या

X_{ij} = 1, यदि i^{th} गुंण का j^{th} स्तर उपस्थित है या शून्य के समान है।

- **निर्णय निर्धारण के लिए विश्लेषण** :– सामूहिक विश्लेषण में से प्राप्त परिणामों की सहायता के साथ, विभिन्न प्रकार के निर्णय लिये जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, ब्रान्ड, स्मृति आकार एवं कीमत सीमा के विभिन्न संयोजनों के सामूहिक विश्लेषण के आधार पर यह निर्धारित किया जा सकता है कि कौन सेा संयोजन प्रतिक्रियादाताओं द्वारा सबसे अधिक पसंद किया जा सकता है।

18.5.6 कारक विश्लेषण :– कारक विश्लेषण अन्योयन्याश्रय विधियों की श्रेणी में सबसे लोकप्रिय बहुविचरण तकनीक है। यह मुख्यतया उन परिस्थितियों में प्रयोग की जाती है जब चरों के मध्य अन्योन्याश्रय स्पष्ट होता है और हम अविकसित या गोपनीय कारकों को ज्ञात करना चाहते है जो इस समानता का सृजन करते है। यह एक अवलोकित चरों के समह का समान कारकों की एक संख्या को एक कारक जो प्रत्येक चर में अद्वितीय है में मिलाकर के रूप में निरूपित करने की कोशिश करता हैं। दूसरे शब्दों में, कारक विश्लेषण प्रक्रियाओं का एक समूह होता है जिसे मापीय चरों के एक बडे समूह के समाधान मे ंअपेक्षाकृत कुछ श्रेणीयों, कारकों के रूप में ज्ञात में प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण के लिए, गुणों के अवलोकित समूह में हम रूचि रखते है कि जब एक कार खरीदी जाती है, कार क्रेता सुविचारित होता हैं विशेषज्ञों से परामर्श्ज्ञ के पश्चात हमने एक कार में 11 लक्षणों का एक समूह जिसमें उपयोक्ताओं का उनके कार के चयन का आधार होता है, निर्धारित किया। ये लक्षण कार की कीमत (X_1) , कार की भीतर (X_2) , वातानुकूलन (X_3), ईधन की किफायत (X_4), इंजन शक्ति (X_5) , बैठने की क्षमता (X_6) , वाहृय रूप (X_7) , ऋण की उपलब्धता (X_9) , पुनः विक्रय कीमत (X_{10}) और सुरक्षा (X_{11}) है। यदि आप सावधानी से इन चरों को अवलोकित करते हैं तब आप अपेक्षा कर सकते हैं कि बहुत से गुण सहसम्बन्धित हो सकते हैं । उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति जो एक कार की कीमत की और संवेदनशील है वह ईधन की किफायत, कार की पुनः विक्रय कीमत और उचित ऋण सुविधा की उपलब्धता के बारे में भी संवेदनशील होगा। इसका अर्थ है कि हम उपरोक्त चरों के समूह को कारकों में कम कर सकते हैं जो एक दूसरे से अत्याधिक सहसम्बन्धित हैं। यदि हम बहुत अधिक जानकारी खोये बिना करकों को एक छोटी

संख्या के साथ बडी संख्या के मापों को संक्षिप्त कर सकते हैं, हम विवरण का कुछ अर्थ प्रबन्ध प्राप्त करते हैं, जो विज्ञान सम्बन्धी अनुसंधान का एक लक्ष्य होता है।

कारक विश्लेषण में, चरों के मध्य सहसम्बन्ध के आधार पर, चरों की एक बडी संख्या को कारकों की एक छोटी संख्या में वर्गीकृत किया जताा है और इन कारकों का मान या नये चरों या अविकसित चरों को वास्तविक चरों के मानों द्वारा जोडकर जात किया जाता है। ये कारक आंकडों के रैखिक मिश्रण होते है। और करक भराई विशेष चर एवं आंकडा आव्यूह कें रूप में प्राय दर्शाया गये कारक के मध्य सहसम्बन्ध निरूपित करता हैं। कारक विश्लेषण प्रारूप को निम्नलिखित n वस्तुऐं k मापों या चरों के साथ आंकडा आव्यूह या अंक आव्यूह में दर्शाया जा सकता है :–

		चर			
		a	b	c	k
	1	a_1	b_1	c_1	k_1
वस्तुऐं	2	a_2	b_2	c_2	k_2
	3	a_3	b_3	c_3	k_3
	-	-	-	-	-
	-	-	-	-	-
	-	-	-	-	-
	n	a_n	b_n	c_n	k_n

इस आव्यूह में, a_1 a चर में 1st वस्तु के अंक को दर्शाता है और इसी प्रकार प्रत्येक माप में अंकों का मानकीकृत निम्न सूत्र के प्रयोग से किया जाता है :–

$$x_i = \frac{X - \bar{X}}{\sigma_1}$$

इस प्रकार आव्यूह के किसी स्तम्भ में अंकों का योग 0 है और किसी स्तम्भ में अंको का प्रसरण 1.0 है।

उद्देश्य :– कारक विश्लेषण विभिन्न उद्देश्यों को संतुष्ट करने के लिए निष्पादित किया जा सकता है, उनमें से मुख्य निम्नवत हैं :–

- चरों के सारांश के लिए इसे अर्थकारी तकनीक के रूप में प्रयोग किया जा सकता है और चरों के मध्य सह सम्बन्ध के उपयोग के माध्यम से समानताओं का निर्धारण करना।
- कारक विश्लेषण के माध्यम से, आंकडों की बडी मात्रा को सरलीकरण द्वारा ज्यादा से ज्यादा निरूपित किया जाता है। इस प्रकार, आंकडों को कम करना कारक विश्लेषण मुख्य उद्देश्य है।
- कारक विश्लेषण हमें उन सिद्धान्तों के परीक्षण की इजाजत देता हैं जिसमें सम्मिलित चरों की स्पष्ट रूप से माप दृढ होता है।

- यह हमें प्रत्येक कारक के सापेक्ष भार को ज्ञात करने में भी सहायता करता हैं

अवधारणाऐं :– कारक विश्लेषण निम्नलिखित तीन बुनियादी अवधारणाओं पर आधारित है :–

- आंकडों को मापीय होना चाहिए, गैर मापीय आंकडों की स्थिति में कल्पित चरों के उपयोग की आवश्यकता होती है।
- प्रतिदर्श आकार पर्याप्त होना चाहिए जिसकी वजह से सच्ची बनावट निर्धारित की जा सकती है। सामान्यता इसे 5 से 20 तक परिवर्तित होना चाहिए।
- चरों को एक दूसरे से सहसम्बन्धित होना चाहिए।

शब्दावली :– कारक विश्लेषण को उचित तरीके से समझने के लिए, आपको निम्नलिखित पदो के सच्चे अर्थ को समझना चाहिए जो कारक विश्लेषण के सन्दर्भ मे प्रायः प्रयोग किये जाते हैं:–

कारक :– एक कारक अर्न्तहित आयाम होता है जो अनेक अवलोकित चरों के लिए संज्ञान लेता हैं अध्ययन की प्रकृति एवं सम्मिलित चरों की संख्या के अनुसार, एक या अधिक कारक हो सकते हैं।

कारक भराई :– कारक भराई वे मान होते हैं जो व्याख्या करते हैं कि कैसे कारकों के अन्वेषित के लिए चर एक दूसरे से निकटतम सम्बन्ध रखते हैं। यह एक आव्यूह होता है जो चरों एवं कारकों के विभिन्न संयोजनों के मध्य सहसम्बन्ध को निरूपित करता है। $Li(j)$ अभिव्यक्ति कारक में i चर j का कारक भराई को दर्शाती है जहॉ $i = 1,2,3,\ldots\ldots n$ और $j = 1,2,3,\ldots\ldots n$.

सहसम्बन्ध गुणांक आव्यूह :– यह वास्तविक अवलोकनों के मध्य विभिन्न सहयोग चरों के युग्मों के आव्यूह का सहसम्बन्ध गुणांक हें

समानता :– समानता दर्शाती है कि एक साथ लिये हुए अर्न्तहित कारक के लिए प्रत्येक चर कितना अधिक महत्व रखती है। इसे अभिव्यक्ति द्वारा दर्शाया जाता है। यह सभी कारकों में चर के कारक भराई के वर्ग का योग होता है : $h_i^2 = \sum_{i=1}^{n} L_{ij}^2$

ईगन मान :– यह एक कारक में सभी चरों के कारक भराई के वर्गों का योग होता है। ईगन मान को अविकसित आधार भी कहा जाता है। यह चरों के विशेष समूह जिन्हें विश्लेषित किया जा रहा हो के प्रत्येक कारक की सापेक्ष महत्ता को निर्दिष्ट करता है।

चक्रानुक्रम :– यदि कारक भराई आव्यूह एक सरल बनावट रखता है, यह स्पष्टीकरणों को सरल बनाता है। सरल बनावट को प्रत्येक कारक के कारक भराई की एक दृष्टि द्वारा अवलोकित किया जा सकता है। यदि एक कारक में कारक भराई उच्च हो दूसरे में बहुत कम हो, इसे एक सरल बनावट का अधिकार कहते हैं। यदि कोई सरल बनावट न हो तब कारकों का n आयामी स्थल एक द्वारा इस प्रकार से घुमना चाहिए कि संशोधित कारक भराई में एक सरल बनायेंगें। यदि कारक स्वतन्त्र है, लम्ब कोणीय घुमाव सम्पन्न होता है और यदि कारक सहसम्बन्धित होते हैं, एक निर्यक घुमाव बनता है। घुमाव को ध्यान दिये बिना प्रत्येक चर के लिए समानता बाधा रहित रहेगी लेकिन घुमाव के परिणाम के रूप में ईगन मान परिवर्तित होगें।

कारक विश्लेषण के प्रकार :– कारक विश्लेषण के प्रकार निम्नवत हो सकते हैं :

R प्रकार कारक विश्लेषण :– यह कारक विश्लेषण का सबसे सामान्य प्रकार होता है। R तरीके में, पंक्तियॉ स्थितियॉ होती है, स्तम्भ चर होते हैं, कक्ष प्रविष्टियॉ चरों में स्थितियों के अंक होते हैं। इसका उद्देश्य चरों के समूहों जो अविकसित आयामों या कारकों का निर्माण करते हैं उन्हें निर्धारित करना है। यह अर्न्तहित बनावटों या कारकों के अनुसार चरों और उनके समूहों का आंकलन करता है। इस प्रकार R तरीके में, कारक समय के दिये हुए एक बिन्दु में लोगों के एक समूह या दूसरे अस्तित्वों में चरों के गुच्छ में होते हैं।

Q प्रकार कारक विश्लेषण :– इसे प्रतिलोम कारक विश्लेषण भी कहा जाता है जहॉ सहसम्बन्ध स्थितियों के बजाय प्रतिक्रियादाताओं के मध्य देखा जाता है। Q तरीके में, पंक्तियॉ चर होती है और स्तम्भ स्थितियॉ होती हैं और कक्ष प्रविष्टियॉ। चरों में स्थितियों के अंक होते हैं यह एक विशेषताओं के समूह में उनकी समानता के आधार पर प्रतिक्रियादाताओं का समूह बनाता है।

R तरीका और Q तरीका कारक विशलेषण के सबसे अलग कारक विशलेषण o विधि, T विधि और S विधि भी प्रयोग की जाती है। ये तीन विधियॉ समय श्रेणी विशलेषण के स्थित में प्रयोग की जाती है।

कारक विश्लेषण की विधियॉ :– कारक विश्लेषण को विभिन्न तरीकों से सम्पादित किया जाता है। कारक विश्लेषण की मुख्य विधियों का वर्णन निम्नवत है :–

केन्द्रक विधि :– यह कारक विश्लेषण की बहुत लोकप्रिय विधि है जिसे एल0एल0 थ्रस्टोन द्वारा विकसित किया गया था। यह समझने में आसान और दूसरी तकनीकों की तुलना में इसमें अपेक्षाकृत सरल गणनाऐ सम्मिलित होती हैं। यह कारक विश्लेषण के दूसरी विधियों को समझने में सहज मार्ग बनाता है। केन्द्रक विधि चिन्हों को नकारते हुए भराई के योग को उच्चतम की सीमा की आरे अग्रसर करती है। यह विधि परिणामस्वरूप प्रत्येक कारक के लिए पूर्ण भराई का सबसे बडे योग का सार तत्व निकालती है। इसे रैखिय संयोजनों द्वार परिभाषित किया जात है जिसमे सभी भार या तो +1.0 हों या -1.0। कारकों को केवल सामान्य प्रसरण के आधार पर आंकलित किया जाता है और विशिष्ट एवं त्रुटि विसरण को अपवर्जित किया जाता है।

प्रमुख घटक विश्लेषण विधि :– यह विधि नए चरों का इस तरीके से पता लगाती है जो अवलोकित चरों के रैखीय संयोजनों में हो उनमें अधिकतम प्रसरण हो और वे सहसम्बन्धित न हों। इसे एच होटलिंग द्वारा विकसित किया गया था। यह उस स्थिति में उपयुक्त होती है जहॉ उद्देश्य आंकडों का सार होता है जब प्रसरण की अधिकतम मात्रा को बनाए रखना होता है। यह विधि अनूठा हल प्रदान करती है, इस तरह से परिणामों से वास्तविक आंकडों की फिर से बनावट की जा सकती है। इस विधि में, आंकडों में कुल विसरण सुविचारित किया जात है और कुल विसरण पर आधारित कारकों को प्रमुख घटक कहा जाता है। ये कारक कुल विसरण के महत्तम भाग का पता लगाते हैं। सामान्यतया, यह देखा जा सकता है कि प्रमुख घटक विश्लेषण विधि केन्द्रक विधि के उपर एक उन्नत हल है।

कारक घुमाव :– एक सहसम्बन्ध आव्यूह में से एक कारक हल को प्राप्त गणितीय प्रक्रिया प्रयोग इस तरीके से है कि प्रत्येक क्रमागत कारक, प्रत्येक में जो दूसरे कारकों के साथ सहसम्बन्धित न हों, जितना सम्भव हो सके अवलोकित चरों का पता लगाना है। घुमाव परिणामों को अधिक समझने योग्य बनाता है और प्रायः कारकों के स्पष्टीकरणों को सुगम बनाने में आवश्यक होता है। दूसरे शब्दों मे कारक घुमाव एक अधिक प्रासंगिक कारक समाधान है जो कारक अक्ष के दक्ष प्रयोग या समाधान की प्रक्रिया है। कारक विश्लेषण में दो प्रकार के घुमान प्रयुक्त होते हैं उनमें से एक लम्ब कोणीय घुमाव होता है। यदि कारक अक्ष 90^0 का कोण बनाये रखते है तब इसे लम्बकोणीय घुमाव के रूप में जाना जाता है। उन्हें इस तरीके से धुमाया जाता है कि कारक अक्ष चरों के सबसे अच्छे लायक हों । लम्बकोणीय घुमाव के कुछ प्रसरण होते हैं। वेरीमेक्स घुमाव कारक अक्षों का एक लम्बकोणीय घुमाव है जो एक कारक आव्यूह में सभी चरों (पंक्तियॉ) का एक कारक के वर्ग भराईयों के विसरण को अधिकतम सीमा तक करता है।

एक कारक का विसरण सबसे अधिक होता है जब इसकी सबसे छोटी भराई शून्य की ओर अग्रसर होती है और इसकी सबसे बडी भराई एक की ओर अग्रसर होती है। यह सबसे सामान्य घुमाव विकल्प है। दूसरा लम्ब कोणीय घुमाव विकल्प क्वॉटिमैक्स घुमाव होता है जो प्रत्येक चर की व्याख्या में आवश्यक कारकों की संख्या को महत्तम करता है। इस प्रकार का घुमाव प्रायः एक सामान्य कारक उत्पन्न करता है जिसमें अधिकतम चर उच्च या मध्यम अंश में भारित होते हैं। दूसरे प्रकार का कारक घुमाव गैर लम्बकोणीय या तिर्यक घुमाव। इस घुमाव में, कारकों को सहसम्बन्ध के लिए अनुज्ञात किया जाता है। यह परिणाम उच्च ईगन मानों में होगा लेकिन कारकों के क्षीण विवेचनीय में नहीं।

18.5.7 गुच्छीय विश्लेषण :– गुच्छीय विश्लेषण वर्गीकृत समस्याओं के समाधान के लिए एक अन्वेषी आंकडा विश्लेषण उपकरण होता है। इसका प्रयोग मिश्रित अवलोकनों को समूहों के लिए इस तरीके से प्रयोग किया जाता है कि प्रत्येक समूह में निश्चित विशेषताओं के साथ एकरूपता हो और प्रत्येक समूह दूसरे समूहों में से समान विशेषताओं के साथ भिन्न हों। इस प्रकार , इसका उद्देश्य स्थितियों को समूहों या गुच्छों में क्रमबद्ध करना हैं ।

तकनीकी रूप से , एक गुच्छ चरों को सम्मिलित करता हे कि चर एक दूसरे के साथ उच्च सह सम्बन्ध रखते हैं और उनका दूसरे गुच्छ के चरों के साथ तुलनात्मक रूप में छोटा (कम) सह सम्बन्ध होता है। इस प्रकार, गुच्छीय विश्लेषण का आधारभूत उद्देश्य समग्र के अस्तित्व में कितने पारस्परिक अनंय एवं सुविस्तृत गुच्छों का निर्धारण करना है और तद्पश्चात इसका उद्देश्य बनावट का वर्णन करना है। गुच्छीय विश्लेषण की स्थिति मे, स्थल के आंकडों का बिन्दुओं के रूप में विचार किया जा सकता है जहॉ अक्ष चरों के समान होते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आय को x अक्ष में और बचतों को y अक्ष में दर्शाते हैं तब विभिन्न व्यक्तियों की आय एवं बचतों का संग्रहित आंकडे को रेखाचित्र में बिन्दुओं के रूप मे निरूपित किया जा सकता हैं। इन बिन्दुओं के आधार पर, विभिन्न गुच्छों को बनाया जा सकता हैं । मान लें कि, दो

गुच्छ A एवं B बनाने है जहॉ A लोगों की कम आय और ज्यादा बचत को दर्शाता है जबकि B लोगों के समूह को दर्शाता है जिनकी आय ज्यादा और बचत कम है। इस स्थिति में, एक गुच्छ के अन्दर लोगों के पास समान विशेषताऐं होती है लेकिन समान विशेषताओं के विरोध में दूसरे गुच्छों के साथ ये अर्थपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं। कुछ लोग ऐसे होंगें जिन्हें किसी गुच्छ में वर्गीकृत नहीं किया गया हो क्योंकि उनका वर्गीकरण स्पष्ट नहीं होता है या ये इन विशिष्ट समूहों या गुच्छों से सम्बन्ध नहीं रखते हैं।

इसलिए, गुच्छ विश्लेषण खोज का एक उपकरण होते है जो आंकडों मे सम्बन्धों एवं बनावट को प्रदर्शित करता हे और इसके परिणाम एक विधिवत वर्गीकरण योजना की परिभाषा मे योगदान कर सकता है। इसका प्रयोग मुख्यता निम्न दो उद्देश्यों के लिए किया जाता है :

- समग्र में गुच्छों (अर्थात पारस्परिक अनंय और सुविस्तृत समूहों) का निर्धारण करना।
- अलग अलग समूहों के अंदर गुच्छों द्वारा आंकडे को कम करना।

गुच्छीय प्रकिया :– गुच्छीय प्रकिया को विभिन्न विधियों से सम्पन्न किया जा सकता है। गुच्छ की मुख्य विधियों को दो व्यापक श्रेणीयों में वर्गीकृत किया जा सकता है :

सोपानिक विधि :– सोपानिक विधि नीचे ऊपर दृष्टिकोण (संपिडित गुच्छ) या ऊपर नीचे दृष्टिकोण (विभाजनात्मक गुच्छ) का प्रयोग करते हुए गुच्छ की तरफ एक पेड को विकसित करना होता है संपिडित विधियों का प्रारम्भ प्रत्येक अवलोकन के साथ एक गुच्छ के रूप में होता है और प्रत्येक चरण के संयुक्त अवलोकनों कें साथ तब तक गुच्छों का निर्माण होता है जब तक एक बडा गुच्छ न हो । दूसरी ओर विभाजनात्मक विधियॉ का आरम्भ एक बडे गुच्छ के साथ होता है और छोटे गुच्छीय पदो को जो कि सबसे असमान हैं को पृथक कर आगे बढते हैं।

गैर–सोपानिक विधि :– गैर–सोपानिक गुच्छ एक गुच्छों की निर्धारित संख्या को लेती है और तब अधिकतम गुच्छ अन्तर सुनिश्चयकरण द्वारा इष्टतम समाधान ज्ञात करने की कोशिश करता है। यह प्रतिदर्श का विभाजन करता हैं प्रत्येक गुच्छ के पास एक बीज बिन्दु होता है और सभी वस्तुओं के अन्दर उस गुच्छ में एक नियत दूरी सम्मिलित की जाती है। गैर–सोपानिक गुच्छ का दूसरा तरीका प्रतिदर्श के माध्यम से सर्पिल होत है, बीज बिन्दु के प्रत्येक स्थिति जिसके ये नजदीक हैं को निर्धारित करते है।। आनुक्रमिक द्वार, समानान्तर द्वार और इष्टतम विभाजन गैर सोपानिक गुच्छ की तीन भिन्न दृष्टिकोण हैं।

जब प्रतिक्रियादाताओं को चरों के बदले वर्गीकृत किया जाता है तब गुच्छीय विश्लेषण कारक विश्लेषण की तुलना में एक उचित तकनीक होती है। लेकिन गुच्छीय विश्लेषण खण्डीकरण की एक व्यक्तिपरक विधि होती है, इस प्रकार, इसमें पक्षपात की संभावना होती है। गुच्छीय विश्लेषण की दूसरी शर्त यह होती है कि इस विश्लेषण में से प्राप्त परिणामों का सांख्यिकीय अर्थपूर्ण परीक्षण सम्भव नहीं होता है।

18.5.8 बहुआयामी प्रवर्धन :– बहुआयामी प्रवर्धन आंकडा छोटा करने की तकनीक होती है जिसका मुख्य उद्देश्य एक आकडे समूह की गुप्त बनावट को बताना होता है। एक आकडे समूह की गुप्त बनावट को बताना होता है। इसका प्रयोग एक पद की एक समय में एक से अधिक आयामों की माप करना होता है। यह सर्वत्र लोगों के अवबोधनात्मक पसंदों के एक विशेषताओं की बडी संख्या की माप का एक महत्वपूर्ण उपकरण होता है। बहुआयामी प्रवर्धन के पीछे की बुनियादी अवधारणा यह होती है कि लोग आयामों की एक संख्या में वस्तुओं के एक समूह को जो एक दूसरे से केवल एक के बदले अधिक या कम समान हो का अर्थ लेते हैं । इसका अर्थ है कि वस्तुओं की समानताओं या असमानताओं का निर्धारण प्रतिक्रियादाताओं में एक साथ एक से अधिक आयामों द्वारा किया जाता है। अभ्यास में अवबोधनों को एक बहुआयामी रूपरेखा में स्थान की दृष्टि से निरूपित किया जाता है और उन्हें बोधात्क प्रतिचित्रण कहते हैं।

बहुआयामी प्रवर्धन के प्रकार :– बहुआयामी प्रवर्धन अन्योन्याश्रय विधियों की श्रेणी में एक महत्वपूर्ण तकनीक होती है। एमडीएस तकनीकों को आयामी कमी के लिए तकनीकों के रूप मे भी जाना जाता है। इन्हें दोनों मापीय एवं गैर मापीय आंकडों मे प्रयोग किया जा सकता है। इस प्रकार, बहुआयामी प्रवर्धन को दो विस्तृत श्रेणीयों 1. मापीय एमडीएस और 2. गैर मापयी एमडीएस में विभाजित किया जा सकता है।

मापीय एमडीएस की स्थिति में, दोनों आगत एवं प्रक्षेपण मापीय प्रकृति में होते हैं इस प्रकार आगत एवं प्रक्षेपण आंकडों के मध्य एक मजबूत सहसम्बन्ध होता है और आगत आंकडों के अधिकतम गुणों को अवलोकित किया जाता है। गैर–मापीय एमडीएस की स्थिति में, आगत आंकडा गैर मापीय एवं प्रक्षेपण आंकडा मापीय प्रकृति में होता है क्योंकि सामान्यतया, आगत आंकडे को क्रमवाचक पैमाने में मापा जाता है और इसे स्थान की दृष्टि में निरूपित किया जात है जो अन्तराल पैमाना है। जब आंकडा गैर–मापीय होता है, समानता के सम्बन्ध मे प्रत्येक युग्म को श्रेणी विधि से सम्पन्न करते हैं और तब निर्णित समानताओं को सांख्यिकीय दक्ष प्रयोगों के माध्यम से दूरीयों में परिवर्तित करते हैं और परिणामस्वरूप तरीके से n आयामी स्थल में दर्शाया जाता है कि अन्तर बिन्दु दूरीयॉ वास्तविक अन्तर बिन्दु निकटता को सबसे अच्छे तरीके से बनाए रखे।

महत्व :– एमडीएस एक बहुत उपयोगी तकनीक होती है जो विभिन्न उद्देश्यों के लिए शोधकर्ताओं द्वारा प्रायः प्रयोग की जाती है। यह बहु विशेषताओं के बदले प्रतिक्रियादाताओं की प्रवृत्तियों के माप की एक अच्छी तकनीक है। एमडीएस की सहायता के साथ, वस्तुओं, व्यक्तियों या दोनों को न्यूनतम सूचना से पैमानित किया जा सकता है। यह सबसे प्रमुख विशेषताओं के निर्धारण में भी सहायता करता है जो एक विशिष्ट निर्णय बनाने के लिए प्राथमिक निर्धारक होते हैं। इसके अतिरिक्त, स्थान की दृष्टि से प्रतिचित्रण में लोगों के अवबोधनों में अन्तर विशेषरूप से उपयोगी होते हैं और इस प्रकार नए अवसरों को चिन्हित करना होता है। यद्यपि यह एक उपयोगी तकनीक है लेकिन इसके साथ कुछ सम्बन्धित शर्ते भी होती हे । उदाहरण के लिए, अवधारणाओं का सुझाव जैसे समानता और पसंद स्पष्ट नहीं है और प्रत्येक

प्रतिक्रियादाता का अवबोधन एक दूसरे से भिन्न है। इसी तरह, परिणामों की व्याख्या करना कठिन होता है जब शोधकर्ता प्रोत्साहन परिवर्तन से बोधात्मक प्रतिचित्रण परिवर्तन में सम्बन्ध जोडने की कोशिश करता है।

18.5.9 अंतर्निहित बनावट विश्लेषण :– अविकसित बनावट विश्लेषण अन्योन्याश्रय विधियों की श्रेणी में दूसरी तकनीक होती है। इसे दो उद्देश्यों के लिए निष्पादित किया जाता है – अविकसित कारकों का सार तत्व निकालना और अवलोकित चरों के साथ इन कारकों का संकेतक के रूप में सम्बन्ध व्यक्त करना और प्रतिक्रियादाताओं के एक समग्र को शुद्ध रूप में वर्गीकृत करना। इस प्रकार आप देख सकते हैं कि इसके उद्देश्य कारक विश्लेषण के उद्देश्यों के समान है।

इस प्रकार का विश्लेषण उपयुक्त होता है जब एक अध्ययन में सम्मिलित चर निभ्ररता सम्बन्ध नहीं रखते हैं और चर गैर–मापीय होते हैं। ये तकनीकें विशेषरूप से उपयोगी होती है जब आंकडे की मात्रा विशाल एवं दुःसाध्य होती हैं । अविकसित बनावट विश्लेषण मे प्रारूपों की बडी संख्या जैसे अविकसित कक्षा विशलेषण, अविकसित विशेषता विश्लेषण, अविकसित रूपरेखा प्रारूप इत्यादि सम्मिलित होते हैं।

18.6 सारांश

बहुविसरण विश्लेषण सभी सांख्यिकीय विधियों से सम्बन्ध रखता है जो बहुमापों में अनुसंधान के अर्न्तगत प्रत्येक व्यक्ति या वस्तु को साथ –साथ विश्लेषित करता है। बहुविसरण विश्लेषण एकल विसरण एवं द्विविसरण सांख्यिकीयों से निकलता है। बहुविसरण तकनीकों को तीन कारकों के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है 1.) चरों का वर्गीकरण आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों में 2) एकल विशलेषण में उपचारित आश्रित चरों की संख्या 3) चरों के माप का पैमाना बहुविसरण विश्लेषण को मुख्यतः दो समूहो में वर्गीकृत किया जाता है, आश्रित एवं अन्योन्याश्रित तकनीक, सम्बन्ध के आधार पर उनका मूल्यांकन हो। इस इकाई में, आप बहुविसरण तकनीकों के कुछ लोकप्रिय अवधारणाओं के बारे मे अध्ययन कर चुके हैं। बहुप्रतिगमन विशलेषण सम्बन्ध की एक माप होती है जिसमें एक एकल आश्रित चर एवं दो या अधिक स्वतन्त्र चर सम्मिलित होते हैं। बहु विभेदक विश्लेषण प्रयोग होता है जब आश्रित चर को संज्ञानात्मक पैमाने में और स्वतन्त्र चर को अन्तराल या अनुपात पैमाने में मापा जाता है। बहुविसरण विश्लेषण का प्रसरण या MANOVA एक समय में एक से अधिक मापीय आश्रित चर के लिए माध्यों के मध्य अन्तर के अर्थपूर्ण होने का विश्लेषण करता हैं । प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण अर्थकारी चरों के एक समूह के साथ उनके संयुक्त सहप्रसरण में से आश्रित चरों के एक समूह के पूर्वानुमान में प्रयोग होता है। सामूहिक विश्लेषण विरचनात्मक वस्तुओं के मूल्यांकन में विशेषताओं के संयोजन के रूप मे प्रदर्शित उपयोगी विधि होती है। ये सभी तकनीकें आश्रित विधियों के श्रेणी से सम्बन्ध रखती हैं

कारक विश्लेषण, गुच्छीय विश्लेषण, बहुआयामी प्रवर्धन और अविकसित बनावट विश्लेषण को अन्योन्याश्रय विधियों की श्रेणी में सम्मिलित करते हैं । कारक विश्लेषण आंकडा कम करने एवं आंकडा संक्षिप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का एक समूह हैं । कारक विश्लेषण की दो महत्वपूर्ण विधियॉ केन्द्रक विधि एंव प्रमुख घटक विश्लेषण

विधि है। गुच्छीय विश्लेषण अवलोकनों के संयोजन का समरूपता वर्गों के लिए प्रयोग किया जाता हैं । बहुआयामी प्रवर्धन एक आंकडा कम करने की तकनीके है जिसका मख्य उद्देश्य एक आंकडे समूह का गुप्त बनावट को निकालना है।

18.7 शब्दावली

मपीय आंकडा : चरों को अन्तराल या अनुपात पैमाने पर मापा जाता है।
गैर मापीय आंकडा : चरों को संज्ञात्मक या क्रमवार पैमाने पर मापा जाता है।
अर्थकारी चर : चर जो दूसरे चर मे ंपरिवर्तन का कारण होता है।
मापदण्ड चर : चर जिसका मान दूसरे चर के प्रभाव के कारण परिवर्तित होता है।
आइगेन मान : एक कारक के सम्बन्ध में कारक के वर्गमानों का योग होता है।
कारक घूर्णन : कारक अक्ष के जोड तोड की या समायोजन की प्रक्रिया ।
बहु समेरेखिकता : एक एकल स्वतन्त्र चर का दूसरे स्वतन्त्र चरों के एक समूह के साथ उच्च सह सम्बन्ध ।

18.8 बोध प्रश्न

(अ) **रिक्त स्थानों की पूर्ति**

1. कल्पित चर को ––––––चर के रूप में भी जाना जाता है।
2. एकल मापीय आश्रित चर की स्थिति में ––––––––सबसे वांछनीय तकनीक होती है।
3. बहु विभेदक विश्लेषण में, ––––––––समूह होने चाहिए।
4. ––––––––विश्लेषण एक विरचनात्मक विधि होती है।
5. संपिंडित एवं ––––––विधि सोपानिक पुंज विश्लेषण की दो पहुंच मार्ग हैं।
6. बहुआयामी पैमाना ––– वर्ग की विधियों की एक महत्वपूर्ण तकनीक होती है।

(ब) **सत्य या असत्य**

1. मापीय चरों संज्ञात्मक पैमाने मे ंमापा जाता है। (सत्य/असत्य)
2. विश्रामालय T MANOVA का एक विचरण है। (सत्य/असत्य)
3. वैरिमैक्स एवं क्वार्टीमैक्स घूर्णन तिर्यक घूर्णन के प्रकार होते हैं। सत्य/असत्य)
4. प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण स्पेयरमैन द्वारा प्रतिपादित किया गया था । (सत्य/असत्य)
5. R – प्रकार कारक विश्लेषण में पंक्तियॉ परिस्थितियॉ होती हैं एवं स्तम्भ चर होते हैं। (सत्य/असत्य)
6. सहरैखिकता दो आश्रित चरों के मध्य सम्बन्ध को व्यक्त करती है। (सत्य/असत्य)

18.9 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ)

(1) कृतिम (2) बहु प्रतिगमन (3) परस्पर अपवर्जी
(4) संयुक्त (5) विभाजन (6) अन्योन्याश्रय

(ब)

(1) असत्य	(2) सत्य	(3) असत्य
(4) असत्य	(5) सत्य	(6) असत्य

18.10 स्वपरख प्रश्न

1. लम्बकोणीय कारक घूर्णन क्या होता है।
2. उन स्थितियों को बतायें जहॉ अन्योन्यश्रितता विधियॉ। प्रयोग होनी चाहिए।
3. मापीय चरों को परिभाषित करें।
4. अर्थकारी एवं मापदण्ड चरों के मध्य विभेद करें।
5. बहुप्रसरण तकनीकों द्वारा आपका क्या अर्थ हैं।
6. बहुप्रसरण तकनीकों के वर्गीकरण को उपयुक्त उदाहरणों के साथ समझाइयें।
7. बहु विभेदक विश्लेषण की अवधारणाओं एवं विधि को समझाइयें।
8. कारक विश्लेषण विधि पर एक टिप्पणी लिखें।
9. पुंज विश्लेषण विधियों के विभिन्न प्रकारों को समझाइयें। इसके महत्व एवं सीमाओं का वर्णन करें।
10. निर्भरता विधियों के वर्ग से सम्बन्धत किन्ही दो बहुप्रसरण तकनीकों का संक्षेप में वर्णन कीजियें।

18.11 संदर्भ पुस्तकें

1. राय रमनद्यू एवं बैनर्जी सुभोजित, 'अनुसंधान प्रणाली के मूल' किताब महल इलाहाबाद
2. कोठारी सी0 आर0 , 'अनुसंधान प्रणाली : विधियॉ एवं तकनीकें' न्यू ऐज अन्तराष्ट्रीय प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. गुप्ता शशि के0 एवं रंगी प्रनीति, 'अनुसंधान प्रणाली (विधियॉ, उपकरण एवं तकनीकें) कल्याणी प्रकाशन, नई दिल्ली।

इकाई 19 अवधारणा, दृष्टिकोण और विधियां

इकाई की रूपरेखा

19.1 प्रस्तावना
19.2 अनुसंधान और अनुसंधान पद्धति की परिभाषा
19.3 अनुसंधान के परिपेक्ष्य
19.4 अनुसंधान के लक्षण
19.5 अनुसंधान के उद्देश्य
19.6 अनुसंधान के चरण
19.7 अनुसंधान की आवश्यकता
19.8 शोध प्रश्न का सूत्रीकरण
19.9 अनुसंधान दर्शन
19.10 अनुसंधान प्रतिमान
19.11 अनुसंधान के दृष्टिकोण
19.12 अनुसंधान के प्रकार
19.13 वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की भाषा
19.14 एक अच्छे अनुसंधान की विशेषताएं
19.15 भारत में अनुसंधान के साथ समस्या
19.16 सारांश
19.17 शब्दावली
19.18 बोध प्रश्न
19.19 बोध प्रश्नों के उत्तर
19.20 स्वपरख प्रश्न
19.21 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- अनुसंधान की अवधारणा और अर्थ की व्याख्या कर सकें।
- अनुसंधान की आवश्यकता का वर्णन कर सकें।
- शोध समस्या के निर्माण की प्रक्रिया की व्याख्या कर सकें।
- अनुसंधान में वैज्ञानिक सोच के महत्व का वर्णन कर सकें।

19.1 प्रस्तावना

अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रो में नवीनतम तथ्यों और सिद्धांतों के साथ अपने वर्तमान ज्ञान को अद्यतन करने की आवश्यकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशिष्ट क्षेत्र में उपलब्ध ज्ञान से संबंधित अध्ययन के लिए अनुसंधान करने का सुझाव दिया जाता है। 'अनुसंधान' (Research) शब्द अति प्राचीन और वर्तमान ज्ञान में नवीनतम तथ्यों के साथ अद्यतन करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में माना जाता है। वाणिज्य और व्यापार प्रबंधन के छात्र के लिए, अनुसंधान क्रियाविधि

विज्ञान या अनुसंधान प्रणाली अध्ययन का एक महत्वपूर्ण विषय है। इस विषय की समझ छात्रों में समस्या सुलझाने, तार्किक सोच (Logical Thinking) को बढ़ाने, कौशल विकसित करने आदि में सहायता करता है जिससे, आवश्यक घटना या परिस्थिति से छात्र सर्वोत्कृष्ट व् तार्किक समाधान के साथ बाहर आ सके। अनुसंधान पद्धति की इस इकाई में मूलभूत अवधारणाओं और अनुसंधान विधियों के दृष्टिकोण को समझाया गया है। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात छात्र प्रक्रियाओं और अनुसंधान पद्धति की विशेषताओं के बारे में अपनी समझ को विकसित करने में सक्षम हो पायेंगे ।

19.2 अनुसंधान और अनुसंधान पद्धति की परिभाषा

"अनुसंधान" शब्द को विभिन्न तरीकों द्वारा साहित्य में परिभाषित किया गया है हैं। वास्तव में शोध एक व्यवस्थित अन्वेषण है जो किसी क्षेत्र की समस्या या पसंदीदा क्षेत्र का अध्ययन करता है। यह प्रक्रिया, समस्या स्थिति की विशेषताओं के कारण को जानने के लिए, स्वयं में समस्या के विश्लेषण के साथ शुरू होती है। समस्या किसी से भी संबंधित हो सकती है, उदाहरण के लिए किसी संगठन में कर्मचारियों की अनुपस्थिति, ग्राहकों की संतुष्टि, विज्ञापन की प्रभावशीलता, ब्रांड के प्रति वफादारी, आदि को लेकर समस्या हो सकती है जिसका हल प्रबंधन को खोजना पड़ेगा। इस समय प्रबंधक को समस्या की प्रकृति के निष्पक्ष आकलन की आवश्यकता पड़ेगी, जिससे वह अध्ययन के आधार पर प्रबंधकीय निर्णय लेने के लिए सुझाव दे सके।

टिप्पणी

अनुसंधान, शोधकर्ता द्वारा आयोजित किया जाता है। शोधकर्ता वो व्यक्ति माना जाता है जो समस्या का अन्वेषण करते हुए समस्या से संबंधित कोई एक मान्य निष्कर्ष निकाल सके। शोध कार्य में वैज्ञानिक अन्वेषण तथा परिभाषित समस्या की जांच शामिल होती है। शोधकर्ता द्वारा, अनुसंधान प्रणाली के विषय में दिए गए मानकीकृत उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करके वैज्ञानिक अध्ययन और अन्वेषण किया जाता है ।

सामान्यतः शोध, ज्ञान के लिए खोज को संदर्भित करता है। अनुसंधान को एक विशिष्ट विषय पर प्रासंगिक जानकारी के लिए एक वैज्ञानिक और व्यवस्थित खोज के रूप में भी परिभाषित कर सकते हैं। वास्तव में, अनुसंधान वैज्ञानिक अन्वेषण की एक कला है। वर्तमान उन्नत शिक्षार्थी शब्दकोश शोध की व्याख्या "fविशेष रूप से जांच के माध्यम से ज्ञान की किसी भी शाखा में नए तथ्यों तथा खोज के लिए एक सावधान अन्वेषण या जांच" के अर्थ में करती है । Redman और Mory अनुसंधान को "नया ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक व्यवस्थित प्रयास" के रूप में परिभाषित करते है ।

अब आप अनुसंधान के अर्थ को समझ चुके हैं। यह उपयोगी होगा अगर "अनुसंधान" शब्द को अलग अलग दृष्टिकोण से उसकी विशेषताओं को समझाने तथा परिभाषाओं की व्याख्या करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोण से परिभाषित किया जाय ।

अनुसंधान की कुछ परिभाषाएँ निम्नलिखित है ।

- किसी विषय में तथ्यों या सिद्धांतों की खोज करने के लिए अनुसंधान एक परिश्रमी और व्यवस्थित अन्वेषण या जांच है।
- अनुसंधान को एक ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण के रूप में भी परिभाषित किया जा सकता जिसमे निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार, आंकड़ो का संग्रह, आंकड़ो का विश्लेषण, आंकड़ो की व्याख्या तथा निष्कर्ष की प्रस्तुति शामिल है ।
- अनुसंधान एक ऐसा संरचित अन्वेषण है जो आम तौर पर लागू होने वाले स्वीकार्य वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान और ऐसे ज्ञान की स्थापना करता है जो सामान्यतः स्वीकार्य हो।

अनुसंधान प्रणाली का उपयोग, अनुसंधान विधि में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण के संग्रह तथा तकनीक का वर्णन करने के लिए किया जाता है। शोध पद्धति द्वारा अनुसरणीय अनुसंधान प्रणाली एक पूर्ण विज्ञान है । अनुसंधान प्रणाली के साथ जुड़े कुछ दृष्टिकोणों की चर्चा अगले भाग में हैं।

19.3 अनुसंधान के परिपेक्ष्य

अध्ययन के लिए, अन्वेषण तथा समस्या या स्थिति की समझ, अनुसंधान के मार्ग में पहला कदम है. उसके बाद शोधकर्ता, उस समस्या के कारणों का पता लगाने के लिए प्रयास करता है। इसलिए अनुसंधान में निम्न दो चरण शामिल होते है ।

चरण 1: अध्ययन के अन्तर्गत घटना की विशेषताओं की समझ और विश्लेषण ।

चरण 2: विशेषताओं के लिए कारणों की समझ और उनका विश्लेषण । अनुसंधान को भी अलग अलग दृष्टिकोणों से परिभाषित किया गया है।

ये दृष्टिकोण इस प्रकार हैं:

प्रतिमान (Paradigm) यह संदर्भित करता है उस विचार संप्रदाय है को जिसका अनुशरण, अनुसंधान करने के लिए किया जाता है।

दृष्टिकोण (Approach) यह एक शोधकर्ता द्वारा प्रश्न के उत्तर के लिए खोजे जाने वाले रास्ते तथा जवाब को कैसे संबोधित करना है, के बारे में है ।

उपकरण (Instruments) यह मानकीकृत उपकरण और अनुसंधान में इस्तेमाल किये जाने वाले तरीकों को संदर्भित करता है।

19.4 अनुसंधान के लक्षण

शोध को अलग अलग दृष्टिकोण से परिभाषित तथा शोध के चरणों को समझने के बाद हमें शोध और अनुसन्धान प्रणाली की विशेषताओं को समझना होगा। याद रखें, अब जब हम शोध की विशेषताओं का वर्णन कर रहे हैं, तो हमें किसी प्रक्रिया के रूप में अनुसंधान को मानना है जिसमे विभिन्न परस्पर अनुक्रमिक गतिविधियों शामिल होती है । दिन–प्रतिदिन के वातावरण में विभिन्न अन्य गतिविधियां भी शामिल होती है जो किसी व्यक्ति (प्रबंधक या शोधकर्ता) को निर्णय लेने के लिए मजबूर करती हैं। विभिन्न गतिविधियों को अनुसंधान के रूप में केवल तभी माना जायेगा जब यह कुछ आवश्यकताओं को पूरा करें । हमने पिछले अनुभाग में शोध की परिभाषा का परीक्षण करके अनुसंधान की इन आवश्यकताओं की पहचान की है। अब

हम अन्वेषण तथा अध्ययन के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की सूची निम्नलिखित प्रकार से तैयार कर सकते हैं.

- अनुसंधान अन्वेषण तथा अध्ययन की एक व्यवस्थित प्रक्रिया ह।
- अनुसंधान की प्रकृति सार्वभौमिक है, तथा यह सभी प्रकार के विषयों के अध्ययन में प्रयोग किया जाता है।
- अनुसंधान में डेटा का संग्रह तथा विश्लेषण शामिल है।
- परिणाम तथा निष्कर्ष निकालने के लिए, अनुसंधान में वैज्ञानिक तर्क तथा विचार शामिल है .
- अनुसंधान एक चक्रीय प्रक्रिया है जो अंत में, आगे के अनुसंधान के लिए गुंजाइश छोड़ता है।
- अनुसंधान सिद्ध और मानकीकृत उपकरण का उपयोग, डेटा संग्रह और विश्लेषण के लिए करता है ।
- अनुसंधान की प्रकृति आम तौर पर निर्णयात्मक होती है।

टिप्पणी

जैसा कि पहले बताया गया है, शोध एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमे परस्पर और अनुक्रमिक गतिविधियों का संग्रह शामिल है। हर गतिविधि को अनुसंधान नहीं माना जा सकता है। कुछ गतिविधियों की विशेषताए भी हैं जो अनुसंधान के साथ संबद्ध है.

गतिविधियाँ व्यवस्थित होनी चाहिए:

इससे संकेत मिलता है कि अनुसंधान में अनुक्रमिक गतिविधियों के संग्रह का अनुगमन (followed) किया जाता है।

गतिविधियों नियंत्रित होनी चाहिए:

यह इंगित करता है अध्ययन के तहत कारकों तथा चरो का प्रबंधन कुछ इस प्रकार से किया जाता है कि जिससे दो चरों के बीच प्रभाव – कारण संबंधों का अनुमान लगाया जा सके । शोधकर्ता अपने शोध अध्ययन को इस प्रकार व्यवस्थित करता है जो कि अन्य चरो के बीच संबंधों को प्रभावित करने वाले कारकों के प्रभाव को कम से कम कर दे।

गतिविधियां वैध होनी चाहिए:

इससे संकेत मिलता है कि जिस उद्देश्य के लिए एक विशिष्ट अनुसंधान में गतिविधियों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया था है; वे ऐसा करने में सक्षम हैं।

गतिविधियां, सत्यापित करने योग्य होनी चाहिए:

इस अवधारणा का तात्पर्य यह है कि एक शोधकर्ता निष्कर्षों के आधार पर चाहे जो भी परिणाम निकाले उसको आप के साथ–साथ अन्य लोगों द्वारा भी सत्यापित किया जा सके ।

गतिविधियां दृढ़ होनी चाहिए:

इसका आशय यह है कि शोधकर्ता यह सुनिश्चित करने में न्यायसंगत होना चाहिए कि प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए शामिल प्रक्रियाये, प्रासंगिक, उचित तथा

न्यायोचित हैं । हालांकि अनुसंधान के विभिन्न प्रकार के लिए दृढ़ता की श्रेणी स्पष्ट रूप से भिन्न होती है।

अभ्यास:

"अनुसंधान प्रक्रिया" और "निर्णय लेने" में शामिल गतिविधियों की विशेषताओं को समझने के लिए, आप अपने विश्वविद्यालय के एक "अनुसंधान विद्वान" और किसी कंपनी के "विपणन प्रबंधक" के साथ बातचीत करे । इस खंड में वर्णित अनुसंधान प्रक्रिया की विशेषताओं के आधार पर अनुसंधान के रूप में माने जाने वाले गतिविधियों की पहचान कीजिये ।

19.5 अनुसंधान के उद्देश्य

अनुसंधान का उद्देश्य, वैज्ञानिक प्रक्रिया के अनुप्रयोग के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर खोजना होता है। अनुसंधान के उद्देश्यों को निम्न रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है:

- एक घटना से परिचित या उसमे नए अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए ।
- एक विशेष व्यक्ति, स्थिति या समूह की विशेषताओं को चित्रित करने के लिए।
- किसी घटना में आवृत्ति को निर्धारित करने के लिए ।
- चरों के बीच कारण संबंध की परिकल्पना का परीक्षण करने के लिए।

19.6 अनुसंधान के चरण

कई प्रतिमान उपलब्ध है जो बताते है कि कैसे एक अनुसंधान प्रक्रिया का संचालन किया जा सकता हैं और उनमें से केवल एक प्रक्रिया यहाँ प्रस्तुत है।

सामान्यतः एक अनुसंधान प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण होते हैं

चरण 1: विषय (शीर्षक) का निर्णय

चरण 2: विषय का विवरण विकसित करना

चरण 3: आवश्यकय सूचनाओ का निर्धारण

चरण 4: सूचना एकत्रित करना

चरण 5: सूचनाओ का व्यवस्थापन करना

चरण 6: सूचनाओ का विश्लेषण करना

चरण 7: निष्कर्ष तथा परिणाम संवाद

चित्र 1 :अनुसंधान प्रक्रिया के चरण

अभ्यास

आप को अपने विश्वविद्यालय में प्रस्तावित चुनाव के तहत "छात्र संघ के अध्यक्ष पद" के लिए एक जनमत सर्वेक्षण करना है। इस जनमत सर्वेक्षण के संचालन के लिए आवश्यक चरणों को नीचे लिखें। आपके द्वारा चयनित अनुसंधान प्रक्रिया के लिए चरणों को इस खंड में ऊपर सुझाए गए चरणों के साथ तुलना करें। नमत सर्वेक्षण को पूरा करने में प्रत्येक चरण के लिए आवश्यक गतिविधियों के अनुक्रम की सूची नीचे तैयार करें।

19.7 अनुसंधान की आवश्यकता

इस खंड में हम व्यापार और वाणिज्य में अनुसंधान के व्यावहारिक उपयोग को समझने की कोशिश करेंगे। व्यवसायी वातावरण में निर्णय लेने के लिए सावधानी से स्थिति के अध्ययन की आवश्यकता होती है। व्यापार और वाणिज्य में आई किसी विशिष्ट समस्या की जाँच तथा समस्याओं को हल करने के लिए, तर्कसंगत निर्णय लेने में अनुसंधान मदद कर सकते हैं। किसी अन्य क्षेत्र के अध्ययन, में भी अनुसंधान का वर्तमान ज्ञान में वृद्धि करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है । शोध, प्रत्येक तथा हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। हमारा व्यापार कैसा चल रहा है तथा कौन से परिवर्तन करके हम, हमारे व्यापार में अधिक लाभ कमा सकते है, को बताने में भी, अनुसंधान हमें मदद करता है।

हम अनुसंधान की आवश्यकताओ को संक्षेप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

- अध्ययन के क्षेत्र में वर्तमान ज्ञान में वृद्धि तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए।
- प्रबंधन को मदद करने के लिए तथा तर्कसंगत और अच्छे निर्णय लेने के लिए।
- उत्पाद शुरू करने के लिए प्रभावी व्यापार योजना के लिए ।
- विपणन योजना के लिए ग्राहकों से प्रतिक्रिया लेने में ।

शोध का प्रयोग, ज्ञान के बुनियादी क्षेत्र, अनुप्रयुक्त क्षेत्र, या अनुसंधान के उद्देश्य के आधार पर किया जा सकता है। अनुसंधान, अध्ययन के बुनियादी क्षेत्र में अन्वेषण और नई अवधारणाओं की मान्यता तथा सिद्धांतों से संबंधित ज्ञान में वृद्धि करने की ओर उन्मुख होता है। अनुप्रयुक्त क्षेत्र के मामले में, शोध का उपयोग, विशिष्ट व्यापार समस्या को हल करने के लिए किया जाता है.

अभ्यास:

क्या आपको लगता है कि अनुसंधान की आवश्यकता, सभी प्रबंधकीय स्थितियों में है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ, अपने विचार की व्याख्या करने का प्रयास करें।

संकेत:

अनुसंधान अपने वैचारिक रूप में, सभी प्रबंधकीय फैसलों के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है। कुछ प्रबंधकीय फैसले अंतर्ज्ञान और अनुभवों पर भी आधारित होते हैं।

यह अन्वेषण की सीमा तथा निर्णयकर्ता की आवश्यकता पर निर्भर करता है कि वह अनुसंधान प्रक्रिया में दिए चरणों में निर्धारित शोध की विशेषताओं के अनुसार निर्णय ले या ना ले ।

19.8 शोध प्रश्न का सूत्रीकरण

आइये अब शोध प्रक्रिया के चरणों को समझते है। पहला चरण, शोध प्रश्न को तैयार तथा परिभाषित करना होता है। शोध प्रश्न एक विशिष्ट सवाल तथा शोध समस्या का एक हिस्सा है, जिसका अन्वेषण तथा उत्तर शोधकर्ता द्वारा दिया जायेगा। एक शोधकर्ता को किसी समस्या के बारे में कई सवाल हो सकते है। विभिन्न प्रश्नों में से एक विशिष्ट सवाल, शोध समस्या के रूप में चयन किया जाता है जिसका, अनुसंधान के मौलिक सिद्धांतों पर आधारित व्यवस्थित अन्वेषण के माध्यम से उत्तर दिया जा सके। एक शोध प्रश्न को परिभाषित करते समय निम्नलिखित बातें ध्यान में रखी जानी चाहिए:

1. शोध समस्या से सही प्रश्न अवश्य संबोधित किया जाना चाहिए।
2. शोध प्रश्न पूरी तरह से परिभाषित किया जाना चाहिए ।
3. शोध प्रश्न, अपेक्षित निर्णय निर्माता द्वारा आवश्यक उत्तरों से मान्य किया जाना चाहिए।
4. शोधकर्ता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शोध प्रश्न के अलग अलग क्षेत्रों के लिए अन्वेषण संबंधित पर्याप्त डेटा उपलब्ध होगा ।
5. शोध प्रश्न से संबंधित डेटा का विश्लेषण करने के लिए समुचित वैज्ञानिक और सांख्यिकी उपकरण उपलब्ध होना चाहिए ।

एक शोध प्रश्न को विकसित करने के लिए, एक शोधकर्ता को बड़े पैमाने पर निर्णय निर्माता या अनुसंधान के परिणाम के उपयोगकर्ताओं के साथ परस्पर बातचीत करनी चाहिए। बातचीत का उद्देश्य मात्र शोध समस्या की परिभाषा को मान्य करना तथा व्यापक अनुसंधान समस्या के विभिन्न मुद्दों की खोज करना हैं। विभिन्न शोध समस्या के बीच एक विशिष्ट समस्या का चुनाव शोध प्रश्न को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए एक प्रबंधक, कंपनी के उत्पदो की बिक्री में गिरावट की समस्या का सामना कर रहा है। इसे एक प्रबंधकीय समस्या के रूप में जाना जा सकता है, जिसका प्रबंधक के द्वारा हल निकाला जाना चाहिए । इस विषय में प्रबंधक का समस्या के कारणों का पता लगाने में रुचि हो सकती है । जब एक शोधकर्ता प्रबंधक के साथ समस्या पर बातचीत करता है तो, वह शोधकर्ता विभिन्न दृष्टिकोण से समस्या को समझने की कोशिश करेगा, जैसे:

- प्रबंधक ने किन लक्षणों को देखकर यह माना कि बिक्री में गिरावट है ।
- बिक्री में गिरावट से संबंधित लक्षण की क्या विशेषताए हैं, यानी, मौसमी , अनियमित या सतत ।
- शोधकर्ता, प्रबंधक से "बिक्री में गिरावट" के कारण को जानने हेतु अन्वेषण की रीति के बारे में विशिष्ट होने के लिए पूछ सकते हैं।

एक बार जब शोधकर्ता, प्रबंधकीय सवाल को समझ कर सही तरीके से विश्लेषित कर लेता है तो यह अनुसंधान प्रश्न में परिवर्तित हो जाता है। Schindler और Cooper के द्वारा प्रबंधन के लिए दिए गए प्रतिमान ने निम्नलिखित सुझाव दिया –

अनुसंधान शोध समस्या के निर्माण में पदानुक्रम।

शोध समस्या का निरूपण अनुसंधान के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर पहला कदम है। शोध प्रश्न का सृजन तथ्यों का खोज करने के लिए या व्यापार अथवा प्रबंधकीय समस्या को हल करने के लिए प्रेरणा के रूप में जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। Northrop (1966) में लिखते हैं, कुछ असंतोषजनक होने पर ही अन्वेषण शुरू होता है। उदाहरण के लिए जब पारंपरिक मान्यताये अपर्याप्त होती हैं, या प्रश्न का समाधान करने के लिए आवश्यक तथ्य ज्ञात नही होते, या जब प्रासंगिक परिकल्पना के बारे में भी कभी नही सोचा गया होता तो किसी के पास क्या होता है । एक अन्वेषण की शुरुआत में केवल समस्या ही तो होती है। शोध समस्या का निर्माण भी एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है।

विभिन्न पुस्तकें और साहित्य की समीक्षा करने के बाद यह पाया गया कि सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच शोध समस्याओं को तैयार करने के लिए सबसे प्रभावी प्रक्रिया पर बहुत कम सहमति है। विशेष रूप से, समस्याओं को स्पष्ट रूप से अनुसंधान में परिभाषित करना महत्वपूर्ण है भी या नही, पर काफी बहस की गयी है। हालांकि यह सलाह दी जाती है कि शोध समस्या तथा अनुसंधान प्रश्न शोधकर्ता तथा निर्णय निर्माताओं द्वारा ठीक से परिभाषित करना एवं समझा जाना चाहिए।

शोध समस्या के चयन में विचार

रुचि : एक अनुसंधान प्रयास में आम तौर पर समय लगता है, और इसमें कड़ी मेहनत तथा संभवतः अप्रत्याशित समस्याये भी शामिल होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रेरणा को बनाए रखने के लिए बहुत ही रुचिकर विषय का चयन करना चाहिए।

परिमाण : एक विषय का चयन करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आप समय और संसाधनों के भीतर उसको प्रबंधित कर सकेँ । विषय संकीर्ण, विशिष्ट, स्पष्ट और प्रबंधनीय हो ।

अवधारणाओं के मापन : यह सुनिश्चित करें कि संकेतक और अवधारणाओं की माप के बारे में आप स्पष्ट हैं, यदि आप अपने अध्ययन में इनका उपयोग कर रहे है ।

विशेषज्ञता का स्तर : यह सुनिश्चित करें कि आप जिस कार्य के लिए प्रस्ताव कर रहे हैं उसके लिए आपके पास पर्याप्त स्तर की विशेषज्ञता है, चूँकि आप को अपने से काम करना है ।

प्रासंगिकता : सुनिश्चित करें कि आपके अध्ययन से मौजूदा ज्ञान में वृद्धि होगी, वर्तमान अंतराल में पुल का कार्य करेगी और नीति निर्माण में उपयोगी होगी । इससे आप को अध्ययन में रुचि को बनाए रखने में मदद मिलेगी ।

डेटा की उपलब्धता : विषय को अंतिम रूप देने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि आपके पास पर्याप्त मात्रा में डेटा उपलब्ध है ।

नैतिक मुद्दे : कैसे नैतिक मुद्दे अध्ययन आबादी को प्रभावित कर सकते हैं और कैसे, नैतिक समस्याओं को दूर किया जा सकता है । इसकी समस्या तैयार होने के समय ही जांच होनी चाहिए।

अभ्यास

एक कंपनी XYZ लिमिटेड अपने उत्पाद के लिए प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही है तथा, विपणन प्रबंधक, अपने विशिष्ट ब्रांड के उत्पाद के प्रति ग्राहकों की संतुष्टि के स्तर का पता करने के लिए उत्सुक है । विपणन प्रबंधक ने आपको समस्या की जाँच करने के लिए एक शोधकर्ता के रूप में अपने कम्पनी में काम पर रखा। प्रबंधकीय दृष्टिकोण तथा शोधकर्ता के परिप्रेक्ष्य से मुद्दों और अनुसंधान के सवालों की पहचान कीजिये ।

19.9 अनुसंधान दर्शन

एक अनुसंधान दर्शन घटना के बारे में एक धारणा है जो डेटा इकट्ठा, विश्लेषण तथा इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बताता है । अनुसंधान दर्शन के विभिन्न दृष्टिकोण में दो बातें शामिल हैं। ये हैं:

ज्ञानमीमांसा (Epistemology): "जो जाना गया है क्या वो सत्य है"? जैसे मुद्दों के साथ जुड़ा है।

स्तुति (Doxology): "जो माना गया है क्या वो सत्य है"? जैसे सवालों के साथ जुड़ा है ।

पश्चिमी परंपरा में दो प्रमुख अनुसंधान दर्शनों की पहचान की गई है मुख्यतः यथार्थवाद (positivist) (कभी–कभी वैज्ञानिक कहा जाता है) और व्यख्यात्मक (कभी – कभी नकारत्मक रूप में भी जाना जाता है)

यथार्थवाद

यथार्थवादी मानते है कि वास्तविकता स्थिर होती है तथा देखा और उद्देश्य के दृष्टिकोण से वर्णित किया जा सकता है, (Levin,1988), यानी, दखल के बिना घटना का अध्ययन । उनकी दलील है कि घटनाएं अलग तथा दोहराए जाने योग्य होनी चाहिए। इसमें अक्सर केवल एक स्वतंत्र चर में रूपांतरों के साथ नियमितता की पहचान करने के लिए वास्तविकता का हेरफेर शामिल होता है, तथा सामाजिक दुनिया के घटक तत्वों में से कुछ के बीच रिश्तों को बनाने लिए । पूर्वानुमान को पहले से अवलोकित तथा स्पष्ट वास्तविकताओं और उनके अंतर्संबंधों को के आधार पर समझाया जा सकता । "यथार्थवाद" की एक लम्बी और समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा है। इस दृश्य को परोक्ष रूप से Alavi और Carlson (1992) द्वारा समर्थन प्राप्त है (1992) जिन्होंने, 902 अनुसंधान लेख की समीक्षा में पाया कि सभी प्रयोगसिद्ध अध्ययन का दृष्टिकोण यथार्थवाद (positivist) है। एक विशेष रूप से यथार्थवाद का भौतिक और प्राकृतिक विज्ञान के साथ सफल जुड़ाव रहा है । तथापि, इस मुद्दे पर बहुत बहस किया गया क्या है कि क्या यथार्थवाद प्रतिमान (Paradigm) सामाजिक विज्ञान के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है या नहीं (Hirschheim, 1985), कई लेखक है जो कि अनुसंधान के तरीके के प्रति अधिक बहुलवादी दृष्टिकोण के लिए आवाज़ देते है (see e-g-] Kuhn, 1970)Bjørn&Andersen, 1985)Remenyi and Williams, 1996). जबकि हम इस बहस पर विस्तृत रूप से आगे नहीं जायेंगे, और यह हमारे अध्ययन करने के लिए भी उचित है क्योंकि यह भी मामला है कि सूचना प्रणाली लोगों की सहभागिता के साथ किस रूप में व्यवहार करता है एवं प्रौद्योगिकी, भौतिक विज्ञान के बजाय सामाजिक विज्ञान के लिए माना जाता है (Hirschheim, 1985) ᵖ वास्तव में, अनुसंधान में कठिनाइयों के कुछ और अनुभव भी है जैसे, परिणाम में स्पष्ट भिन्नता अनुचित व्यहवार करने के वस्तुनिष्ठवाद प्रतिमान की कार्यक्षेत्र आदि को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है । इसी तरह, कुछ चर (अंतपंइसमे) या वास्तविकता के घटक को, हो सकता है यथार्थवाद प्रतिमान के अंतर्गत पहले अथाह मान लिया गया जिससे वे अशोध , रह गए (after Galliers, 1991).

व्याख्यात्मक (Interpretivism)

व्याख्यात्मक प्रतिमान यह दलील देता है कि व्यक्तिपरक व्याख्या और वास्तविकता में हस्तक्षेप के माध्यम से ही वास्तविकता को पूरी तरह से समझा जा सकता है । व्याख्यात्मक दर्शन में घटना का उनके प्राकृतिक वातावरण में अध्ययन अति महत्वपूर्ण है क्योंकि, वैज्ञानिक उन घटनाओं को प्रभावित किए बिना नहीं रह सकते जिनका वे अध्ययन कर रहे हैं। व्याख्यात्मक प्रतिमान की एक शानदार परंपरा है जो की यथार्थवाद से कम नही है और न ही यह छोटा है

19.10 अनुसंधान प्रतिमान (RESEARCH PARADIGM)

प्रतिमान की सबसे उद्धृत परिभाषा थॉमस कून द्वारा दिया गया है (1962,1970) "विज्ञान क्रांति की प्रकृति में अवधारणा" में इसे शोध और जांच के एक क्षेत्र में अंतर्निहित मान्यताओं और बौद्धिक संरचना के रूप में परिभाषित किया गया है

जिस पर विकास आधारित है । Patton के अनुसार (1990) प्रतिमान दुनिया को देखने का एक तरीका है, या सामान्य परिप्रेक्ष्य में असली दुनिया की जटिलता को तोड़ने का एक तरीका भी कह सकते है। प्रतिमान को एक व्याख्यागत ढांचे के रूप में भी माना जाता है, जो की "दुनिया के बारे में विश्वासों और भावनाओं के संग्रह तथा इसे कैसे समझना चाहिए और अध्ययन किया जाय" द्वारा निर्देशित होता है (Guba, 1990). Denzin and Lincoln (2001) उन मान्यताओं को तीन श्रेणियों में सूचीबद्ध किया गया है ।

(i) **सत्ता मीमांसा** : सामान्यतः, सत्ता मीमांसा समाज के भीतर मौजूद बातों या उनके के विषय के अध्ययन को संबोधित करता है

(ii) **ज्ञानमीमांसा** : ज्ञानमीमांसा ज्ञान के इन मुद्दो को संबोधित करता है, विशेष रूप से, कौन 'ज्ञानी' हो सकते हैं। यह जाननेवाले और ज्ञात के बीच के संबंधो का वर्णन करता है। इसे दर्शन की एक ऐसी शाखा के रूप में परिभाषित किया गया है Gall, Borg, – Gall (1996) जो की ज्ञान की प्रकृति और प्रक्रिया का अध्ययन करता है तथा जिसके द्वारा ज्ञान प्राप्त तथा मान्य होता है ।

(iii) प्रणाली: यह " हम कैसे दुनिया को जानते है , और इसका ज्ञान कैसे प्राप्त करते है "? को संबोधित करता है। प्रणाली विकल्पों की एक श्रृंखला है, जो कि निम्नलिखित का वर्णन करता है:

- सूचनाओ तथा डेटा एकत्रित करने के विषय में विकल्प ।
- सूचनाओ तथा एकत्रित किये गए डेटा का विश्लेषण करने के विषय में विकल्प ।
- अन्य प्रणाली विकल्प.।

यथार्थवाद में अंतर्निहित मान्यताओं को चुनौती देते हुए , Lincoln और Gub (2000) ने दो श्रेणियों की पहचान की जो कि प्रतिमानों में भेद करेगा, यानि करणीय संबंध में विश्वास और सत्ता मीमांसा। भिन्न करणीय संबंध की मान्यताये, प्रकृति की स्थिति पर जोर तथा और कारण रिश्ते की संभावना को ज्ञात करती है ; सत्ता मीमांसा मूल्यों के बारे में समस्याओं को संबोधित करता है । अनुसंधान के विशेष अनुमान में अनुसंधान में मूल्यों की भूमिका, अनुसंधान को प्रभावित करने वाले मूल्यों से कैसे बचें तथा कैसे अनुसंधान उत्पादों का उपयोग करें आदि शामिल हैं (Baptiste, 2000).

Dill और Romiszowski (1997) के द्वारा मानदंड का कार्य निम्नानुसार कहा गया:
दुनिया कैसे कार्य करती है परिभाषित करिए, इस दुनिया से ज्ञान कैसे निकाला जाता है, और कैसे किसी एक को इस ज्ञान के बारे में बात करने के लिए तथा लिखने के लिए सोचना चाहिए।

□पूछे जाने वाले सवालो के प्रकार तथा जवाब में इस्तेमाल किया जाने वाले तरीके को निर्धारित करे।

□क्या प्रकाशित किया गया है और क्या नहीं प्रकाशित किया है का फैसला करें ।

□19.11 अनुसंधान का दृष्टिकोण (RESEARCH APPROACHES)

अनुसंधान में वो तत्व भी हो सकते है जो एक गैर– प्रयोगसिद्ध दृष्टिकोण हैं, एक प्रयोगसिद्ध दृष्टिकोण, या दोनों के संयोजन पर आधारित है । प्रयोगसिद्ध दृष्टिकोण के लिए, तीन प्राथमिक आयाम है जो उपयोग के लिए मूल्यांकित किये जा सकते है ।

1. गुणात्मक बनाम मात्रात्मक
2. आगमनात्मक बनाम निगमनात्मक
3. उद्देश्यपरक बनाम व्यक्तिपरक

